सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 26 फरवरी, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 56, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 147 अंकों की उछाल

बीएसई सेंसेक्स में पिछले कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर विराम लगा और मानक सूचकांक 147 अंक के लाभ में रहा। } 14

## दो तरह के समुद्री खतरों का सामना कर रहा है देश

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश की सामरिक सुरक्षा दो तरह के खतरों का सामना करती है। पहला युद्ध और दूसरा समुद्री डकैती, आतंकवाद, घुसपैठ, तस्करी और अवैध तरीके से मछली पकड़ने की चुनौतियां हैं। } 16



### महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुम्भ-2025 के प्रमुख स्नान पर्व महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों एवं महाकुम्भ में स्नान के लिए पधारे पूज्य संत-महात्माओं एवं श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाशिवरात्रि का पावन पर्व लोक कल्याण के लिए प्रतिबद्ध होने की प्रेरणा देता है। देवों के देव महादेव जनमानस में सर्वमान्य रूप से पूजे जाते हैं।

### विराज सागर दास ने दी महाशिवरात्रि की बधाई



लखनऊ। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट एवं बैडमिंटन एसोसिएशन उप्र के चेयरमैन विराज सागर दास ने महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। विराज सागर दास ने अपने बधाई सन्देश में कहा है कि महाशिवरात्रि का पावन पर्व लोक कल्याण के लिए प्रतिबद्ध होने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि देवों के देव महादेव जनमानस में सर्वमान्य रूप से पूजे जाते हैं। पर्व व त्योहार हमारी परम्परा और राष्ट्रीयता को सदृढ़ करने के प्रेरणादायी अवसर हैं।

# प्रयागराज, अयोध्या, काशी, मथुरा व गोरखपुर पंच तीर्थ : योगी

## बजट सत्र के छठवें दिन विधान परिषद में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विधान परिषद में कहा कि महाकुंभ ने प्रयागराज, अयोध्या, काशी, मथुरा, गोरखपुर को नए पंच तीर्थ के रूप में जोड़ा है तथा प्रदेश अब नए युग की ओर अग्रसर हो रहा है।

विधानमंडल बजट सत्र के छठवें दिन विधान परिषद में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब दे रहे मुख्यमंत्री ने महाकुंभ के आयोजन को लेकर विपक्ष द्वारा लगाए गए आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में सभी को अपनी दृष्टि के अनुरूप चीजें देखने मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ दुनिया में अब तक हुए सभी आयोजनों के रिकॉर्ड तोड़ रहा है। प्रयागराज महाकुंभ ने प्रदेश में नए पंच तीर्थ को जोड़ा है, जिसके माध्यम से श्रद्धालु प्रयागराज, अयोध्या, काशी, गोरखपुर, मथुरा दर्शन करने लिए पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब पूरा विश्व प्रयागराज के महाकुंभ की भव्यता और दिव्यता का साक्षी बन रहा है, तब विपक्ष सिर्फ आलोचना करने में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि यह कोई साधारण आयोजन नहीं, बल्कि भारत की सनातन परंपरा, आस्था और संस्कृति का वह महोत्सव है, जिसने देश की प्रतिष्ठा को वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। मुख्यमंत्री ने आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि अब तक 64 करोड़ श्रद्धालु इस दिव्य आयोजन में शामिल हो चुके हैं, जो विश्व के किसी भी धार्मिक आयोजन में शामिल होने वाले लोगों की संख्या से कहीं अधिक है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज एक नए युग की ओर बढ़ रहा है। आदित्यनाथ ने कहा कि महान कार्यों के प्रति समाज का रवैया तीन चरणों से गुजरता है - उपहास, विरोध और अंततः स्वीकृति। उन्होंने कहा कि राम मंदिर निर्माण और महाकुंभ आयोजन के दौरान भी ...शेष पृष्ठ 14 पर



विधान परिषद में बोलते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

### बच्चों को बनाना चाहते हैं डॉक्टर इंजीनियर और वैज्ञानिक : सीएम

विशेष संवाददाता

लखनऊ। विधान परिषद में अपने संबोधन के दौरान सीएम योगी ने कहा कि समाजवादी पार्टी की मानसिकता संकीर्ण है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अल्पसंख्यक बच्चों को केवल पारंपरिक मदरसों तक सीमित नहीं रखना चाहती उन्हें मुल्ला और मौलवी बनाने के बजाय डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक और साहित्यकार बनाने का अवसर भी प्रदान करना चाहती है। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम का उदाहरण देते हुए कहा कि शिक्षा के आधुनिकीकरण से ही समाज का विकास संभव है। सीएम योगी ने कहा कि स्कूलों में फ्री एजुकेशन की व्यवस्था की जा रही है। उनका आधुनिकीकरण किया जा रहा है। इसके लिए डबल इंजन की सरकार पैसा उपलब्ध करवा रही है, लेकिन कठमुल्लापन की संस्कृति नहीं चलेगी। उन्होंने दोहराया ...शेष पृष्ठ 14 पर

## महाशिवरात्रि पर उमड़ा जनसैलाब अब तक 64 करोड़ ने किया स्नान



विशेष संवाददाता

लखनऊ। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर महाकुम्भ अपने चरम पर पहुंच चुका है। 144 साल बाद बने इस अद्‌भुत संयोग का साक्षी बनने के लिए करोड़ों श्रद्धालु संगम तट पर उमड़ पड़े हैं। मां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के पावन संगम में रोज सवा करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु डुबकी लगाकर शांति और मोक्ष की कामना कर रहे हैं। यही नहीं, 10 दिनों से लगातार चढ़ रहे आस्था के इस महाज्वार को ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अब वर्ष में दो बार आयोजित होगी सीबीएसई बोर्ड परीक्षा

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 2026 से 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं साल में दो बार आयोजित करने से जुड़े मसौदा नियमों को मंगलवार को मंजूरी दे दी। अधिकारियों ने बताया कि मसौदा नियमों को सार्वजनिक मंच पर डाला जाएगा और हितधारक नौ मार्च तक अपनी राय दे सकते हैं, जिसके बाद नीति को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। मसौदा नियमों के मुताबिक, 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा का पहला चरण 17 फरवरी से छह मार्च 2026 तक, जबकि दूसरा चरण पांच मई से 20 मई 2026 तक आयोजित किया जाएगा। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) 10वीं की बोर्ड परीक्षा 2026 से साल में 2 बार कराएगा। बोर्ड ने मंगलवार को इससे जुड़े ड्राफ्ट को मंजूरी दे दी। पहली परीक्षा 17 फरवरी से 6 मार्च तक, दूसरी 5 से 20 मई तक होगी। इस फैसले का फायदा 26 लाख से ज्यादा बच्चों को मिलेगा। 2025 के एग्जाम में 24 लाख से ज्यादा बच्चे बैठ रहे हैं। इस पैटर्न पर सेशन 2021-22 में एग्जाम ली जा चुकी है। इसके बाद फैसला वापस ले लिया गया था। बोर्ड ने यह फैसला ...शेष पृष्ठ 14 पर

❍ मसौदा नियमों को मिली मंजूरी

### 1984 हिंसा : पूर्व कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को उम्रकैद




नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े हत्या के एक मामले में कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार को मंगलवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। अदालत ने कहा कि कुमार की वृद्धावस्था और बीमारियों को देखते हुए उन्हें मृत्युदंड के बजाय कम ...शेष पृष्ठ 14 पर

## भारत की विकास गाथा में असम की अहम भूमिका

### एडवांटेज असम 2.0 निवेश शिखर सम्मेलन पूरी दुनिया को राज्य की संभावनाओं से जोड़ने का अभियान : मोदी

एजेंसी

गुवाहाटी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि यह पूर्वोत्तर की पवित्र भूमि में नये युग की शुरुआत है और एडवांटेज असम 2.0 निवेश शिखर सम्मेलन पूरी दुनिया को राज्य की संभावनाओं तथा प्रगति से जोड़ने का एक महान अभियान है। यह असम की करीब छह लाख करोड़ रुपये की अर्थव्यवस्था को रेखांकित करेगा।

प्रधानमंत्री ने यहां एडवांटेज असम 2.0 निवेश एवं अवसंरचना शिखर सम्मेलन का उद्‌घाटन करते हुए कहा इतिहास गवाह है कि भारत की समृद्धि में पूर्वी भारत ने प्रमुख भूमिका निभाई है। आज, विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए ये क्षेत्र अपनी वास्तवित क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा वैश्विक अस्थिरता के बावजूद, विशेषज्ञ एक बात पर पूरी तरह से सहमत ...शेष पृष्ठ 14 पर




एडवांटेज असम 2.0 निवेश एवं अवसंरचना शिखर सम्मेलन के उद्‌घाटन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**विशेष खबर** बीबीडी में वार्षिकोत्सव उत्कर्ष-2025 का भव्य समापन, मिस उत्कर्ष बनीं प्रतिज्ञा सिंह और मिस्टर उत्कर्ष बने प्रियंक यादव

# उत्कर्ष सिर्फ इवेंट नहीं, बीबीडी की आत्मा : विराज सागर दास











फोटो : अमित वर्मा



विशेष संवाददाता

लखनऊ। बाबू बनारसी दास एजुकेशनल ग्रुप के वार्षिकोत्सव उत्कर्ष-2025 का मंगलवार को भव्य समापन समारोह बीबीडी परिसर स्थित डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ऑडिटोरियम में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुआ। इस समापन समारोह के मुख्य अतिथि बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास और बीबीडी ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट देवांशी दास रही।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि विराज सागर दास ने कहा कि आप लोगों के बीच आकर मुझे हमेशा से ऊर्जा मिलती है, विशेष रूप से बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप के वार्षिक उत्सव के अवसर पर जहां परंपरा का नवीनता से मिलन होता है और प्रतिभा उड़ान भरती है। कई वर्षों से यह उत्सव रचनात्मकता और उत्कृष्टता का प्रतीक बना हुआ है, जो सभी कॉलेज और विश्वविद्यालय के छात्रों को एक साथ लाता है। इस वर्ष की थीम फ्यूचर टेक के तहत हम नई राह पर आगे बढ़ रहे हैं और अपने टेक्नोलॉजी संचालित भविष्य को मूर्त रूप दे रहे हैं। उत्कर्ष एक इवेंट नही है बल्कि बीबीडी का दिल और आत्मा है। बीबीडी में हम अपने छात्रों को उनकी पूरी क्षमता तक पहुंचने के लिए लगातार प्रेरित करते हैं। उत्कर्ष इस विचारधारा का एक सच्चा प्रमाण है। हमारे संस्थापक डॉ. अखिलेश दास गुप्ता के विजन और मिशन को दर्शाता है, जो पीढ़ियों की शिक्षा को आकर देने के लिए अटूट प्रतिबद्धता है। समाज के प्रति उनकी चिरस्थायी विरासत और प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए इस वर्ष अखिलेश दास गुप्ता स्कूल के शुभारंभ की घोषणा करते हुए हर्ष हो रहा है, जो कि अप्रैल से पहला सत्र शुरू होगा। यह स्कूल विश्वस्तरीय शिक्षा प्रदान करने वाला होगा। शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए आईआईटी मंडी, आईआईटी गुवाहाटी, एमएएसएआई स्कूल और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम ...शेष पृष्ठ 14 पर

# उत्कर्ष 2025: बीबीडी यूनिवर्सिटी को मिली ओवरऑल चैम्पियनशिप ट्रॉफी

## विभिन्न पाठ्यक्रमों में से मेधावी छात्र-छात्राएं डॉ. अखिलेश दास गुप्ता स्टूडेंट ऑफ द ईयर ट्रॉफी से हुए सम्मानित

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। बाबू बनारसी दास एजुकेशनल ग्रुप के वार्षिकोत्सव उत्कर्ष-2025 का भव्य समापन समारोह परिसर स्थित डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ऑडिटोरियम में हुआ। इस अवसर पर

- **बीबीडी परिसर में वार्षिकोत्सव उत्कर्ष-2025 के डीजे नाइट में जमकर थिरके छात्र**

मुख्य अतिथि बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास और बीबीडी ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट देवांशी दास ने मेधावियों को सम्मानित किया। साथ ही शाम को डीजे नाइट का आयोजन हुआ, जिसमें छात्र जमकर थिरके।

मुख्य अतिथि ने एकेटीयू 2024 की मेरिट लिस्ट में बीटेक, सिविल इंजीनियरिंग में कांस्य पदक प्राप्त करने वाली सुचिता को पुरस्कार दिया। मिस उत्कर्ष की विजेता प्रतिज्ञा सिंह रहीं जबकि मिस्टर उत्कर्ष प्रियंक यादव बने। ओवरआल चैम्पियनशिप ट्रॉफी से बीबीडी यूनिवर्सिटी को प्रदान की गयी।

इस अवसर पर डॉ. अखिलेश दास गुप्ता स्टूडेंट ऑफ द ईयर ट्रॉफी में बीबीडीआईटीएम से अनुकृति गुप्ता, बीबीडीएनआई आईटी (इंजीनियरिंग) अभिषेक तिवारी, बीबीडीएनआई आईटी (फार्मेसी) गिरिश अय्यर, बीबीडीईसी से वैष्णवी सिंह, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग से स्तुति गुप्ता, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट से सुमित बाजपेयी व वैष्णवी साहू, स्कूल ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन से अशिका निगम, स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज से कर्तिका सिंह, स्कूल ऑफ फॉर्मेसी से आकृति मौर्या, बीबीडी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज से अदिति भारद्वाज, स्कूल ऑफ बेसिक सांइसेज से अंशिता सिंह, स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर से इंशा इमरान व दिव्या कोरंगा, स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट निशिका गुप्ता, स्कूल ऑफ एजुकेशन श्रद्धा यादव और स्कूल ऑफ मॉस कम्युनिकेशन कृष गोयल हैं।

वहीं, बेस्ट एथलेटिक्स मेल ट्रॉफी हरि दर्शन बीबीडीआईटीएम, बेस्ट एथलेटिक्स फिमेल ट्रॉफी पलक, स्पोर्ट्स ओवरऑल ट्रॉफी बीबीडी यूनिवर्सिटी, लिटरेरी गुरु ट्रॉफी साहिल खान, लिटरेरी ओवरऑल ट्रॉफी बीबीडीएनआई आईटी, फाइन आर्ट्स ओवरऑल ट्रॉफी बीबीडीएनआई आईटी और कल्चरल ओवरऑल ट्रॉफी बीबीडीआईटीएम हैं। इसके अलावा उत्कर्ष कार्यक्रम के केंद्र बिन्दु में मिस उत्कर्ष फर्स्ट रनर प्रांजल, मिस्टर उत्कर्ष फर्स्ट रनर एहतेशाम खान, मिस उत्कर्ष रनर अप श्रेया त्रिपाठी, मिस्टर उत्कर्ष रनर अप सिद्धार्थ कुमार रहे जबकि मिस उत्कर्ष प्रतिज्ञा सिंह और मिस्टर उत्कर्ष प्रियंक यादव हैं। इस दौरान विजयी और ट्रॉफी पाने वाले छात्र-छात्राओं की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। ऑडिटोरियम में एक के बाद एक पुरस्कार की घोषणा होने पर छात्रों का उत्साह देखते बनता था। मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ-साथ उनके दोस्त भी उनकी सफलता से फूले नहीं समा रहे थे। सभी अपने दोस्त की सफलता पर चियरअप कर रहे थे। इसके साथ ही सांस्कृति कार्यक्रम के दौरान भी उपस्थित छात्रों में काफी जोश दिखा। इसके अलावा शाम को डीजे नाइट का आयोजन हुआ, इस अवसर पर डीजे ट्रेकर की मस्त धुनों पर छात्र-छात्राओं ने जमकर ठुमके लगाये और अपने दोस्तों के साथ डीजे का मजा लिया। इस अवसर पर मुख्य अधिशासी निदेशक आरके अग्रवाल, प्रो वाइस चांसलर, डॉ. एससी शर्मा, रजिस्ट्रार, डॉ. सुधर्मा सिंह, मुख्य संयोजक -उत्कर्ष डॉ. एसएमके रिजवी, अधिष्ठातागण, निदेशकगण, शिक्षकगण, कर्मचारीगण और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।




















# केदारनाथ धाम की आपदा पर काफी टेबल बुक का लोकार्पण

विशेष संवाददाता (vol)

**देहरादून**। श्री केदारनाथ धाम में आई भीषण प्राकृतिक आपदा पर राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने श्री केदारनाथ क्षेत्र में आपदा प्रबंधन का एक और प्रयास नामक काफी टेबल बुक का राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विमोचन कियाा।

- **आपदा प्रबंधन की क्षमताओं की परीक्षा में खरी उतरी राज्य सरकार : सीएम धामी**



इस अवसर पर यूएसडीएमए के डैशबोर्ड का लोकार्पण भी किया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य प्राकृतिक आपदाओं के दृष्टिगत एक संवेदनशील राज्य है। भौगोलिक और पर्यावरणीय परिस्थितियों के कारण यहां भूस्खलन, बाढ़, बादल फटना, भूकंप जैसी आपदाएं समय-समय पर आती रहती हैं। इन आपदाओं से निपटना हमारे लिए एक बड़ी चुनौती रहती है। उन्होंने कहा कि 31 जुलाई 2024 को श्री केदारनाथ क्षेत्र में आई आपदा एक बड़ी चुनौती बनकर सामने आई थी। इस कठिन परिस्थिति में उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) ने सभी रेखीय विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए त्वरित राहत एवं बचाव कार्य किए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पिछले वर्ष केदारनाथ क्षेत्र में आई आपदा के दौरान चारधाम यात्रा भी चल रही थी। शासन के वरिष्ठ अधिकारियों और जिला प्रशासन से वह रातभर प्रभावित क्षेत्र की हर अपडेट लेते रहे। अगले दिन प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर अधिकारियों के साथ राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाने के लिए स्वयं मोर्चा संभाला। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस आपदा से बचाव के लिए सामाजिक, धार्मिक संगठनों और स्थानीय लोगों का सरकार को पूरा सहयोग मिला। उन्होंने कहा कि यह प्राकृतिक आपदा भर नहीं थी बल्कि हमारे धैर्य, समर्पण और आपदा प्रबंधन की क्षमताओं की एक कठिन परीक्षा भी थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब वे केदारनाथ क्षेत्र में श्रद्धालुओं के बीच पहुंचे तो उनके मन में शंका थी कि देशभर से आये श्रद्धालुओं के मन में आक्रोश का भाव होगा। उन्होंने कहा कि हमारे प्रभावित क्षेत्र में जाते ही श्रद्धालुओं में उत्साह का भाव दिखा। श्रद्धालुओं ने कहा कि हमें पूरा भरोसा है कि हम सभी देवभूमि से सुरक्षित अपने घर जायेंगे। सभी श्रद्धालुओं को भोजन, दवाई और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। 15 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को सुरक्षित निकाला गया। आपदा प्रभावित क्षेत्र में 29 स्थानों पर सड़क मार्ग ध्वस्त हो गये थे, उन सभी को जल्द प्रारंभ किया। व्यावसायिक संगठनों के लोगों से बात कर उनके सुझावों को आगे बढ़ाया। इस आपदा में हमारे एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस बल, भारतीय वायु सेना के जवानों तथा जिला प्रशासन की टीमों के साथ ही स्थानीय लोगों ने कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग किया।

# रालोद के नवनियुक्त राष्ट्रीय महासचिव का हुआ भव्य स्वागत

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल नवनियुक्त राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे का मंगलवार को राष्ट्रीय लोकदल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं, समर्थकों और शुभचिंतकों ने लखनऊ में ढोल नंगाड़ों, वैदिक मंत्रों, घण्टा घड़ियाल व शंख ध्वनि के साथ भव्य स्वागत व अभिनंदन किया। पार्टी मुख्यालय पर दोपहर 2 बजे आयोजित स्वागत समारोह के

- **आवास से पार्टी मुख्यालय तक ढोल नंगाड़ों, वैदिक मंत्रों, शंख ध्वनि से किया गया अभिनंदन**



लिए श्री दुबे का अपने आवास से पार्टी मुख्यालय तक जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। बंगला बाजार चौराहे से सैकड़ों गाड़ियों के काफिले के साथ श्री दुबे का जेल रोड पर प्रदेश सचिव अफसर अली ने भारी समर्थकों के साथ स्वागत किया। श्री दुबे को केकेसी चौराहा, हुसैनगंज तथा विधानसभा के सामने भाजपा मुख्यालय के सामने भारी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से लाद दिया। भाजपा मुख्यालय से कार्यकर्ताओं श्री दुबे को जुलूस व ढोल नगाड़ों के साथ पार्टी मुख्यालय लाये। इस दौरान कार्यकर्ता गगनभेदी नारे लगा रहे थे। प्रदेश कार्यालय में पहुंचने पर श्री दुबे ने सर्वप्रथम भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण व अंगवस्त्र भेंट किये। इस अवसर पर गुरुकुल से आये विद्वानों ने वैदिक मंत्रों व शंख ध्वनि के साथ श्री दुबे को आशीर्वाद प्रदान किया और उनकी मंगल कामना वैदिक श्लोकों के साथ किया। इसके बाद मुख्यालय स्थित चौधरी चरण सिंह सभागार में श्री दुबे को फूलमाला व पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह बधाई व शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर श्री दुबे ने कहा कि रालोद अध्यक्ष जयन्त चौधरी की मंशा के अनुरूप पूर्वांचल, मध्यांचल और बुन्देलखण्ड में पार्टी के विस्तार को लेकर संघर्ष जारी रहेगा।

संक्षेप

## सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर हड़पे लिया पांच लाख ,मुकदमा दर्ज

सरहरी ,गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला से उसके बेटे को सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर पांच लाख रुपये लेने का मामला प्रकाश में आया है पिड़िता के लिखित तहरीर के आधार पर चिलुआताल पुलिस धारा 406, 504, 50 6 के तहत मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है ग्राम सभा बरगदवा निवासी रमावती देबी पत्नी प्रेमचद द्वारा चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर बतायी कि मेरे जानने वाले राजेन्द्र शर्मा पुत्र सुदामा व राहुल शर्मा पुत्र राजेन्द्र निवासी गोनरपुरा थाना गुलरिहा द्वारा बादनी के पुत्र को सरकारी नौकरी दिलाने की बात की आरोपी राजेन्द्र बात चीत कर महिला को झासे में लेकर 8 - 10 -12 को एक लाख पच्चास हजार व 15 10 - 12 को तीन लाख पच्चास हजार रुपये लेकर जल्द ही नौकरी लगवाने की बात कही काफी समय बीत जाने पर जब जब नौकरी नही लगी तब उससे बात की जाती तब वह जल्द ही लगवाने की बात करने लगा वर्षो बीतने के पश्चात रमावती देबी आरोपी राजेन्द्र के घर जाकर अपना पैसा मागने लगी जिस पर राजेन्द्र भड़क कर माँ वहन की गाली देते हुये मारपीट पर उतारू हो गया अगल बगल के लोगों के बीच बराव करने पर बीस रुपये के स्टैम्प पर लिख कर जल्द ही पैसा देने की बात कही साथ ही ढ़ाई लाख का एक चेक भी दिया जिसे बैंक कर्मचारियो ने दस्तखत फर्जी बता कर अस्वीकृत कर दिया थक हार कर महिला लिखित तहरीर देकर चिलुआताल पुलिस को घटना से अवगत कराया पुलिस मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है।

## मनबढ़ महिलाओं ने दरवाजे पर खड़े वाहन को तोड़ा, मना करने पर मारपीट कर किया घायल

सरहरी ,गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सिक्टौर बाजार में गाँव की कुछ महिलाये दरवाजे पर खड़े बाहन को ईट पत्थर एवं डंडा चला तोड़ने लगी मना करने पर मारपीट कर घायल कर दी। पीड़िता के तहरीर पर चिलुआताल पुलिस बी एन एस 191 (2) / 115 (2) / 131 / 324 (4) / 125 के तहत मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है ग्राम सभा सिक्टौर बाजार मानीराम निवासी गुंजा कन्नौजिया पत्नी बिनोद कुमार चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताई कि मैं अपने परिवार व बच्चो के साथ अपने घर में थी लगभग नौ बजे के आसपास बगल की ही रहने वाली सुमन लता, कंचन लता, पिंकी , रिंकी, काजल उर्फ काजू पुत्री भुआल प्रसाद मेरे दरवाजे पर खड़े बाहन पर ईट पत्थर एवं डंडा चलाने लगे बीच बचाव करने पर मुझे एवं मेरे बच्चे को मारपीट कर घायल कर दिया पिड़िता के लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस जाँच पड़ताल शुरू कर दी है।

## मनबढ़ों ने की घर में घुसकर अभद्रता

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थानाक्षेत्र सरैया निवासी किशन निगम ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बताया कि रविवार की शाम को उनके घर पर तारामंडल निवासी एक युवक पांच छह लोगों के साथ क्रेटा गाड़ी से आया। तथा उनके भाई सुशील निगम को पूछते हुए घर में घुसकर खोजने लगा। घर पर उनकी मां के अलावा कोई भी नहीं था। सभी लोग घर में तोड़फोड़ करते हुए गाली गलौज करते हुए जानमाल की धमकी देने लगे। उनकी मां ने गाली देने से मना किया तो युवक ने एक व्यक्ति से फोन पर बात कराया। अपने आप को पुलिस अधिकारी बता रहा था। फोन पर उसने भी गाली गलौज किया। पता किया तो वह पुलिस का अधिकारी नहीं था। इसके कहने पर मनबढ़ युवक अपने साथियों के साथ जबरन साथ ले जाने लगा। जब आसपास के लोगों ने विरोध किया तो वह साथियों के साथ भाग गया। उन्होंने बताया कि पन्द्रह दिन पूर्व उन्हें भी अगवा कर लिया था। बाद में छोड़ दिया। वह उनके भाई सुशील के साथ शेयर मार्केट का कार्य करता था। उनके परिवार के साथ नहीं रहता है। स्थानीय पुलिस से शिकायत किया। लेकिन कोई भी कार्रवाई नहीं की गई।

# परिणय सूत्र में बंधे 106 जोड़े

- डीएम के प्रयास का अनुपम सौगात
- 20 जोड़े अल्पसंख्यक वर्ग से थामा जीवन साथी का हाथ

बलरामपुर। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के तहत विकास खंड हरैया सतघरवा में दिनांक 25 फरवरी, 2025 को सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विकास खण्ड हरैया सतघरवा के 43 जोड़ों, विकास खण्ड तुलसीपुर के 63 जोड़ों कुल 106 जोड़ों का सामूहिक विवाह धार्मिक रीति-रिवाज के अनुसार सकुशल सम्पन्न कराया गया। जिसमें विशाल सिंह, ओम प्रकाश शुक्ला पूर्व ब्लाक प्रमुख सहित अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधियों के साथ श्री सुनील कुमार आर्य, खण्ड विकास अधिकारी हरैया सतघरवा, अनूप कुमार सिंह, खण्ड विकास अधिकारी तुलसीपुर, डा० राहुल गुप्ता, जिला समाज कल्याण अधिकारी, के साथ विकास



सतघरवा परिसर में 106 जोड़ों का सामूहिक विवाह धार्मिक रीति-रिवाज के अनुसार सकुशल सम्पन्न हुआ मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जनपद में जिलाधिकारी पवन अग्रवाल के कुशल निर्देशन एवं मार्ग-दर्शन में विकास परिसर हरैया अल्पसंख्यक वर्ग के 20 जोड़े एवं अन्य वर्ग के 86 जोड़े सम्मिलित हुए।

विकास खण्ड परिसर हरैया सतघरवा में सम्पन्न कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक तुलसीपुर के प्रतिनिधि, विकास खण्ड के ब्लाक प्रमुख, अविरल प्रताप सिंह उर्फ अधिकारी तुलसीपुर व हरैया सतघरवा के समस्त अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समस्त जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारीगणों द्वारा सभी नव-दम्पत्तियों को आशीर्वाद देते हुए सुखद व मंगल वैवाहिक जीवन की कामना की गयी।

# सरकार की उदासीनता के चलते सनातनी शारदा पीठ के दर्शन से वंचित : रवीद्र पंडित

महाकुंभ नगर । पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में स्थित शारदा पीठ का सनातन धर्मावलंबियों को दर्शन-पूजन का अधिकार दिलाने के लिए वर्षों से संघर्ष कर रहे ऑल इंडिया कश्मीरी समाज के अध्यक्ष रवींद्र पंडित ने मंगलवार को कहा कि सरकार की उदासीनता की वजह से सनातनी शारदा पीठ के दर्शन से वंचित हैं। पंडित ने यहां दारागंज स्थित श्रृंगेरी मठ में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि वर्तमान में भारत-पाक संधि के तहत कश्मीर से वही लोग शारदा पीठ जा सकते हैं जिनके वहां रिश्तेदार हैं। लेकिन, वहां किसी कश्मीरी का कोई रिश्तेदार नहीं होने की वजह से कोई कश्मीरी वहां नहीं जा सकता। पिछले महीने केंद्रीय गृह मंत्री ने महाकुंभ में जब श्रृंगेरी पीठ के शंकराचार्य विधुशेखर भारती से भेंट की थी, तब शंकराचार्य ने पीओके स्थित शारदा पीठ को हिंदुओं के दर्शनार्थ खोले जाने की बात रखी थी और गृह मंत्री ने आश्वासन दिया था कि सरकार इस संबंध में काम कर रही है। लेकिन सरकार की ओर से कोई समय सीमा नहीं बताई जा रही है।

पंडित ने कहा कि शारदा पीठ को खोलने के संबंध में सरकार की उदासीनता के कारण वहां अतिक्रमण किया जा रहा है। पिछले वर्ष पाकिस्तानी सेना ने वहां कॉफी होम खोल दिया। भारत सरकार यदि कार्वाई नहीं करती है तो हम अंतरराष्ट्रीय न्यायालय जाएंगे अन्यथा हम नियंत्रण रेखा पार करने के लिए विवश होंगे। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के 10 जिलों में एक भी हिंदू और सिख नहीं रहता, जबकि हमारे 10 जिलों में हिंदू, सिख और मुस्लिम सभी हैं। इस तरह से वहां के मुस्लिम तो यहां आ सकते हैं, लेकिन यहां का हिंदू वहां नहीं जा सकता। उन्होंने कह कि हम 2006 से लगातार मांग कर रहे हैं कि नियंत्रण रेखा (एलओसी) परमिट नियम में संशोधन किया जाए ताकि धार्मिक पर्यटन शुरू हो सके। वर्ष 2019 में करतारपुर गलियारा खोल दिया गया और मैं वहां गया। वहीं, जब शारदा पीठ जाने को एलओसी परमिट के लिए आवेदन करता हूं तो भारत सरकार ही आवेदन खारिज कर देती है क्योंकि मेरा वहां कोई रिश्तेदार नहीं है। मैंने दो बार आवेदन किया और दोनों बार आवेदन खारिज कर दिया गया। पंडित ने कहा कि सरकार दावा करती है कि वह जल्द से जल्द पीओके अपने कब्जे में लेगी। लेकिन सरकार ना तो पीओके ले रही है और ना ही शारदा पीठ का रास्ता साफ कर रही है। ऐसे में सनातनी वर्ष 1948 से बंद शारदा पीठ जाएगा कैसे। उन्होंने केंद्र से कश्मीरी पंडितों का कश्मीर में पुनर्वास के लिए कदम उठाने की भी मांग की और कहा कि कश्मीर घाटी में स्थित मंदिरों के संरक्षण के लिए सरकार विधानसभा में विधेयक लाकर श्राइन बोर्ड का गठन करे ताकि घाटी के मंदिर तो सुरक्षित रहें।

## महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या से महाकुंभ में वाहनों के प्रवेश पर रोक

महाकुंभ नगर। महाशिवरात्रि और महाकुंभ पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मंगलवार को शाम चार बजे से मेला क्षेत्र और शाम छह बजे से कमिश्नरेट प्रयागराज को नो-व्हीकल जोन घोषित किया गया है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस निर्णय का पालन करते हुए सुचारू यातायात एवं श्रद्धालुओं की सुविधा में सहयोग करें।एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, श्रद्धालुओं की सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के दृष्टिकोण से प्रशासन ने प्रवेश मार्गों के अनुसार स्नान घाटों का निर्धारण किया है। इसके अंतर्गत झूसी से आने वाले श्रद्धालु दक्षिणी झूंसी के श्रद्धालु संगम द्वार ऐरावत घाट पर स्नान करेंगे। वहीं, उत्तरी झूसी के श्रद्धालु संगम हरिश्चंद्र घाट एवं संगम ओल्ड जीटी घाट का उपयोग करेंगे। बयान के मुताबिक, परेड क्षेत्र से आने वाले श्रद्धालु संगम द्वार भरद्वाज घाट, संगम द्वार नागवासुकी घाट, संगम द्वार मोरी घाट, संगम द्वार काली घाट, संगम द्वार रामघाट और संगम द्वार हनुमान घाट पर स्नान करेंगे। मेला प्रशासन के अनुसार, अरैल क्षेत्र से आने वाले श्रद्धालु संगम द्वार अरैल घाट पर स्नान करेंगे। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अपने प्रवेश मार्ग के निकटतम घाट पर स्नान करें ताकि भीड़ नियंत्रण में रहे और यातायात सुचारू रूप से संचालित हो सके। हालांकि, मेला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यातायात प्रतिबंधों के बावजूद, दूध, सब्जी, दवा, पेट्रोलाडीजल की आपूर्ति, एंबुलेंस और सरकारी सेवाओं (पुलिस, डॉक्टर, प्रशासन) से जुड़े वाहनों के आवागमन पर कोई रोक नहीं रहेगी। इन आवश्यक सेवाओं के निर्बाध संचालन की व्यवस्था की गई है।

# दुर्घटना में अंतिम 8वां युवक गया काल के गाल में

- मोटर साइकिल भिड़ंत में दो की मौत
- दो गंभीर रूप से घायल, हायर सेंटर रेफर

श्रावस्ती। श्रावस्ती थाना नवीन मॉर्डन हवाई पट्टी गेट के पास हुआ बड़ा हादसा हुआ। दो बाइक के टक्कर में दो की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। दो गंभीर रूप से घायल होकर जिंदगी मौत का जंग कर रहे हैं। ज्ञातव्य हो कि 18 वर्षीय सोनू गुप्ता की मोटर साइकिल भिडंत मे हुई मौत छोटे भाई की भी हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं ग्राम तेंदुवा पंडित श्रावस्ती निवासी दूसरे बाईक सवार की भी मौत हो गई जो श्रावस्ती ग्राम गोपाल पुर का रहने



वाला बताया जा रहा है। ज्ञात हो कि पिछले साल एक सड़क दुर्घटना में सोनू गुप्ता के पिता सहित एक ही परिवार के 7 लोगों की मौत हो गई थी जो एक ही वाहन मे सवार होकर यात्रा कर रहा था। यकायक हुए सड़क दुर्घटना में पूरे परिवार की मौत हो गई थी। उस परिवार में अकेला सोनू ही बचा था। जिसको काल नें असमय निगल लिया। इस दुर्घटना से पूरे गाँव में शोक की लहर है।पुलिस नें घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेज दिया है वहीं लाश का पंचनामा भरकर शव विच्छेदन के लिए भेज दिया।

# सड़क हादसों में 10 की मौत, 26 लोग घायल

लखनऊ। उन्नाव, बाराबंकी, सुलतानपुर और हाथरस जिले में हुई सड़क दुर्घटनाओं में 10 लोगों की मौत हो गई जबकि 26 अन्य घायल हो गए।

उन्नाव जिले के बांगरमऊ इलाके में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर मंगलवार को एक कार नियंत्रण खोकर डिवाइडर को पार कर गई और विपरीत दिशा से आ रहे टेंपो ट्रैवलर से टकरा गयी। इस हादसे में दो बच्चों और उनके पिता की मौत हो गयी। टेंपो ट्रैवलर में सवार दर्जन भर यात्री मामूली रूप से घायल हुए हैं। मृतकों की पहचान राघवेंद्र सिंह कुशवाह (36), उनके पांच साल के बेटे श्रेष्ठ और उनकी डेढ़ साल की बेटी के रूप में हुई है। राघवेंद्र राज्य सचिवालय में दीवान के पद पर कार्यरत थे। इस हादसे में उनकी पत्नी दीक्षा उर्फ नंदिनी (35) को गंभीर चोटें आईं हैं और उन्हें पहले जिला अस्पताल ले जाया गया। बाद में दीक्षा को बेहतर इलाज के लिए कानपुर के एक निजी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। वहीं, बाराबंकी जिले के हैदरगढ़ कोतवाली इलाके में लखनऊ-सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज गति से जा रहे एक ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार दो सगे भाइयों की मौत हो गयी, जबकि तीसरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि जिला अमेठी थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के ग्राम बसंतपुर निवासी देवी प्रसाद लोधी के तीन पुत्र चंदन कुमार (26), सूरज (23) और रघुनंदन (17) शटरिंग का काम करते थे और शनिवार को एक साथ लखनऊ गए थे। तीनों सोमवार की रात बाइक से अमेठी लौट रहे थे, तभी हैदरगढ़ के आगे विपरीत दिशा से तेज गति से आ रहे ट्रक से उनकी बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि चंदन और रघुनंदन सड़क पर गिर गए और ट्रक उन्हें कुचलकर आगे निकल गया, जिससे मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। तीसरा भाई सूरज छिटक कर दूर गिरने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि सुलतानपुर जिले के आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र में महाकुंभ से लौट रहे हरियाणा के श्रद्धालुओं की कार ढकवा ओवरब्रिज पर डिवाइडर से टकराने से एक महिला की मौत हो गयी और उसके पति, पुत्र, पुत्री समेत चार लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, सोमवार की रात हुई इस दुर्घटना में हरियाणा के रेवाड़ी की रहने वाली सरोज (48) की मौत हो गयी, वहीं उनके पति अरविंद, बेटा मनीष (कार चालक), बेटी प्रतिज्ञा और पड़ोसी महिला चंद्रकला गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को चांदा थाना क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने सरोज को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वहीं, सुलतानपुर जिले के कूरेभार थाना इलाके में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर प्रयागराज से लौट रही श्रद्धालुओं की कार को एक ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे पति-पत्नी समेत तीन लोगों की मौके पर मौत हो गयी और तीन अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस के अनुसार, सोमवार की रात कूरेभार थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर 116.7 किलोमीटर दूर कूरेभार टोल से हलियापुर टोल की तरफ जा रही स्कार्पियो को ट्रक ने टक्कर मार दी। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। यूपीडा की टीम एम्बुलेंस के साथ मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) कूरेभार ले जाया गया। डॉक्टरों ने सत्येंद्र नाथ पांडेय (57), उनकी पत्नी शशि बाला (53) और रीता देवी (50) को मृत घोषित कर दिया। हादसे में तीन अन्य घायल हो गये। जबकि, हाथरस जिले के सिकंदराराऊथाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह सड़क किनारे शौच करते समय अनियंत्रित कार की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी और कार सवार छह अन्य लोग घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी श्यामवीर सिंह ने बताया कि दिल्ली के आजादपुर निवासी अंकित प्रयागराज में महाकुंभ में स्नान करने के बाद अपने परिवार के साथ वापस लौट रहे थे। उनकी कार सिकंदराराऊथाना क्षेत्र के मुगल गढ़ी-फुलरई गांव के पास सुबह करीब छह बजे अनियंत्रित होकर सड़क किनारे चली गयी। जिससे सड़क किनारे शौच कर रहा मुगलगढ़ी निवासी मुकेश (34) कार की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गयी। वहीं कार सवार आधा दर्जन लोग घायल हो गए।




रेलयात्री कृपया ध्यान दें!



## महाकुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

**महाकुम्भ मेला–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार हैः–

**दिनांक 26.02.2025 (बुधवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04229 | प्रयाग जं. | 21:10 | अयोध्या कैंट जं. | 01:55 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खंडौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा स्टेशन |
| 04271 | फाफामऊ | 13:00 | जौनपुर जं. | 16:20 | थरवई, सराय चण्डी, फूलपुर, उग्रसेनपुर, बरियाराम, जंघई, मड़ियाहूँ एवं जफ़राबाद जं. स्टेशन |
| 04293 | प्रयाग जं. | 20:20 | लखनऊ | 02:00 | फाफामऊ जं., अटरामपुर, रामचौरारोड, लालगोपाल गंज, भदरी, कुण्डाहरनाम गंज, गढ़ी मानिकपुर, परियावाँ कालाकाँकर रोड, अरखा, ऊंचाहार, लक्ष्मणपुर, दरियापुर, रायबरेली, गंगागंज, हरचन्दपुर, कुन्दनगंज, बछरावाँ, श्रीराजनगर, निगोहाँ, कनकहा, मोहनलालगंज और उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04219 | प्रयाग जं. | 05:35 | अयोध्या धाम जं. | 10:30 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खंडौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, मसौधा एवं अयोध्या कैंट जं. स्टेशन |
| 04225 | प्रयाग जं. | 13:55 | अयोध्या कैंट जं. | 18:55 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा स्टेशन |
| 04233 | प्रयाग जं. | 09:40 | अयोध्या धाम जं. | 15:05 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खंडौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, मसौधा एवं अयोध्या कैंट जं. स्टेशन |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुलतानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | |
| 09403 | अहमदाबाद जं. | 21:15 | जंघई जं. | 03:00 | आणंद जं., छायापुरी, गोधरा जं., दाहोद, रतलाम, नागदा जं., भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा जं., सवाई माधोपुर जं., गंगापुर सिटी, बयाना जं., आगरा फोर्ट, टूंडला जं., इटावा, गोविन्दपुरी, फतेहपुर एवं प्रयागराज जं, स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायण छपिया, मसकनवां, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:20 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुलतानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुलतानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुलतानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूसी जं., ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुलतानपुर जं., खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., स्वामी नारायण छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लहपुर जं., औंड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड और झूसी जं. स्टेशन |
| 05178 | झूँसी जं. | 14:15 | गोरखपुर जं. | 22:55 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औंडिहार जं., मऊ जं., बेल्थरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं.,देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |
| 05186 | प्रयागराज रामबाग | 08:30 | गोरखपुर जं. | 18:00 | झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औड़िहार जं., मऊ जं., बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |
| 05130 | झूँसी जं. | 13:30 | छपरा | 21:30 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औंडिहार जं., नंदगंज, गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, करीमुद्दीन पुर, चित बड़ागांव, फेफना जंक्शन, बलिया, बांसडीह रोड, सहतवार एवं सुरेमनपुर स्टेशन |
| 05164 | झूँसी जं. | 10:00 | थावे जं. | 20:30 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, औंड़िहार जं., गाज़ीपुर सिटी, यूसुफपुर, करीमुद्दीन पुर, चित बड़ागांव, फेफना जं., बलिया, बांसडीह रोड, सहतवार, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, खैरा, पटेरही, मढ़ौरा, शाम कौड़िया, मसरख, राजापट्टी, दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, मांझागढ़ एवं गोपालगंज स्टेशन। |
| 05121 | दोहरीघाट | 08:00 | प्रयागराज रामबाग | 16:45 | मुरादपुर (हॉल्ट), अमिला, घोसी, कोपागंज, इंदारा जं., मऊ जं., पनियरा, पिपरी डीह, नायक डीह, दुल्लहपुर, जखनियां, हुरमुजपुर हाल्ट, सादात, माहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास और झूसी जं. स्टेशन |
| 05122 | प्रयागराज रामबाग | 21:45 | दोहरीघाट | 06:00 | |
| 05162 | झूँसी जं. | 18:30 | भटनी जं. | 01:10 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औंड़िहार जंक्शन, सादात, जखनियां, दुल्लहपुर, मऊ जं., इंदारा जं., चक्र रोड, कीडिहरापुर, गोबिंदपुर दुगली, बेल्थरा रोड, तुरती पार, लार रोड, सलेमपुर जं. और पिवकोल स्टेशन |
| 05150 | गोरखपुर जं. | 19:30 | झूँसी जं. | 04:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05149 | झूँसी जं. | 11:15 | गोरखपुर जं. | 20:00 | |
| 05101 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, युसूफपुर, चिट बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी जं., मढ़ौरा, मशरख, दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे, हथुआ, सीवान, मैरवा, भाटपार रानी, भटनी जं., सलेमपुर, बेलथरा रोड, इंदारा, मऊ, दुल्लहपुर, जखनियां, औंड़िहार, सारनाथ, वाराणसी सिटी,वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05102 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 09:00 | |
| 05152 | गोरखपुर जं. | 23:45 | झूँसी जं. | 08:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05151 | झूँसी जं. | 15:15 | गोरखपुर जं. | 23:45 | |
| 01033 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 11:30 | मऊ जं. | 22:00 | दादर, ठाणे, कल्याण जं., ईगतपुरी, नाशिक रोड, मनमाड जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खण्डवा जं., तलवड़िया, छनेरा, खिरकिया, हरदा, बानापुरा, इटारसी जं., पिपररिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, चुनार, वाराणसी जं., शाहगंज जं. एवं आजमगढ़ स्टेशन |
| 06001 | पुरट्चि तलैवर डॉ एम जी रामचंद्रन चेन्नै सेंट्रल | 14:20 | गोमती नगर | 14:15 | गुडुर जं., नेल्लोर, ओंगोल, चिराला, तेनाली जं., नई गुंटूर, विजयवाड़ा जं., खम्मम, वारंगल, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, गोंदिया जं., बालाघाट जं., नैनपुर जं., जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, चुनार, वाराणसी जं. एवं अयोध्या धाम जं स्टेशन |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

संक्षेप

## वकीलों ने किया विरोध प्रदर्शन

गोरखपुर। गोरखपुर में अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 के विरोध में वकीलों ने जोरदार प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने सड़कों पर उतरकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और बिल को पूरी तरह से अस्वीकार्य बताते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की। बार काउंसिल के आह्वान पर शहर के सभी वकील एकजुट होकर विरोध में शामिल हुए और न्यायिक कार्यों से दूर रहकर हड़ताल पर बैठे। प्रदर्शन कर रहे वकीलों का कहना है कि यह बिल अधिवक्ताओं के हितों के विरुद्ध है और उनके अधिकारों को कमजोर करने की साजिश है। अधिवक्ताओं ने कहा कि सरकार उनकी अनदेखी कर रही है और यह बिल लागू कर उनके भविष्य को अंधकार में धकेलना चाहती है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यदि यह बिल पास होता है, तो वकीलों की स्वतंत्रता प्रभावित होगी और उनका पेशा संकट में आ जाएगा। बार काउंसिल के निर्देश पर गोरखपुर के अधिवक्ताओं ने एकदिवसीय हड़ताल की, जिससे जिले की सभी अदालतों में न्यायिक कार्य पूरी तरह ठप हो गया। वकीलों ने कहा कि यह सिर्फ शुरुआत है और यदि सरकार ने उनकी मांगों को नहीं माना, तो आगे आंदोलन को और बड़ा किया जाएगा।

अधिवक्ताओं ने साफ शब्दों में कहा कि जब तक सरकार इस बिल को वापस नहीं लेती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो बार काउंसिल के अगले निर्देश पर और कड़े कदम उठाए जाएंगे। प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर अधिवक्ताओं के साथ धोखा करने का आरोप लगाया और कहा कि वे किसी भी कीमत पर अपने अधिकारों से समझौता नहीं करेंगे।

### गोला में अधिवक्ताओं ने कलमबंद हड़ताल कर किया विरोध प्रदर्शन

गोला, गोरखपुर। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के आह्वान पर गोला तहसील के अधिवक्ताओं ने केंद्र सरकार के अधिवक्ता अधिनियम संशोधन बिल-2025 के विरोध में एक दिवसीय कलमबंद हड़ताल करते हुए कार्य बहिष्कार किया। अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया तथा सरकार से अधिवक्ता संशोधन अधिनियम को तत्काल वापस लेने की मांग किया। तहसील बार गोला के अध्यक्ष गिरजेश शाही ने प्रदर्शन का नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए मार्च निकाला। अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता एकता जिंदाबाद व 'काले कानून वापस लो' के नारे लगाए। अधिवक्ताओं का कहना है कि यह बिल पूरे देश के वकील समाज के साथ धोखा है। यह उनके अधिकारों का हनन करता है। वकीलों ने कहा कि वे न्यायपालिका के प्रमुख स्तंभ हैं। सरकार इस नियमावली के माध्यम से उनकी स्वतंत्रता पर प्रहार कर रही है।

अधिवक्ताओं ने स्पष्ट किया कि वे शोषित, वंचित, गरीब और असहाय लोगों की आवाज को न्यायालय में उठाते हैं। नई नियमावली इस कार्य में बाधा उत्पन्न करेगी। वकीलों ने बिल को तत्काल वापस लेने की मांग की है। साथ ही पूरे भारत में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग भी की है। सभी बार एसोसिएशनों के वकील एकजुट होकर इस विरोध में शामिल हुए हैं। यूपी बार काउंसिल के आह्वान पर सभी संगठनों से जुड़े वकीलों ने धरना प्रदर्शन में भाग लिया। वहीं अधिवक्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए तहसील जमुनहा परिसर से बाहर निकलकर अधिवक्ता अधिनियम संशोधन बिल को वापस लेने की मांग करते अधिवक्ता एकता जिंदाबाद के नारे भी लगाए। प्रदर्शन के दौरान एडवोकेट रंतिदेव मिश्रा, पूणेर्दु तिवारी, भारद्वाज पांडेय, राजेन्द्र भारती, रामलखन राय, हरिकेश यादव, भारतेंदु दूबे, गणेश शंकर भारती, मनीष श्रीवास्तव, सतीश उमर, वेद प्रकाश, कमलेश यादव, भीम यादव आदि मौजूद रहे।


## आवश्यकता

**श्री निषादराज अखण्डानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय, किटियावाँ, शाहगढ़ जिला-अमेठी**

**आवश्यकता है-**

परास्नातक स्तर पर एम.ए. पाठ्यक्रम में (चित्रकला, भूगोल, एवं हिन्दी) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता-02 पद : योग्यता एवं वेतनमान-यू.जी.सी. एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों की दो स्व. हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

**प्रबन्धक-शिव प्रसाद कश्यप**
**मो.नं.-9415177976**


# कुंभ मेला : हिंदू जगत का सूक्ष्म दर्शन का विमोचन

## महाकुंभ के महात्म को देख रही है दुनिया : सीएम योगी आदित्यनाथ



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार शाम गोरखनाथ मंदिर में स्मृतिशेष इतिहासकार, पुरातत्वविद एवं इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व आचार्य प्रो. ज्ञानेंद्र कुमार राय द्वारा रचित पुस्तक ह्यकुंभ मेला :माइक्रोकॉस्म ऑफ द हिंदू वर्ल्डह्ल (कुंभ मेला : हिंदू जगत का सूक्ष्म दर्शन) का विमोचन किया। यह पुस्तक लिखने के दौरान ही प्रो. राय का गोलोकगमन हो गया था और उनके बाद उनकी पुत्री डॉ. स्मिता राय ने इसे पूरा किया तथा पत्नी आशा राय ने इसका प्रकाशन सुनिश्चित कराया। लेखन शुरू करने के साथ ही प्रो. राय की इच्छा थी कि इस पुस्तक का विमोचन सनातन मानबिंदुओं को वैश्विक फलक पर प्रतिष्ठित करने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर कमलों से हो। पुस्तक विमोचन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लेखक स्वर्गीय प्रो ज्ञानेंद्र राय के परिवार को अपनी मंगलमय शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने विमोचन प्रति पर लिखा, ह्यमहाकुंभ के महात्म को दुनिया देख रही है। कुंभ मेला पर आधारित इस पुस्तक का विमोचन अद्भुत है।ह्ल पुस्तकह्यकुंभ मेला :माइक्रोकॉस्म ऑफ द हिंदू वर्ल्डह्ल में कुंभ मेले की ऐतिहासिक यात्रा का विस्तृत वर्णन किया गया है। इसमें प्राचीन ग्रंथों में कुंभ मेले के उल्लेख से लेकर मध्यकालीन और आधुनिक काल के दौरान इसके विकास तक को समाहित किया गया है। महाकुंभ का महापर्व समय के साथ सामाजिक और राजनीतिक परिवर्तनों के अनुसार कैसे ढला, इसके बावजूद अपनी आत्मा को कैसे संरक्षित रखा, इसका यह पुस्तक एक सूक्ष्म और गहन दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है। इस पुस्तक में ऐतिहासिक संदर्भो से इस तथ्य को प्रतिष्ठित किया गया है कि कुंभ मेला सनातन अथवा हिंदुत्व को नजदीक से समझने का महत्वपूर्ण दर्शन है। यह महज एक धार्मिक जुटान नहीं है बल्कि हिंदुत्व की शक्ति और अनेकता में एकता के सनातन संदेश का साक्ष्य है। कुंभ की इन्हीं विशेषताओं से यूनेस्को ने इसे मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की मान्यता दी है। प्रो. राय की इस पुस्तक प्रयागराज के अलावा हरिद्वार, नासिक और उज्जैन में आयोजित होने वाले कुंभ मेले के विविध आयामों पर समग्र दृष्टि डालती है। इसमें अखाड़ों के इतिहास, उनकी परंपरा और सनातन धर्म की रक्षा में उनके महत्व को विस्तार से रेखांकित करती है। इससे यह समझने का भी अवसर मिलता है कि कल्पवास, कुंभ मेले का जीवन कैसे सनातन की जीवंत परंपरा का परिचायक है। गोरखनाथ मंदिर में विमोचन के उपरांत ह्यकुंभ मेला : हिंदू जगत का सूक्ष्म दर्शनह्ल पुस्तक के लेखक स्वर्गीय प्रो. ज्ञानेंद्र कुमार राय की पत्नी आशा राय ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। पुस्तक विमोचन के अवसर पर महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के कुलपति डॉ. सुरिंदर सिंह, डॉ. एसपी सिंह, प्रमथनाथ मिश्र, रामजन्म सिंह, डॉ. अरुण कुमार सिंह, डॉ. ओपी सिंह, डॉ. अनिल कुमार सिंह, डॉ. प्रदीप कुमार राव आदि भी उपस्थित रहे।

## ईओ ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

जसवंत नगर, इटावा। नगर में चल रहे विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों की गुणवत्ता परखने के लिये अधिशासी अधिकारी श्याम बचन सरोज ने सोमवार को औचक निरीक्षण किया। उन्होंने नगर में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता की बारीकी से जांच की तथा ठेकेदारों और अधिनिस्थ पालिका के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और यदि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की गड़बड़ी या गुणवत्ता में कमी पाई गई तो ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी ने कोठी कैस्त में स्थित मुख्य सड़क पर बन रही पुलिया, मोहल्ला लधुपुरा में बन रही गौशाला रोड, सिद्धार्थपुरी में बन रही सड़क और होमगंज रोड पर चल रहे कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद इंजीनियरों और ठेकेदारों से निर्माण कार्यों की तकनीकी जानकारी ली और निर्देश दिया कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप हो। उन्होंने यह भी कहा कि निर्माण कार्यों में उपयोग हो रही सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि सड़कें और पुलिया टिकाऊ बनी रहें। निरीक्षण के दौरान उनके साथ वरिष्ठ कर्मचारी लाल सिंह, सखी त्रिपाठी और नवनीत कुमार को निर्देशित किया कि वे निर्माण कार्यों की लगातार निगरानी करें।

## न्यायालय में भ्रष्टाचार को लेकर वकीलों ने की हड़ताल



इटावा। न्यायालयों में व्याप्त घनघोर भ्रष्टाचार व अनियमितताओं को लेकर इटावा कचहरी के अधिवक्ताओं ने एक जुट होकर न्यायिक कार्य से विरत रहने का फैसला लिया उक्त फैसले में डी.वी.ए. व सी.वी.ए. के समस्त अधिवक्तागण शामिल थे। इसके अलावा एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट अतिशीघ्र लागू किये जाने की मांग भी प्रमुख रूप से शामिल थी। ज्ञापन की प्रति जिला जज व जिलाधिकारी इटावा को दी गई। डी.वी.ए. के अध्यक्ष अनिल कुमार गौर, महामंत्री देवेन्द्र पाल सिंह सी.वी.ए. अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी, महामंत्री अरूण कुमार गुप्ता तथा कार्यकारिणी की एक बैठक कर सर्व सम्मति से न्यायिक कार्य से विरत रहने का फैसला लिया। उक्त जानकारी डी.वी.ए. के मीडिया प्रभारी मनोज कुमार दीक्षित व रूपेन्द्र सिंह चैहान ने संयुक्त रूप से प्रेस को देते हुये बताया कि इटावा न्यायालयों में भारी पैमाने पर अनियमिततायें वरतीं जा रहीं हैं। न्यायिक अधिकारीगण कानून से परे प्राकृतिक न्याय के विरूद्ध आदेश पारित कर रहे हैं। इसलिए गरीबों को कोई न्याय की आशा ही नहीं रह गयी है। धनाड्य लोग अपने अनुसार न्याय प्राप्त कर रहे हैं और कहने पर अधिकारीगण अक्सर अपमानजनक टीका टिप्पणी करते हैं जिससे अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है। ज्ञापन में बताया गया कि सरकारी वकील अवैध वसूली में लिप्त हैं होशटाइल गवाही करवाने के एवज में 1-1 लाख रुपए वसूल कर लेते हैं। न्यायिक अधिकारी भी सरकारी वकील की मर्जी से चलते हैं। परिवार न्यायालय में 13बी के केस में लम्बी-लम्बी तारीखें लगायीं जातीं हैं। कचहरी परिसर में पेय जल शौचालय एवं सफाई की समुचित व्यवस्था नहीं है और न ही न्यायालयों में अधिवक्तागणों के बैठने की समुचित व्यवस्था है। आज कचहरी पर हजारों अधिवक्ताओं ने एक मत होकर जिला जज के समक्ष पेश होकर अपनी समस्याओं को बारी-बारी से रखा तथा समस्याओं के निवारण की मांग की।

## स्कूटी से कुंभ स्नान को जाते समय हुई टक्कर से मौत

बकेवर, इटावा। घर वालों को बिना बताए स्कूटी से प्रयागराज कुंभ स्नान को जा रहे युवक की स्कूटी में सक्सलेन हाईवे पर पूनम ढाबा के पास अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी। घायल स्कूटी सवार युवक ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक युवक मध्यप्रदेश के ग्वालियर का रहने वाला था। मध्य प्रदेश के ग्वालियर शहर के पड़ाव थाना क्षेत्र के बिरखा कोरी का बाड़ा, न्यू रेलवे कॉलोनी लोको निवासी सुनील कुमार गुजराती का पुत्र अनिल गुजराती उम्र 24 वर्ष सोमवार को शाम करीब 5.30 बजे अपने घर से ग्वालियर से स्कूटी से प्रयागराज कुंभ स्नान के लिए जाने के लिए चला था। रात्रि करीब 9 बजे जैसे ही वह आगरा कानपुर सिक्सलेन हाईवे पर बकेवर थाना क्षेत्र में राधिका ढाबा के सामने किसी अज्ञात ट्रक ने उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी जिससे युवक अनिल गुजराती की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक चालक ट्रक को भगा ले गया। सूचना पर बकेवर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर भूपेंद्र सिंह राठी बिजौली चैकी इंचार्ज अलख निरंजन मय फोर्स मौके पर पहुंचे तथा मृतक के शव को मोच्युरी भेजा। परिवार वालों को सूचना दी। सूचना पर ग्वालियर से देर रात्रि परिवार वाले भी पहुंचे। थाना प्रभारी बकेवर भूपेंद्र सिंह राठी ने बताया युवक हेलमेट नहीं लगाई था इस कारण उसके सर में कुछ चोट लगी थी। मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे युवक की मौत की जानकारी होने पर परिवार वालों में कोहराम मच गया। मृतक युवक शादी तय हो गई थी सगाई हो गई थी।

## थानाध्यक्ष ने शिव मंदिरों का निरीक्षण कर दिया दिशा निर्देश



गगहा, गोरखपुर। महाशिवरात्रि पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए गगहा पुलिस पूरी तरह मुस्तैद दिख रही है। थानाध्यक्ष के नेतृत्व गगहा पुलिस शिव मंदिरों पर पहुंचकर वहां का निरीक्षण करने के साथ मातहतों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। मंगलवार को थानाध्यक्ष गौरव कुमार वर्मा पुलिस फोर्स के साथ गगहा थाना एरिया में स्थित बलुआ शिव मंदिर, गजपुर शिव मंदिर तिवारी टोला, कहला, गगहा, हाटा बुजुर्ग, सिहाईजपार, सहित एरिया के अन्य शिव मंदिर पर पहुंचकर वहां की स्थिति का जायजा लेने के साथ अपने मातहतों को दिशा निर्देश दिया। थानाध्यक्ष गौरव कुमार वर्मा ने शिव भक्तों से अपील किया कि बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व पर आप लोग शान्ति पूर्वक पूजा करते हुए बड़े बुजुर्गो का विशेष ध्यान देते हुए उन्हें शिव मंदिर में पूजा-अर्चना करने में सहयोग करें। कोई व्यक्ति इस दौरान को व्यवधान उत्पन्न करने की कोशिश कर रहा हो तो तत्काल इसकी सूचना थाने की सीयूजी 9454403509 पर सूचना देने के साथ तैनात पुलिसकर्मियों को सूचना दे। सूचना पर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी।

# प्रॉपर्टी डीलर के कार पर फायरिंग से मची सनसनी

## प्रॉपर्टी डीलर ने रंगदारी नहीं देने पर फायरिंग का लगाया आरोप



चरगांवा, गोरखपुर। शाहपुर इलाके में रहने वाले प्रापर्टी डीलर के घर के बाहर खड़ी कार पर बीती रात बाइक सवार दो बदमाशों ने फायरिंग कर सनसनी फैला दी। पीड़ित प्रापर्टी डीलर ने घटना को लेकर एनकाउंटर में मारे गए एक बदमाश के भाई पर पांच लाख रंगदारी नही देने पर फायरिंग का आरोप लगाया।

फायरिंग की यह घटना सीसी कैमरे में भी कैद हो गई है। मिली जानकारी के मुताबिक, शाहपुर थाना क्षेत्र के पादरी बाजार फातिमा बाईपास स्थित श्रीराम चौराहे पर प्रापर्टी डीलर सोमनाथ शुक्ल उर्फ अंकुर शुक्ल का आवास हैं। उनके घर के बाहर उनकी स्विफ्ट डिजायर कार खड़ी थी। बीते सोमवार की रात लगभग 11 बजे कर 35 मिनट पर दो अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने खड़ी कार पर फायरिंग कर फरार हो गए। गोली चलने की घटना से इलाके में सनसनी मच गई। माना जा रहा हैं दहशत फैलाने के उद्देश्य से इस घटना को अंजाम दिया गया है हमलावर सीसीटीवी कैमरे में कैद हैं। प्रापर्टी डीलर सोमनाथ शुक्ल उर्फ अंकुर शुक्ल ने घटना के बाबत बताया कि विगत 18 फरवरी को उनके पास एक अनजान नंबर से फोन आया था। फोन करने वाले ने खुद को माफिया विनोद उपाध्याय का भाई संजय उपाध्याय बताया था। उसने कहा था कि जो होटल बना रहे हो, मुझे भी पैसे चाहिए। बात न मानने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी गई। फिलहाल इस धमकी से भी घटना को जोड़कर देखा जा रहा है। प्रापर्टी डीलर की तहरीर पर पुलिस संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

इस घटना के बाबत प्रभारी निरीक्षक शाहपुर के सी यू जी नंबर पर जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया गया सम्पर्क नहीं हो पाया।

## युवा संवाद यात्रा सैफई पहुंची, 75 जिलों में चलेगा शैक्षिक सुधार अभियान

इटावा। उत्तर प्रदेश के इटावा में राष्ट्रीय छात्र पंचायत की युवा संवाद यात्रा पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के गांव सैफई पहुंची। राष्ट्रीय छात्र पंचायत के अध्यक्ष शिवम पांडेय ने सैफई उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में छात्रों से मुलाकात की। शिवम पांडेय ने कहा कि यह युवा संवाद यात्रा प्रदेश के सभी 75 जिलों में जाएगी। अब तक 27 जिलों का भ्रमण पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि छात्रों से मिले सुझावों को लखनऊ में अधिकारियों और मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी समस्याएं रखीं। छात्र अभय कुमार ने सरकारी भर्तियों और पेपर लीक की समस्या उठाई। अमन यादव ने इंटर्नशिप से जुड़ी दिक्कतों का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि कॉलेज में इंटर्नशिप के लिए सुविधा शुल्क नहीं मिल रहा है। कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय और जिला पंचायत सभागार इटावा में किया गया। इस दौरान शिक्षा के लिए सैकड़ों सुझाव मिले। कार्यक्रम में प्रियांशु पांडेय, धर्मेंद्र यादव, श्रेया मिश्रा, सुहानी यादव, रवि यादव, करन वर्मा, रामनिवास यादव, पवन और अखिलेश कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे।

# आयोग की उपाध्यक्ष ने किया वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण



इटावा। राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारु चैधरी ने ग्वालियर से आकर सोमवार को इटावा स्थित वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा संचालित सेवाओं की जानकारी ली और महिलाओं के हित में बेहतर संचालन पर जोर दिया। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने सोमवार को वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सेंटर की ओर से प्रदेश सरकार द्वारा संचालित सेवाओं के बारे में जानकारी लीं। महिलाओं के हित में संचालित सेवाओं के प्रभावी ढंग से संचालन पर उन्होंने जोर दिया। इस दौरान प्रभारी समेत स्टाफ ने सेंटर से संबंधित सुविधाएं बढ़ाने को निर्देश दिया। जिस पर आयोग कि उपाध्यक्ष ने आवश्यक कदम उठाने के लिए आश्वासन दिया है। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में सेंटर प्रभारी वंदना भदोरिया के साथ स्टाफ अपने कार्य में मौजूद मिले। आयोग उपाध्यक्ष ने सेंटर का जायजा लिया। व्यवस्थाओं की जानकारी ली जिसमें उन्होंने बताया कि वन स्टाफ सेंटर पर खाना बनाने वाले कर्मचारी और एक काउंसलर की नियुक्ति जल्द कर दी जाएगी क्योंकि अभी खाना बनाने के लिए केंद्र पर कोई भी महिला उपस्थित नहीं है और काउंसलर की भी जल्द नियुक्ति की जाएगी वहीं उन्होंने बताया कि वन स्टॉप सेंटर पर लगभग पांच लोगों की रुकने की व्यवस्था है लेकिन 5 से ज्यादा अगर महिलाएं या बेटी आ जाती है तो उनको भी व्यवस्थित तरीके से रखा जाता है। उन्होंने कहा कि, प्रदेश सरकार के महिलाओं के हित में सेंटर से संचालित सेवाओं को बेहतर ढंग से चलाया जाए। सेंटर के बाहर गंदगी देख उनका पारा चढ़ गया और अंदर साफ सफाई अच्छी थी। बच्चियों के लिए जो खाना आ रहा है वह बाहर से आ रहा है, किचिन में खाने बनाने वाले की नियुक्ति की कमी के चलते ये सब हो रहा है इसको सुधारने के निर्देश दिए गए हैं, विधानसभा में सपा विधायक रागिनी सोनकर ने आशा बहुओं को काम के हिसाब से18 हजार रुपये और एक स्कूटी देने का मुद्दा उठाया गया था।

# वकीलों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

चौरीचौर, गोरखपुर। बार कौंसिल आफ उप्र0 के आह्वान पर बार एसोसिएशन चौरीचौरा ने मंगलवार को कलम बंद हड़ताल कर न्यायिक कार्य का वहिष्कार किया। तथा प्रदर्शन व सरकार विरोधी नारेबाजी कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भोपा बाजार चौराहे पर प्रतिकात्मक पुतला फूंक कर विरोध प्रदर्शित किया। तथा प्रधानमंत्री/विधि आयोग भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार चौरीचौरा को सौंपा। बताते चलें कि अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 के विरोध में बार कौंसिल आफ उप्र0 के आह्वान पर 25 फरवरी मंगलवार को बार एसोसिएशन चौरीचौरा के अध्यक्ष अधिवक्ता रामप्यारे यादव के नेतृत्व में बार एसोसिएशन चौरीचौरा ने न्यायिक कार्य का वहिष्कार किया। तथा अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 को सरकार से वापस लेने की मांग करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने भोपा बाजार चौराहे पर पहुंच कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रतिकात्मक पुतला फूंका। तथा तहसील परिसर पहुंचकर एसडीएम की अनुपस्थिति में प्रधानमंत्री/विधि आयोग भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन, तहसीलदार चौरीचौरा निशा श्रीवास्तव को सौंपा गया। अधिवक्ताओं ने सरकार पर आरोप लगाते हुए बताया कि उक्त अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 अधिवक्ताओं के लिए हितकारी नहीं है। इससे अधिवक्ताओं के मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा है।जो अधिवक्ताओं को कत्तई बर्दाश्त नहीं होगा।उक्त अवसर पर अधिवक्ता रामायन यादव, संतोष जायसवाल, रामबहादुर गुप्ता रमाकांत यादव, नन्दलाल, रामनयन यादव, रमेश यादव, नरेंद्र सिंह, बलभद्र मिश्रा, चन्द्रशेखर मणि त्रिपाठी, जयसिंह, सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## नसबंदी से महिला की हालत बिगड़ने से मौत

ऊसराहार, इटावा। सीएचसी सरसईनावर पर नसबंदी कराने के बाद महिला की हालत बिगड गई नाजुक हालत मे महिला को सैफई अस्पताल मे भर्ती कराया गया जंहा डाक्टरों ने उसे म्रत घोषित कर दिया मां ने आप्रेशन मे लापरवाही का आरोप लगाया है। ऊसराहार थाना क्षेत्र के कुरखा निवासी पूनम की शादी इकदिल थाना क्षेत्र के प्रजापति मोहल्ले मे हुई थी पूनम का पति राजीब दिव्यांग है पूनम के चार बच्चे थे इसलिए पूनम अपने मायके कुरखा गांव आई तो नसबंदी कराने का बिचार बनाया सोमवार को वह अपनी मां रूपा देवी के साथ सीएचसी सरसईनावर मे नसबंदी कराने पहुची नसंबदी के बाद जैसे ही पूनम को आप्रेशन थियेटर से बाहर निकाला गया तो पूनम की हालत बिगड गई पूनम की मां रूपा देवी ने बताया बेटी की हालत सही न लगने पर उसने डाक्टरों से गुहार लगाई कि उसकी बेटी की हालत सही नही है डाक्टरों ने तुरन्त पूनम को एक एंबुलेंस से सैफई भेज दिया रूपा देवी के मुताबिक उन्हे भी बेटी के साथ जबरन ऐंबुलेंस मे बैठा दिया गया और डाक्टरों ने कह दिया रोना नही नही तो पुलिस कार्यवाही करेगी पूनम को रास्ते मे कई बार जगाने और बात करने का प्रयास किया लेकिन वह हिल ढुल तक नही रही थी जब वह सैफई पहुची तो डाक्टरों ने उसकी बेटी को म्रत घोषित कर दिया पूनम का मां रूपा देवी ने बताया उसकी बेटी की मौत नसबंदी मे लापरवाही बरतने के चलते हुई है नसबंदी के बाद ही उनकी बेटी की हालत बिगड चुकी थी वह आप्रेशन थियेटर से निकलने के बाद बोल तक नही सकी इस संबध मे सीएचसी प्रभारी डाक्टर अजय विक्रम सिंह ने बताया नसबंदी के लिए डाक्टरों की टीम बाहर से आती है महिला की हालत बिगडने पर उसे सैफई भर्ती कराया गया था जंहा मौत हुई है पोस्टमार्टम कराया गया है मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर गीताराम ने बताया मामला संज्ञान में है पता चला है कि महिला कोई दवाई खाती थी जिसकी जानकारी नसबंदी के दौरान उसने डाक्टरों को नही दी थी शव का पोस्टमार्टम कराया गया है रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा

# घर बुलाकर युवक को बेरहमी से पीटा, मौत

## मृतक के पिता ने नौ लोगों के खिलाफ दी तहरीर



इकदिल, इटावा। चार दिन पहले मारपीट में घायल हुए युवक ने इलाज दौरान तोड़ा दम। मौत की खबर मिलते ही घर मे कोहरम मंच गया। इकदिल क्षेत्र के गांव नगला वर के रहने वाले पृथ्वीराज के 26 वर्षिय बेटे विकास राजपूत को 20 फरवरी गुरुवार रात को गांव नगला पीते में एक युवती ने फोन कर युवक को अपने घर बुलाया तभी उसके परिजनों ने घर के अन्दर बंद कर लिया और बंधक बनाकर उसकी जमकर पिटाई की, मरणासन्न अवस्था मे पड़ा छोड़ दिया। इसी बीच किसी ने युवक के परिजनों को सूचना दी सूचना पर पहुचे परिजनों ने पुलिस को बुलाया। उसके बाद युवक को गंभीर हालत बेहोशी अवस्था में जिला अस्पताल भेजा गया जहां हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उसे सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के लिए रेफर कर दिया गया। जहां मंगलवार सुबह चार बजे युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। बेटे की मौत के बाद पीडित परिवार ने एसएसपी संजय कुमार वर्मा से मिलकर नामजदों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। एसएसपी ने न्याय का भरोसा दिया है। मृतक युवक के पिता पृथ्वीराज ने आरोप लगाया कि उसके बेटे विकास राजपूत ने सेट बीडीसी इंटर कालेज से शिक्षा पाई है। उसके साथ गांव नगला पीते की दो छात्राएं भी पढती थी। परिचित होने के कारण इन लोगों की आपस में बातचीत होती रहती थी। 20 फरवरी को इन लोगों ने उसके पुत्र विकास को फोन कर अपने घर बुलाया। विकास के वहां पहुंचने पर उक्त छात्राओं के घर वालों ने विकास को बंधक बना लिया। बंधक बनाने के बाद उसके साथ मारपीट की गई। उसे किसी ने मारपीट की सूचना दी तो वह गांव के लोगों के साथ मौके पर पहुंचे तो उक्त लोगों ने उसे बेटे से मिलने नही दिया और गाली गलौज कर भगा दिया। बाद में पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल विकास को छत से नीचे उतारा। हालत गंभीर होने पर उसे पहले जिला अस्पताल बाद में सैफई मेडिकल भेजा गया। इधर बेटे का इलाज जारी था युवक जिंदगी और मौत की बीच लड़ रहा था तभी थाने में दोनों पक्षों के बीच पुलिस ने समझौता कराकर मामला शांत कराया दिया था। उसके बाद युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। बेटे की मौत के बाद परिजनों ने मामला दर्ज कराने के लिए एसएसपी से गुहार लगाई। एसएसपी ने इकदिल थाना पुलिस को मामला दर्ज कर कार्रवाई के निर्देश दिए। एसएसपी के निर्देश पर मामला दर्ज किया गया है। प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह चैहान ने बताया कि तहरीर के आधार पर नरेंद्र, राजेश, उपेंद्र, सुरेंश, संजीव, नगला पीते, और राम सिंह, अंकित निवासी नगला वर के साथ दो महिलाओं सहित नो लोगों के खिलाफ गैरइरदतन हत्या की धाराओं में ममाला दर्ज कर आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिश दी जा रही है। मृतक युवक घर का इकलौता बेटा, पिता भी बीमार चल रहे है। युवक की मौत के बाद बहन रेनू मां सुमन देवी के साथ बीमार पिता को रोरोकर हाल बेहाल है।

## वाहनों की भिड़ंत में दो सगे भाइयों की मौत, आधा दर्जन घायल

ऊसराहार, इटावा। प्रयागराज से स्नान कर राजस्थान लौट रहे परिवार की कार आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर आगे जा रहे अज्ञात वाहन से टकरा गई जिससे कार मे सवार दो सगे भाईयो की मौत हो गई जबकि छह लोग घायल हो गए चालक को झपकी आने से हादसा माना जा रहा है। प्रयागराज मे इन दिन कुंभ नहाने के लिए जाने वाले यात्रियों के कारण आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर ट्रेफिक काफी ज्यादा है मंगलवार की सुबह पांच बजे ऊसराहार थाना क्षेत्र से गुजरने वाले आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर किलोमीटर संख्या 122.9 भाऊपुरा गांव के पास हादसा उस समय हुआ जब चालक को झपकी लग गई और आगे जा रहा अज्ञात वाहन से टकरा गई बताया गया आगरा के रास्ते हनुमानगढ जा रहे विक्रम निवासी हनुमानगढ़ को झपकी लग गई जिससे कार एक्सप्रेसवे पर आगे चल रहे अज्ञात वाहन से टकरा गई जिससे कार बुरी तरह छतिग्रस्त हो गई और कार में सवार करीना, अशोक, मयंक, राजेंद्र, रीना, पियूष, व लक्ष्मी निवासी हनुमानगढ़ राजस्थान सवार थे जो गंभीर रुप से घायल हो गये सूचना पर पहुंची यूपीडा व कुदरैल एक्सप्रेसवे चैकी पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सुरक्षित कार से बाहर निकालकर पीजीआई सैंफई भिजवाया जहां अशोक (60) व राजेंद्र (50) की मौत हो गई। पुलिस ने छतिग्रस्त कार को हटवाकर कुदरैल एक्सप्रेसवे चैकी खड़ा करवा दिया। थानाध्यक्ष ऊसराहार मंसूर अहमद ने बताया कि मृतक दोनों सगे भाई थे शवों का पोस्टमार्टम कराया गया है। मौके से क्षतिग्रस्त वाहन को हटाकर यातायात संचालित कर दिया गया है।

संक्षेप

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

शाहजहांपुर ।जनपदीय सर्विलांस सेल व थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस की संयुक्त टीम को मिली बडी कामयाबी जनपदीय सर्विलांस सेल व थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा एक अर्न्तजनपदीय मोबाइल टवारों में चोरी करने वाले 25 हजार के ईनामी वांछित अभियुक्त को एक राउटर कार्ड, एक अळट कार्ड व एक मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना रामचन्द्र मिशन के नेतृत्व में थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस की टीम एवं रडॠटीम द्वारा थाना रामचन्द्र मिशन पर पंजीकृत मु0अ0सं0 12/25 धारा 305/ 317(2) इठर में वांछित/25 हजार के इनामिया अभियुक्त अनिल कुमार यादव पुत्र विश्राम सिंह नि0 चकरपुर थाना विधूना जनपद औरैय्या उम्र करीब 32 वर्ष को मुखबिर की सूचना पर हरदोई मोड से बरेली की ओर जाने वाली सर्विस लेन पर करीब 20 कदम की दूरी पर 25.02.2025 को समय करीब 03.55 बजे पर मय एक राउटर कार्ड-SN FOC2221N1LT A9K 8X100GESEV10 व जामा तलाशी के 540 रुपये एवं एक अदद HDFC ATM कार्ड व एक अदद उ्छ तथा टैक्नो कम्पनी मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी/ बरामदगी के आधार पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी ।

## मादक द्रव्यों का तस्कर गिरफ्तार

शाहजहांपुर ।जैतीपुर पुलिस ने लगभग 264 ग्राम अफीम व मोबाईल एन्ड्रायड वीवो के साथ मादक पदार्थ के तस्करा को गिरफ्तार किया है।शाहजहांपुर ।उपमहानिरीक्षक/ पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम, अपराधियों की गिरफ्तारी व मादक पदार्थ का कारोबार करने वाले क्रियाशील एंव चिन्हित किये गये अपराधियों की गिरफ्तारी एंव अपराध की रोकथाम के परिपेक्ष्य में प्रचलित अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एंव क्षेत्राधिकारी तिलहर जनपद शाहजहांपुर के निर्देशन में थाना जैतीपुर पुलिस टीम को बडी सफलता प्राप्त हुई । प्रभारी निरीक्षत गौरव त्यागी के नेतृत्व में थाना जैतीपुर की पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम मकरन्दपुर जाने वाली रोड से अभियुक्त धर्मसिंह पुत्र मुन्ना लाल निवासी ग्राम दियोरी थाना दातागंज जनपद बदांयू को गिरफ्तार किया गया ।अभियुक्त के कब्जे से 264 ग्राम अफीम व एक अदद एण्ड्रायड मोबाइल वीवो कम्पनी का बरामद हुआ । अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना हाजा पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## हार्ट अटैक से युवक की मौत

मोहम्मदी खीरी।कस्बा में स्थल मंदिर के पास रह रहे एक युवक के सीने में दर्द होने पर सी एच सी पर परिजनों ने भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने हार्ट की परेशानी होने की बात कहकर जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया जिसकी रास्ते में ले जाते समय मौत हो गई है। विनोद कश्यप ने बताया उसका पुत्र शिव कश्यप 17 वर्ष घर के कार्य में हाथ बटाता था। मंगलवार को 5 बजे करीब उसने सीने में अचानक दर्द होने की बात कही जिसे आनंद-फानन में सी एच सी पर इलाज के लिए भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने हार्ट अटैक पडने की बात कह कर जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया जिसको ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई है।परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से डीएम ने की विभागों की समीक्षा



जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी।सीएम डैशबोर्ड पर माह के अन्त में विभागीय प्रगति की फीडिंग को सही ढंग से कराये जाने के उद्देश्य से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने मंगलवार को विकास भवन के 'स्वामी विवेकानंद सभागार' में अफसरों की बैठक ली।

बैठक का संचालन सीडीओ अभिषेक कुमार ने किया। डीएम ने अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग, समाज कल्याण, उद्योग, पंचायती राज, श्रम, लोक निर्माण, नियोजन, प्रोबेशन इत्यादि विभागों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि अपने विभागीय कार्यक्रमो, योजनाओं के प्रति गंभीरता लाते हुए उच्च श्रेणी में आने के लिए भरसक प्रयास करें। जहां समस्या आ रही हो, वहां उच्च अधिकारियों का मार्गदर्शन प्राप्त करें।

समीक्षा के दौरान उद्योग विभाग की स्थिति खराब मिलने पर उपायुक्त उद्योग को फटकार लगाते हुए निर्देश दिए कि अग्रणी जिला प्रबंधक के माध्यम से बैंकों से व्यक्तिगत समन्वय और संपर्क स्थापित करते हुए अपने विभागीय लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित कराए।डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक दशा में सीएम डैशबोर्ड पर आंकड़ों को अद्यतन रखा जाय, ताकि जिले की रैंक प्रभावित न होने पाये। समीक्षा के दौरान सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लोग अपने-अपने विभागों की सीएम डैशबोर्ड से संबंधित कार्यो, योजनाओं की बराबर समीक्षा करते रहें, ताकि सीएम डैशबोर्ड पर विभाग की रैंकिंग खराब न होने पाए, इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। संबंधित विभाग सीएम डैशबोर्ड को गंभीरता से लें। सभी विभाग छोटी से छोटी कमी पर ध्यान देते हुए अपनी रैंकिंग में सुधार लाएं। बैठक में जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी एकता श्रीवास्तव, सहायक अर्थ एवं संख्या अधिकारी अरविंद कुमार सहित सभी संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## अब डॉक्टरों को भी देनी होगी बायोमेट्रिक हाजिरी

### स्वास्थ्य विभाग ने जारी किए दिशा निर्देश

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) प्रदेश शासन चिकित्सकों पर भी शिकंजा करने की तैयारी कर ली है अब उन्हें अस्पताल में बायोमेट्रिक हाजिरी लगानी होगी सीएमओ से लेकर अधीक्षक तक भ्रमण के फोटो अपलोड करेंगे इसके निर्देश दिए गए हैं।

अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण लखनऊ मंडल ने कहा है कि शासन की मंशानुरूप उपलब्ध संसाधनों का समुचित सपयोग कर आम जनमानस को सुगम एवं प्रभावी चिकित्सा सुविधायें उपलब्ध कराना हमारा मौलिक दायित्व है। इसके क्रम में मण्डलीय अपर निदेशक को सम्मिलित करते हुए एक व्हाट्एप ग्रुप बनाया जा रहा है इसके साथ ही निर्देशित किया जाता है कि सभी डॉक्टर फोन पर जीपीएस कैमरा एप इंस्टाल करेंगे, चिकित्सालय में चिकित्सकों एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा उपस्थिति पंजिका में सुबह 8 बजे से साढे 8 बजे तक अपनी उपस्थिति दर्ज करने के लिए निर्देशित करेंगें हस्ताक्षर पंजिका का अवलोकन करते हुए उसकी फोटो उक्त व्हाट्सएप ग्रुप पर जीपीएस कैमरा से लेकर साझा करेंगें। चिकित्सालय का राउंड दिन में दो बार किया जायेगा, सुबह राउंड 8 बजे से 11 बजे के मध्य और शाम को 7 से 9 बजे के मध्य भी राउंड किया जायेगा। किये गये राउंड की फोटो प्रतिदिन सुबह 8 बजे से साढे 8 बजे के मध्य और सायं 7 बजे से 9 बजे के मध्य जीपीएस कैमरा द्वारा ली जायेगी और फिर व्हाट्एप ग्रुप में साझा की जायेगी। अवकाश के दिनों में दिन में कम से कम एक बार उक्त गतिविधि की जीपीएस कैमरा द्वारा ली गयी फोटो ग्रुप में साझा की जायेगी। समस्त चिकित्सालयों में बायोमेट्रिक मशीन के माध्यम से उपस्थिति दर्ज की जायेगी।जिसमें ड्यूटी इन एवं ड्यूटी आफ दोनों को सम्मिलित किया जायेगा।

## देश में बढ़ती हुई बीमारियों का प्रमुख वजह कैमिकल युक्त खेतीः श्याम बिहारी



गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) धमार्दा समिति गौशाला में सोमवार की शाम उप्र गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष दर्जा राज्य मंत्री श्यामबिहारी गुप्ता और लोकभारती के गोपाल उपाध्याय ने गौ माता की आरती कर गुड़ खिलाई। गौशाला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान श्याम बिहारी गुप्ता ने गौ सेवकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज देश में बढती हुई बीमारियों का प्रमुख कारण कैमिकल युक्त खेती है ।कैमिकल से मिट्टी जहरीली हो जाती है और मित्र केचुआ समाप्त हो जाते हैं ।परिणामस्वरूप अनाज दूषित पैदा होता है जिसका सेवन करने से अनेक प्रकार की बीमारियां हो जाती है ।अच्छे स्वास्थ्यवर्धक भोजन के लिए हमें गौ आधारित प्राकृतिक खेती करनी होगा ।इस अवसर पर सुर्जन लाल वर्मा, नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री विनोद स्वर्णकार, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष अंकित अवस्थी, धमेंद्र सिंह,विजय मिश्रा,अशोक सक्सेना,संदीप अवस्थी,विजय बाजपेयी,सुनील मिश्रा, धीरज बाजपेयी, रजत गुप्ता, मनोज बाथम,श्याम सिंह कुशवाहा, हिमांशु सिंह, सहित अनेक गौभक्त मौजूद थे।

## मोहाना नदी से कटान रोकने को परियोजना मंजूर



तिकुनियां-खीरी। मुहाना नदी के भयावह काटन को लेकर सैकड़ो एकड़ जमीन तथा दर्जनों घर नदी में समा गए बाढ़ पीड़ित तथा तराई विकास संस्थान ने कटान रोकने की गुहार शासन प्रशासन से करते रहे अंततः अगस्त के बाद सिंचाई विभाग ने मौके का निरीक्षण किया और शीघ्र ही कटान रोकने का बंदोबस्त कर गांव को बचाने की बात कही जिसके चलते ग्राम पंचायत जसनगर जहां मोहाना नदी भयंकर कटान कर रही है वहां डेढ़ किलोमीटर में परियोजना मंजूर हुई है जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

ग्राम पंचायत प्रधान निशा तलवाड, सुरेश तलवाड, राम अवतार कश्यप, शिवलाल, दिवाकर गुप्ता, मुंशीलाल तिवारी, रामबृक्ष ने बताया कि नदी कटान को लेकर ग्रामीणों में अफरा तफरी मची हुई थी गांव को बचाने की कवायद में सिंचाई विभाग ने बोरियों में बालू मिट्टी भरकर के ठोकर बनाई, लेकिन नतीजा नही मिला इसके बाद ग्रामीणों की शिकायत पर जिले के सांसद उत्कर्ष वर्मा ने कटान स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को ठोस निर्देश दिए थे। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेज कर गांव को मोहाना नदी से हो रहे कटान से बचाने की मांग भी की थी। इस पर अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर कटान स्थल का कई बार निरीक्षण किया फिर ग्रामीणों से परियोजना की बात कही तब ग्रामीणों ने कहा परियोजना समय से पूरी हो जाए तभी गांव को बचाया जा सकेगा अन्यथा विलंब होने पर गांव नहीं बचेगा अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि समय से ही कार्य होगा।

सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता शोभित कुशवाहा ने बताया कि कटान का निरीक्षण कर ग्रामीणों से परियोजना मंजूर होने की बात कही गई थी, जिसका प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। शीघ्र ही डेढ़ किलोमीटर में जिओ ट्यूब बैग लगाकर गांव को सुरक्षित किया जाएगा।

## महाशिवरात्रि आज, तैयारियां पूरी

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) महाशिवरात्रि का पर्व आज है जिसे लेकर छोटी काशी के पौराणिक शिवमंदिर सहित शहर भर कें मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान,भजन कीर्तन



और रात्रि जागरण सहित विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियां देर शाम तक चलती रहीं और मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। मंदिर में दर्शनार्थियों की भारी भीड़ उमड़ने के मद्देनजर सुरक्षा और दर्शनों की विशेष व्यवस्थाएं की गयी हैं जबकि मंदिर के भीतर कोई भी सामान, मोबाइल, कैमरा और कांच की शीशियां ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा और भक्तों को महिला पुरूषों की अलग अलग कतारबद्ध होकर ही प्रवेश दिया जायेगा। महाशिवरात्रि को लेकर मंगलवार को भी शिव मंदिर परिसर में तैयारी का दौर चलता हुआ दिखाई दिया। श्रद्धालुओं की भीड़ पर नियंत्रण करने को लेकर शिव मंदिर के नजदीक बैरिकेडिंग लगाई गई है। मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, एडिशनल एसपी नेपाल सिंह ने एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता , तहसीलदार सुखबीर सिंह के साथ पौराणिक शिव मंदिर परिसर में चल नहीं महाशिवरात्रि की तैयारी का जायजा लिया।कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि श्रद्धालुओं को दर्शन करने के दौरान कोई असुविधा न हो।बुधवार को महाशिवरात्रि वाले दिन ध्वस्त किए गए अंगद धर्मशाला के पास से चार लाइन में बल्लियों की वेरीकेडिंग लगाई जा रही है।पूरा परिक्षेत्र सीसीटीवी कैमरों से लैस होगा, किसी के साथ जिले के सभी थानों सेलगभग 400 सुरक्षा कर्मी शहर के कोने-कोने में तैनात रहेंगे।जिससे कोई अराजक तत्व कोई अप्रिय घटना को अंजाम न दे सके।बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए शहर से बाहर पार्किंग की व्यवस्था की गई है।मंगलवार की शाम से शहर में भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित कर दिया गया है। जो महाशिवरात्रि वाले दिन बुधवार की देर शाम सात बजे तक रहेगा ।मंदिर परिसर में नगर पालिका के द्वारा प्रशासनिक और स्वास्थ्य कैंप कार्यालय बनाया गया है।जिसमें स्वास्थ्य विभाग के और नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद रहेंगे।

### महाशिवरात्रि पर कार्यक्रम आज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज के मुन्नूगंज स्थित राजयोग केंद्र पर प्रातः 9 बजे से महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा।यह जानकारी संस्था के बीके राधेश्याम ने दी और उन्होंने सभी लोगों से समय पर पहुंचने की अपील की है।

### महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर लगे जयकारे

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) वूमेन्स सोसायटी ऑफ गोला ने की पदाधिकारी सदस्यों ने शिवरात्रि की पूर्व संध्या पर फूल बाबा आश्रम में भजन कीर्तन किया।यह कार्यक्रम सोमवार की शाम खुटार रोड पर फूल बाबा आश्रम में हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता सोसाइटी की अध्यक्ष प्रमिला गुप्ता ने की। कार्यक्रम के दौरान फूलबाबा मन्दिर में शिव के भजन कीर्तन हुए और भगवान शिव और माता पार्वती की झांकी लगाई गयी फिर प्रसाद वितरण कर ठंडाई के साथ कार्यक्रम समापन किया।इस आयोजन से नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल, श्री गुरु नानक कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अंजू भोगल सहित वूमेंस सोसाइटी ऑफ गोला के पदाधिकारी और लगभग 50 सदस्यों के आलावा अन्य भक्त भी आयोजन में शामिल थे। अंत में भोले भंडारी के जयकारों से वातावरण गूंजायमान हो उठा।

## विधेयक के खिलाफ वकीलों का धरना-प्रदर्शन



निघासन-खीरी।उत्तर प्रदेश बार कांउसिल के निर्देशन में सिविल बार व तहसील बार के वकीलों ने संयुक्त रूप से पूर्ण रूप कलम बंद हड़ताल करते हुए उपनिबंधक कार्यालय का घेराव कर विधेयक के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की है।

मंगलवार को सिविल बार एशोसिएशन के अध्यक्ष सर्वेश गुप्ता, मंत्री हरिनंदन लाल व तहसील अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अम्बरीश श्रीवास्तव, मंत्री टीएल यादव सहित सैकड़ो वकीलो एवं बैनामा लेखको ने अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 के विरुद्ध बार कांउसिल आफ उत्तर प्रदेश के निर्देशन में कलम बंद हड़ताल की और उपनिबंधक कार्यालय का घेराव करते हुए विशाल धरना प्रदर्शन किया तथा विधेयक को काला कानून बताते हुए जमकर नारेबाजी की है। इस कलम बंद हड़ताल के कारण वादकारियों को वापस लौटना पड़ा तथा राजस्व विभाग को भी खाशा नुकसान हुआ होगा।इस दौरान वीरेंद्र प्रकाश रुहेला, ब्रह्म प्रकाश, पंकज जायसवाल, दिनेश गुप्ता, राम गोपाल, रवि गुप्ता, चंद्रकेश, राकेश शुक्ला, मो0 लतीफ, रूपेश श्रीवास्तव, मेजर सिंह, मनोज जायसवाल, आशीष कश्यप, धर्मेश यादव, रजीउल्ला खान, रमेश भारती, सुरेन्द्र मिश्रा सहित तमाम वकील मौजूद रहे।

## अधिवक्ता संशोधन बिल के विरोध में वकीलों का प्रदर्शन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) सेंट्रल बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अधिवक्ता संशोधन अधिनियम 2025 के विरोध में न्यायिक कार्य से विरत रहकर प्रदर्शन करते हुये संगठन को समर्थन दिया।बार काउसिंल ऑफ



उत्तर प्रदेश के आवाहन पर अधिवक्ता संशोधन अधिनियम 2025 के विरोध में सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष केके शुक्ला एवं मंत्री अनूप वर्मा सहित अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहकर टेज्जरी व रजिस्ट्री कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष तारिक इस्लाम, संयुक्त मंत्री सुमित गिरि, कोषाध्यक्ष अमित मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष लालबिहारी वर्मा, नीरज मिश्रा, आलोक गुप्ता, अवधेश वर्मा, हरिनाम पाण्डे, विक्रम गौतम, दाताराम गुप्ता, रामेन्द्र सिंह, अनुज सिंह, सलामत वेग, गौरव शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## उपनिबंधक कार्यालय का घेराव वकीलों ने की कलमबंद हड़ताल



पुवायां,शाहजहांपुर।बार एसोसिएशन पुवायां की ओर से एडवोकेट एक्ट में प्रस्तावित बिल 2025 के विरुद्ध बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के आवाह्न अधिवक्ताओं ने कलम बंद हड़ताल की तथा उपनिवंधक कार्यालय का घेराव कर ताला बंद करवाया ।सभी न्यायालयों व कार्यालयों में ताला बंद कराने के उपरांत अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे ।हड़ताल में धरना स्थल पर अध्यक्ष सुभाष चंद्र शुक्ला महामंत्री विवेक अवस्थी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आर एल श्रीवास,महेश पटेल एडवोकेट ,प्रदीप वर्मा, शिव प्रकाश सिंह, अरुण सक्सेना, राकेश चंद गुप्ता ,पवन सिंह, अग्निवेश शुक्ला, विनय मिश्रा ,विमल श्रीवास्तव , विपिन सिंह ,रणवीर सिंह यादव अभिनव सिंह आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## भट्ठा व्यवसायी के घर मिला किशोर का शव



लखीमपुर खीरी। सोमवार की शाम लगभग 5 बजे लखीमपुर शहर की पंजाबी कालोनी में भट्ठा व्यवसाई के घर पर काम करने वाले 12 वर्ष के किशोर का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद किया गया।

शव मिलने पर किशोर के परिजनों ने भट्ठा व्यवसाई व एक अन्य पर हत्या का आरोप लगाते हुवे मंगलवार को शव पीएम हाउस ले जाकर महिला थाने के पास विरोध प्रदर्शन किया।प्रदर्शन की जानकारी होने पर अम्बर सिंह सदर कोतवाल पुलिस बल के साथ महिला थाने के पास परिजनों हड़काने पहुंच गए।शव को पीएम हाउस लाकर शव का पीएम करवाया।विजय पाल का 12 वर्षीर्या पुत्र दीपक कुमार का शव संदिग्ध परिस्थितियों में सुरेन्द्र कुमार भट्ठा व्यवसाई निवासी पंजाबी कालोनी कोतवाली सदर लखीमपुर के घर बरामद हुआ।शव मिलने की जानकारी होने पर कॉलोनी में हड़कंप मच गया। मृतक किशोर के परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों को दीपक का शव पीएम हाउस पर मिला।मृतक के पिता विजय पाल निवासी ग्राम धनडुवा पड़रिया थाना भीरा ने बताया कि उनकी दीपक से आखिरी बार शाम करीब 3 बजे बात हुई।दीपक ने कहा पापा हम ठीक है, घर आना है।हमने दीपक से कहा कुछ दिन होली के रह गए है।होली पर एक साथ घर आना। पुत्र दीपक बिल्कुल ठीक था शाम 5 बजे नीरज का फोन आया कि नीरज बहुत बीमार है, फिर फोन आया कि दीपक ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली।मृतक के पिता विजय पाल का आरोप है कि नीरज एवं सुरेन्द्र कुमार उर्फ भैया जी ने उनके पुत्र की हत्या कर दी।12 वर्ष का पुत्र फांसी कैसे लगा सकता है।पुलिस ने नीरज को पकड़ लिया है। सुरेंद्र की तलाश की जा रही है।प्रदर्शन के बाद कोतवाल सदर अंबर सिंह पुलिस बल के साथ पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। कोतवाल मृतक के परिजनों पर निगरानी करते नजर आए।मृतक की मां चीख कर कह रही थी सुरेंद्र व नीरज ने उनके पुत्र की हत्या की है। पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही।

इस संदर्भ में सुरेन्द्र कुमार तोलानी भट्ठा व्यवसाय ने बताया वह अपने कमरे में ऊपर सो रहे थे , जानकारी मिली कि दीपक ने फांसी लगा ली। वह मोतीपुर जिला अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।सीओ व कोतवाल को सूचना मैने दी।

## पति-पत्नी और पिता के खिलाफ केस दर्ज

मोहम्मदी खीरी।क्षेत्र के गांव में घर के बाहर उपला बना रही बच्ची को गांव के युवक ने अश्लील भाषा बोलते हुए हाथ पकड़ कर खींचने लगा बचाव को लेकर पुकार मचाने पर आरोपी जबरन उठा ले जाकर जान से मार डालने की धमकी दी है।मां की शिकायत पर पुलिस ने 9 दिन बाद मामले में तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है।पीड़िता की मां ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया 16 फरवरी को सुबह 10 करीब उसकी पुत्री घर के बाहर उपला बना रही थी तभी गांव के संदीप ने अश्लील बातें करते हुए बच्ची का हाथ पकड़ कर खींचने लगा बचाव के लिए बच्ची ने गुहार लगाने पर परिवार के लोग दौड़ पड़े जिस पर आरोपी ने बच्ची को जबरन उठा ले जाने की धमकी देकर चला गया मां ने उसके घर पहुंच कर लड़के की शिकायत करने पर आरोपी की पत्नी अनीता और पिता जयपाल ने गाली गलौज करते जान से मार डालने की धमकी देकर भगा दिया था।पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस को दी थी।पुलिस ने घटना के 9 दिन बाद नामित आरोपियों के खिलाफ पास्को एक्ट समेत संगीत धाराओं में केस दर्ज किया है।विवेचना एस आई शिव बहादुर को सौंपी गई है।

### सील तोड़कर पुनः अस्पताल चलाने पर मुकदमा दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) एक माह पूर्व अवैध रूप से संचालित सील किये गये अस्पताल को संचालक ने बिना अनुमति के खोलकर संचालित करने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल को सीलकर संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. गनेश कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि खुटार रोड पर शिवाय मेटरनिटी सेंटर बिना पंजीकरण व मानक विहीन संचालित पाये जाने पर 24 जनवरी को स्टैब्लिसमेंट एक्ट के तहत सील किया गया था। इसके बाद 24 फरवरी को स्वास्थ्य विभाग की टीम के निरीक्षण में अस्पताल की सील तोड़कर संचालित अवस्था में मिलने पर सील कर संचालक डा0 मनोज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

## गन्ना छील रहे आसाराम को तेंदुए ने किया घायल

पलियाकला खीरी। बसंतापुर कलां ग्राम के पीछे चंदेल फॉर्म में मनजीत सिंह का गन्ना छील रहे एक मजदूर को लेपर्ड ने गंभीर रूप से घायल कर दिया है। पास पड़ोस में काम कर रहे लोगों ने शोर मचाया तो गंभीर घायल अवस्था में छोड़कर भाग गया।जानकारी के अनुसार यह वन क्षेत्र मझगई रेंज में आता है घटना की जानकार मिलने पर रेंजर वह स्टाफ वहां पहुंचा और ग्रामीणों को अपने बचाव के लिए सतर्क रहने की जानकारी दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सेमरी पुरवा निवासी आसाराम पुत्र रामदयाल उम्र 45 चंदेल फार्म में गन्ना छील रहे थे गन्ना भरने के चक्कर में दो लोग इधर-उधर हो गये। तेंदूआ ने इस पर हमला कर दिया गंभीर रूप से घायल हो गया उसे सी एच सी पलिया में भर्ती कराया गया जहां पर उसका इलाज चल रहा है। ग्रामीण बता रहे थे टाइगर था वन विभाग बता रहा कि तेंदुआ था।


कार्यालय उपनिदेशक (वि./याँ.)
राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ.प्र.,
किसान मण्डी भवन, गोमती नगर, लखनऊ।
Office E-mail Id-ddemlucknow7@gmail.com

पत्रांकः वि./यां. (325)/2025-2332 दिनांक 25.02.2025

ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों की ई-निविदायें वित्तीय रूप से सुदृढ़, मण्डी परिषद में विद्युत/यांत्रिक कार्य हेतु पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों तथा मण्डी परिषद आदेश पत्रांक-641 दि. 11.08.2022 पत्रांक-1190 दि. 17.11.2022, पत्रांक-217 दि. 29.05.2023 एवं मु.अभि. ग्रेड-2/ (1168/ भाग-4/2005)/2023-487 दि. 11.07.2023 के निर्धारित व्यवस्था के अनुसार PWD, RED, UPRNN, UPPCL के वांछित श्रेणी में पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों द्वारा Two Bid system i.e (Technical Bid, Financial Bid) के माध्यम से दिनांकः 21.03.2025 को आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरांह 12.30 बजे ई-टेन्डर के माध्यम से ऑनलाइन कार्यालय उप निदेशक (वि./यां.), राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, लखनऊ में खोली जायेगी। उक्त निविदायें दिनांक 20.03.2025 को अपरांह 5.00 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाइन भरकर अपलोड की जा सकती है।ई-निविदा शुल्क एवं 18% जी.एस.टी. सहित की धनराशि का आनलाइन भुगतान इण्टरनेट बैंकिंग RTGS/NEFT के माध्यम से उप निदेशक (वि०/यां०), राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, लखनऊ के बचत खाता सं.-30396156486, IFS Code-SBIN 0050643 तथा धरोहर धनराशि का भुगतान बचत खाता सं,-30396156861 IFS Code-SBIN 0050643 भारतीय स्टेट बैंक शाखा पिकप, लखनऊ में करना अनिवार्य होगा। बैंक से प्राप्त रसीद एवं समस्त आवश्यक प्रपत्र ऑनलाइन अपलोड करना अनिवार्य है।

| क्र. सं. | कार्य स्थल का नाम | निविदा शुल्क | धरोहर धनराशि (लाख में) | अनुमानित लागत (रु.) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नवीन मण्डी स्थल दिबियापुर TenderID 2025_RKUMP_1007070 एल.टी. लाइन की मरम्मत, प्रकाश व्यवस्था हेतु पोलों पर एल.ई.डी. लाइट की आपूर्ति/स्थापना, 03 नग 16 मीटर हाईमास्ट लाइटों में एल.ई. डी. फ्लड लाइट लगाने, केबलिंग, मेन पैनल एवं पोल पेन्टिंग तथा नलकूप की मरम्मत एवं 15 एच.पी. सवमर्सिबल पम्प की आपूर्ति/ स्थापना आदि के कार्य । | 4300.00 | 2.40 | 2391170.00 | 03 माह | 'अ' |
| 2 | उपमण्डी स्थल बरीपाल (घाटमपुर) TenderID 2025_RKUMP_1007073 कार्यालय भवन की रिवांयरिंग, एल. टी. लाइन का विस्तारए प्रकाश व्यवस्था हेतु पोलो पर एल.ई.डी. लाइट, वाटर कूलर, छोटी बोरिंग का निर्माण एवं 10 नग सोलर स्ट्रीट की आपूर्ति / स्थापना आदि कार्य। | 2400.00 | 1.34 | 1337335.37 | 03 माह | 'ब' |
| 3 | नवीन मण्डी स्थल बांगरमऊ(उन्नाव) TenderID 2024_RKUMP_1007077 एल.टी. लाइन की मरम्मत, 02 नग हाई मास्ट एल.ई.डी. लाइट, एल.ई. डी. स्ट्रीट लाइट की मरम्मत, पोल पेन्टिंग एवं केबलिंग आदि के कार्य । | 1800.00 | 0.80 | 799137.00 | 03 माह | 'ब' |
| 4 | उपमण्डी स्थल मल्लावां (माधौगंज) TenderID2025_RKUMP_10011142 10 नग ''स'' श्रेणी की दुकानें, कार्यालय भवन, 02 नग निलामी चबूतरा, 02 नग आवासीय भवन टाइप प्रथम, 01 नग गेट एवं गेट पिलर तथा चेक पोस्ट में आन्तरिक विद्युतीकरण तथा 02 नग नलकूप निर्माण एवं 1.00 एच.पी. सबमर्सि-बल पम्प की आपूर्ति/ स्थापना आदि का कार्य । | 1900.00 | 1.04 | 1038783.00 | 06 माह | 'ब' |

उक्त निविदायें दिनांक 20.03.2025 को अपरान्ह 5.00 बजे तक ऑनलाइन भरकर अपलोड की जा सकती है तथा नियम व शर्तें एवं अन्य निविदा संबंधी प्रपत्र वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है ।

R-2334 उप निदेशक (वि./यां.)

संक्षेप

## 872 बेरोजगारों में से 475 का चयन

आजमगढ़। वृहद रोजगार मेला का आयोजन क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, आजमगढ़, राजकीय आईटी आई आजमगढ़ एवं कौशल विकास मिशन आजमगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में आईटीआई परिसर हर्रा की चुंगी आजमगढ़ में किया गया। मेले में निजी क्षेत्र की 16 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें कुल 872 बेरोजगारों में से 475 अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न कम्पनियों द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में संयुक्त निदेशक आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़ राधा कृष्ण एवं सहायक निदेशक राममूर्ति द्वारा चयनित अभ्यर्थियों नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर राजकीय आईटीआई से रवीन्द्र नाथ यादव, कार्यदेशक, अजय कुमार यादव, कार्यदेशक, फतेह बहादर वर्मा, प्लेसमेन्ट अधिकारी, अवधेश कुमार वरिष्ठ अनुदेशक, शैलेष कुमार यादव, सुशील कुमार राय, राजनरायन सिंह, सुधान्शू सिंह एवं तीनों संस्थानों के सभी कर्मचारियों ने अपना योगदान दिया।

## बोर्ड की परीक्षा से छात्रा किशोर संग चम्पत

जौनपुर। यूपी बोर्ड हाईस्कूल की परीक्षा देने के लिये आयी किशोरी एक किशोर के साथ चम्पत हो गयी। लड़की के परिजन ने आरोपी युवक पर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले के खोजबीन में लग गयी है। नगर पंचायत कजंगाव के राजेपुर वार्ड की निवासी सजंय गुप्ता ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसकी नाबालग पुत्री 24 फरवरी की सुबह घर से परीक्षा देने के लिए श्रीराम निरंजन इंटर कालेज कजगांव गयी थी। परीक्षा खत्म होने के बाद भी वह घर नहीं आई। शाम तक काफी खोजबीन हुई।लेकिन उसका पता नही चला। छानबीन करने के बाद पुलिस को सूचना दिया। सजंय गुप्ता ने तहरीर देकर माधोपट्टी मोछमवा रामपुर गांव के सचिन प्रजापति पर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। एस आई धनुषधारी पाण्डेय ने बताया कि आरोपी युवक कक्षा नौ का छात्र है। थानाप्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश यादव ने बताया कि छात्रा के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। छात्रा की खोजबीन की जा रही है।

## प्रधान के पुत्र ने पत्रकार को दी धमकी

जौनपुर। ग्राम प्रधान के पुत्र द्वारा पत्रकार को धमकी दिये जाने के प्रकरण में जिलाधिकारी से कार्यवाही की मांग की गयी है। विकास खंड मड़ियाहूं अर्न्तगत ग्राम रजमलपुर में ग्राम प्रधान द्वारा जेसीबी से तालाब की खुदाई करायी जा रही थी। क्षेत्रीय पत्रकार राजन पाल द्वारा उक्त प्रकरण में फोटो खीचकर मीडिया में प्रसारित कर दिया। सूचना पर खंड विकास अधिकारी ने जेसीबी से हो रही खुदाई पर कार्यवाही न करके केवल खुदाई रूकवा दी गयी। इससे क्षुब्ध ग्राम प्रधान के पुत्र अपने समर्थकों के साथ राजन पाल के घर आ गये और उन्हे मारने की धमकी दी। उक्त प्रकरण में मनरेगा श्रमिकों की जगह जेसीबी से खुदाई करने वाले दोषी अधिकारियों प्रधान के विरूद्ध कार्यवाही के साथ धमकी देने वालों को दंडित करने की मांग की गयी। पत्रकार द्वारा ज्ञापन की प्रति जौनपुर पत्रकार संघ के अध्यक्ष शशिमोहन सिंह क्षेम को देकर घटना से अवगत कराया गया।

## महासेल से व्यापारियों और ग्राहकों का हित

जौनपुर। उद्योग व्यापार मण्डल द्वारा आयोजित जलालपुर बाजार में महासेल का उद्घाटन वरिष्ठ व्यापारी नंदू अग्रहरि एवं हाफिज अयूब खान ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। अग्रहरि ने कहा कि एजाज के द्वारा किया गया या प्रयास सराहनीय है जिसकी वजह से आज पंजाब बाजार प्रगति की तरफ अग्रसर है ।जिन्होंने ऐसी सोच को लाकर मार्केट में खड़ा कर दिया जिससे सभी व्यापारियो और ग्राहकों दोनों का हित है हाफिज अयूब ने कहा कि यकीनन या एक सराहनी कम है और संगठन के सभी पदाधिकारी अध्यक्ष अभिषेक गुप्ता सहित बधाई के पात्र हैं। डॉ0 वंशराज आनन्द ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बहुआयामी विकास होता । व्यापार मण्डल संरक्षक एजाज अहमद ने कहा कि योजनाएं तो बहुत है जिससे व्यापार और समाज प्रगति कर सके बस जरूरत होती है साथ चलने की व्यापार मण्डल हमेशा ही व्यापारियो के प्रगति की बात करती है। अध्यक्ष अभिषेक कुमार गुप्ता , उपाध्यक्ष वाजिद अली, संरक्षक रतन लाल मौर्या , संजय अग्रहरि, शंकर मोदनवाल, जलालुद्दीन, मो0 मुस्तफा, गुरुचरण सोनकर, मोहम्मद इमरान आदि लोग मौजूद रहे।

# बजट खर्च न होने से स्वास्थ्य विभाग की गंभीरता पर सवाल

जिला संवाददाता(vol)



- सदन में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर खुलकर बोले सपा एमएलसी शाह आलम

आजमगढ़। स्वास्थ्य किसी प्रदेश या देश की मूलभूत सुविधाओं में से एक है। जिस तरह कोई मनुष्य स्वस्थ्य न हो उसे कोई बीमारी लग जाय तो उसकी जिन्दगी पीड़ादायक हो जाती है उसी तरह अगर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं कमजोर हो, लचर हो पूरे प्रदेश के नागरिकों की जिन्दगी पीड़ादायक हो जाती है। उक्त बातें समाजवादी पार्टी के एमएलसी शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली ने सदन में स्वास्थ्य मुद्दों पर चर्चा करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि आजमगढ़ जनपद में मेरे पास दस एकड़ जमीन है अगर स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए सरकार चाहे तो मैं वह जमीन फ्री में सरकार को दान कर दूंगा, और समय-समय पर हर संभव मदद भी की जायेगी। स्वास्थ्य मुद्दों पर सदन को सम्बोधित करते हुए सपा एमएलसी ने कहा कि जो पिछली बार स्वास्थ्य पर बजट का प्राविधान था वह लगभग 43 हजार पांच सौ करोड़ रुपए था और इस बार बढ़ाकर 50 हजार 500 करोड़ कर दिया गया है लेकिन इस बजट का क्या फायदा, पूर्व में दिया गया बजट भी ठीक था लेकिन खर्च सिर्फ 68 प्रतिशत हुआ, यह एक विचारणीय प्रश्न है जिसका यह सदन खुद आकलन कर सकता है कि स्वास्थ्य जैसी गंभीर मामले जो इंसान की आवश्यक जरूरतों में आता है लेकिन स्वास्थ्य विभाग उस बजट का पूरा पैसा नहीं खर्च कर पा रहा है, स्वास्थ्य को लेकर हम कितने गंभीर इससे साफ जाहिर हो रहा है। हम कुछ भी तैयारी करते रहें और उसका ढिंढोरा पीटते रहे, उसका कोई मतलब नहीं है।

उन्होंने नीति आयोग की रिपोर्ट पर चर्चा करते हुए कहा कि रिपोर्ट के अनुसार हमारा प्रदेश स्वास्थ्य के मामले में सबसे नीचले पायदान पर है। लोहिया, केजीएमसी, एपीजीआई जैसे कई हमारे प्रदेश महत्वपूर्ण स्वास्थ्य केन्द्र वहां की भी हालत कुछ ऐसी ही है, वहां पर तैनात डाक्टरों की क्षमता पर कोई सवाल नहीं है वे बेहतर से बेहतर हैं लेकिन हमारे प्रदेश की आबादी के हिसाब से हमारे पास संसाधन उपलब्ध नहीं है, नतीजा यह हो रहा है कि गंभीर बीमारियों जैसे कैंसर, लीवर, किडनी आदि के मरीज मजबूर होकर प्राइवेट अस्पतालों में अपना इलाज करवा रहे हैं जहां पर उनके धन का भी शोषण होता है और धन की कमी के कारण समय से इलाज न होने पाने से उनकी मृत्यु हो जाती है। उन्होंने कहा कि हम लोगों की निधि जो मिलती है उसमें एक नियम लगा दिया गया है कि हम लोग बीमारी में पांच लाख से अधिक और पूरे साल में पचीस लाख से अधिक नहीं दे सकते हैं। उन्होंने एक घटनाक्रम से सदन को अवगत कराते हुए कहा कि मेरे पास एक मजदूर अपने बच्चे की गंभीर बीमारी का इस्टीमेट लेकर आया जो एम्स से बनवाकर लाया था जिसका पूरा खर्च करीब 15 लाख था लेकिन सरकार द्वारा निर्धारित किये जाने से हम उसे एक बार पांच लाख से ज्यादा नहीं दे पाते। हमारी सदन से मांग यह है कि एक प्रस्ताव भेजा जाय जिसमें ऐसी बीमारियों के पूरे इलाज के लिए हमारी निधि से कटौती कर इन जरूरतों को राशि निर्गत किये जाने का काम हो सके।

उन्होंने कहा कि अखिलेश सरकार में गंभीर बीमारियों पर 60 से 70 प्रतिशत दवाओं के मूल्य में कमी कर दी गई थी लेकिन अब भारी मात्रा में वृद्धि कर दी गई है, अखिलेश की सरकार 108, 102 एम्बुलेश शुरू की गई जिसका मेडिकल इमरमेंसी में प्रयोग किया जाता था लेकिन अखिलेश सरकार के बाद एक भी एम्बुलेंस बढ़ाई नहीं गई, ड्राइवर जो उसमें नौकरी करते थे उनका समय से भुगतान नहीं होता है जिससे वह भी अपना काम ढंग से नहीं करते हैं। मण्डलीय जिला अस्पताल की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि एमआरआई मशीन नहीं है, सिटी मशीन तीन महीने से खराब पड़ी है, तीन रेडियोलाजिस्ट की जरूरत है सिर्फ एक है, न्यूरोलाजिस्ट, गैस्ट्रोलाजी के डाक्टर नहीं है, प्लास्टिक सर्जन नहीं है। डायलासिस के लिए छह महीने की वेटिंग है, इतने बड़ी हास्पिटल में दवा देने के लिए सिर्फ एक काउंटर है और दवाएं भी हाथ में पकड़ा दिया जाता है। मुलायम सिंह यादव ने मुख्यमंत्री रहते हुए जिले में पीजीआई अस्पताल बनवाया, लेकिन दुर्भाग्य है कि हमारा स्वास्थ्य विभाग उस हास्पिटल को भी विधिवत तरीके से संचालित नहीं कर पा रहा है, अखिलेश सरकार में भी तीन हास्पिटल 100 बेड के जनपद आजमगढ़ में दिये गये जो कुप्रबन्ध का शिकार है। आयुष्मान कार्ड में तमाम ऐसी गंभीर बीमारियां जिसके इलाज का प्राविधान ही नहीं है। उन्होंने सदन के माध्यम से मांग किया कि सरकार नई चीजे जितनी चाहे उतनी बनाये लेकिन जो पुरानी चीजे उसे सही तरीके से संचालित करे। उन्होंने कहा आजमगढ में मेरे पास दस एकड़ जमीन है अगर सरकार कहे तो स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए मैं उसे फ्री में डोनेट कर दूंगा, जो हमसे होगा हम चंदा भी करते रहेंगे, अगर हमारा स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना ठीक हो तो हम जितनी तेजी से विकास करेंगे उसकी कल्पना नहीं की जा सकती।

## सड़क सुरक्षा को लेकर दिये दिशा-निर्देश



आजमगढ़। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) राहुल विश्वकर्मा की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) द्वारा जिला सड़क सुरक्षा की बैठक के आयोजन हेतु मानक संचालन प्रक्रिया एसओपी के अन्तर्गत एजेण्डावार समीक्षा की गई। सहायक अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि इलाहाबाद जौनपुर, आजमगढ़ मार्ग पर 40 अवैध कट थे, जिसमें से 30 अवैध कट निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, आजमगढ़ बन्द करा दिया गया है। वर्तमान में उक्त मार्ग एनएचएआई विभाग को हस्तांतरित कर दिया गया है। 10 अवैध कट के बन्द कराये जाने की कार्यवाही एनएचएआई विभाग द्वारा की जानी है, एनएचएआई विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में उक्त अवैध कटों को बन्द करा दिया गया है। सहायक अभियन्ता, निर्माण खण्ड-2, लोक निर्माण विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि 54 स्थानों पर सड़क के किनारे तथा डिवाइडर में अनधिकृत यूनीपोल/प्रचार सामग्री हटाने की कार्यवाही की गई। अपर जिलाधिकारी प्रशासन द्वारा निर्देश दिया गया कि एनएचआई एवं लोक निर्माण विभाग के जितने भी ब्लैक स्पाट हैं, उनका संयुक्त रूप से निरीक्षण कर आईआईटी बीएचयूचयू वाराणसी द्वारा रोड सेफ्टी आडिट करायी जाय। अपर जिलधिकारी प्रशासन द्वारा पुलिस विभाग को निर्देश दिये गये कि जिन 69 स्थानों पर दुर्घटना हुई है, उसकी सूची अगली बैठक में उपलब्ध करायी जाय। उन्होने एनएचएआई विभाग को निर्देश दिया कि हाइवे पर हेल्पलाइन 1033 फ्री एम्बुलेंस के सम्बंध में व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करें, जिससे नेशनल हाइवे पर हो रही दुर्घटना के उपरान्त व्यक्ति की जान बचाई जा सके। बैठक के दौरान अतुल कुमार यादव, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन)एके चैधरी, सहायक मुख्य चिकित्साधिकारी, उपेन्द्र कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक, देवश्री, अधीक्षण अभियन्ता, एनएचएआई, वाराणसी, आशा राम, सहायक अभियन्ता, आरआईटी, पुलिस विभाग, धनंजय शर्मा, टीएसआई, पुलिस विभाग, आजमगढ़ आदि उपस्थित रहे।

## रात में लगवाया गया बिजली का पोल

जौनपुर। नगर पंचायत कजगांव के सलखापुर मार्ग पर कई वर्षों से मौत को दावत दे रहा विद्युत पोल के प्रति विभाग बेखबर था। जैसे ही विद्युत पोल की खबर चलने लगी विधुत विभाग में हड़कंप मच गया और कुम्भकर्णी निद्रा में सो रहे विभाग वर्षों से खराब विधुत पोल को रातों-रात बदल कर नया पोल लगवाया दिया।

## प्रचार वाहन को दिखायी हरी झण्डी

मीरजापुर। कृषि विभाग की भूमि संरक्षण इकाई की ओर से संचालित विकास घटक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के प्रचार प्रसार को वाटरशेड यात्रा अभियान के तहत जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन द्वारा जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय से भारत सरकार की एल0ई0डी0 प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर परियोजना क्षेत्र के लिए रवाना किया गया। इस दौरान उप निदेशक कृषि , भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ. अवधेश कुमार यादव उपस्थित रहें। विकास खण्ड छानबे के माइक्रोवाटरशेड कामापुर कला एवं विकास खण्ड लालगंज के माइक्रोवाटरशेड रानीबारी में प्रभात फेरी, जल कलश यात्रा, भूमि पूजन पौध रोपण कार्यक्रम व जल संरक्षण पर स्कुल के विद्यार्थियों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता कराइ गई एवं विजेताओं को पुरस्कार वितरित किया गया। इस दौरान ग्राम कामापुर कला एवं रानीबारी में तालाब निर्माण एवं तालाब जिर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष छानबे सुमन सिंह ने उपस्थित कृषकगण के भूमि और जल की उपयोगिता तथा इसको कैसे संरक्षित किया जाए कृषकों को जागरूक किया सुमन सिंह ने बताया कि वर्षा के पानी को खेत मे मेड़ बनाकर रोका जाए जिससे जमीन का जल स्तर बढेगा तथा फसलो को नमी प्राप्त होगी जिससे उत्पादकता मे सुधार होगा।क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष लालगंज जयन्त कुमार द्वारा रानीबारी में बनाये गये तालाब की गुणवत्ता की प्रशंसा की उनके द्वारा बताया गया कि जिस गुणवत्ता के साथ भूमि संरक्षण इकाई मीरजापुर द्वारा जल संरक्षण का कार्य कराया जा रहा है निश्चित रूप से इस क्षेत्र में फसलो के उत्पादकता में वृद्धि होगी। वाटरशेड यात्रा अभियान में उपस्थित किसानों एवं क्षेत्र के लोगो को वर्षाजल एवं गॉव से निकलने वाले पानी का समुचित प्रयोग कैसे हो, जमीन को अधिक उपजाऊ कैसे बनायें तथा जल, जमीन एवं जंगल के संरक्षण के बारे में बताया गया।

## शादी के झांसे में फंसा कर एक लाख वसूले

मीरजापुर। थाना चुनार क्षेत्र के कजरहट पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत विष्णु मंदिर पर शादी के झांसे में आकर फंसे परिवार को सुलह समझौते के नाम पर एक लाख रुपये देकर अपनी जान छुड़ानी पड़ी। घटना की जानकारी पीड़ित पक्ष के रिश्तेदार ने जब लखनऊ में डीजीपी कार्यालय में दी तो स्थानीय अधिकारी हरकत में आई। फिलहाल पुलिस सोनभद्र के मधुपुर की दो संदिग्ध महिलाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घटना के बाद पीड़ित परिवार चुनार कोतवाली पुलिस के बार-बार बुलाने के बाद भी थाने में आकर शिकायत से कतरा रहा है झांसी के गुरसराय के रहने वाले अरविंद अग्रवाल ने बताया कि उनके साले अनूप अविवाहित हैं। वृद्ध मां के साथ महोबा के पनवाड़ी में रहते हैं। अनूप का विवाह नहीं हो रहा है। उन्हें किसी से पता चला कि महोबा का ही एक व्यक्ति रसूल खां लोगों का शादी विवाह कराता है।

इस पर अनूप ने भी रसूल से शादी के संबंध में बात की। रसूल खां ने चुनार जाकर लड़की देखने को कहा। रविवार सुबह अरविंद अपनी पत्नी हर्षिता, दो बच्चों, भाभी और उनके बच्चे और साले अनूप के साथ दो वाहनों के साथ चुनार पहुंचे। एक होटल पर रुक कर सभी दुगार्जी मंदिर के सामने स्थित विष्णु मंदिर में लड़की देखने गए। अरविंद ने बताया कि मंदिर पर बातचीत चल ही रही थी कि अचानक पुलिस पहुंच गई। सभी को अपने साथ कजरहट चौकी ले आई। चौकी में लड़की ने पहले अपहरण कर जबरदस्ती विवाह का फिर छेड़खानी का आरोप अरविंद और अनूप पर लगाया। पुलिस से बताया कि वह शादी के लिए लड़की देखने आए हैं। झूठा आरोप लगाया जा रहा है पर कजरहट चौकी पुलिस कुछ भी सुनने को तैयार नहीं थी। चौकी में ही घंटों तक मामले को लेकर पंचायत चली। लड़की व उसके साथ के लोगों ने सुलह समझौते के लिए पहले 60 हजार, बाद में दो लाख रुपये की मांग की। पुलिस के दबाव में 75 हजार नगद और 25 हजार रुपये किसी चंद्रभूषण नामक व्यक्ति के खाते में मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन ट्रांसफर किया। तब जाकर पुलिस ने छोड़ा। शिकायत डीजीपी कार्यालय में की गई। जिसके बाद मामला जिले के उच्चाधिकारियों के संज्ञान में आया। सीओ मंजरी राव ने बताया कि संज्ञान में आने के बाद मामले की जांच कराई जा रही है। पीड़ित परिवार के संबंधी ने पुलिस महानिदेशक को पत्र भेजकर सुरक्षा की गुहार लगाई थी। बताया कि मंदिर में शादी हो रही थी। उसी समय लड़की पक्ष से किसी ने पुलिस को फोन करके बुलवाया। उन्होंने कहा कि सात फरवरी को भी सोनभद्र के राबर्ट्सगंज में दोनों पक्षों की मुलाकात हुई थी। घटना के संबंध में सोनभद्र के मधुपुर की दो महिलाओं से पुलिस पूछताछ कर रही है।

## महिलाओं के चेंजिंग रूम का नपाध्यक्ष ने किया उद्घाटन



मीरजापुर। रोटरी क्लब मीरजापुर के सदस्यों ने कुछ दिनों पहले ही नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी से मुलाकात कर नगर के सुंदरघाट पर महिलाओं के वस्त्र बदलने के लिए चेंजिंग रूम बनवाने की इच्छा जताई थी। नपाध्यक्ष ने इस जनहित कार्य को देखते हुए अपनी मंजूरी भी दे दी थी।

रोटरी क्लब के सदस्यों की मौजूदगी में उक्त नवनिर्मित चेंजिंग रूम का नपाध्यक्ष ने उद्घाटन किया।इस मौके पर नपाध्यक्ष ने कहा है कि पूर्व में नगर के विकास में सहयोग के लिए कई सामाजिक संस्थाओं से आगे आकर विकास में सहयोग की अपील की गई थी।इसी अपील के क्रम में रोटरी क्लब मीरजापुर ने एक कदम आगे बढ़ाते हुए विकास कार्यों में सहयोग की इच्छा जताई थी।आज महाशिवरात्रि पर्व को देखते हुए सुंदरघाट पर रोटरी क्लब मीरजापुर के प्रयास से महिलाओं के लिए चेंजिंग रुम का शुभ उद्घाटन किया गया है।रोटरी क्लब मीरजापुर जैसी संस्था जो नगर के बेहतरीन के बारे में सोचते हैं,मैं रोटरी क्लब मीरजापुर के सभी सदस्यों का इस पुनीत कार्य के लिए आभार व्यक्त करता हूं,इसके साथ ही अन्य सामाजिक संस्थाओं से भी आग्रह करता हूं कि इस तरह के पुनीत कार्य में आगे आकर जनहित में अन्य किसी भी घाट या चौराहे को गोद लेकर सुंदरीकरण करने का कार्य करे।जिससे हम अपने नगर को स्वच्छ सुंदर बना सके।इसी तरह आप सभी सामाजिक संस्थाएं, आम जनमानस नगर पालिका का साथ देते रहेंगे तो निश्चित ही हम मीरजापुर को स्वच्छता के पैमाने पर नंबर वन पर लाने का कार्य कर सकेंगे।इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि एवं गणमान्य नागरिकों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटरी क्लब परितोष बजाज,अध्यक्ष शशांक टंडन,सचिव अभिषेक पाण्डेय, अमरदीप सिंह, श्याम बिहारी खंडेलवाल, विष्णु खंडेलवाल, डॉ. राजीव अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष पूर्वी डाली अग्रहरि ,सभासद दुर्गा प्रसाद यादव,श्याम सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## पालकी यात्रा क्षेत्र का डीएम ने किया निरीक्षण



जिला संवाददाता(vol)

मीरजापुर। महा शिवरावि पर्व पर बूढ़ेनाथ समिति मीरजापुर के द्वारा आयोजित भगवान शंकर की पालकी को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा ने बूढ़े मन्दिर व पालकी यात्रा मार्गो का भ्रमण कर निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा दुकानदारों को निर्देशित किया कि वे अपने सामानों को अपने दुकान के अन्दर ही रखे पटरियों पर न रखे जिससे कि जाम की स्थिति न उत्पन्न हों। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मीरजापुर को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क नपाई कराते हुए नालियों के ऊपर जिन घरो की सीढ़िया है उसे हटवाएं ताकि नालियों की निरंतर साफ सफाई कराई जा सकें। उन्होंने कहा कि पालकी यात्रा वाले मार्गो की साफ सफाई कराते हुए चूने का भी छिड़काव समय से करा लिया जाए। उन्होंने कहा कि इसके पूरे मार्गो का अधिशासी अधिकारी नगर पालिका भ्रमण कर निरीक्षण करे यदि कही मार्गो पर गंदगी हो तो तत्काल साफ सफाई करा दी जाए। उन्होंने अशिासी अभियंता विद्युत को निर्देशित करते हुए कहा कि लटके हुए विद्युत तारो को पालकी यात्रा से पहले ठीक कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि यदि कहीं मार्गो पर अतिक्रमण हो तो सम्बन्धित थाना एवं नगर पालिका के अवर अभियंता व सहायक अभियंता संयुक्त रूप से मार्गो से अतिक्रमण हटवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि काफी संख्या में पालकी यात्रा में महिलाएं सम्मिलित होती है अतएव पर्याप्त मात्रा में महिला पुलिस बल की तैनाती की जाए। जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस ने बूढ़ेनाथ महादेव मन्दिर में विधिवत मंत्रोच्चार के साथ दर्शन पूजन भी किया गया। इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट विनीत कुमार उपाध्याय, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मीरजापुर गोवा लाल सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## एक क्लिक पर मिलेगी जर्नल और शोध सामग्री



जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय में ष्वन नेशन वन सब्सक्रिशन योजना पर कार्यशाला मंगलवार को आयोजित हुई। कुलपति प्रो. वंदना सिंह की शैक्षिक उन्नयन मुहिम के तहत मानद पुस्तकालय अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) राजकुमार ने योजना की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के लिए यह सुअवसर है जिसका लाभ हर शिक्षक और विद्यार्थी को मिले। इसकी कार्ययोजना प्रगति पर है जिसे शीघ्र ही अमलीजामा पहनाया जाएगा। तकनीकी और संचार के युग में हमें एक ही प्लेटफार्म पर हर विषय के जर्नल और शोध सामग्री एक क्लिक पर उपलब्ध होगी। तकनीकी सत्र में डॉ. विद्युत मल ने बताया कि 6500 से अधिक संस्थान इसके सदस्य हैं, जिससे 1.38 करोड़ शोध सामग्री निःशुल्क उपलब्ध है। यह सुविधा विवि के हॉस्टल, पुस्तकालय व संकाय भवनों में आई.पी. आधारित एक्सेस से मिलेगी। एचआरडी विभागाध्यक्ष डॉ. रसिकेश ने इसे शैक्षणिक क्रांति बताया। साथ ही कहा कि इंटरनेट की उपलब्धता होने पर इस योजना को गति मिलेगी। व्यवसाय प्रबंधन के डॉ. प्रमेन्द्र विक्रम सिंह ने इसे विवि की प्रगति में सहायक कहा। प्राध्यापक उद्देश्य सिंह ने अपनी जिज्ञासाएं रखीं। तकनीकी सहायक प्रशांत यादव ने आभार व्यक्त किया।

## महाशिवरात्रि आज, बदला रहेगा यातायात

आजमगढ़। ग्रामीण से लगायत शहर में स्थित सभी शिवालयों में महाशिवरात्रि के मद्देनजर साफ-सफाई और दूधिया रोशनी से जगमग हो उठे है। शिवभक्त रूद्राभिषेक, दूधाभिषेक, आदि के माध्यम से पूजन-अर्चन करने का इंतजार कर रहे है। सबसे ज्यादा भीड़ शहर के भंवरनाथ मंदिर में होती है जिसके लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। महाशिवरात्रि त्यौहार के दृष्टिगत यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने व सुचारु रुप से संचालित करने हेतु जनपद आजमगढ़ से डायवर्जन सुनिश्चित किया गया है। महाशिवरात्रि त्यौहार के दृष्टिगत भवरनाथ मंदिर पर आने वाले श्रद्धालुओं को देखते हुए निम्न रूट डायवर्जन 26 फरवरी प्रातः 03 बजे से रात्रि 22 बजे किया जायेगा। डायवर्जन में गोरखपुर की तरफ से आने व जाने वाले सभी प्रकार के भारी वाहन व कामर्शियल वाहन हाफिजपुर चैराहा, वैठौली तिराहा, सिधारी हाइड्रिल चैराहा, नरौली तिराहा होते हुए अपने गंतब्य को जायेगी। बिलरियागंज की तरफ से आने वाले सभी भारी वाहन व कामर्शियल वाहन हाफिजपुर चैराहा, वैठौली तिराहा, सिधारी हाइड्रिल चैराहा, नरौली तिराहा होते हुए अपने गंतब्य को जायेगी। फैजाबाद रोड से आने वाले सभी प्रकार के भारी वाहन व कामर्शियल वाहन भंवरनाथ न आकर फोर-लेन होते हुए अपने गन्तव्य को जायेंगे। बवाली चैराहे से करतालपुर तिराहे की तरफ आने वाले सभी प्रकार के भारी वाहन व कामर्शियल वाहनों को जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। नरौली तिराहा से शहर क्षेत्र की तरफ आने वाले वाले सभी प्रकार के भारी वाहन व कामर्शियल वाहनों का जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। यह व्यवस्था इसी दिन प्रातः 03. से शुरू होगी वही शाम 8 बजे तक लागू रहेगी।

## टूटे खम्भे के सहारे की जा रही विद्युत आपूर्ति



जौनपुर। खेतासराय क्षेत्र के बरंगी गाँव में बिजली के टूटे पोल के सहारे बिजली सप्लाई की जा रही है। जो हादसे का सबब बना हुआ है। उक्त गाँव में जहाँ बिजली विभाग पोल टूटा है वहाँ से चन्द कदम की दूरी पर सोंगर विद्युत उपकेंद्र भी है। किसी जिम्मेदार की नजर नहीं पड़ी, ऐसा में बिजली विभाग किसी अनहोनी का इंतजार कर रहा है। क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त है। बरंगी से अमरेथुआ गाँव जाने वाले मार्ग पर माइनर के किनारे बिजली पोल से 11 हजार बोल्टेज की बिजली तार गुजरा है, नहर के किनारे डबल पोल के सहारे बिजली सप्लाई की जा रही है, जिसमें से एक पोल तीन टुकड़ों में टूटकर लटक रहा है।जो हादसे का सबब बना हुआ है। मामले को लेकर ग्रामीणों का कहना है कि यह खम्भा तीन वर्ष से ऐसे टूटकर लटक रहा। लोग अपने जानवरों को चराने के लिये आते है हमेशा हादसे डर बना रहता है। ऐसे में लोगों में चर्चा है क्या बिजली विभाग किसी हादसे का इंतजार कर रहा है।

## शिविर में 15 यूनिट रक्तदान किया



जौनपुर। डॉ.अख्तर हसन रिजवी शिया पीजी कॉलेज ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर स्थल ऋषिकुल अकेडमी स्टेशन रोड,मीरपुर में ब्लड बैंक विभाग, उमानाथ सिंह जिला चिकित्सालय, के सहयोग से राष्ट्रीय सेवा योजना,शिया पीजी कॉलेज, ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम अधिकारियों के नेतृत्व में स्वयंसेवक एवं स्वयंसेवकों ने पोस्टर, मॉडल एवं रंगोली द्वारा रक्तदान जागरूकता करते हुए 15 यूनिट रक्तदान किया। इस अवसर पर डॉ. अवधेश कुमार मौर्य, वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी,एन.एस.एस.ने रक्तदान के लिए छात्र-छात्राओं शपथ दिलवाते हुए कहा कि रक्तदान- जीवनदान है, यह दाता एवं ग्राही दोनो के लिए लाभप्रद है। जिला चिकित्सालय के डॉ. अर्पित प्रताप सिंह,चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में ब्लड बैंक की टीम ने रक्तदान कराते हुए इसके जीवन उपयोगी महत्व को बताया एवं रक्त दान देने वाले छात्र- छात्राओं को प्रमाण पत्र,रक्तदान कार्ड,पोषक पेय पदार्थ,बिस्कुट इत्यादि प्रदान किया। डॉ. अवधेश कुमार ने रक्तदान करने वालों में शादाब हैदर, सतीशकुमार,आदर्श, इंजमाम, वैभव इत्यादि स्वयंसेवकों को फल एवं अल्पाहार वितरित किया।

## लवारिश शव को कराया गया दफन

जौनपुर। लावारिश शव इंतजामिया कमेटी को कल रात एक लवारिश शव थाना लाइन बाजार से प्राप्त हुआ था पुलिस के अनुसार शव हाइवे नेवादा पर पेट्रोल पंप के पास सड़क हादसे मे मृत मिला था । शव का हुलिया दाढ़ी थी ,उम्र लगभग 52 वर्ष होगी।शव की शिनाख्त न होने पर 72 घंटे रखने के बाद शव को अंत्य परीक्षण के बाद मुस्लिम रीति रिवाज से हजरत हम्जा चिश्ती कब्रस्तान के दक्षिण तरफ मोहल्ला पंचहटिया में दफन करवाया गया । जनाजे की नमाज हफीज अजहर रसीदाबाद ने अदा करवाई। रियाजुल हक ,इम्तियाज सिद्दीकी सहित पुलिस विभाग से आरक्षी सर्वेश कुमार मौजूद रहे। सहयोग मास्टर मेराज,शकील ड्रग्स,आबिद खान,शहजादे ,राजा हसन,फिरदौस का रहा।

## किसान सम्मान समारोह का आयोजन

मीरजापुर । केन्द्रीय राज्य मंत्री स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं रसायन उर्वरक भारत सरकार अनुप्रिया पटेल की अध्यक्षता में किसान सम्मान समारोह का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र बी एच यू बरकछा में किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल द्वारा भारत



सरकार द्वारा चलायी जा रही योजना के बारे में बता गया, साथ ही उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पी एम किसान सम्मान निधी की 19वी किस्त जो भागलपुर बिहार से जारी की गई जिसके माध्यम से मीरजापुर के कुल 307896 किसानों के खाते में सीधे डी बी टी के माध्यम से कुल धनराशि 61 करोड़ 57 लाख 92 हजार ट्रांसफर की गई। जो किसानों के लिए होली की सौगात है। केन्द्रीय राज्य मंत्री स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं रसायन उर्वरक श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के 06 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में किस सम्मानों का आयोजन किया गया है और स्वयं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी देश के कोने-कोने में हमारे किसान भाइयों एवं बहनों से वर्चुअल माध्यम से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का आयोजन अलग-अलग स्थान पर हो रहा है और भारत सरकार माननीय प्रधानमंत्री के मंत्रिमंडल में जितने भी मंत्री हैं सभी देश के किसी न किसी कोने में उपस्थित हैं और इसीलिए मैंने सोचा इस अवसर पर अपने क्षेत्र में रहना सबसे उपयुक्त होगा मैं अपने किसान भाइयों एवं बहनों के बीच हूं। उप कृषि निदेशक द्वारा उपस्थित किसानों को विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी के बारे में जानकारी दी गयी। डॉ श्रीराम सिंह द्वारा उपस्थित किसानों को जायद में होने वाली फसलों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी कि जायद में फसलों की सुरक्षा के बारे में भी बताया गया। डॉ जे0पी0 राय द्वारा उपस्थित किसानों को प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तार से बताया गया कि कैसे वह प्राकृतिक खेती को अपनाकर जीरो बजट में खेती को अपना कर अच्छी आमदनी प्राप्त कर सकते है। डॉ सुधीर श्रीवास्तव, जनपद सलाहकार द्वारा उपस्थित किसानों को पी एम किसान सम्मान निधि व फार्मर रजिस्ट्री के बारे में विस्तार से बताया गया कि वह अपना खतौनी, आधार व बैंक पासबुक ले कर जन सेवा केंद्र से जा कर फार्मर रजिस्ट्री करा कर पी एम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है। उक्त कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री द्वारा जनपद के 10 किसान को सम्मान प्रमाण पत्र व शाल देकर सम्मानित किया गया। जिसमे मालती देवी, कुसुम देवी, प्रमिला, केसरी, कमला, लल्लन, बाबूनन्दन, मुंशी, राम बहादुर को वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर गुरु प्रसाद द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार प्रदेश उपाध्यक्ष आईटी मंच दुर्गेश पटेल, प्रदेश सचिव रामवृक्ष बिंद, जिलाध्यक्ष युवा मंच उदय पटेल, हेमंत कुमार बिंद, राजेश मौर्य, श्रीमती नमिता केसरवानी, जिला मीडिया प्रभारी शंकर सिंह चौहान के अलावा कृषि विभाग के अधिकारी व कर्मचारी द्वारा प्रतिभाग किया गया।

संक्षेप

## पीडीए चौपाल आयोजित

**देवरिया ।** बलरामचक चौराहा पर सपा के जिला सचिव इंद्रेश सिंह ३रामू सिंह३ के संयोजन मे पी0डी0ए0 चौपाल का आयोजन सम्पन्न हुआ। चौपाल को बतौर मुख्यअतिथि संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने कहा की आज हम ऐसे परिवेश मे जी रहे हैं जहां सत्ता मे बैठे लोगों के द्वारा नित्य राष्ट्र व समाज विरोधी कृत्य किया जा रहा है, संविधान द्वारा चुनी गयी सरकार के गृह मंत्री द्वारा भरी लोक सभा मे संविधान निमार्ता बाबा साहब का उपहास उडाया जा रहा है । सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी ने पीडीए चौपाल के माध्यम से देश के शोषितों और वंचितों को एक करने का बेड़ा उठाया है। श्री यादव ने कहा की पूरा देश भय, भूख, भ्रष्टाचार व बेरोजगारी की मार से त्राहि त्राहि कर रहा है, बेरोजगारी का आलम यह है की जो सडकें भोर मे दौडने वाले नौजवानों की टोलियों से भरी रहती थी वो सडकें आज सुनी पडी हैं।, श्री यादव ने कहा की 2027 मे हमे अपने सुनहरे भविष्य के लिए अखिलेश यादव जी के हाथों को मजबूत कर समाजवादी पार्टी की सरकार बनानी होगी तभी सर्व समाज का भला हो सकेगा! कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष संतोष यादव व संचालन विधानसभा महासचिव बृजेश पासवान ने किया!

## बेटे-बहू ने किया महिला को बेघर

**कुशीनगर।** जिले में खड्डा नगर की एक मां की व्यथा ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। बता दें प्रेमशिला देवी जिन्होंने अपने बच्चों की परवरिश में जीवन समर्पित कर दिया, आज अपने हीं बड़े बेटे और बहू की प्रताड़ना झेल रही हैं। कुशीनगर में खड्डा नगर की प्रेमशिला देवी के पति ने 26 साल पहले गांव की दुकान से कमाकर खड्डा में जमीन खरीदी थी। 2010 में पति की मृत्यु के बाद देवर ने गांव के घर से निकाल दिया। प्रेमशिला ने अपने भाइयों की मदद से चारों बच्चों का पालन-पोषण किया। बड़े बेटे अजय के लिए मोबाइल की दुकान खुलवाई और छोटे बेटे आशुतोष ने 2014 में बैंक से लोन लेकर अपनी दुकान शुरू की। प्रेमशिला ने बताया कि वह 2021 में बड़े बेटे अजय की शादी देवरिया जिले की रागिनी से करवाई। शादी के बाद अजय और उसकी पत्नी रागिनी ने घर के बंटवारे को लेकर प्रेमशिला को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। बड़े बेटे ने मां और छोटे भाई को घर से निकाल दिया। हालांकि कानूनी लड़ाई के बाद एक कमरा मिला। प्रेमशीला ने बताया कि वहां भी बेटा-बहू अक्सर मारपीट करते और कमरे का ताला तोड़कर अपना ताला लगा देते हैं। परिस्थितियों से टूट चुकी प्रेमशिला देवी ने कहा कि अगर न्याय नहीं मिला तो वे आत्महत्या कर लेंगी। वहीं छोटे बेटे आशुतोष ने बताया कि उनके बड़े भाई ने जमीन की फर्जी रजिस्ट्री करवा ली है। लेखपाल अजित कुमार की जांच रिपोर्ट प्रेमशिला देवी के पक्ष में होने के बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। पीड़िता ने थाना, तहसील, जिला मुख्यालय और मुख्यमंत्री की जनता दरबार तक में गुहार लगाई, लेकिन कहीं से न्याय नहीं मिला। वर्तमान में छोटा बेटा आशुतोष मां के साथ किराए के मकान में रह रहा है और कानूनी लड़ाई लड़ रहा है।

## बिना डिग्री व पंजीयन के चल रहे अस्पताल

**कुशीनगर।** जिले मे अवैध अस्पताल संचालको की मकड़ाजाल इस कदर फैला हुआ है कि विभाग भी इनके आगे नतमस्तक है। जिले के पडरौना, कसया, रामकोला, कप्तानगंज, हाटा, खड्डा, तमकुही सहित ग्रामीण क्षेत्रों के चौक चौराहों पर अवैध अस्पतालों की भरमार है। कुशीनगर में स्वास्थ्य विभाग की ऑनलाइन सूची में केवल 161 अस्पताल पंजीकृत हैं, जबकि जिले में हजार से अधिक निजी अस्पताल संचालित हो रहे हैं। ऐसे अस्पताल बेखौफ होकर मरीजों के जीवन के खिलवाड़ कर रहे हैं।विभाग द्वारा जांच व शिकायत पर कठोर कार्रवाई नहीं होने से इनके हौसले बुलंद हैं। वही मौतों का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। इन अस्पतालों में हर बीमारी का उपचार,तरह-तरह की जांचें व रुपए खर्च करने के बाद भी बीमारी ठीक होने या मरीज के बचने की कोई गारंटी नहीं है। मरीजों के केस बिगड ? के मामलों की गंभीरता से जांच करने की जगह स्वास्थ्य विभाग द्वारा मरीज व परिजनों को सरकारी अस्पतालों में उपचार करवाने की सलाह दी जा रही है। मरीज व परिजनों के पास संबंधित निजी अस्पताल व स्वास्थ्य विभाग को कोसने के अलावा और कोई रास्ता नहीं रह जाता। वहीं तमाम शिकायतों के बाद भी स्वास्थ्य विभाग बेपरवाह बना हुआ है।

# महाशिवरात्रि के दृष्टिगत मजिस्ट्रेट नामित

## 2 सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, 6 जोनल और 38 सेक्टर मजिस्ट्रेट की हुई है तैनाती

**कुशीनगर।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महा शिवरात्रि त्यौहार दिनांक 26 फरवरी, 2025 को मनाए जाना है, इस अवसर पर जनपद क्षेत्रअंतर्गत स्थित सभी शिव मंदिरों में जलाभिषेक के दौरान अत्यधिक भीड़ होने की संभावना रहती है तथा मेला/जुलूस का आयोजन होता है।

इस कार्यक्रम के दृष्टिगत जनपद में सुरक्षा व्यवस्था तथा शान्ति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु जिला मजिस्ट्रेट विशाल भारद्वाज ने जनपद में महाशिवरात्रि के दिन ड्यूटी पर सुपर जोनल मजिस्ट्रेट / जोनल मजिस्ट्रेट तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट, नगर निकाय क्षेत्रवार/ तहसील / पुलिस चौकीवार नियुक्त किए हैं। जिला मजिस्ट्रेट ने सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र कसया, सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र हाटा, संपूर्ण तहसील क्षेत्र तमकुहीराज, हेतु सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में अपर जिला मजिस्ट्रेट वैभव मिश्रा को नामित किया है, तथा सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र पडरौना, खड्डा, व कप्तानगंज हेतु सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में अपर जिला मजिस्ट्रेट न्यायिक प्रेम कुमार राय को सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में नामित किया है। डीएम ने सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र कसया हेतु उप जिलाधिकारी कसया को जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में नामित किया है, इसी प्रकार संपूर्ण तहसील क्षेत्र हाटा के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट हाटा को, सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र तमकुहीराज के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट तमकुहीराज को, संपूर्ण तहसील क्षेत्र पडरौना के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट पडरौना को, संपूर्ण तहसील क्षेत्र खड्डा के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट खड्डा को, संपूर्ण तहसील क्षेत्र कप्तानगंज के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट कप्तानगंज को जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में नामित किया है। सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में 38 अधिकारियों को नामित किया गया है जिसके अंतर्गत तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी तथा अन्य जनपद, ब्लॉक, तहसील स्तरीय अधिकारियों को पुलिस चौकी वार, कस्बा चौकी वार, प्रमुख चौक वाइज नामित नामित किए हैं। इसके आलावे रिजर्व में 05 जोनल व 05 सेक्टर मजिस्ट्रेट भी नामित किये है। उन्होंने बताया कि समस्त मजिस्ट्रेट अपने-अपने तैनाती क्षेत्र में भ्रमण कर यह सुनिश्चित कर लेगे कि किसी भी शिव मंदिरों स्थल पर कानून व्यवस्था के दृष्टिगत वहाँ कोई विवाद न हो तथा सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे। यदि कोई शान्ति व्यवस्था में बाधा आती है, तो उसके सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक एवं जिलाधिकारी को अवगत करायें तथा सम्बन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट व थाना प्रभारी से व्यक्तिगत रूप से मिलकर वस्तुस्थिति से भी अवगत करायेंगे तथा सम्बन्धित चौकी क्षेत्र/थाना क्षेत्र में ही उपस्थित रहेगें तथा भीड़ वाले स्थलों तक कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखना सुनिश्चित करेगें। *वर्तमान समय में धारा 163 लागू है। सार्वजनिक स्थल पर कानून व्यवस्था के दृष्टिगत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शान्ति व्यवस्था बनाये रखेंगे। दिनांक 26 फरवरी को समस्त मजिस्ट्रेट अपने चौकी क्षेत्र/थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहेगें। तथा समय पर आवश्यकता अनुसार संबन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट एवं थाना प्रभारी को सूचना देते रहेगें। समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट चौकी इन्चार्ज, थानाध्यक्ष, पुलिस क्षेत्राधिकारी, उप जिला मजिस्ट्रेट, सीएमओ, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद / नगर पंचायतें, अधीक्षण अभियन्ता / अधिशासी अभियन्ता (विद्युत), अग्निशमन अधिकारी के दूरभाष मोबाईल / बेसिक नम्बर भी अपने पास रखेगें। समस्त मजिस्ट्रेट सकुशल त्यौहारों को सकुशल सम्पादन के पश्चात ही ड्यूटी स्थल से सम्बन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट को अवगत कराकर डयूटी तैनाती स्थल छोड़ेगे। यदि कोई समस्या उत्पन्न होती है. तो तत्काल पुलिस अधीक्षक, कुशीनगर व अपर जिला मजिस्ट्रेट तथा जिलाधिकारी को अवगत कराया जाना सुनिश्चित करेगें। उन्होंने बताया कि कलेक्ट्रेट कुशीनगर में इसके लिए एक कन्ट्रोल रूम बनाया गया है, जिसका सम्पर्क नम्बर-05564-240590 है। कन्ट्रोल रूम की प्रभारी, श्री नीरज कुमार गौड़ सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधन सहकारिता, कुशीनगर-7800296766 व आलोक कुमार प्रियदर्शी जिला पंचायत राज अधिकारी, कुशीनगर मो-7834948507 को बनाया गया है जो अपने-अपने स्टॉफ के साथ कन्ट्रोल रूम में उपस्थित रहेगें तथा प्रत्येक अधिकारियों को फोन कर उनकी लोकेशन प्राप्त कर डीएमको अवगत करायेंगे। उपरोक्त दिशा-निर्देश केवल गाइड लाईन के रूप में है। मौके पर तैनात कार्यकारी मजिस्ट्रेट / उप जिला मजिस्ट्रेट विवेकपूर्ण ढंग से नियमानुसार कार्यवाही करते हुए समस्या का निराकरण करेंगे।

● सुरक्षा व कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने के लिए मजिस्ट्रेट गणों की हुई है तैनाती

## गौरीशंकर धाम में आज श्रद्धालुओं की उमड़ेगी भीड़

**चांदा, सुलतानपुर।** स्थानीय क्षेत्र के शाहपुर जंगल में आदि गंगा गोमती नदी के तट पर स्थित गौरीशंकर धाम शिव मंदिर दर्शनार्थियों का आस्था का प्रतीक माना गया है। आज शिवरात्रि के दिन दूर दूर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पर जलाभिषेक करने आयेंगे यहाँ पर आज के दिन मेला लगता हैं। जिसमें दूर दूर से छोटी बड़ी दुकाने भी आती हैं। यह गौरीशंकर धाम आस्था एवं आकर्षक का केंद्र बना रहता है। गोमती के किनारे बना मंदिर सैकड़ों वर्ष पुराना है। मंदिर का देख रेख एवं पुजा पाठ शाहपुर गांव मे रहने वाले गोसाईं परिवार के लोग करते है। मंदिर के प्रमुख पुजारी गोविंद गोस्वामी ने कहा कि। यहा पर आने वाले सभी शिव भक्तों की सारी मनोकामनाएं भगवान भोलेनाथ पूर्ण करते हैं। और मंदिर के पुजारी ने बताया कि। आये दिन उत्तर प्रदेश के आस पास के जनपदो से भी शिव भक्त आ कर मंदिर मे भण्डारा और जलाभिषेक करते है। गौरीशंकर मंदिर परिसर में समाज सेवियों ने भी भण्डारा करने के लिए तैयारियां कर रखे हैं। गौरीशंकर स्थल सुल्तानपुर, जौनपुर प्रतापगढ़, जनपद से समान दूरी पर स्थित है गौरीशंकर मंदिर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित और जाना भी जाता है। मंदिर परिसर में यात्री विश्राम स्थल, पेयजल, पर्व कुटी, सौंदर्यीकरण आदि गोमती का पावन तट अद्भुत छंटा बिखेर रहा है।

## डीएम ने किया स्ट्रॉबेरी की खेती का निरीक्षण, किसानों को किया प्रोत्साहित



**देवरिया।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने विकासखंड बनकटा के ग्राम पंचायत तड़वा में कृषक लालजी कुशवाहा द्वारा सवा एकड़ में की जा रही स्ट्रॉबेरी की खेती का निरीक्षण किया। उन्होंने इस नवाचार की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के किसानों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बताया। कृषक लालजी कुशवाहा ने अक्टूबर 2024 में स्ट्रॉबेरी की खेती शुरू की थी, और पहले ही वर्ष उनकी अनुमानित आय लगभग 8 लाख रुपये होने की संभावना है। इस उपलब्धि को देखते हुए जिलाधिकारी ने जनपद के अन्य किसानों को भी इस तरह की व्यावसायिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कृषकों को स्ट्रॉबेरी फार्म का भ्रमण कराया जाएगा, ताकि वे इस आधुनिक तकनीक को समझ सकें और अपनी आय में वृद्धि कर सकें। जिलाधिकारी ने किसानों से पारंपरिक खेती के साथ-साथ उच्च मूल्य वाली फसलों की ओर भी ध्यान देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि स्ट्रॉबेरी जैसी व्यावसायिक फसलें किसानों की आमदनी बढ़ाने में सहायक हो सकती हैं।

## वृहद गो संरक्षण केंद्र पिपरा चंद्रभान का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**देवरिया।** डीएम दिव्या मित्तल द्वारा वृहद गो संरक्षण केन्द्र पिपरा चन्द्रभान का औचक निरीक्षण किया गया। वृहद गो संरक्षण केन्द्र में 280 टैग्ड गोवंश पाये गये, जिनमें 13 मादा गोवंश थी। सभी गोवंश स्वस्थ थे। गोशाला में 4 शेड, 2 अद्द भूसा गोदाम, 4 नाद व 2 पानी की चरही निर्मित है। सफाई व्यवस्था ठीक थी, उपस्थित केयर टेकर ने साफ सफाई सम्बन्ध में बताया कि दिन में 2 बार सफाई की जाती है, जिस पर डीएम द्वारा दिन में 3 बार सफाई कराने हेतु कहा गया। गोशाला में विद्युत हेतु विद्युत कनेक्शन तथा सोलर पैनल लगाया गया है, सोलर पैनल कार्य नहीं कर रहा था, जिसको तत्काल सही कराने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। गोशाला में अतिरिक्त भूसा गोदाम की आवश्यकता है, जिसको एसएफसी पूलिंग अथवा अन्य सुसंगत मद की धनराशि के निर्मित कराने हेतु सम्बन्धित बीडीओ एवं मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के समय 26 बण्डल साइलेज पाया गया। साइलेज के बण्डलो के रख-रखाव की समुचित व्यवस्था कराने हेतु निर्देशित किया गया। गोशाला से संबद्ध चारागाह में हरा चारा व नेपियर की बुवाई की गयी है। संबद्ध चारागाह का रकबा और बढ़ाते हुए नेपियर की बुवाई कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। डीएम समस्त चारागाहों की भूमि पर अभियान चलाकर हरा चारा/नेपियर घास की बुवाई कराने तथा निराश्रित / बेसहारा गोवंश का अभियान चलाकर संरक्षण कराये जाने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के समय ब्लाक प्रमुख देवरिया सदर, बीडीओ -देवरिया सदर, सहायक विकास अधिकारी ( पं० ) देवरिया सदर, ग्राम प्रधान पिपरा चन्द्रभान, ग्राम सचिव पिपरा चन्द्रभान, पशुधन प्रसार अधिकारी तरौली बरौली उपस्थित थे।

## निःशुल्क टूल किट्स वितरण व जागरूकता शिविर आयोजित

**कुशीनगर।** उप्र माटीकला बोर्ड के तत्वाधान में जिले के 45 माटीकला के कारीगरों को निःशुल्क विद्युत चालित चाक का वितरण करते हुए एक दिवसीय माटीकला जागरूकता का आयोजन नरकटिया बुजुर्ग फसया सपहां रोड कसया कामन फैसिलिटी सेंटर कुशीनगर के परिसर में किरन जयसवाल अध्यक्ष नगर पालिका कसबा कुशीनगर मुख्य आतिथ्य में किया गया जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में राकेश जयसवाल, प्रतिनिधि अध्यक्ष नगर पालिका कसया, बलराम वादव, जिला मंत्री भाजपा, सत्यानन्द प्रजापति, जिलाध्यक्ष प्रजापति समाज -कुशीनगर, धर्मेन्द्र भाई प्रजापति प्रदेश अध्यक्ष प्रजापति समाज पूर्वी जोन भी उपस्थिति रहे। सभी अतिथियों ने विद्युत चालित चाक का निःशुल्क वितरण कराया। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया । कार्यक्रम में जिला परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी गोरखपुर मण्डल गोरखपुर एके पाल ने माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित सभी योजनाओं को विस्तार से बताया तथा माटींकला से सम्बन्धित डाकूमेन्ट्री फिल्ल्म दिखाया गया। इस क्रम में सभी अतिथियों को बुके एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। उपस्थित चयनित कामगारों को प्रमाण-पत्र भी अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया। आम जन मानस को अतिथि ने बारी-बारी से सरकार की नितियों का प्रशसा करते हुए अवगत कराया कि टूल किट्स प्राप्त कर बेरोजगार नवयुवक नवयुवतियां अपना रोजगार अच्छे ढंग से कर सकते है। मुख्य अतिथि ने बताया कि वर्तमान समय में केन्द्र व राज्य सरकार निचले पायदान के परम्परागत कारीगरों के उत्थान के लिए कटिबद्ध है तथा कई लाभ प्रद योजनाएं विभागों द्वारा संचालित की जा रही हैं जिसका लाभ सभी को मिल रहा है उनके द्वारा आयोजित कार्यक्रम की प्रसंशा करते हुए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व जिला ग्रामोद्योग अधिकारी आरके यादव के साथ केएम पांडेय प्रशासनिक अधिकारी, अजीत कुमार सिहं व अन्य कार्यालय के स्टाफ उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम के पश्चात 10 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित टूल किट्स वितरण योजनान्तर्गत सात बेरोजगार नवयुवकों/कामगारों को एक-एक मोटराटाईज्ड दोना पत्तल मशीन निःशुल्क वितरित किया गया, जिसे पाकर सभी लाभार्थियों के चेहरे पर मुस्कान फैल गयी।

# बिना लाइसेंस संचालित ई-रिक्शा वालों के विरुद्ध चलाया अभियान



**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर यातायात एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के पर्यवेक्षण में उपसम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन फिरोजाबाद एवं यातायात निरीक्षक मय यातायात पुलिस टीम द्वारा जैनामन्दिर, जाटवपुरी, नगलाबरी, आसफाबाद एवं सेट्रल चौराहा पर बिना लाइसेंस नाबालिग ई-रिक्शा चालकों के विरूद्ध एक व्यापक प्रवर्तन अभियान चलाया गया। अभियान के तहत अनाधिकृत एवं बिना पंजीयन वाले ई-रिक्शाओं पर उपसभ्भागीय परिवहन अधिकारी एवं यातायात पुलिस का संयुक्त रूप से अभियान चलाकर कुल 265 ई-रिक्शा चालकों को चैक किया गया । जिसमें बिना लाइसेंस ई-रिक्शा वाहन चालकों के 102 चालान एवं नाबालिक ई-रिक्शा वाहनों के विरूद्ध 33 वाहनों को सीज किया गया,शम्मन शुल्क 1.30 लाख रुपए जुमार्ना अधिरोपित किया गया है।इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़कों पर सुचारू यातायात व्यवस्था बनाये रखना तथा नियमों के उल्लंघन को रोकना है। उक्त प्रभावी कार्यवाही से यातायात व्यवस्था में सुधार एवं नियमों के पालन को बढ़ावा मिलेगा।

## भाजपा सरकार के जाने के दिन हो गये हैं तय : अखिलेश प्रताप सिंह

**देवरिया।** आज देश व प्रदेश की आम जनता भाजपा सरकार के नीतियों व सिद्धान्तों से परेशान हो गई है ,अब इस सरकार के जाने का समय तय हो गया है। उक्त बातें मंगलवार को जिला कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पूर्व विधायक अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा। उन्होंने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि इस सरकार की प्रमुख नीति संविदा, शोषण,सताना, संवेदनहीनता व शराब को बढ़ावा देना हो गया है। नौजवानों को स्थायी नौकरी न देकर संविदा कर्मियों के रूप में नौकरी दे कम वेतन देकर शोषण किया जा रहा है। लोकतंत्र में मत विभिन्नता होना स्वभाविक है लेकिन भाजपा के शासन में विपक्ष व सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले लोंगो को सताया जा रहा है । अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि यहां का मेडिकल कॉलेज रेफर करने का कॉलेज बन गया है।कुशीनगर व देवरिया जिले के बीच इकलौता मेडिकल कॉलेज होने के बाद भी यहां अधिकांश सुविधा उपलब्ध नहीं है। लोगों को मरीज लेकर मजबूरी में गोरखपुर जाना पड़ता है। यहां का जिला चिकित्सालय खत्म कर दिया गया।अब तक उसका निर्माण कार्य शुरू नही हो सका है। पूरे जनपद में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। भाजपा सरकार जनता से केवल झूठ बोलने का कार्य कर रही है। प्रेस वार्ता के समय निवर्तमान जिलाध्यक्ष रामजी गिरि, मुकुन्द भाष्कर मणि त्रिपाठी, आनंददेव गिरि,सत्यप्रकाश मणि, समीर पांडेय, मार्कण्डेय मिश्र,राजेश सिंह, धर्मेन्द्र पांडेय आदि कांग्रेसी उपस्थित रहे।




# एनएसएस के विशेष शिविर का उद्घाटन

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय नगर स्थित बहादुर यादव मेमोरियल पी जी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना 25 फरवरी से 3 मार्च तक उच्च प्राथमिक विद्यालय साहोपार में चलने वाली सप्त दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि- नगर पंचायत भटनी के नगर पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिसमें स्वामी विवेकानंद, रानी लक्ष्मीबाई, अहिल्या बाई ईकाई तीनों इकाई के स्वयंसेवक एवं स्वयंसेवकों ने भाग लिया कार्यक्रम में कुमारी मधु ने सरस्वती वंदना तथा राजेश कुमार ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसी क्रम में कॉलेज के प्रबंधक कैप्टन जय राम यादव और प्राचार्य और डॉ. विनोद यादव ने मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किये। इस कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ.त्रिपुरेश कुशवाहा, डॉ अन्जर अंसारी, रतन गुप्ता , विनय यादव अजीत तिवारी अर्चना शाही, अपूर्वा मिश्रा, सत्येंद्र कुशवाहा आदि मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन अमर कुशवाहा ने किया।

इसी क्रम में स्थानीय क्षेत्र के राजा देवी महिला पी जी कॉलेज सल्लहपुर में भी राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन उत्साहपूर्वक तरीके से सम्पन्न हुआ।इस अवसर पर विद्यालय परिसर की सफाई कर स्थानीय लोगो को स्वच्छता का संदेश दिया गया। इसके बाद प्रार्थना सभा का आयोजन कर शिविरार्थियों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया गया। कार्यक्रम अधिकारी रीतेश श्रीवास्तव डॉ पुनीत मिश्रा एवम श्रवण कुमार पाण्डेय ने स्वयं सेविकाओं को समूहों में विभाजित कर उनके उत्तरदायित्वों से परीचित कराते हुए कार्यो का विभाजन किया।

दोपहर में नशा उन्मूलन रैली निकालकर स्थानीय मालिन बस्तियों में जनजागरूकता फैलाई गई। पुनः विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसके विशिष्ट अतिथि डॉ संतोष कुमार प्रजापति ने कहा कि सेवा और समर्पण कक भाव से समाज हित मे कार्य करने तथा सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जनता को एकजुट करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ नन्द किशोर तिवारी ने कार्यक्रम में छात्राओं को सम्बोधित करते हुए अपने संबोधन में उन्हें निरंतर सीखने की प्रवृत्ति को प्रोत्साहित किया। महिलाओं की भागीदारी जीवन के हर क्षेत्र में बढ़ने और महिला सशक्तिकरण की दिशा में बढ़ाने में शिक्षा कि भूमिका पर प्रकाश डाला। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित अंकिता विश्वकर्मा अंजली यादव ने सरस्वती बन्दना प्रस्तुत किया । ऋषिता रितिका और नीतू ने स्वागत गीत के माध्यम से अतिथियों का सत्कार किया। कार्यक्रम का संचालन रितेश श्रीवास्तव ने किया। डॉ पुनीत मिश्रा ने आये हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ महेश यादव श्रवण पाण्डेय डॉ सतेंद्र प्रजापति डॉ सुमित पाठक कुमारी दिव्या डॉ राजेश राव सतीश त्रिपाठी कार्यलय अधीक्षक सत्यप्रकाश उपाध्यक्ष विकास शाह वीरेन्द्र सहित स्वयं सेविकाएँ उपस्थित रही।

## दूसरे छात्र की जगह परीक्षा दे रहे मुन्नाभाई को किया गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** यूपी बोर्ड हाईस्कूल की परीक्षा में अन्य छात्र के स्थान पर परीक्षा देने वाले मुन्नाभाई को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जनपद में संचालित इण्टर हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा 2025 को शुचितापूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने एवं बोर्ड परीक्षा के दौरान अवैध रूप से नकल कराने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही किए जाने के दृष्टिगत प्रमोद कुमार केन्द्र व्यवस्थापक राजवीर सिंह आदर्श इंटर कालेज नगला धारू जिला फिरोजाबाद द्वारा तहरीर दी गई कि छात्र अवकेश कुमार पुत्र रामप्रकाश निवासी नगला तोताराम जसरथपुर पोस्ट जखई फिरोजाबाद के स्थान पर अभियुक्त अंकित कुमार पुत्र विजय सिंह निवासी उरावर थाना नगला खंगर जिला फिरोजाबाद परीक्षा देने आया है। जिसको पुलिस के सुपुर्द किया गया । पुलिस ने अभियुक्त के विरूद्ध थाना एका पर सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की है।

## संदिग्ध परिस्थिति में 15 वर्षीय अमरनाथ की मौत

**कुशीनगर।** जनपद के खड्डा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा हथिया में 15 वर्षीय अमरनाथ की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। अमरनाथ का शव घर के अंदर फंदे से लटकता हुआ पाया गया। घटना की जानकारी परिजनों को जैसे ही हुई तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस इस मामले को गंभीरता से लेते हुए हर पहलू से जांच कर रही है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि यह आत्महत्या का मामला है या फिर इसमें किसी बाहरी कारण की भूमिका हो सकती है। फिलहाल, मामले की जांच जारी है और पुलिस ने किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सभी तथ्यों को ध्यान से परखने का भरोसा दिलाया है।

## भव्य झांकी के बीच निकली शिव बारात : उमड़ी शिवभक्तों की भीड़

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम साहोपार टोला महदेवा मे स्थित प्राचीन शिव स्थल पर महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बुधवार को 2बजे दिन से पेट्रोल पम्प साहोपार चाँदपार से शिवबारात की भव्य झाँकी व शोभा यात्रा निकाली गयी। उक्त आशय की जानकारी आयोजक मण्डल द्वारा दी गयी ।जिसमे शिवबारात की झाँकी मे अघोरी सहित उनकेगण की भव्य झाँकी निकलेगी ।पेट्रोल पम्प चौराहे से रेलवे के अण्डरपास से सीधे भीसादेई होते हुए शिवमन्दिर पर वापस आकर चार बजे समाप्त होगा शोभा यात्रा मे गाँव सहित क्षेत्र के अधिक से अधिक लोग शामिल होगे । मंगलवार से अष्टजाम हरिनाम संकीर्थन 24घण्टे का समापन भी बुधवार मे महाशिवरात्रि के पर्व पर समापन होगा । आयोजक मण्डल ने क्षेत्रीय लोगो को समय सै शिव बारात मे शामिल होने की अपील की गयी है।

# महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक के लिए व्यापक तैयारियां

● सज गये शिवालय, साफ-सफाई व सुरक्षा की विशेष ब्यवस्था

**देवरिया ।** महाशिवरात्रि को लेकर नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के शिवालयों में तैयारियों को पूर्ण कर ,साफ सफाई, रोशनी, पेयजल व सुरक्षा की विशेष ब्यवस्था की गई है। जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ने वाली भीड़ की संभावना को देखते हुए एक तरफ जहां पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं वहीं मंदिर समितियों के द्वारा भी आयोजन को लेकर पूरी तैयारियां की गयी हैं। शिवालयों में जलाभिषेक से लेकर धार्मिक अनुष्ठानों को देखते हुए विशेष प्रबंध किए गए हैं जिससे किसी भी श्रद्धालु को मंदिर परिसर में कोई असुविधा न हो तथा निर्बाध रूप से यह पर्व संपन्न हो सके। महाशिव रात्रि पर रुद्रपुर स्थित दुग्धेश्वरनाथ, महें स्थित महेन्द्रनाथ,



मझौली स्थित दिग्धेश्वर नाथ शहर के सोमनाथ, बनकटाशिव ,मठिया शिव मंदिर सहित विभिन्न शिवालयों ,मंदिरों को इसवर्ष विशेषरूप से सजाया गया। मंदिर परिसरों,आसपास पूजन सामग्री समेत अन्य दुकान गयी हैं। रुद्रपुर में इस अवसर पर शिभक्तों की उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए डीएम व एसपी ने पहले ही अधिकारियों को विशेष निर्देश दिये हैं ।यहां बड़े मेले का भी आयोजन होता है। नगर पंचायत ने महाशिवरात्रि पर साफ सफाई रोशनी ,पेयजल की ब्यवस्था की है । शिवालयों में जलाभिषेक का क्रम प्रातः काल से शुरू हो जाता है। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में धार्मिक अनुष्ठान, खेल, झांकी आदि का वृहद स्तर पर आयोजन भी होता है जिसको लेकर आयोजक तैयारियों में लगे रहते हैं। पारम्परिक कुश्ती और वॉलीबॉल जैसे खेल के आयोजनों से खेल प्रेमियों का उत्साह उत्कर्ष पर रहता है। महाशिवरात्रि के पर्व पर जगह जगह बड़े पैमाने पर मेला का भी आयोजन किया जाता है जिसमें क्षेत्रीय लोगों की भीड़ देखने लायक होती है।

भटनी नगर सहित देहात क्षेत्र में शिवालयों की बात करें तो भटनी नगर के ठाकुरजी कुटी वार्ड में स्थित शिवालय में नगर के लोगों का जमावड़ा रहता है। यह शिवालय छोटी गंडक नदी तट पर स्थित है जो अपने आप में एक रमणीक स्थान है। यहां पहुंच कर श्रद्धालु भगवान शिव को जलाभिषेक करने के बाद जगत जननी मां जगदम्बा का भी दर्शन करते है। ग्रामीण क्षेत्र की बात करें तो ग्राम साहोपार के टोला महादेवा के स्थित शिवालय की काफी महता है। यह एक पौराणिक शिवालय है जिसकी ख्याति दूर दूर तक है। यह भगवान शिव का मंदिर एक टीले पर स्थित है जहां आस पास के गांव के लोगों के साथ ही दूर दराज के लोग भी आते हैं। यह भव्य मेला का भी आयोजन होता है। इसके साथ ही खेलकूद के आयोजन को लेकर लोगों में काफी उत्साह रहता। इसके साथ ही बनकटा तिवारी में छोटी गंडक नदी तट पर स्थित जंगली नाथ बाबा के मंदिर में विकास खंड के लगभग सभी गांव के श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए पहुंचते है। यह एक सिद्ध स्थान बताया जाता है जहां भगवान शिव स्वयं प्रगट हुए है। वैसे तो इन उपर्युक्त सभी शिवालयों में वर्ष भर धार्मिक अनुष्ठान होते रहते है लेकिन महाशिवरात्रि को लेकर लोगों में काफी उत्साह रहता है। आस्था और विश्वास का केंद्र बने इन शिवालयों पर लोगों की भीड़ देखने लायक होती है।

## आश्रम पद्धति विद्यालय, मेहरौना में प्रवेश के लिए आवेदन 28 फरवरी से

**देवरिया।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, मेहरौना, विकास खंड-रामपुर कारखाना, एक निःशुल्क आवासीय विद्यालय है, जहाँ कक्षा 6 से 12 तक की शिक्षा यूपी बोर्ड के पाठ्यक्रम के अनुसार प्रदान की जाती है। विद्यालय में विभिन्न कक्षाओं के लिए 85 प्रतिशत सीटें ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों तथा 15 प्रतिशत सीटें शहरी क्षेत्र के छात्रों के लिए आरक्षित हैं। इसके अतिरिक्त, 60 प्रतिशत सीटें अनुसूचित जाति/जनजाति, 25 प्रतिशत सीटें अन्य पिछड़ा वर्ग एवं 15 प्रतिशत सीटें सामान्य वर्ग के छात्रों के लिए निर्धारित हैं। विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 6, 7, 8, 9 एवं 11 में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन प्रक्रिया 28 फरवरी 2025 से प्रारंभ होगी और 15 मार्च 2025 तक आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। पात्र आवेदकों की सूची 20 मार्च 2025 को प्रकाशित की जाएगी। 27 मार्च 2025 को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा, जिसके आधार पर सफल छात्रों की सूची 31 मार्च 2025 को प्रकाशित की जाएगी और उसी दिन से प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ होगी। आवेदन-पत्र जिला समाज कल्याण अधिकारी, विकास भवन, देवरिया एवं राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, मेहरौना, देवरिया के कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। आवेदन एवं प्रवेश की पूरी प्रक्रिया निःशुल्क होगी। कक्षा 11 में प्रवेश के लिए चयन कक्षा 10 में अर्जित अंकों के आधार पर मेरिट लिस्ट के अनुसार किया जाएगा।

# बच्चों की अच्छी शिक्षा के लिए माता-पिता की भागीदारी जरूरी



सीतापुर। मंगलवार को जिले के सरकारी स्कूलों में छात्र उपस्थिति बढ़ाने और बच्चों की शिक्षा यात्रा में अभिभावकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सीतापुर के 3,512 सरकारी स्कूलों में दूसरी संरचित मॉडल अभिभावक-शिक्षक बैठक पीटीएम का आयोजन किया गया। इस बैठक में 4,50,000 छात्रों के अभिभावकों को आमंत्रित किया गया था। इस पहल के महत्व को रेखांकित करते हुए जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा, छात्रों की उपस्थिति बढ़ाना निपुण भारत लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अत्यंत आवश्यक है।

यह पीटीएम शिक्षकों और अभिभावकों को एक मंच प्रदान करता है, जहां वे विद्यार्थियों की शिक्षा और उपस्थिति से जुड़ी चुनौतियों पर चर्चा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इन बैठकों के माध्यम से सीतापुर जिला प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि कोई भी बच्चा सीखने में पीछे न रहे और उन्हें शिक्षा से मिलने वाली तरक्की का लाभ मिले। अगर हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे आगे बढ़ें, तो हमें उनकी शिक्षा को प्राथमिकता देनी होगी। स्कूल और घर मिलकर ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। बच्चों की अच्छी शिक्षा के लिए माता-पिता की भागीदारी बेहद जरूरी है। घर पर पढ़ाई में रुचि लें, होमवर्क चेक करें और स्कूल को बताएं कि बच्चों के लिए क्या और जरूरी है। विद्यार्थियों की उपस्थिति ही सीखने का सबसे बड़ा आधार है। बच्चे रोज स्कूल जाएंगे, तभी वे सीख पाएंगे। सभी अभिभावकों से मेरी अपील है कि बच्चों की पढ़ाई में सक्रिय भागीदारी निभाएं और उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करें। इस पहल के तहत, पीटीएम एजेंडा को 10 दिन पहले ही स्कूलों के साथ साझा किया गया, जिससे बैठक की प्रभावी तैयारी सुनिश्चित हो सके। जिला टास्क फोर्स, समाज-सेवा संगठनों और ब्लॉक टास्क फोर्स के प्रतिनिधियों को पीटीएम के दौरान स्कूलों का दौरा करने और गूगल फॉर्म के माध्यम से फीडबैक एकत्र करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही, बेसिक शिक्षा अधिकारी बीएसए कार्यालय के कॉल सेंटर के माध्यम से स्कूलों को पीटीएम कार्यक्रम की जानकारी दी गई। मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल ने कहा, हर माता-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चे को अच्छी शिक्षा मिले।

## अभिभावकों का सम्मान, पहनायी फूल माला



लहरपुर/सीतापुर। परिषदीय विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने, शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार तथा विद्यालयों को बेहतर और आकर्षक बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी के निर्देशन में अभिभावक शिक्षक (पीटीएम) बैठक का आयोजन प्राथमिक विद्यालय ईरापुर में किया गया जिसमें पर्यवेक्षक एआरपी सुरेश कुमार ने प्रतिभाग किया। बैठक में उपस्थित अभिभावकों को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया तथा मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

बैठक की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष दिलीप कुमार ने की और मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान रामनरेश वर्मा थे। इस मौके पर बैठक में मौजूद अभिभावकों ने भजन, लोकगीत और प्रेरक गीत गाकर बैठक को रोचक बनाया। बैठक में मौजूद शिक्षकों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए पर्यवेक्षक एआरपी सुरेश कुमार ने कहा कि, अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी से ही छात्रों की उपस्थिति को बेहतर बनाने के साथ विद्यालय को आदर्श बनाया जा सकता है। ग्राम प्रधान रामनरेश वर्मा ने ग्राम वासियों से अपील की वह विद्यालय को सुन्दर और हरा-भरा बनाने में मदद करें क्योंकि यह शिक्षा का मंदिर और अपने गांव की शान और पहचान है, इस की सुरक्षा और सुन्दरता में सभी लोग अपना योगदान करें। इस मौके पर शिक्षक सरोज कुमार वर्मा, उमेश चन्द्र, रामावती, आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रेमवती, एएनएम जयदेवी, अभिभावक भोली, मैना देवी,गुलाली आदि ने भी अपने सुझाव एवं विचार व्यक्त किए। बैठक में अभिभावक लल्ली देवी, सुनीता, मीरा देवी, ज्ञानवती सरला देवी, संगीता , सोनू , रामपाल आदि मौजूद थे। प्रधानाचार्य अनवर अली ने बैठक में उपस्थित जनों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## ट्रक ने तीन को रौंदा, दो की मौत

उन्नाव। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिछिया के पास मांगलिक कार्यक्रम से वापस आ रहे चाचा, भतीजी की मार्ग दुर्घटना में मौत, भाभी की हालत गंभीर होने पर परिजनों ने एम्बुलेंस की सहायता से बिछिया सीएससी भेजा जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल भेज दिया गया। मौके पर पुलिस मौजूद रही। सोमवार की देर रात अजगैन थाना क्षेत्र के निवासी आशीष पुत्र मुन्नू उम्र 25वर्ष अपनी भाभी श्री कांति पत्नी बालकृष्ण उम्र 32 वर्ष व अपनी भतीजी निहारिका पुत्री बालकृष्ण उम्र 12 वर्ष बुलेट मोटर साईकिल से अजगैन थाना क्षेत्र के मुंडेरा गांव से अपने रिश्तेदार के यहां सरदार खेड़ा मजरे तारगांव शादी में सम्मिलित होकर देर रात वापस अपने मायके दीना खेड़ा मजरे अतरसा आ रहे थे कि बिछिया जगवा मार्ग से जैसे ही दही मोहनलाल गंज मार्ग पर आए तभी पीछे से तेज रफ़्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर लगने के बाद मोटर साईकिल उसी में फंस गई जिससे बुलेट मोटरसाइकिल को ट्रक सड़क पर घसीटता हुआ काफी दूर तक चला गया। जिसमें मौके पर ही चाचा भतीजी की दुखद मौत हो गई। वहीं चाची गंभीर रूप से घायल हो गई जिन्हे राहगीरों की मदद से बिछिया सीएससी भेजा गया। जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल उन्नाव भेज दिया गया। वही चाचा और भतीजी को शव विच्छेदन गृह भेजा गया। मौके पर पुलिस ने ट्रक व चालक को हिरासत में ले लिया था। शव विच्छेदन के बाद घर पहुंचने पर पूरे गांव में शोक छा गया। वही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## जिलाधिकारी ने बैठक में आलू भंडारण को लेकर चर्चा की

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शीतग्रहों में कृषकों के भण्डारित होने वाले आलू के किराये शुल्क निर्धारण एवं आलू उत्पादक कृषकों की समस्याओं के निराकरण के संबंध में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी आलू भण्डारण करने वाले संगठनों से अनुरोध किया है कि वह निर्धारित शुल्क पर ही आलू भण्डारण करें। यदि कोई अतिरिक्त शुल्क लेता है तो उसके विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने आलू भण्डारण करने वाली संगठनों को निर्देशित किया कि आलू भण्डारण करने से पहले सभी मशीनें, बिजली व भवन की जांच अवश्य कर लें, जिससे कोई अप्रिय घटना न घटित हो पाये। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि आलू भण्डारण के समय जो साफ-सफाई करायी जाती है, वह किसी अनुभवी व्यक्ति से ही करायी जाये। साथ ही जिन आलू भण्डारण करने वाली संगठनों ने अभी तक नवीनीकरण नहीं कराया है, उसको नोटिस निर्गत की जाये। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित आलू भण्डारण वाली संगठनों एवं किसानों की समस्याओं को भी सुनते हुये जल्द से जल्द निस्तारण का आश्वासन भी दिया। बैठक के दौरान जिला उद्यान अधिकारी राजश्री, आलू भण्डारण संगठन के सदस्य एवं किसान भाई उपस्थित रहे।

## कोतवाली का एएसपी ने किया वार्षिक मुआयना



महमूदाबाद/सीतापुर। अपर पुलिस अधीक्षक ने महमूदाबाद कोतवाली का मंगलवार को वार्षिक मुआयना किया। मुआयने के दौरान एएसपी ने निमार्णाधीन आवास, कंप्यूटर कक्ष, मेस, कार्यालय, सीज वाहनों का निरीक्षण किया और बैठक कर विवेचनाएं व शिकायतें समय से गुणवत्तापूर्ण से निस्तारित करने के निर्देश दिए। एएसपी दक्षिणी डा. प्रवीण रंजन सिंह मंगलवार को करीब दो बजे वार्षिक मुआयना करने कोतवाली महमूदाबाद पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने सलामी ली और उसके बाद सीज कर खड़े किए गए वाहनों को तत्काल नीलाम कर हटवाने के निर्देश दिए। इसके बाद एएसपी ने निमार्णाधीन आरक्षी आवास, कंप्यूटर कक्ष, कार्यालय व जब्त लकड़ी आदि का निरीक्षण किया। एएसपी ने शस्त्रों का निरीक्षण कर अभिलेखों से मिलान किया और प्रभारी निरीक्षक व विवेचनाधिकारियों संग विवेचनाओं के साथ शिकायतों को निर्धारित समय में गुणत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह, एसएसआई अरविंद कटियार, शैलेंद्र सिंह, दीपक राठौर, विनोद गिरि, देवेंद्र त्रिपाठी, धर्मेंद्र सिंह, अरुण कुमार सिंह समेत सभी उप निरीक्षक मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

सीतापुर। संदना थाना इलाके में सिधौली-मिश्रिख मार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। हादसा संदना थाना क्षेत्र के पुन्नापुर मोड के पास हुआ। मृतक की पहचान बीबीपुर निवासी थाना कोतवाली सिधौली जनपद सीतापुर 22 वर्षीय अंकेश रावत के रूप में हुई है। अंकेश अपने साथी सुकरू के साथ संदना गया हुआ था, संदना से सिधौली की ओर बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रैक्टर-ट्राली ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अंकेश की मौके पर ही मौत हो गई वहीं सुकरू घायल हो गया। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। संदना थानाध्यक्ष चन्द्रभान यादव ने बताया कि शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश कर रही है।

## नवयुवक संदिग्ध परिस्थिति में लापता

लहरपुर/सीतापुर। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खानपुर मोहिउद्दीनपुर से एक नवयुवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता, पुलिस को दी गई सूचना। प्राप्त जानकारी के अनुसार आसाराम पुत्र गजोधर प्रसाद मौर्य निवासी ग्राम खानपुर मोहिउद्दीनपुर ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसका लड़का राहुल 18 वर्ष शनिवार को घर से बिना बताए कहीं चला गया था जिसके बाद अभी तक घर लौट कर नहीं आया है युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है जिसका काफी खोजबीन करने के बाद भी कोई पता नहीं चल सका है। आसाराम ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर अपने लड़के का पता लगाने की गुहार लगाई है उन्होंने बताया कि, लापता लड़के की मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहती है उसका इलाज लखीमपुर में एक दिमाग के डॉक्टर के यहाँ से चल रहा था। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है गुमशुदगी दर्ज कर तलाश की जा रही है।

संक्षेप

## ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी जांच आरंभ

महमूदाबाद/सीतापुर। महमूदाबाद में बाइक से आए चोरों ने पेट्रोल पंप पर खड़ा ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच - पड़ताल शुरू की। चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। शिवाजी नगर के संदीप कुमार पुत्र नरेंद्र का ट्रैक्टर-ट्राली वार्ड में स्थापित आनंद फिलिंग सेंटर पर खड़ा था। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि रात करीब आठ बजे बाइक सवार दो युवक आते हैं और ट्रैक्टर-ट्रॉली को स्टार्ट करके चोरी कर लेकर चले जाते हैं। घटना पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। यहां बाइक खड़ी करके एक युवक ट्राली समेत ट्रैक्टर लेकर चला जाता है। बाद में दूसरा युवक बाइक लेकर चला जाता है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है, मामले की जांच की जा रही है।

## महाशिवरात्रि पर्व पर रूट डायवर्जन

सीतापुर। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर जिले के सभी शिव मंदिरों में मंगलवार को साफ सफाई का दौर चलता रहा। शिव मंदिर और शिवालियों को फूल मालाओं से सजाया जाता रहा। भगवान शिव की प्रतिमा और शिवलिंगों का श्रृंगार का कार्य जारी रहा। जिला मुख्यालय पर बाबा श्यामनाथ, बाबा जंगली नाथ, ताड़कनाथ आदि मंदिरों और शिवालयों में महाशिवरात्रि की तैयारियां चलती रहीं। बिसवां के पत्थर शिवाला को भी सजाया गया है। महाशिवरात्रि को शिव मंदिर में श्रद्धालुओं के आगमन को लेकर प्रशासन व पुलिस अलर्ट मोड पर है। कई जगहों पर रूट डायवर्जन किया गया है। महाशिवरात्री पर्व थाना कोतवाली नगर के श्यामनाथ मंदिर, जंगली नाथ मंदिर व थाना सिधौली में सिद्धेश्वर नाथ मंदिर, थाना लहरपुर क्षेत्र ग्राम ताहपुर स्थित जंगलीनाथ मंदिर व सूर्यकुण्ड मंदिर एवं थाना क्षेत्र बिसवां में स्थित शिवाला मंदिर एवं नैमिषारण्य में मनाया जाता है, जहां पर श्रद्धालुओं द्वारा भारी संख्या में जलाभिषेक पूजा अर्चना की जाती है। श्रद्धालुओं के भारी संख्या में आवागमन को देखते हुए सुरक्षा‌‍‌‍‌‍ सुगम यातायात व्यवस्ता को सुनिश्चित करने के लिये रूट डायवर्जन किया गया है। सीतापुर से गोला गोकर्णनाथ जाने वाले भारी वाहन सीतापुर से बिजवार होकर नैपालापुर से हरगांव होते हुए (गोला गोकर्णनाथ) जनपद खीरी जायेंगे। गोला गोकर्णनाथ जनपद खीरी से काजीकमालपुर , थाना इमलिया सुल्तानपुर होते हुए सीतापुर आने वाले भारी वाहन काजीकमालपुर से हरगांव या महोली होते हुए जनपद खीरी या लखनऊ जायेगें। चहलारी घाट से बिसवां आने वाले भारी वाहन चहलारी घाट से रेउसा, महमूदाबाद होते हुए सिधौली जायेगें। महमूदाबाद से बिसवां मार्ग जाने वाले भारी वाहन महमूदाबाद से सिधौली मार्ग होते हुए जायेंगे। बिसवां चौराहा से बिसवां जाने वाले वाहन बिसवां चौराहा थाना क्षेत्र सिधौली से होते हुए लखनऊ जायेंगे। सिधौली से नैमिषारण्य जाने वाले वाहन सिधौली से कल्ली, मछरेहटा होते हुए जायेंगे। रूट डायवर्जेंट मंगलवार के देर रात से ही शुरू कर दिया गया।

## छात्रा का आम के पेड़ से लटका मिला शव

सीतापुर। रामपुर मथुरा थाना इलाके में एक छात्रा कक्षा 12 की परीक्षा देने गई थी, लेकिन वह घर वापस नहीं लौटी। देर रात उसका शव गांव के एक आम के पेड़ से लटका मिला। देमलपुर मजरे सुरजनपुर निवासी रामकुमार की बेटी उर्मिला रानी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में पढ़ती थी। उसका परीक्षा केंद्र राजकीय इंटर कॉलेज बांसुरा में था। 24 फरवरी को वह परीक्षा देने गई थी। परीक्षा के बाद जब वह घर नहीं लौटी तो परिवार ने उसकी तलाश शुरू की। रात करीब 12 बजे विनोद कोटेदार के खेत में लगे आम के पेड़ पर उर्मिला का शव लटका मिला। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कृष्ण नंदन तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लिया। मृतका के चाचा राममुनेश्वर चैहान ने कहा कि यह आत्महत्या का मामला नहीं लगता। उनका कहना है कि जिस पेड़ पर शव मिला, वहां लड़की नहीं चढ़ सकती थी। उन्होंने किसी के द्वारा हत्या करके शव को लटकाए जाने की आशंका जताई है। थाना प्रभारी कृष्ण नंदन तिवारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## लक्ष्य प्राप्ति के लिए जीवन में संकल्प जरूरीः भागीरथ वर्मा



महमूदाबाद/सीतापुर। लक्ष्य प्राप्ति के लिए जीवन में संकल्प अति आवश्यक है। विद्यार्थी जीवन में लक्ष्य प्राप्ति के लिए कठिन मेहनत और लगन की आवश्यकता होती है। गुरु का स्थान ईश्वर से भी बढ़कर है। विद्यार्थी को बुलंदियों पर पहुंचने के लिए संस्कार, अनुशासन एवं संकल्प आवश्यक है। जीवन के प्रत्येक मार्ग पर गुरुजनों की बातों का अनुसरण कर परिश्रम करते हुए लक्ष्य को प्राप्त कर परिजनों, गुरुजनों व क्षेत्र का नाम रोशन करें।

उक्त बातें उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला जज कुलदीप सक्सेना के निर्देश पर विधिक जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश भागीरथ वर्मा ने सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के शास्त्री सभागार में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जीवन में लिया गया संकल्प आपको बड़ा बनाता है। शिष्य एवं गुरु दोनों को एक दूसरे के पूरक हैं क्योंकि गुरू के बिना शिष्य और शिष्य के बिना गुरु का महत्व अधूरा है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेन्द्र त्रिपाठी ने कहा समाज ने चरित्र निर्माण की कार्यशाला केवल विद्यालय ही हैं। गुरू ही विद्यार्थियों का उचित मार्गदर्शन कर सकता है। सदस्य स्थायी लोक अदालत अमृता मिश्रा ने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिये कठिन परिश्रम बहुत आवश्यक है। संस्कृति और संस्कार के बलबूते पर हम जीवन में आगे बढ़ सकते हैं। कार्यक्रम का शुभारम्भ द्वीप प्रज्जवलन एवं मां शारदे, मां भारती के चित्रों पर माल्यार्पण से हुआ। संस्था के चेयरमैन आरके वाजपेयी, डिप्टी मैनेजर आशीष अंजनेय वाजपेयी, वागीश दिनकर वाजपेयी, वाइस प्रिंसिपल आरजे वर्मा, यशपाल वर्मा ने अतिथियों का सम्मान बैज अलंकरण, माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। हिंदी प्रवक्ता भवानी शंकर तिवारी ने सरस्वती वंदना एवं डिप्टी मैनेजर वागीश दिनकर वाजपेयी ने गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता भूपेंद्र दीक्षित एवं आभार प्रदर्शन संस्था के चेयरमैन आर के वाजपेयी विरल ने किया।

## मां का दर्शन पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया

विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में महमूदाबाद पहुंचे अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश भागीरथ वर्मा, नारेन्द्र त्रिपाठी एवं सदस्य स्थायी लोक अदालत अमृता मिश्रा, अधिवक्ता भूपेंद्र दीक्षित ने मां संकटा देवी धाम पहुँचकर गर्भगृह में मां का दर्शन पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। धाम के पुजारी पुरूषोत्तम मिश्र व अध्यक्ष आरके वाजपेयी ने सभी को उत्तरीय व प्रसाद भेंट किया।

## देवस्थान की भूमि को प्लाटिंग में मिलाये जाने की सूचना पर हंगामा



महमूदाबाद/सीतापुर। नगर पालिका परिषद के वार्ड इंदौरा में देवस्थान की भूमि को धर्म विशेष के लोगों द्वारा प्लाटिंग में मिलाए जाने की सूचना पर वार्डवासियों ने हंगामा कर दिया। दर्जनों महिलाओं ने देवस्थान के पास जमकर हंगामा किया और देवस्थान की जमीन को सुरक्षित किये जाने की मांग की। सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार, ईओ समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुॅच गया। ईओ द्वारा समझाने के बाद वार्डवासी शांत हो गये और ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा। नगर पालिका परिषद के वार्ड इंदौरा में महमूदाबाद-बिसवां मुख्य मार्ग पर कांशीराम आवास के पास एक प्राचीन नीम और पीपल का पेड़ लगा है। पेड़ के आसपास बने चबूतरे को देवस्थान के रूप में काफी समय से ग्रामीण उपयोग करते आ रहे हैं। वहां पर पूजन अर्चन के साथ कई धार्मिक कार्यक्रम सम्पन्न होते हैं। पेड़ के पीछे वार्ड के ही लोगो द्वारा प्लाटिंग की गई है। आरोप है कि प्लाटिंग करने वाले लोग देवस्थान की जमीन को भी प्लाटिंग में शामिल करके रास्ते के रूप में प्रयोग करना चाहते हैं। जिसके बाद करीब आधा सैकड़ा से अधिक महिलाओं ने देवस्थान पर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना पर नायब तहसीलदार दीनानाथ यादव, ईओ शैलेन्द्र दुबे, समाजसेवी अतुल वर्मा, विहिप नेता अतुल चित्रांश मौके पर पहुॅचे और वार्ता शुरू की। ईओ शैलेन्द्र दुबे की मान मनौव्वल के बाद वार्डवासी मान गये। वार्डवासियों ने अधिकारियों को देवस्थान की भूमि की पैमाइश कराकर सुरक्षित करने की मांग की।

## बेटी की शादी में पहुंचाई मदद



पाटन, उन्नाव। पुष्प फाउंडेशन के अध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह ने गरीब की बेटी की शादी में मदद भेजी है। बता दे की लल्ला लोधी भगवन्त नगर निवासी जिनकी बेटी की आज शादी थी। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी जैसे ही सूचना समाज सेवी पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह को मिली तो उन्होंने अपने बड़े भाई को उस गरीब परिवार के घर जाने का निर्देश दिया। पुष्पेंद्र प्रताप की अनुपस्थित में उनके बड़े भाई मानवेंद्र सिंह अपनी पूरी टीम के साथ जरूरत मंद के घर पहुंचकर परिवार को आर्थिक सहयोग व अन्य सामान दिया। पुष्प फाउंडेशन ने बेटी के सुखमय वैवाहिक जीवन की प्रार्थना की है व हर स्थिति परिस्थिति में सदैव साथ रहने का परिवार को आश्वासन दिया। परिवार के मुखिया ने शादी के दिन मिली मदद पर प्रसन्नता ब्यक्त करते हुए आभार ब्यक्त किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मानवेन्द्र सिंह, प्रखर सिंह, कमलेश यादव, मैनेजर सिंह, संदीप, अनूप आर के सिंह, जितेन्द्र पटेल, सेनू यादव आदि रहे।

## सड़क जाम कर प्रदर्शन करने वाले 11 लोग गिरफ्तार

जिला संवाददाता(vol)



सीतापुर। संदना थाना क्षेत्र में एक किसान की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। सड़क जाम कर प्रदर्शन करने वाले 11 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। इसके अलावा अज्ञात लोगों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है।

संदना थाना क्षेत्र के ग्राम मुडियाकैल के किसान रामकिशोर रविवार दोपहर अपने खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान नटपुरवा मजरा फत्तेपुर के धर्मेंद्र, उसकी पत्नी रीता और अन्य लोग वहां पहुंचे। मृतक की पत्नी गायत्री का आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने रामकिशोर को नशीला पदार्थ पिलाया। फिर उन्हें अपने गांव ले जाकर मारपीट की। पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने सोमवार को 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। शाम को मृतक के परिजन और ग्रामीण गोदलामऊ पुलिस चैकी पहुंचे। उन्होंने कार्रवाई की मांग को लेकर मिश्रिख मार्ग पर ट्रैक्टर-ट्राली रखकर जाम लगा दिया। एएसपी दक्षिण प्रवीण रंजन सिंह और थानाध्यक्ष चन्द्रभान यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। समझाने के बावजूद प्रदर्शनकारी नहीं माने। पुलिस ने बल प्रयोग कर 11 लोगों को हिरासत में लिया। थानाध्यक्ष के अनुसार, सभी आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जा रहा है।

## महाविद्यालय में रोजगार मेले का आयोजन



पुरवा, उन्नाव। सुंदरलाल स्मृति महाविद्यालय पुरवा में छत्रपति साहू महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के तत्वाधान में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य शिक्षित युवाओं को उनके कौशल और योग्यता के आधार पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

कानपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.विनय कुमार पाठक के निदेर्शानुसार, प्रबंधक लल्लन सिंह, प्राचार्य डॉ.पत्तीराम, संचालक स्वयंवर राजपूत,सुनीत कुमार कंप्यूटर बाबू,राजकुमार राजपूत, संरक्षण एवं प्रेरणा से इस रोजगार मेले में प्रतिष्ठित कंपनियां जैसे, डिस्पोज सेफ,एङ्ग यूङ्ग स्मॉल फाइनेंस बैंक, एवं ऑल डिजी टेक्नोलॉजी, कल्पतरु प्रोजेक्ट इंटरनेशनल लिमिटेड आदि कंपनियों के संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस मेले में 258 छात्र छात्राओं ने ऑनलाइन आवेदन किया था। जिसमें 200 छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए। जिसमें 167 ने साक्षात्कार दिया। जिसमें से 64 छात्र-छात्राओं को चयनित किया गया। इस रोजगार मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ.अजय तिवारी प्लेसमेंट सेल काउंसिल विश्वविद्यालय कानपुर तथा डॉ प्रशांत त्रिवेदी एवं प्लेसमेंट सेल राहुल कुमार यादव, अभिषेक कुमार, डॉ.प्रेम शंकर लोधी,लल्लन लोधी, जितेंद्र कुमार लोधी, सूरज कुमार लोधी, सिकन्दरपुर कर्ण, राजेश यादव, रामबाबू, भरत लोधी, सुभेंद्र सिंह, सुनील कुमार की उपस्थिति में महाविद्यालय में दीप प्रज्वलन मां सरस्वती की स्मृति पर पुष्प चढ़ाकर वंदना गीत के बाद अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। सीएसजेएम विश्वविद्यालय कानपुर से पधारे डॉ.अजय तिवारी ने छात्र-छात्राओं के लिए कम्युनिकेशन एवं पॉजिटिव एटीट्यूड के महत्व व कैरियर बनाने के महत्व को बताया प्लेसमेंट काउंसिल के सदस्य डॉ.प्रशांत त्रिवेदी ने बताया कि माननीय कुलपति जी की प्रेरणा से विश्वविद्यालय छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध करने के लिए कटिबंध है तथा अंत में महाविद्यालय के (प्रबंधक )लल्लन सिंह ने आए हुए सभी महानुभावो का आभार व्यक्त किया। अंत में श्री सुंदरलाल स्मृति महाविद्यालय पुरवा के प्रभारी प्राचार्य अरविंद कुमार वर्मा, संचालक स्वयंवर राजपूत, अनूप कुमार पटेल, प्रमोद कुमार वर्मा, फील्ड ऑफिसर राजकुमार राजपूत सुभेंद्र सिंह, सुनील कुमार ने चयनित हुए सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## शिक्षकों के जीपीएफ खाते में विसंगति के मुद्दे पर चर्चा की मांग

जिला संवाददाता(vol)

- शिक्षकों ने समस्या दूर कराने के प्रयास पर सदर विधायक का आभार जताया

उन्नाव। विधायक सदर पंकज गुप्त द्वारा बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक/ शिक्षिकाओं के सामान्य भविष्य निधि जीपीएफ का अग्रिम आहरण व जीपीएफ की सेवा पर्चियां को मानव संपदा पोर्टल पर शीघ्र अपडेट किए जाने तथा जनपद के शिक्षक शिक्षिकाओं और कर्मचारियों की जीपीएफ खातों में विसंगतियों को लेकर नियम 51 के अंतर्गत सदन चर्चा की मांग की गई है। विगत दिनों में उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ, उन्नाव की कार्यकारिणी के जिला अध्यक्ष कृष्ण शंकर मिश्र के नेतृत्व में लेखा अधिकारी कार्यालय की धीमी कार्यशैली पर गंभीर प्रश्न चिन्ह उठाए थे।

संगठन के पदाधिकारियों ने इस विषय पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में संगठन द्वारा क्रमिक अनशन किया था। क्रमिक अनशन में सदर विधायक द्वारा शिक्षक समस्याओं के त्वरित निराकरण का आश्वासन दिया गया था। सदर विधायक का कहना है कि जनपद उन्नाव के शिक्षक कर्मचारियों को एक ही ग्रेड पे पर लगातार 10 वर्ष संतोषजनक सेवा करने के उपरांत मिलने वाले चयन वेतनमान, निर्धारण संबंधी पत्रावलियां वित्त एवं लेखा अधिकारी बेसिक शिक्षा उन्नाव द्वारा अनावश्यक रूप से कई माह से विलंबित की जा रही है।

कई शिक्षक कर्मचारी उक्त समस्या के कारण कार्यालय वित्त लेखा अधिकारी जाकर बहुत ही हताश और निराशा महसूस कर रहे है। जनपद में चयन वेतनमान निर्धारण संबंधी कार्य जानबूझकर मानव संपदा पोर्टल पर भी उच्च अधिकारियों के आदेश के उपरांत भी ऑनलाइन नहीं किया जा रहे। वित्त एवं लेखा अधिकारी बेसिक शिक्षा उन्नाव अप्रैल 2013 में शिक्षक शिक्षिकाओं कर्मचारियों के अद्यतन भुगतान किए गए अवशेष देयकों की सूची को उपलब्ध कराने की बात भी कही गई।

उन्नाव के बेसिक शिक्षा परिषद की अधीन संचालित विद्यालयों में कार्य शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रदत्त अवशेष भुगतान को भी ससमय शिक्षकों की खातों में प्रेषित नहीं किया जा रहा है लापरवाही का आलम यहां तक है कि तीन माह से लेकर 10 माह पूर्व तक के अंतर अवशेष भुगतान वेतन भुगतान अद्यतन कार्यालय वित्त लेखा अधिकारी बेसिक शिक्षा स्तर से विलंबित है। जिस कारण से शिक्षक शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी अत्यंत निराशा वह बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाकर अपमानित महसूस कर रहे है।

इस विषय पर विधायक सदर पंकज गुप्त द्वारा कार्यालय वित्त लेखा अधिकारी से भी बात की गई थी किंतु संतोषजनक कार्रवाई न होने पर लोक महत्व के इस अविलम्बनीय सुनिश्चित प्रकरणों का विलंबन का उत्तरदायित्व निर्धारित किए जाने जीपीएफ ऑनलाइन न किए जाने चयन वेतनमान निर्धारण विलंब अवशेष भुगतान अविलंब किए जाने पर वक्तव्य व चर्चा की मांग सदर विधायक पंकज गुप्ता द्वारा की गई है।

उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ द्वारा शिक्षकों की इन समस्याओं को लेकर बार-बार उच्च अधिकारियों को सूचित किया जाता रहा है किंतु समय से इन समस्याओं का निराकरण न होने के कारण और अधिकारियों की मनमानी रवैया वह शिक्षक कार्यों के प्रति असंवेदनशीलता के चलते संगठन के पदाधिकारी अपनी समस्याओं को लेकर सदर विधायक पंकज गुप्ता के पास पहुंचे थे। उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों से शिक्षकों में अत्यंत हर्ष का माहौल है। संगठन के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कुमार कनौजिया, जिला अध्यक्ष कृष्ण शंकर मिश्र, विवेक द्विवेदी, महामंत्री अवनीश पाल, कोषाध्यक्ष दीपक वर्मा पटेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष वेदनारायण मिश्र, उपाध्यक्ष दिलीप अवस्थी, उपाध्यक्ष राकेश बघेल, मीडिया प्रभारी विनीत बाजपेई देवेंद्र यादव समेत संगठन के समस्त पदाधिकारीयों ने सदर विधायक पंकज गुप्ता का आभार व्यक्त किया है।

संक्षेप

## वाहनों की टक्कर में 3 की मौत, 8 घायल

बांदा। बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस-वे में अतर्रा कोतवाली क्षेत्र में दो गाड़ियों की हुई आमने-सामने की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गयी। जबकि 8 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। दुर्घटना एक्सप्रेस-वे के चैनेज नंबर 16.3 के पास हुई। मंगलवार की सुबह लगभग 5 बजे अर्टिगा में 6 और सफारी में 5 लोग सवार थे इसी दौरान दोनो के बीच जोरदार टक्कर हो गयी जिससे यह हादसा हुआ। घायलों को तत्काल चित्रकूट के शिवरामपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान तीन लोगों की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान राकेश सोनी पुत्र चंपा लाल 24, हिंगलाल पुत्र भंवर सिंह 35 और राकेश शर्मा 26 के रूप में हुई है। 8 घायलों का इलाज शिवरामपुर सीएचसी में चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतकों के शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## बारात से एक दिन पूर्व दहेज की मांग, टूटी शादी

बांदा। शादी के एक दिन पहले अचानक दहेज की मांग के चलते बारात नही पहुंची। देहात कोतवाली क्षेत्र के करबई गांव की रहने वाली साजिया की शादी कालिंजर कस्बे के नौशाद से तय हुई थी। शादी 23 फरवरी को होनी थी। शादी के इंतजाम हो चुके थे। साजिया के हांथों में मेहंदी भी लग चुकी थी लेकिन बारात से एक दिन पहले दूल्हे पक्ष ने नई मांगें रख दीं। उन्होने बुलेट मोटरसाइकिल, तीन लाख रुपये नकद और दो तोला सोने की चैन की मांग की। लड़की का पिता इतनी बड़ी रकम तत्काल देने में असमर्थ था जब उसने अपनी असमर्थता जताई तो दूल्हा पक्ष ने बारात लाने से इनकार कर दिया। लड़की के पिता का आरोप है कि नौसाद अधिक दहेज के लालच में अन्यत्र दूसरी लड़की से शादी करना चाहता है। शादी टूटने से आहत पीड़ित परिवार न्याय पाने के लिए पुलिस अधीक्षक के पास पहुंचा। पीड़ित का कहना है कि शादी की तैयारियों में काफी पैसा खर्च हो चुका है। पीड़िता साजिया ने एसपी अंकुर अग्रवाल से आरापी नौशाद की शादी रूकवाकर शादी की व्यवस्था में लड़की पक्ष के खर्च हुए लगभग डेढ़ लाख रुपये आरोपी लड़ता पक्ष से दिलाने के साथ कार्रवाई की मांग की है।

## जबरन वसूली में तीन हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

बांदा। थाना मटौंध पुलिस ने जबरन वसूली करने वाले तीन शातिर हिस्ट्री शीटरों को गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र के रहने वाले जानू पुत्र छिद्दू खान ने 17 फरवरी को थाना मटौंध में भूरागढ़ निवासी तीन हिस्ट्रीशीटरों द्वारा जबरन वसूली करने के मामले में प्रार्थना पत्र दिया था। इस पर पुलिस ने अभियोग पंजीकृत किया था। मंगलवार को शिकायत के बाद मटौंध पुलिस ने शातिर हिस्ट्री शीटर इद्दू पुत्र हुसैना, राशिद पुत्र इद्दू व शहीदा उर्फ शहीद अहमद पुत्र इद्दू निवासी भूरागढ़ थाना मटौंध को गिरफ्तार किया है। हिस्ट्रीशीटरों के विरूद्ध थाना मटौंध व कोतवाली नगर में लगभग डेढ़ दर्जन मुकदमें दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी संदीप कुमार, उप निरीक्षक प्रमोद कुमार त्रिपाठी, हेड कां0 विमल मिश्रा, अश्वनी कुमार व अंकित सिंह रहे।

## प्रेस क्लब में शोक सभा सम्पन्न

ललितपुर। अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले ने की। जिसमें वरिष्ठ पत्रकार राकेश शुक्ला के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। इस अवसर पर संरक्षण मंडल व पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये उनके द्वारा दिए गये योगदान कि सरहाना की। प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले ने गहरा दुख व्यक्त करते हुये कहा कि पं.राकेश शुक्ला हम सब के बीच से चले जाना यह अपूर्णीय क्षति है, इसकी भरपाई करना संभव नहीं है। अंत में दो मिनिट का मौन धारण कर दिव्य आत्मा की शान्ति एवं परिवार को धैर्य धारण की शक्ति प्रदान करने ईश्वर से प्रार्थना की। श्रद्धांजलि सभा का संचालन महामंत्री अमित सोनी ने किया। इस अवसर पर संरक्षक मंजीत सिंह अरोरा, पवन संज्ञा, अजित जैन भारती, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू, पूर्व महामंत्री मोहम्मद नसीम सहित अनेकों मीडियाकर्मी मौजूद रहे।

# सुंदरीकरण कार्य भी होगा शुरू

## शहजाद नदी पर गैवियन वाल का निर्माण कार्य समाप्ति की ओर



ललितपुर। शहजाद नदी की तलहटी में गैवियन वॉल का निर्माण कराया जा रहा है, जो लगभग 90 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। इसके बाद सुंदरीकरण का कार्य भी कराया जाएगा, जिसके पूर्ण होने पर शहजाद नदी एक नए रुप में नजर आयेगी। उक्त कार्य का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने शहजाद नदी का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए नदी की चैड़ाई पर 1.5 फीट की टॉ-वाल बनाने के निर्देश दिये, ताकि नदी में पानी का भराव हो सके और गोविन्द सागर बांध के गेट खुलने पर किसी भी प्रकार की क्षति को रोका जा सके। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि निर्माण कार्य के तहत दो सीढ़ीनुमा वाल बनकर तैयार हो गई है, तीसरी वाल के लिए मिट्टी का भराव किया जा रहा है। इसके बाद सुंदरीकरण का कार्य किया जाएगा। इस कार्य का मुख्य उद्देश्य शहजाद नदी से कटान को रोकना है, जिसके लिए यह पत्थरों की दीवार बनाई जा रही। गेवियन वाल के बन जाने से नदी का सौंदर्य बढ़ेगा और लोगों को टहले व बैठने के लिए मनोरम वातावरण उपलब्ध होआ, साथ ही लोग सीधे इस पुल से दूसरे पुल तक आवागमन कर सकेंगे। जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर पालिका परिषद द्वारा शहजाद नदी का 40 लाख रुपये से सुंदरीकरण कराया जा रहा है, जिसके अंतर्गत गेवियन वाल (जाली लगाकर पत्थर की दीवार) बनाई जा रही है। यह नदी की तलहटी से तीन मीटर ऊंचाई व 4.6 मीटर चैड़ाई और इस पुल से दूसरे पुल तक 205 मीटर लंबाई में बनाई जा रही है। बताया जा रहा है कि इसका कार्य मार्च तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

# भरोसे में लेकर खुलवाये लोगों के खाते

ललितपुर। नेहरू नगर पुलिस चैकी क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला जुगपुरा में रहने वाले भज्जू अहिरवार पुत्र बारेलाल ने साइबर क्राइम थाने में तहरीर दी है। बताया कि उसके मोहल्ले में रहने वाले अंकित साहू पुत्र मनोज साहू ने उसे व उसके पुत्रों को मोबाइल के जरिए झांसे में लेकर खाते प्राप्त कर अवैध रूप से धन जमा कराकर अपराध में प्रयोग किये गये हैं। बताया कि अंकित ने उसके पुत्र सोनू का आईडीबीआई बैंक के खाते से, कैनरा बैंक के खाते से, स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के खाते से व सोनू की पत्नी गौरा का कैनरा बैंक का खाता, मोनू का पंजाब नेशनल बैंक का खाता व मोनू की पत्नी निशा के कोटेक महिन्द्रा बैंक में ऑनलाइन खाता खुलवा कर और उसका पंजाब नेशनल बैंक में खाता झांसे में लेकर खुलवा लिया। आरोप है कि जब उसे खोले गये सभी खातों से अवैध लेन-देन की जानकारी हुयी तो उसने विरोध किया। बताया कि अंकित साहू सभी को धोखे में रखकर उक्त खातों से प्राप्त किये धन और अपने मोबाइल, अन्य कम्प्यूटर साधन से साइबर अपराध को अंजाम देकर पैसा जमा कराया व निकाल लिया है। आरोप लगाया कि अंकित साहू ने इसी प्रकार जुगपुरा के कई लोगों के खाते खुलवाकर स्वयं रख लेता है और उनका प्रयोग खुद करता है। साइबर क्राइम पुलिस थाना पुलिस ने भज्जू अहिरवार की तहरीर पर उक्त अंकित साहू के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4), 316 (2) व आईटी एक्ट की धारा 66 डी के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## शिवरात्रि पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम

ललितपुर। सनातन धर्म में महाशिवरात्रि पर्व का विशेष महत्व है। यह पर्व देवों के देव महादेव को समर्पित होता है। इस शुभ अवसर पर भगवान शिव संग मां पार्वती की पूजा की जाती है। साथ ही उनके निमित्त व्रत रखा जाता है। भगवान शिव की पूजा करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। साथ ही सुख और सौभाग्य में भी वृद्धि होती है। इसी क्रम में गांधी नगर नई बस्ती स्थित श्रीश्री 1008 राधा कृष्ण साहू समाज मंदिर पर फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को महाशिवरात्रि मनाई जाती है। इस साल फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि 25 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व के एक दिन पूर्व मंगलवार की सुबह 11 बजे से अखण्ड रामायण पाठ का शुभारंभ रामप्रसाद राजपूत द्वारा किया गया। 26 फरवरी को अखण्ड रामायण पाठ का समापन व हवन, शिव अभिषेक के बाद विशाल प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। साथ ही श्रीश्री 1008 श्रीराम सेवा समिति ग्राम टोडा द्वारा अखण्ड रामायण पाठ में भाग लेंगे। इस दौरान पं.शिवम चैबे, पं.राहुल चौबे, पं.राहुल चैबे, पं.सत्यम चैबे, पं.प्रवीण दुबे महाराजजी, पं.विष्णु मिश्रा, पं.प्रमोद चौबे, राजेश दीक्षित, रामप्रसाद राजपूत समस्त समिति के पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## सुदामा चरित्र व परीक्षित मोक्ष सुन श्रोता भावविभोर



बांदा। शीतला धाम के सप्तम वार्षिकोत्सव पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन ख्याति प्राप्त कथा व्यास आचार्य अभिषेक शुक्ला ने सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष आदि प्रसंगों का सुंदर वर्णन कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। सुदामा जितेंद्रिय एवं भगवान कृष्ण के परम मित्र थे। भिक्षा मांगकर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। गरीबी के बावजूद भी हमेशा भगवान के ध्यान में मग्न रहते थे। पत्नी सुशीला सुदामा से बार-बार आग्रह करती थीं कि आपके मित्र तो द्वारिकाधीश हैं। उनसे जाकर मिलो शायद वह हमारी मदद कर करें। सुदामा पत्नी के कहने पर द्वारिका पहुंचते हैं और जब द्वारपाल भगवान कृष्ण को बताते हैं कि सुदामा नाम का ब्राम्हण आया है। कृष्ण यह सुनकर नंगे पैर दौड़कर आते हैं और मित्र को गले से लगा लेते हैं। उनकी दीन दशा देखकर कृष्ण की आंखों से अश्रुओं की धारा प्रवाहित होने लगती है। सुदामा को सिंघासन पर बैठाकर कृष्ण, सुदामा के चरण धोते हैं। सभी पटरानियां सुदामा से आशीर्वाद लेती हैं। सुदामा विदा लेकर अपने स्थान लौटते हैं तो भगवान कृष्ण की कृपा से अपने यहां महल बना पाते हैं लेकिन सुदामा अपनी फूंस की बनी कुटिया में रहकर भगवान का सुमिरन करते हैं। जब जब भक्तों पर विपदा आई है प्रभु उनका तारण करने जरुर आए हैं। कथा के अंतिम दिन सुदामा चरित्र के माध्यम से भक्तों के सामने दोस्ती की मिसाल पेश की और समाज में समानता का संदेश दिया। अगले प्रसंग में शुकदेव ने राजा परीक्षित को सात दिन तक श्रीमद्भागवत कथा सुनाई, जिससे उनके मन से मृत्यु का भय निकल गया। तक्षक नाग आता है और राजा परीक्षित को डस लेता है। राजा परीक्षित कथा श्रवण करने के कारण भगवान के परमधाम को पहुंचते है। कथा परीक्षित प्रकाशचंद्र अवस्थी तथा कलावती, जगदीश त्रिवेदी, कमलस्वरूप अवस्थी, भाजपा नेता आनंद स्वरूप द्विवेदी,प्रेमस्वरूप अवस्थी, निर्मल तिवारी, प्रमोद त्रिपाठी, शीतला धाम समिति मूंगुस के कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

# मोटर साइकिल की टक्कर से युवक घायल

ललितपुर। कोतवाली महरौनी के ग्राम बैरवारा में रहने वाले देवेन्द्र सिंह पुत्र चन्द्रभान सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 5 फरवरी की शाम करीब 7 बजे वह मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.ई. 3714 पर सवार होकर ललितपुर से घर की ओर जा रहा था। बताया कि वह ग्राम मिर्चवारा के पास पहुंचा ही था कि तभी आयुर्वेदिक अस्पताल के सामने महरौनी की ओर से आ रही मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.एफ. 4575 ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह जमीन पर गिरकर बेहोश हो गया। राहगीरों की मदद से उसे एम्ब्युलेंस के जरिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से परिजनों को भी जानकारी दी गयी। बताया कि उक्त मोटर साइकिल ग्राम सिलावन निवासी अजय राजा पुत्र भान सिंह चला रहा था। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अजय राजा के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी), 324 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## ट्रक की टक्कर से हुई थी वृद्ध की मौत

ललितपुर। शहर क्षेत्र के मोहल्ला चैबयाना निवासी आशाराम पुत्र विश्वनाथ ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 22 फरवरी की रात करीब 9.15 बजे उसके पिता विश्वनाथ टीबीएस एक्सल 100 से अपने घर की ओर जा रहे थे। बताया कि नेशनल हाई-वे ग्रेविटी होटल कैलगुवां तिराहा के पास उसके पिता को अज्ञात ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी), 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# हाईवे किनारे भारी वाहनों का खड़ा न करें : एआरटीओ

## 39 वाहनों का चालान एवं 02 वाहनों को थाने में किया गया निरुद्ध

ललितपुर। मुख्यमंत्री द्वारा सड़क सुरक्षा की भावना आम जनमानस में लाये जाने तथा सड़क किनारे अवैध पार्किंग से हो रही दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु सड़क किनारे खड़े वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने सम्बन्धी दिये गये निदेर्शों के अनुपालन में जिलाधिकारी द्वारा अवैध पार्किंग के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

उक्त निदेर्शों के क्रम में एआरटीओ ने एन.एच.-44 तथा ललितपुर-झांसी मार्ग पर सड़क किनारे खड़े अवैध 39 वाहनों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुये 02 वाहनों को नवीन गल्ला मण्डी चैकी में निरूद्ध किया गया। जनपद के सभी पंजीकृत वाहन स्वामियों से अपील की है कि वह अपनी वाहनों को सड़क किनारें पार्क न करे क्योंकि इससे सड़क दुर्घटनाये होने की सम्भावना रहती है।

सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत इसी प्रकार आगे भी अवैध पार्किंग के विरूद्ध चालानी, निरूद्ध की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। वहीं दूसरी ओर जनपद में हो रही सड़क दुर्घटनाओं की जिलाधिकारी द्वारा की गयी समीक्षा में




दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु वाहन चालको का स्वास्थय एवं नेत्र परीक्षण शिविर लगाये जाने के दिये निदेर्शो के क्रम में सीएमओ के निर्देशन में एन.एच. 44 के वीघा खेत स्थित टोल प्लाजा पर नेत्र/स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का अयोजन किया गया। जिसमें मार्ग पर संचालित वाहनों के चालको को रोककर उनका परीक्षण किया गया। उक्त शिविर में अनेकों चालकों का नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। परीक्षण शिविर को सम्बोधित करते हुये मुख्य चिकित्साधिकारी ने सभी वाहन चालको से अपने स्वास्थ्य एवं नेत्रों का समय-समय पर परीक्षण कराये जाने की अपील की गयी। नेत्र शिविर में नेत्र विशेषज्ञ एवं उनकी पूरी टीम द्वारा चालको का परीक्षण किया गया शिविर में मुख्य चिकित्साधिकारी डा.इम्तियाज अहमद, एआरटीओ मो.कय्यूम, उपजिलाधिकारी मो. नासिर, यातायात निरीक्षक आलोक तिवारी एवं प्रबंधक टोल प्लाजा विकास सक्सेना उपस्थित रहे।

## अधिवक्ता संघ ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



बांदा। ऑल इंडिया बार काउंसिल के आह्वान पर मंगलवार को जिला अधिवक्ता संघ ने प्रदर्शन किया। वकीलों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन कारी अधिवक्ताओं की प्रमुख मांग एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लागू करना है। जिला अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नही होने तक आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शामिल हुए अधिवक्ताओं ने मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन व नारेबाजी की। जिलाधिकारी ने अधिवक्ताओं को आश्वासन दिया कि यह बात उच्चाधिकारियों तक पहुंचाई जाएगी। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष द्वारिकेश सिंह यादव मंडेला, महासचिव मनोज निगम, पूर्व महासचिव ओम प्रकाश सिंह, राम प्रकाश शिवहरे, पूर्व कोषाध्यक्ष बृजेश द्विवेदी, सत्य प्रकाश द्विवेदी, एडवोकेट राममिलन पटेल व बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## मां को उपचार के लिए जा रहे युवक को मारी टक्कर

ललितपुर। महरौनी के ग्राम बम्हौरीघाट में रहने वाले राजेश पुत्र भोले ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 18 फरवरी को अपराह्न करीब 1.30 बजे उसका पुत्र पुष्पेन्द्र अपनी मां रामकली को उपचार के लिए डीलक्स मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 वाई 8311 से महरौनी जा रहा था। तभी उसका पुत्र अपनी मां को संभालकर पीछे बैठा था और गाड़ी को रिश्तेदार मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ निवासी सूरज पुत्र दशरथ अहिरवार चला रहा था। बताया कि जैसे ही वह नहर की पुलिया के पास पहुंचे कि तभी मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.सी. 6774 के चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाकर जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पुत्र, पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गयी। सभी को उपचार के लिए महरौनी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया, जहां हालत खराब होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (ए), 125 (बी) व 324 (4) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# मादक पदार्थों के सेवन पर रोक लगाने को छापेमारी करें : डीएम

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय समिति, अभियोजन एवं जिला कारागार के कार्यों एवं पोस्टमार्टम एवं गुण्डा एक्ट तथा गैंगस्टर एक्ट से संबंधित बैठक आयोजित हुई।




जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बैठक में आयोजित अभियोजन एवं जिला कारागार के कार्यों एवं पोस्टमार्टम की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि वादों के निस्तारण के कार्यों में तेजी लाएं पॉक्सो एक्ट से संबंधित प्रकरणों की सघन जांच कर पीड़ित को मुआवजा दिलाने की कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि पॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरणों की पूर्ण गंभीरता और सजगता के साथ जांच कर आख्या प्रस्तुत करें ताकि पीड़िता को न्याय और दोषी को सजा मिल सके। उन्होंने निर्देश दिए कि वादों के प्रकरणों के निस्तारण में अपेक्षित तेजी लाएं ताकि लम्बित प्रकरणों का निराकरण किया जाना सम्भव हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि मादक पदार्थों की अवैध बिक्री एवं उसके दुरूपयोग पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के लिए स्कूलों, विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जन जागरूक अभियान चलाएं तथा ड्रग्स एवं मादक पदार्थों के सेवन पर रोक लगाये जाने के लिए सार्वजनिक एवं संदिग्ध स्थानों तथा मेडिकल स्टोरों पर नशीले पदार्थों की बिक्री पर पूर्ण रोकथाम के लिए औषधि निरीक्षक सघन जांच पड़ताल करें तथा जांच के दौरान एन.डी.पी.एस/नारकोटिक्स ड्रग्स/इनहेलर आदि के दुरुपयोग के दृष्टिगत मेडिकल स्टोरों की निरन्तर निगरानी तथा बिना लाइसेंस की दुकानों पर ड्रग्स विभाग/पुलिस विभाग एवं आबकारी विभाग संयुक्त रूप से कार्यवाही करें। उन्होंने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले के समस्त की क्षेत्रों में एंटी नारकोटिक्स गतिविधियों पर नियंत्रण रखने के लिए विशेष अभियान चलाएं और इस अभियान की स्वयं निगरानी करें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि चैकिंग आदि के दौरान पकड़े गए मादक पदार्थों का विनष्टीकरण त्वरित रूप से कराना सुनिश्चित करें, जिससे उक्त मादक पदार्थों का दुरूपयोग होने की सम्भावना न रहे। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि नारकोटिक्स तथा मादक पदार्थों की तस्करी व अवैध व्यापार में संलिप्त संदिग्ध व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए, उन पर सतर्क निगरानी रखी जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक शहरी संजीव बाजपेयी, अभियोजन अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी सहित सभी डीजीसी एवं संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## मोबाइक की टक्कर से युवक की मौत

ललितपुर। महानगर झांसी के थाना प्रेमनगर अंतर्गत नगरा नैनागढ़ के आजादपुरा निवासी सुनीता रजक ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 24 जनवरी 2025 की रात करीब 11 बजे उसका पति प्रमोद रजक पुत्र मोतीलाल तालबेहट के ग्राम कड़ेसराकलां स्थित रिश्तेदारी में गया हुआ था। बताया कि वह पवा साइन बोर्ड के पास झांसी की ओर हाई-वे 44 पर खड़ा होकर बस का इंतजार कर रहा था। आरोप है कि तभी तेज गति से भाग रही पल्सर मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.बी. 3195 ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह जमीन पर गिरकर घायल हो गये। राहगीरों की मदद से एम्ब्युलेंस के जरिए प्रमोद रजक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट लाया गया, जहा हालत नाजुक होने पर उन्हें झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

## अपार आईडी बनाने में आ रही समस्याओं को लेकर दिया ज्ञापन



ललितपुर। प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के तत्वाधान में अपार आईडी बनाने में विद्यालयों को आ रही समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से महानिदेशक स्कूल शिक्षा लखनऊ को भेजा गया। प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने ज्ञापन में मांग की है की अपार आईडी बनाने में विद्यालयों को आ रही समस्याओं के निराकरण के लिए शिक्षा विभाग को सकारात्मक पहल करनी चाहिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी के साथ साथ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, नगर शिक्षा अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को भी ज्ञापन दिया गया। एसोसिएशन जिलाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यालय में पंजीकृत सभी बच्चों की अपार आईडी यू डाइस पोर्टल पर तैयार की जा रही है। बहुत से विद्यालयों को अपार आईडी बनाने में समस्याएं आ रही हैं। इन्हीं समस्याओं को लेकर अपनी मांगों के साथ आज प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट के एसोसिएशन साथियों ने महानिदेशक स्कूली शिक्षा को एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा है। एसोसिएशन के जिला महामंत्री ध्रुव साहू ने बताया की अपार आईडी बनाने से पहले विद्यालयों को किसी प्रकार का प्रशिक्षण नहीं कराया गया। जिसके कारण अपार आईडी बनाने में बहुत से स्कूलों को दिक्कत आ रही है। उन्होंने बताया कि बच्चों के विद्यालय नामांकन एवं आधार कार्ड के विवरण में अंतर होने के कारण अपार आईडी जेनरेट नहीं हो रही है। उन्होंने कहा आधार कार्ड मे संशोधन या अपडेट करने हेतु आधार केंद्रों पर अत्यधिक भीड़ होने के कारण आधार अपडेशन का काम भी नहीं हो पा रहा है। अभिभावकों की उदासीनता, बच्चों के दस्तावेजों में जानकारी में अंतर एवं विभागीय सहयोग न मिल पाने के कारण अपार आईडी बनाने का काम नहीं हो पा रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन एवं बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश से मांग की कि एक बार यू डाइस पर बच्चों के विवरण में संशोधन का अधिकार विद्यालय को दिया जाना चाहिए इसी से समस्या का हल संभव है और शीघ्र ही अपार आई डी के काम को पूर्ण किया जा सकेगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, संयोजक अक्षय अलया, संजय श्रीवास्तव, महामंत्री ध्रुव साहू, कोषाध्यक्ष शिशुपाल सिंह, उपाध्यक्ष वसीम खजुरिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामबाबू राजपूत, मार्गदर्शक मण्डल से विजय सिंह यादव, मोहन सैनी, कपिल अग्रवाल, डी.एस.विवेकइ आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# राजनीतिक दलों के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी ने वीवी पेट हाउस का जायजा लिया



बिजनौर। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी जसजीत कौर द्वारा बीती शाम झंडापुर स्थित वीवी पेट वेयरहाउस का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने वेयरहाउस में बनाए गए सीसीटीवी कंट्रोल रूम में एलईडी कनेक्शन में पाया कि सभी कैमरे संचालित हैं और सही कार्य कर रहे हैं। उन्होंने सिक्योरिटी, विद्युत व्यवस्था, साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया, जो पूर्ण रूप से सुचारू पाई गई। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस अवसर पर नजीबाबाद, धामपुर, नहटौर, नूरपुर, नगीना विधानसभाओं के स्ट्रांग रूम चेक किया, जहां सुरक्षा के सभी मानक पूर्ण पाए गए। निरीक्षण के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि गणों द्वारा भी संतोष व्यक्त किया गया। तदोपरांत जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान तालों पर लगी सील सहित स्ट्रांग रूम में सुरक्षा के सभी मानक एवं साफ सफाई की व्यवस्था संतोषजनक पायी। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भाजपा से धीर सिंह, कांग्रेस मुनीश त्यागी, बसपा मोहम्मद सिद्दीक तथा सपा से अखलाक अहमद उर्फ पप्पू सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## ब्राह्मण समाज की बेटियों पर अभद्र टिप्पणी करने का आरोप

ललितपुर। थाना बार के ग्राम बरौदाडांग निवासी रामरूद्र शाण्डिल्य पुत्र रामस्वरूप ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव में रहने वाला चन्द्रपाल पुत्र बल्ची उर्फ रामकिशोर ने सोशल मीडिया पर ब्राह्मण समाज की बेटियों पर अभद्र टिप्पणी की है। बताया कि इससे क्षेत्र में सभी ब्राह्मण समाज में काफी आक्रोश व्याप्त है। बताया कि उक्त व्यक्ति द्वारा जातीय उन्माद फैलाया जा रहा है। जब इसका विरोध किया गया तो उक्त व्यक्ति द्वारा गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पुलिस ने रामरूद्र की तहरीर पर चन्द्रपाल के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 351 (2) व 353 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# पालिका ईओ संदीप सक्सेना ने टीम के साथ शिविर पहुंचकर की शिव भक्तों की सेवा



नगीना, बिजनौर। शिवरात्रि के पर्व के उपलक्ष्य में नगीना नगर शिवमय नजर आया शिवभक्त कांवरतियों की सेवा के लिए जगह जगह सेवा शिविरों व भंडारों का आयोजन किया गया जिसमें समाजसेवियों ने बड़ी श्रद्धा से शिवभक्त कांवरतियों की सेवा की। नगर पालिका परिषद नगीना की ओर से साफ सफाई के खास इंतजाम किए गए जिसकी नगरवासियों ने खुले दिल से प्रशंसा की। नगर पालिका के ईओ संदीप सक्सेना व स्वास्थ्य निरीक्षक धीरज राय वर्मा, नरेश कुमार, व उनकी टीम के सफाई नायक अरविन्द वाल्मिकि, रोहित कुमार, तुषार कुमार, प्रमोद कुमार आदि ने स्वयं पूरे नगर में घूम कर सफाई व्यवस्था व अन्य इंतजाम को परखा। ईओ संदीप सक्सेना, सभासद पति बदर मुनीम, मदनपाल सिंह, मनीष राणा एडवोकेट, पत्रकार शहजाद अंसारी, प्रधान शुभम, धर्मेन्द्र सिंह, रोहित, ज्ञानचन्द, रमन कुमार आदि ने चित्तौडगढ़ पुलिस चैकी के पास चल रहे कांवरती सेवा शिविर में शिवभक्तों की सेवा की। इस मौके पर हजारों की संख्या में शिव भक्त व भारी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# आईएएफ को भी बनाना होगा 'स्पेस फोर्स'



संजय श्रीवास्तव

रक्षा मंत्रालय को इंडियन एयरफोर्स का नाम बदलकर इंडियन एयर एंड स्पेस फोर्स रखने का प्रस्ताव मिले काफी समय हो चुका है। अब जब अमेरिका, रूस, चीन के बाद भारत मजबूत अंतरिक्ष सैन्य ताकत बनने की ओर बढ़ चला है, तो न सिर्फ इस ओर उसे अपनी रफ्तार तेज करनी होगी बल्कि नाम बदलने के प्रस्ताव को भी जल्द से जल्द लागू कर देना चाहिये।

लगता है रक्षा मंत्रालय तकरीबन दो साल पहले आया इंडियन एयरफोर्स का नाम बदलकर 'इंडियन एयर एंड स्पेस फोर्स' रखने का प्रस्ताव स्वीकार कर सकता है। क्योंकि बीते दिनों मंत्रालय पर बनी संसद की एक स्थायी समिति ने अपने एजेंडे में वायुसेना को ताकतवर अंतरिक्ष बल में बदलने की बात शामिल कर ली है। उधर वायुसेना के कमांडरों ने भविष्य के क्रियाकलापों का जो रोड़मैप पेश किया है, उससे भी जाहिर होता है कि वायुसेना अंतरिक्ष सैन्य ताकत बनने की ओर किस तेजी से प्रयासरत है। जनवरी में हुए डिफसेट सम्मेलन के दौरान यह तय हुआ कि भारत के रक्षा बल विभिन्न कक्षाओं में अंतरिक्ष यानों और डेटा रिले प्रणालियों को मिलाकर एक एकीकृत उपग्रह संचार ग्रिड बनायेंगे। सेना वैसे भी सेना कम्युनिकेशन, मौसम पूवार्नुमान, निगरानी और टोह लेने, ट्रेकिंग करने, रियल टाइम सर्विलांस जैसे मिलिट्री ऑपरेशन में कार्टोसेट, नेमेसिस, सोर्ससेट जैसे कई सैन्य और गैर सैन्य उपग्रहों का उपयोग कर रही है पर निकट भविष्य में कई उपग्रह महज सैन्य सेवाओं के लिये ही प्रक्षेपित होंगे। उपग्रहों की उपस्थिति मजबूत अंतरिक्ष बल होने की बुनियादी जरूरत है और देश इस बुनियाद को जल्द पुख्ता करने में लगा है। पहले 50 के पार और अगले आठ वर्षों में 100 ऐसे उपग्रहों के प्रक्षेपण की योजना भी उजागर हो चुकी है जो सैन्य उपयोग के होंगे।

नवीनतम अंतरिक्ष-आधारित तकनीकों के इस्तेमाल से सेना की क्षमताओं को मजबूत करने के लिये बीते नवंबर में सेना ने दूसरे अंतरिक्ष युद्ध अभ्यास किया। भले ही यह अभ्यास अंतरिक्ष में नहीं, बल्कि नई दिल्ली में एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय में आयोजित हुआ हो पर इसकी सफलता से महत्वपूर्ण संकेत मिला कि वायुसेना ने अब उपग्रहों और एयरोस्पेस के तमाम उपकरणों का रणनीतिक और युद्धक इस्तेमाल करने की अवसंरचनात्मक सैद्धांतिक खाका बना लिया है। यही नहीं उसने स्पेस फोर्स की भूमिका तथा अंतरिक्ष युद्ध के सिद्धांत संबंधी स्पेस विजन 2032 तथा 2047 भी तैयार करने के साथ इसरो, डीआरडीओ, इन स्पेस तथा दूसरी निजी कंपनियों से मिलकर इस ओर तेजी से बढ़ भी चुका है। सेना अब पाकिस्तान, चीन की जमीनी चुनौतियों से ऊपर उठकर बेहतरीन 'वायु शक्ति' से 'मजबूत एयरोस्पेस पावर' बनने और अंतरिक्ष युद्ध की व्यापक और पुख्ता तैयारी की ओर तेजी से अग्रसर है। अंतरिक्ष की सैन्य चुनौतियों को देखते हुए यह सर्वथा उचित है और इस नई भूमिका में भारतीय वायु सेना का नया नाम 'इंडियन एयर एंड स्पेस फोर्स' कर देना भी। यह सर्वविदित और सर्वमान्य है कि भविष्य में जंग की जमीन आसमान होगा। अंतरिक्ष के करीब, 20 से 100 किलोमीटर की ऊंचाई पर धरती की निचली कक्षा में लड़े जाने वाले युद्ध में जो पक्ष स्पेस में शक्तिशाली होगा, जमीन पर वही जीतेगा। अच्छी बात यह है कि हमने इसे बहुत पहले समझ लिया था, दो दशक पहले भारतीय सेना ने इस बावत अपनी शुरूआत कर दी थी, यहां तक कि उसने अमेरिका से भी पहले डिफेंस स्पेस एजेंसी गठित कर ली थी, यह अलग तथ्य है कि अमेरिका अब अंतरिक्षीय सैन्य ताकत में बहुत आगे है।

चिंतन

बेशक हमें इस ओर अब तेज चाल से चलने की आवश्यकता है। सरकार भी इस बात को समझती है कि स्पेस में अपनी आक्रमण तथा बचाव दोनों ताकतों को समय रहते बढ़ाना होगा। भले ही उसने इंडियन एयर फोर्स का नाम अभी न बदला हो पर वायुसेना को मजबूत स्पेस फोर्स में बदलने के लिये वह सभी आवश्यक अवसंरचना मुहैय्या कराने के लिये सहयोग कर रही है ताकि सेना अंतरिक्ष युद्ध या इस क्षेत्र की होड़ में आगे निकल सके। अमेरिका, रूस और चीन अपनी-अपनी स्पेस फोर्स की तैयारियों में काफी आगे निकल चुके हैं। तीनों अंतरिक्ष में उच्च स्तर की एंटी सैटेलाइट क्षमताओं से लैस हैं। अंतरिक्ष युद्ध में काम आने वाले हथियार प्रणाली भी वे बना रहे हैं। इनके पास अपलिंक और डाउनलिंक जैसी जमीन से चलाई जाने वाली अंतरिक्ष निरोधक व्यवस्थाओं को जाम करने की सुविधा भी है। 2015 में चीन ने तो, 2016 में रूस ने तथा 2018 की आखिर में अमेरिका ने अपनी एरोस्पेस फोर्स बना लिया था, ऑस्ट्रेलिया ने भी 2022 में रॉयल ऑस्ट्रेलियन एयरफोर्स मुख्यालय के भीतर एक 'स्पेस डिविजन' बना लिया। ब्रिटेन भी अपनी स्पेस कमांड की स्थापना कर चुका है। फ्रांस के पास भी अपना एयरोस्पेस विंग है। जापान ने अपने सैटेलाइट को विरोधी गतिविधियों से बचाने के लिए अंतरिक्ष स्क्वॉड्रन बना ली है। ऐसे में भारत को भी अपनी इंडियन एयर फोर्स के नाम में स्पेस फोर्स जोड़ने में गुरेज क्यों? दरअसल, भारतीय वायुसेना को स्पेस फोर्स का नाम देने के साथ ही इसरो, डीएआरडीओ जैसे सरकारी तथा एयरोस्पेस से जुड़ी निजी कंपनियों को शामिल कर एक संयुक्त अंतरिक्ष कमान का गठन करना चाहिये, वहीं एयर और स्पेस के बीच में सहज तरीके से तालमेल बिठाते हुये काम करने के लिए निकायों को अपना काम चुस्ती से करना होगा। अपनी कारगुजारी को धार देने के लिये इस साल वायुसेना उपग्रहों के प्रक्षेपण लक्ष्य को अवश्य पूरा करना होगा।

अंतरिक्ष के सैन्य उपयोग के प्रतिबंधित होने के चलते अधिकारियों को स्पेस संबंधी अंतर्राष्ट्रीय कानून की जानकारी और प्रशिक्षण देने के लिये हैदराबाद में सेंटर फॉर एयर वॉरियर्स के अलावा भी प्रशिक्षण केंद्र बनाने होंगे। अमेरिका के पोजिशनिंग, नेविगेशन और टाइमिंग सेवा के लिये जीपीएस के भारतीय संस्करण नाविक का कवरेज विस्तार, तकनीकि क्षमता, सटीकता बढ़ाना होगा। भारतीय वायु सेना को डीआरडीओ की मदद से ऐसे बनाने में तेजी लानी होगी जो हवा और अंतरिक्ष दोनों में कारगर हों। वायु सेना चाहती है कि वह अंतरिक्ष आधारित इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल सेंसर और इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस गेदरिंग का बेहतर उपयोग में सक्षम हो, इस ओर भी देखना होगा। भविष्य में अंतरिक्ष से मिलने वाले संचार सहयोग के बिना युद्ध लड़ना और जीतना मुमकिन नहीं। अंतरिक्ष की क्षमताओं कमजोर होने पर युद्धरत सेनाओं को जीत हासिल करने के लिये भारी मात्रा में धन और जन की हानि उठानी होगी। स्पेस वारफेयर में उपग्रहों की भूमिका सबसे अहम है अगर उपग्रह निष्क्रिय या नष्ट हुए तो फाइटर एयरक्राफ्ट और बैलिस्टिक मिसाइलें धरे रह जायेंगे, समूची सैन्य प्रणाली धराशायी होने की आशंका बढ जायेगी।

स्पेस वॉर में सबसे पहले मिलिट्री सैटेलाइट्स को निशाना बनाया जाना तय है। हालांकि दुश्मन के उपग्रह मार गिराने की क्षमता अमेरिका, रूस, चीन के अलावा भारत को भी हासिल है। छह साल पहले वह इसका प्रदर्शन भी कर चुका है फिर भी वायुसेना को चाहिये कि वह भारतीय सैटेलाइट को दुश्मनों के हमले से बचाने सॉफ्ट किल और सटीक अत्याधुनिक रक्षात्मक विकल्पों की जल्दी खरीद और तैनाती पर जोर दे। वायुसेना अंतरिक्ष में 350 किमी की ऊंचाई पर पृथ्वी का चक्कर लगाने वाले वाहन खरीदना चाहता है, सरकार को मदद करनी होगी। अंतरिक्ष में आसान पहुंच के लिये वायुसेना को एक बार से ज्यादा इस्तेमाल हो सकने वाले रीयूजेबल लांच व्हीकल यानी आरएलवी जल्दी लेना चाहिये क्योंकि इसरो जब तक इसे विकसित कर के देगा तक किंचित देर हो जायेगी क्योंकि अंतरिक्ष में सैन्यीकरण की होड़ शस्त्रीकरण भी बढ़ाएगी जिससे संघर्ष और अस्थिरता की आशंका भी बढेगी। इन उपायों के साथ यदि वायु सेना का नाम वायु और अंतरिक्ष बल कर दिया जाए तो संभव है कि वायुसेना अंतरिक्ष रक्षा सुरक्षा की ओर अधिक उत्साह से उन्मुख हो साथ ही दूसरे देशों पर भी इसका प्रभाव पड़े।



## रूस-यूक्रेन युद्ध

बीती 24 फरवरी को रूस-यूक्रेन युद्ध के तीन साल पूरे हो गये। यह युद्ध अभी भी जारी है। तीन साल लंबे इस युद्ध में लाखों लोग की जान चली गयी, लाखों गंभीर रूप से घायल हुए, यूक्रेन का बहुत कुछ उजड़ गया और रूस की क्षति भी कुछ कम नहीं हुई। यह युद्ध ऐसा लगता है बिना मकसद के और महज अहम के टकराव के कारण शुरू हुआ। जेलेंस्की राष्ट्रवादी हैं, उन्होंने किसी भी सूरत में पुतिन की धमकी के आगे झुकना स्वीकार नहीं किया। जबकि पुतिन को लग रहा था कि यूक्रेन सप्ताह भर में झुक जायेगा और रूस आसानी से यह युद्ध जीत लेगा। लेकिन जिस तरह से जेंलेस्की ने रूस का मुकाबला किया, उससे रूस ही नहीं पूरी दुनिया भौचक रह गयी। रूस ने ऐसे प्रतिरोध की कल्पना भी नहीं की होगी। हालांकि अब समझौता, शांति और संवाद की एकतरफा कोशिशें भी की जा रही हैं। अमरीका-रूस के विदेश मंत्री स्तर के प्रतिनिधिमंडल ने सऊदी अरब में बातचीत की है। यूक्रेन और यूरोप को इस संवाद से बाहर ही रखा गया है। क्या यूक्रेन की संप्रभुता और स्वतंत्र अस्तित्व को नकारा गया है? क्या यूक्रेन की सहमति के बिना कोई युद्ध-समझौता हो सकता है? यूक्रेन का संकट बढ़ता जा रहा है, क्योंकि अमरीका में राष्ट्रपति ट्रंप के सत्तासीन होने के बाद उसने यूक्रेन की मदद करने से साफ इंकार कर दिया है। यूरोप अब यूक्रेन की सैन्य,




आर्थिक मदद को लेकर विभाजित हो गया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की का सरोकार इतना है कि शांति स्थापित हो और यूक्रेन को नाटो का सदस्य बनाया जाए, तो वह राष्ट्रपति पद छोड़ने को तैयार हैं। रूस का साम्राज्यवादी रुख रहा है। इसी आधार पर उसने यूक्रेन पर आक्रमण कर युद्ध छेड़ा था। रूस की सोच है कि यूक्रेन को संप्रभु देश होने का कोई अधिकार नहीं है। तो फिर इस युद्ध का निष्कर्ष क्या होगा? हमारा मानना है कि इस युद्ध में न तो कोई विजेता है और न ही कोई पराजित है। बल्कि रूस-यूक्रेन दोनों ही हारे हैं, क्योंकि दोनों ही देशों में विध्वंस, तबाही व्यापक स्तर पर हुई है। दोनों ही देशों को यह अनुभव हो गया होगा कि युद्ध की परिणति क्या होती है? युद्ध भी एक नये किस्म की निरंतर राजनीति का प्रतिरूप है। इस संदर्भ में ट्रंप, पुतिन और यूरोपीय देश अपनी राजनीति के मोहरे चल रहे हैं। यह द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे अधिक त्रासदी व तबाही वाला युद्ध साबित हुआ है। तबाही रूस और यूक्रेन दोनों पक्षों में हुई है। दोनों के करीब 2.5 लाख लोग मारे गए हैं। करीब 68.5 लाख यूक्रेनी शरणार्थी यूरोपीय देशों में हैं। करीब 1 करोड़ यूक्रेनी बेघर हुए हैं। उसके 8 लाख सैनिक घायल बताए जा रहे हैं। उनका इलाज कैसे होगा? बेघर होने वालों में करीब 20 लाख बच्चे भी हैं। यूक्रेन का 20 फीसदी जमीनी हिस्सा खो चुका है। 2024 में यूक्रेन का 4168 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र रूस ने कब्जा लिया। यूक्रेन के 10 बड़े शहर खंडहर हो चुके हैं। रूस को भी कुल 109 लाख करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। उसके 20 से अधिक पोत यूक्रेनी हमलों के कारण 'काला सागर' में डूब चुके हैं। रूस के बख्तरबंद वाहन, टैंक आदि भी तबाह हुए हैं। युद्ध के कारण ही रूस के औसत जीवन-स्तर में 35 फीसदी की गिरावट आई है। तो किस आधार पर रूस खुद को युद्ध का विजेता घोषित कर सकता है? बेशक युद्ध को समाप्त कराने के प्रयास प्रधानमंत्री मोदी के अलावा राष्ट्रपति ट्रंप ने भी किए हैं। लेकिन ट्रंप का बर्ताव यूक्रेन की संप्रभुता के खिलाफ है। वे सब कुछ कारोबारी भाव से कर रहे हैं जबकि दोनों देशों के बीच स्थायी शांति के लिए गंभीर कूटनीतिक प्रयास करने की जरूरत है। संवाद की मेज पर दोनों देशों के प्रतिनिधि उपस्थित होने चाहिए। इस युद्ध ने विश्व की सप्लाई चेन को बुरी तरह प्रभावित किया है। रूस-यूक्रेन गैस और गेहूं उत्पादन के मामले में बहुत आगे हैं। गैस सप्लाई नहीं की गई, तो यूरोप कंपकंपाया है। गेहूं की आपूर्ति नहीं हो सकी, तो गरीब, पिछड़े देशों में खाद्य-संकट उभरा है। दुनिया भर की अर्थव्यवस्था भी गिरी है। रूस और यूक्रेन में धार्मिक, जातीय, नस्लीय, सांस्कृतिक समानताएं हैं। लेकिन पुतिन और जेलेंस्की के अहम के टकराव ने एक भयावह मानवीय त्रासदी खड़ी की। यह युद्ध इतना बेमकसद है कि इसे तुरंत रोकने की जरूरत है।

### विचार

वास्तविक धीर पुरुष तो वही है जिसका चित्त विकार उत्पन्न करने वाली परिस्थितियों में भी अस्थिर नहीं होता।

-कालिदास.

मैं ही आग हूं और मैं ही कूड़ा करकट। मेरी आग मेरे कूड़ा करकट को जलाकर भस्म कर दे, तो मैं अच्छा जीवन पाऊंगा।

-खलीन जिब्रान.

जिस तरह जौहरी ही असली हीरे की पहचान कर सकता है उसी तरह गुणी ही गुणवान की पहचान कर सकता है।

-संत कबीर.

जन्म के बाद मृत्यु, उत्थान के बाद पतन, संयोग के बाद वियोग, संचय के बाद क्षय निश्चित है। यह समझकर ज्ञानी भी, हर्ष और शोक के वशीभूत नहीं होते हैं।

-महाभारत.

यदि तुममे क्षमा नहीं है और दुनिया का सारा विज्ञान है तो वह विज्ञान तुम्हारा कल्याण नहीं कर सकता।

-स्वामी विवेकानन्द.

### सोशल मीडिया

पटना प्रवास के दौरान आज बीजेपी बिहार कोर कमेटी व मंत्रिपरिषद की बैठक में पदाधिकारियों से भाजपा के संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के संबंध में विचार विमर्श किया। जेपी नड्डा.



मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान बड़ी योजना है, 98 हजार से अधिक युवाओं ने इसमें आवेदन किया है, एक हजार करोड़ का बजट इसके लिए रखा गया है। सीएम योगी.



स्कुअस्ट शालीमार में पीएम किसान सम्मान समारोह और गोंगुल किसान मेले में भाग लिया सशक्त कृषि व किसान सशक्तीकरण में प्रगति दिखाते अभिनव स्टालों को देखा। उमर अब्दुल्लाह.



## जीवन में संतुलन

अंतर्दृष्टि

आर्थिक तंगी परेशान कर रही है। क्या इसमें अपनी फिजूलखर्ची और उपार्जन में उपेक्षा कारण नहीं। चूंकि दूसरे अधिक आदमनी वाले लोग अधिक खर्च करते हैं तो भी उनकी नकल करके वैसे ही शान बनायें, इस प्रकार से सोचना और अपनी हैसियत से अधिक खर्च करना कहां तक उचित है? जबकि हमसे कम कमाने वाले गरीब लोग भी अनी हैसियत के अनुरूप बजट बनाते और उसी में संतोष तथा व्यवस्था पूर्वक कार्य चलाते हैं तो हम वैसा क्यों नहीं कर सकते? जब और लोग हमारी अपेक्षा अधिक परिश्रम अधिक दौड़ धूप करके, शान और शेखी की परवाह न करके हलके समझे जाने वाले काम भी प्रसन्नतापूर्वक करते हैं औार अपने उचित खर्चों के लायक कमा लेते हैं तो हम आलस्य और शान शेखी की आड़ लेकर अवसर की प्रतीक्षा में क्यों बैठे रहें? यदि हमारा आर्थिक दृष्टिकोण सही हो, उपार्जन और व्यय के संबंध में समुचित सावधानी रहे तो ऋणी होने का, आर्थिक तंगी पड़ने का कोई कारण नहीं रह जाता। यह तंगी हम अपनी ही दुर्बताओं के कारण पैदा करते हैं और उनमें सुधार भी तभी होता है जब हमारी अपनी आदतें सुधरती हैं।

कोई सच्चा मित्र नहीं दीखता, शत्रुओं की संख्या बढ़ती जाती है या इसमें अपनी असहिष्णुता, कुतघ्नता, स्वार्थपरता, अशिष्टता, रूखापन आदि का कोई दोष नहीं है जो लोग दूसरों से मित्र भाव रखते हैं वे हमारे प्रति शत्रुता क्यों बरतते हैं, इस पर यदि कोई गंभीरता से विचार करे और बारीकी से आत्म निरीक्षण करे तो सहज ही यह पता चल जायेगा कि अपने अंदर भी कुछ ऐसे दोष हैं जो लोगों की दुष्टता को उभारने में बहुत हद तक सहायक होते हैं। जिन लोगों ने अपने स्वभाव में मधुरता की आवश्यक मात्रा का समावेश कर रखा है वे दुर्जनों में भी रहने वली थोड़ी सज्जनता को उभार लेते हैं और उनसे भी कुछ ऐसे लाभ उठा लेते हैं जैसे मित्रों से प्राप्त होते हैं। यह तथ्य समझ में आ जाये और मनुष्य अपने स्वभाव में आवश्यक परिवर्तन कर ले तो मित्रों की कमी और शत्रुओं की अधिकता वाली कठिनाई बहुत हद तक हल हो सकती है। घर में क्लेश रहता है, स्त्री, पुत्र कहना नहीं मानते, द्वेष और दुर्भाव बढ़ रहा है, क्या इसमें अपना अनावश्यक मोह, अनुचित नियंत्रण, डांट-डपट, कटु भाषण, प्यार से समझाने की उपेक्षा, आवश्यक प्रेम की कमी, न्यायोचित व्यवस्था की कमी, गुणों की प्रशंसा करने में कंजूसी आदि हमारा कोई दोष कारण नहीं। तब हो सकता है कि हमारे परिवार के लोग अपेक्षाकृत कुछ अधिक असंस्कृत हों और उनकी बुराइयां औरों से बहुत बढ़ी-चढ़ी हों।

## अथश्री राजनीति युगे कुर्सी

व्यंग्यलोक

निशानेबाज आजकल बाँकेलाल की बेचैनी दिन दूनी और रात चौगुनी बढ़ती जा रहीं है। उनकी रात काटे से नहीं कट रहीं है। जैसी हालत प्रेमिका की अपने प्रेमी के खोने पर होती है ठीक वैसे ही बाँकेलाल की हो गयी है। चुनाव जीतने के बाद जब से मुख्यमंत्री की कुर्सी छिनी है, तब से बेचारे सूखे छोहाडा हो गए हैं। उनकी आंखों की नींद और दिल का चैन गायब है। अबकी बार मुख्यमंत्री बनने के सपने कामयाब नहीं हुए। लोग नये वर्ष के जश्न में डूबे हैं। लेकिन वे पूस की रात में सत्ता की कुर्सी से चिपकने के बजाय रजाई से दिल लगाकर बैठे हैं। बाँकेलाल की धर्मपत्नी उन्हें कुछ इस तरह समझा रहीं हैं। 'दिल दीवाना बिन कुर्सी के मानेना, तू पगला है समझाने से समझे ना'। अब उन्हें कौन बताए बेचारी कुर्सी मुंगेरीलाल के हसीन सपने बन गयी। बाँकेलाल कुर्सी के प्रति बेहद वफादार थे। कभी कुर्सी से अलग नहीं हुए, लेकिन यह जुदाई उन्हें जहर जैसी लगती है। अब बेचारे बाँकेलाल को कौन समझाए। कुर्सी की जुदाई में उनकी हालत कुछ इस तरह हो गयी है।



प्रभुनाथ शुक्ल

'जब से छोड़ गयीं तू दिल मेरा ना लागे, तेरी याद में मेरे दोनों नैना जागें'। अब कुर्सी के लिए बाँकेलाल का जिया बेकरार है, लेकिन बेचारे अब करें भी तो क्या करें। सपने भी कितने बेवफा होते हैं लोगों की नींद चैन चुरा के चले जाते हैं। तभी तो लोग कहते हैं 'सपनों का क्या सपने सच नहीं हो पाते हैं, सागर की लहरों की तरह आते और जाते हैं'। सत्ता में पुनः वापसी के लिए उन्होंने कितना प्रयास किया। पूरी पार्टी को बंपर बहुमत से जीत दिलाई। उन्हें पूरा भरोसा था कि इस बार पार्टी उनकी मेहनत देख फिर सत्ता का सिंहासन उन्हें सौपेंगी लेकिन पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने ऐसा दगा दिया कि बेचारे न घर के रहे न घाट के। चुनाव जीतने के बाद भी जैसी हालत बाँकेलाल की है ठीक वैसे उनके विरोधी बनवारीलाल की। जीत के जश्न के लिए उन्होंने पूरे नौ मन के लड्डू बनाए थे। लेकिन बनवारीलाल की पार्टी का प्रदर्शन तो पिछले चुनाव से भी घटिया साबित हुआ। मुख्यमंत्री की कुर्सी तो छोड़िए पार्टी में दूसरी जिम्मेदारी भी छीन ली गई। यह शीर्ष नेतृत्व की चिड़िया भी गजब होती है। इसी चिड़िया के मारे बेचारे बाँकेलाल और बनवारी लाल जैसे बहुतेरे हैं। लेकिन अब कौन हाथी मारे और दाँत उखाड़े यानी शीर्ष नेतृत्व को कौन बदले। बाँकेलाल की हालत मुख्यमंत्री की कुर्सी जाने के बाद घायल शेर की तरह है, लेकिन अब बेचारे करें भी क्या। शीर्ष नेतृत्व से वह पंगा भी नहीं ले सकते हैं। वरना पार्टी दूसरी ताजपोशी पर भी चंद्रग्रहण लग सकती है। अब उनकी हालत 'दिल के अरमां आंसुओं में बह गए, हम वफा करके भी तन्हा रह गए। अब बाँकेलाल और बनवारीलाल की हालत उस शादी के लड्डू जैसी हो गयी है जो खाए तब भी पछताए और न खाए तब भी।

## पांच हजार मीटर दौड़ में गुलवीर ने बनाया रिकॉर्ड



खेल-जगत

एथलेटिक्स में अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत का रिकॉर्ड व प्रदर्शन खेल प्रेमियों की इच्छाओं के अनुरूप नहीं रहा है। लेकिन जब से जेवलिन में नीरज चोपड़ा ने नये कीर्तिमान स्थापित करने आरंभ किये हैं, तब से एथलेटिक्स में भी, भले ही धीरे धीरे ही सही, स्थितियां आवश्यक रूप से बदल रही हैं और भविष्य बेहतर नजर आने लगा है। अब धावक गुलवीर सिंह को ही लीजिये, जिन्होंने चीन में आयोजित एशियन गेम्स में कांस्य पदक जीता था, उन्होंने 21 फरवरी 2025 की रात को बोस्टन, अमेरिका, में इतिहास रचा।

हालांकि टेरियर डीएमआर चैलेंज इंडोर प्रतियोगिता की 5,000 मी. की दौड़ में गुलवीर सराहनीय चैथे स्थान पर रहे, लेकिन यह रेस 13 मिनट (12:59.77 सेकेंड्स) के भीतर पूरी करने वाले वह पहले भारतीय ही नहीं बल्कि एशियाई धावक बने। साथ ही इस 26-वर्षीय सैनिक ने वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप्स (जो 13 सितम्बर 2025 से टोक्यो में आयोजित होंगी) के लिए भी स्वतः ही क्वालीफाई कर लिया है क्योंकि 5,000मी में आटोमेटिक क्वालिफिकेशन मार्क 13:01.00 सेकेंड्स का है। गुलवीर ने अपने इस प्रयास से एशियन इंडोर रिकॉर्ड को भी ध्वस्त कर दिया है। बोस्टन यूनिवर्सिटी ट्रैक पर गुलवीर का शानदार प्रदर्शन थाईलैंड के किएरण तुन्तिवते के एशियन इंडोर रिकॉर्ड (13:08.41 सेकेंड्स) से बेहतर था, जोकि उन्होंने 2022 में स्थापित किया था। बोस्टन में गुलवीर ने अपनी पूरी जान झोंक दी थी, लेकिन इसके बावजूद वह बहुत ही मामूली अंतर से तीसरा स्थान पाने से चूक गये, जोकि ऑस्ट्रेलिया के जैक रायनेर ने 12:59.43 सेकेंड्स का समय निकालकर हासिल किया, यानी वह मात्र 00:00.34 सेकेंड्स से कांस्य पदक हासिल न कर सके। अमेरिका के ओलंपिक 1500मी. चैंपियन कोल होक्कर ने 12:57.82 सेकेंड्स समय के साथ स्वर्ण पदक प्राप्त किया, जबकि उनके ही देशवासी कूपर ने 12:57.97 सेकेंड्स में दौड़ पूरी करके रजत पदक पर कब्जा किया। इन समयों की अगर तुलना की जाये तो गुलवीर और पदक विजेताओं में कोई खास अंतर नहीं है। इसका अर्थ यह है कि अगर गुलवीर थोड़ी सी और मेहनत करके अपने समय को सुधार लें, जिसकी उनमें भरपूर क्षमता है तो वह अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पोडियम फिनिश कर सकते हैं। टोक्यो की वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप्स में अभी समय है। इस अंतराल का गुलवीर अगर सदुपयोग कर लेते हैं तो यह संभव है कि टोक्यो में हम उन्हें पोडियम पर खड़ा हुआ देखें।

गुलवीर का कहना है, बोस्टन में मेरा लक्ष्य 5,000मी में अपने सर्वश्रेष्ठ को बेहतर करना था। इसके लिए मैंने कॉलोराडो स्प्रिंग्स के अपने ट्रेनिंग सेंटर पर तैयारी की थी। मैं खुश हूं कि रेस के दौरान मैंने नया कीर्तिमान स्थापित किया। मेरे दिमाग में हरदम यह चलता रहता था कि मैं इस दौड़ को 13 मिनट से कम में पूरा करूं और मैं यह लक्ष्य सीजन की शुरूआती दौड़ों के दौरान ही हासिल करना चाहता था। मकसद पूरा करने पर वास्तव में बहुत अच्छा महसूस होता है। गुलवीर के रिकॉर्ड-तोड़ प्रदर्शन का यह भी अर्थ है कि उन्होंने अपना आउटडोर राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। पिछले साल उनका आउटडोर राष्ट्रीय रिकॉर्ड 13:11.82 सेकेंड्स था। पिछले साल जापान में गुलवीर ने 10,000मी आउटडोर में भी अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड (27:14.88 सेकेंड्स) तोड़ा था। इससे यह अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है कि गुलवीर अपने प्रदर्शनों में निरंतर सुधार लाते जा रहे हैं।

गुलवीर बताते हैं, मैं कॉलोराडो स्प्रिंग्स में अपने ट्रेनिंग बेस पर इस संतोष के साथ लौट रहा हूं कि मैंने वर्ल्ड एथलेटिक्स के लिए स्वतः प्रवेश मानक को हासिल कर लिया है। अब मैं छोटी सी ब्रेक लूंगा और फिर अपनी अगली दौड़ के लिए तैयारी करूंगा, जोकि अमेरिका में 29 मार्च 2025 को होगी। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही गुलवीर ने बोस्टन यूनिवर्सिटी ट्रैक पर ही आयोजित डेविड हेमरी वैलेंटाइन इनविटेशन प्रतियोगिता की 3000मी इंडोर दौड़ में अपना व राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा था। इसमें उनका समय था 7:38.26 सेकेंड्स। गुलवीर ने 2024 का अंत सबसे अच्छे संभावित नोट पर किया था कि जापान में हचिओजी डिस्टेंस एथलेटिक्स प्रतियोगिता की पुरुष 10,000मी दौड़ में उन्होंने नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित किया था। अपने इस निरंतर बेहतर होते प्रदर्शन का श्रेय वह एएफआई (एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया) के कोच स्कॉट सिम्मंस और आर्मी कोच यूनिस खान को देते हैं। **सारिम अन्ना.**

## आपकी बात

### देश में बढ़ता कर राजस्व

माह दर माह जीएसटी राजस्व में लगातार वृद्धि हो रही है। इसी तरह चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम माह अर्थात अप्रैल में जीएसटी कलेक्शन साल-दर-साल 12 प्रतिशत की वृद्धि के साथ सर्वकालिक ऊंचाई पर पहुंचना यह बताता है कि देश की अर्थव्यवस्था तमाम झंझावातों से जूझते हुए, खराब वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों और भू-राजनीतिक तनावों के बीच रास्ता बनाते हुए तेज गति से आगे बढ़ रही है और अब यह दुनिया भर की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज गति से प्रगति करने वाली अर्थव्यवस्था बन गयी है।

इसका प्रतिबिंब माह-दर-माह बढ़ते टैक्स कलेक्शन में देखने को मिल रहा है। बीते साल अप्रैल माह में 1.68 लाख करोड़ गुड्स एंड सर्विस टैक्स के रूप में सरकार के खजाने में आया था जो इस साल अर्थात अप्रैल 2023 में बढ़कर 1.87 लाख करोड़ पहुंच गया। यह सालाना आधार पर 12 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। अगर हम अन्य आंकड़ों पर बात करें मसलन वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए विभिन्न एजेंसियों द्वारा जीडीपी अनुमान, ई-वे बिल जेनरेशन, मैन्युफैक्चरिंग एवं सर्विस सेक्टर का पीएमआई इंडेक्स, तो यह सभी इस तरह इशारा करते हैं कि तमाम अनिश्चिताओं के बीच देश की अर्थव्यवस्था एकदम सही दिशा में आगे बढ़ रही है।

**शिवेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

### साइबर ठगी के बढ़ते मामले

देश में साइबर ठगी के मामले दिनोंदिन बढ़ रहे हैं। हर दिन एक-दो खबर ऐसी पढ़ने को मिल जायेगी जिसमें कोई डॉक्टर, शिक्षक या सेवानिवृत्त जीवन बिता रहे वरिष्ठजनों के ऑनलाइन फ्रॉड का शिकार होने की खबर पढ़ने को मिल जायेगी। साइबर क्राइम देश में बड़ा संकट बन गया है। इससे निपटने के लिए सरकारी प्रयास नाकाफी हैं। केंद्र ने साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर 1930 और रिजर्व बैंक की वेबसाइट पर जाकर शिकायत दर्ज करने की व्यवस्था की है लेकिन कितनी शिकायतें दर्ज होती हैं और कितनों का निपटारा होता है, यह बड़ा सवाल है। प्रौद्योगिकी में सक्षम लोग आज समाज पर एक नये तरह का प्रभुत्व और बढ़त भी हासिल कर चुके हैं। यह समस्या एक देश, एक समाज एवं वर्ग विशेष की नहीं, बल्कि विश्वभर में रह रहे हर मनुष्य के साथ जुड़ी हुई है। आज जो आर्थिक एवं डिजिटल तौर पर सक्षम है, वो सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक तौर पर कमजोर वर्ग को नियंत्रित करने की कोशिश करता है। वैश्विक स्तर पर इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध एवं यूक्रेन व रूस युद्ध के मूल कारणों पर चर्चा की जाए तो मूल कारण नियंत्रण ही है। लेकिन इस नियंत्रणकारी नीति का खामियाजा आम जनता को ही भुगतना पड़ता है, जो शायद पूरी तरह से युद्ध के कारणों व परिस्थितियों से रूबरू भी नहीं है। इस परिस्थिति में आम जनता के अधिकार विनाशकारी तरीके से रौंद दिए जाते हैं। यह कोई नई बात नहीं, द्वितीय विश्व युद्ध के अत्याचारों ने मानव अधिकारों के महत्व को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक अहम मुद्दा बना दिया था। इसी गंभीरता को समझते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को 10 दिसंबर 1948 को अपनाया था। इसके अंतर्गत समानता का अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार, भेदभाव से आजादी का अधिकार, अभिव्यक्ति का अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं भोजन का अधिकार आदि शामिल हैं जो व्यक्ति को समाज में हक एवं बिना किसी दबाव के जीने का अधिकार देते हैं। इसी के अंतर्गत डिजिटल सुरक्षा अधिकार को भी जोड़ा जाना चाहिए। भारत के संदर्भ में बात की जाये तो देश के संविधान में मौलिक अधिकारों का प्रावधान किया गया है। लेकिन इन अधिकारों का अनुपालन व अवहेलना सब कुछ परिस्थितियों के हिसाब से हो रहा है। वर्तमान में ह्यूमन राइट्स वॉच की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में डिजिटल सुविधाओं को बढ़ाने के लिए काम तो किया जा रहा है, लेकिन डेटा प्रोटेक्शन की कमी के कारण ठगी हो रही है।

**राघवेन्द्र कुमार वर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## यूजीसी नेट 2024 परीक्षा में पूर्णिमा सिन्हा ने प्राप्त किये 96.46 प्रतिशत अंक



बाराबंकी। यूजीसी नेट 2024 परीक्षा परिणाम मे जनपद मे तैनात पुलिस निरीक्षक भूपेन्द्र सिन्हा की पुत्री पूर्णिमा सिन्हा ने 96.46 प्रतिशत अंक प्राप्त कर माता-पिता समेत ससुरालीजनो का नाम रौशन किया है। असिस्टेट प्रोफेसर एण्ड् एडमिटेज्शन पीएचडी मे पूर्णिमा सिन्हा का रिजल्ट आया है। इससे पूर्व कर्नाटक राज्य के सेट की इंग्लिश विषय की असिस्टेट प्रोफेसर की परीक्षा मे पूर्णिमा ने 79 रैंक हासिल की थी। फातिमा स्कूल से हाईस्कूल की परीक्षा प्रथम आने वाली पूर्णिमा इण्टरमीडिएड मे भी प्रथम आई थी। इसके बाद काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी से बी0ए आनर्स व पोस्टग्रेजूएट मे भी पूर्णिमा प्रथम स्थान प्राप्त कर चुकी है। उन्होने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने परिवारजनो को दिया है।

## कमरे में मिला नशेड़ी युवक का शव

सोहावल-अयोध्या ।रौनाही थाना क्षेत्र की पुलिस चैकी सत्तीचैरा क्षेत्र के गांव हरिबंधनपुर के मजरे थरेरू निवासी कल्लू यादव पुत्र रक्षा राम उम्र लगभग 37 वर्ष का शव कमरे में पड़ा मिला। गले में रस्सी का फंदा लगा हुआ था। रस्सी टूटी हुई थी ।वहीं फरार्टा पंखा रखा था। आशंका जताई जा रही है कि जब युवक फांसी के फंदे पर लटका तो वजन अधिक होने के नाते रस्सी टूट गई और वह पंखे पर गिर गया। जिसके चलते उसको चोटें भी आई। मामले की जानकारी मृतक की मां राम सवारी द्वारा पुलिस को दी गयी । स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि मृतक शराबी किस्म का व्यक्ति था। सोमवार शाम को शराब के नशे में धुत होकर घर में बवाल भी किया था ।जिसकी करतूस से अजिज पत्नी मायके में रह रही थी। उत्पात से तंग मां और बहन दोनों ने पडोसी के घर में शरण ली। चैकी प्रभारी सत्तीचैरा एस पी सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## रोजगार मेले का आयोजन कल

अयोध्या। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, मॉडल कैरियर सेंटर, द्वारा दिनांक-27 फरवरी को प्रातः 10 बजे से राजकीय आई0टी0आई0 परिसर, बेनीगंज, अयोध्या में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। ऐसे अभ्यर्थी जिनकी आयु 18 से 35 वर्ष एवं शैक्षणिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टर एवं स्नातक है, प्रतिभाग कर सकते है। ऐसे अभ्यर्थी (रोजगार मेला आई0डी0-2401 एंव पोर्टल पर पंजीकरण कराकर प्रतिभाग कर सकते है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ उक्त दिनांक को राजकीय आई0टी0आई0 परिसर, बेनीगंज, अयोध्या में उपस्थित हों, इस हेतु किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय आदि देय नहीं है। उक्त जानकारी सहायक निदेशक सेवायोजन अयोध्या ने दी है।

## एसडीएम और पीडब्लूडी विभाग ने शुरू कराया सड़क निर्माण कार्य

सोहावल-अयोध्या। रौनाही ड्योढ़ी सम्पर्क मार्ग का कार्य कुछ विवाद के चलते लगभग एक वर्ष से रुका पड़ा था। पुलिस और पी डब्लू डी विभाग की सक्रियता के चलते मामले का समाधान हो गया ।जिसके सड़क का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। रविवार की देर शाम शुरू हुये रौनाही ड्योढ़ी संपर्क मार्ग निर्माण कार्य में दो पक्ष आपस में विवाद उत्पन्न कर रहे थे। एस डी एम सोहावल अभिषेक कुमार सिंह ने बताया कि मामले के निस्तारण के लिए तहसील प्रशासन की तरफ से टीम को भेजा गया था। जहां पर दो पक्षों द्वारा कुछ विवाद उत्पन्न किया जा रहा था। जिसकी सूचना मिली तो मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत किया गया और निर्माण कार्य देर शाम शुरू करा दिया जिससे समस्या का समाधान हो गया।

# मंडलायुक्त ने कलेक्ट्रेट परिसर का किया निरीक्षण

## राजस्व अभिलेखागार में सफाई, प्रकाश व अग्नि शमन यंत्रों की समुचित व्यवस्था कराने का किया निर्देश



अयोध्या। मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय (कलेक्टेज्ट) का निरीक्षण किया। इस दौरान उनका स्वागत पुष्प गुच्छ भेंटकर जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान उन्हें गॉर्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। उन्होंने भूलेख कार्यालय, राजस्व न्यायालयों, राजस्व अभिलेखागार, न्यायिक अभिलेखागार, आंग्ल अभिलेखागार, राजस्व लेखाकार पटल, सामान्य लिपिक पटल, नजारत व अन्य प्रशासनिक कार्यो हेतु बनाये गये पटलों का निरीक्षण किया। राजस्व अभिलेखागार में सफाई, प्रकाश तथा अग्नि शमन यंत्रों, कीटनाशक छिड़काव की समुचित व्यवस्था उपलब्ध रखने के निर्देश सम्बंधित को दिये। भूलेख कार्यालय के निरीक्षण के दौरान सेवा सम्बंधी प्रकरणों की स्थिति व पेंशन सम्बंधी प्रकरणों की स्थिति का अवलोकन करते हुये उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि सभी कार्मिकों को सरकार द्वारा उनके हित में चलायी गयी योजनाओं का लाभ मिले तथा उनकी सेवा सम्बंधी अन्य प्रपत्र अद्यतन रहे। इस दौरान उन्होंने सभी पटल सहायकों एवं प्रभारियों से कहा कि जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले आम जनमानस की समस्याओं को सकारात्मक रूप से सुना जाय और उनकी हरसम्भव मदद की जाय।

राजस्व न्यायालय के निरीक्षण के दौरान उन्होंने न्यायालय में लम्बित समस्त राजस्व वादों के आर0सी0सी0एम0एस0 प्रणाली पर प्रवृष्टि करने, निर्णित वाद पत्रावलियों के दाखिल किये जाने की स्थिति का भी अवलोकन कर सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। नरीक्षण के दौरान उन्होंने परिसर की साफ सफाई, जनसामान्य के लिए बैठने, स्वागत कक्ष, पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था का अवलोकन किया तथा सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने कलेक्टेज्ट परिसर में स्थित विभिन्न पटलों सहित अन्य सम्बंधित जानकारियां आय को दी। इस दौरान अपर आयुक्त प्रशासन अजयकान्त सैनी, अपर जिलाधिकारीगण सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्र के नवनिर्माण में योग महत्वपूर्णः प्रो. शैलेन्द्र

-आयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा, खेल एवं योगिक विज्ञान संस्थान में पीएम उषा के सॉफ्ट कॉम्पोनेंट्स के अंतर्गत आयोजित योग प्रतियोगिता बड़े ही उत्साह पूर्ण रीति से संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर शैलेंद्र वर्मा, संयोजक खेल एवं योग समिति, डॉ.राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में योग विशेषज्ञ महिमा उपाध्याय, आयुष विभाग आयुर्वेद चिकित्सालय कनीगंज अयोध्या एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो0 नीलम पाठक अधिष्ठाता छात्र कल्याण की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं माता सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पार्चन से हुआ। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो0 शैलेंद्र ने कहा कि राष्ट्र के नवनिर्माण में योग का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। यौगिक अनुशासन शारीरिक एवं मानसिक रोगों की दर में कमी करके राष्ट्र के आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि योग जीवन के प्रत्येक क्षण का अभिन्न अंग होना चाहिए।

## कई आरोपों से घिरे निलंबित प्रधानाचार्य को प्रबन्ध कमेटी ने किया बर्खास्त

बाराबंकी। सिटी इण्टर कालेज मे तैनात रहे निलंबित प्रधानाचार्य शिवचरन गौतम को आज प्रबन्धक कमेटी की त्रि-सदस्यीय जांच उपसमिति द्वारा दोषी पाये जाने पर बर्खास्ती की कार्यवाही की गई है। आपको बता दे कि फर्जी शैक्षिक प्रमाण अभिलेखो, झूठा शपथ-पत्र देकर वेतन आर्हित करने, कार्य स्थल पर यौन शोषण, नैतिक पतन, प्रशासनिक अक्षमता, कार्यशिथिलता, अनुशासनहीनता व विद्यालय मे किये गये गबन आदि गम्भीर आरोपो मे जांच कमेटी द्वारा दोषी पाये पर बर्खास्ती की कार्यवाही की गई है। आपको बता दे कि निलंबित प्रधानाचार्य पर पूर्व मे भी आरोप लगे थे। प्रबन्धक द्वारा इनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराये जाने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक समेत प्रमुख सचिव को भी पत्र प्रेषित किया गया था। बावजूद जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा सिटी इण्टर कालेज मे ही निलंबित प्रधानाचार्य को केन्द्र व्यस्थापक संस्कृत परीक्षा बना दिये जाने के बाद प्रबन्धक द्वारा जिलाधिकारी को भी शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया था। आज त्रि-सदस्यीय जांच कमेटी की जांच आख्या के आधार पर बर्खास्ती की कार्यवाही की गई है।

## सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ



जैदुपुर, बाराबंकी। सहयोगी आर0बी0पी0जी कॉलेज खुशहालपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम व द्वितीय का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ चयनित ग्राम रहिमाबाद व सतावां मे महाविद्यालय प्रबंधक इं0 अरुण कुमार वर्मा ने महाविद्यालय परिसर में एन0एस0एस ध्वजारोहण व दीप प्रज्वालित कर किया। इस मौके पर प्रबंधक श्री वर्मा ने एनएसएस के लक्ष्य व उद्देश्य की चर्चा करते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास होता है तथा वे सामाजिक सेवा के माध्यम से अपने परिवार व देश को सुदृढ़ बनाने मे अहम भूमिका निभाते है। प्राचार्य डॉ0 दारा सिंह ने कहा कि एनएसएस छात्रों को व्यक्तिगत रूप से और समूह के रूप मे भी विकसित होने मे मदद करता है। एनएसएस गतिविधियों के तहत विभिन्न कार्यों के लिए स्वयं सेवा करने से छात्रों को आत्म विश्वास मिलता है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि रजत बहादुर वर्मा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ0विनोद कुमार गौतम, प्रवक्ता राघवेन्द्र सिंह, अवधराम, हनुमान ज्ञानी, गीता वर्मा, मधु, प्रियंका शुक्ला, निधि, आकांक्षा, इंद्राज सिंह, दीपक सिंह आदि मौजूद रहे।

## बाहर से एक्स-रे कराने को मजबूर मरीज

### एक टेक्नीशियन छुट्टी पर, तो दूसरा महीनों से है गायब

मिल्कीपुर-अयोध्या। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के नाम पर भले ही सरकार द्वारा लाखों का बजट खर्च किया जा रहा हो, लेकिन मरीजों को एक्स-रे तक की सुविधा नहीं मिल पा रही है। यह आलम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर में देखने को मिला, वहीं स्वास्थ्य एटीएम खराब होने से जांचें भी नहीं हो पा रही है। सरकारी अस्पतालों में मरीजों को मुफ्त व जरूरी इलाज का सरकारी दावा खोखला साबित हो रहा है। मंगलवार को मरीज एक्स-रे कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर पहुंचे एक्स-रे कक्ष खुला तो था, लेकिन टेक्नीशियन का छुट्टी पर होने के चलते मरीजों को मायूस होना पड़ा, कुछ कर्मचारियों को कहना है कि डार्क रूम सहायक आशीष कुमार शुक्ला लगभग दो महीनों से अनुपस्थित है ।अधीक्षक के अनुसार उन्हें स्पष्टीकरण नोटिस भेजा गया था, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला ।मुख्य चिकित्सा अधिकारी को भेजी गई रिपोर्ट में बताया गया है कि आशीष कुमार शुक्ला की अनुपस्थिति से टीबी प्रोग्राम भी प्रभावित हो रहा है ।उन पर ड्यूटी के दौरान शराब के नशे में आने का भी आरोप है। फिलहाल अधिकारियों ने उनका वेतन रोक दिया है। कई बार मौखिक और लिखित चेतावनी के बाद भी उनके काम में सुधार नहीं आया है। फिलहाल हड्डी रोग से संबंधित मरीजों को किसी प्रकार की राहत सीएचसी मिल्कीपुर से नहीं मिल रही है। लोग बगैर इलाज करायें वापस जा रहे हैं, और प्राइवेट चिकित्सकों से इलाज करने को मजबूर हो रहे हैं ।अधीक्षक डॉ पंकज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि एक्स-रे टेक्निशियन बलवंत सिंह के घर में शादी होने के कारण दो दिन की छुट्टी पर हैं, वहीं डार्क रूम सहायक आशीष कुमार शुक्ला पिछले दो महीने से अनुपस्थित है।

# वकीलों के प्रदर्शन की ड्रोन से हुई वीडियोग्राफी

## डीएम को ज्ञापन देने की जिद पर अड़े अधिवक्ता




बाराबंकी। एड्वोकेट संशोधन विधेयक 2025 के विरुद्ध शातिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओ ने महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी शांशक त्रिपाठी को सौपा। जिला बार एसोसिएशन के बैनर तले सुबह 11 बजे शुरू हुये शांतिपूर्ण प्रदर्शन मे अधिवक्ताओ का गुस्सा तब देखने को मिला। जब जिलाधिकारी ने ज्ञापन लेने के लिये प्रशासनिक अधिकारियो को अधिवक्तााओ के समक्ष भेज दिया। जिसके बाद अधिवक्ताओ का गुस्सा फूट पड़ा। और शातिपूर्ण प्रदर्शन नारेबाजी मे बदल गया। अधिवक्ता मांग पर अडे रहे कि ज्ञापन जिलाधिकारी को ही देगे। तो वही प्रशासनिक अधिकारी मीटिंग का हवाला देते हुये अधिवक्ताओ को समझाने का प्रयास करते रहे। उस पर जिलाधिकारी कार्यालय जाने वाले रास्ते पर सुरक्षा कर्मियो द्वारा गेट बंद कर देने से नाराज सैकड़ो की तादात मे अधिवक्ताओ ने रोड़ पर नारेबाजी शुरू कर दी। लगभग 2 घंटे तक चले प्रदर्शन के बाद प्रशासन ने मौके की नजाकत को देखते हुये ड्रोन से पूरे प्रदर्शन की वीड़ियो ग्राफी कराते हुये सीआरपीएफ तक को बुला लिया। जिसके बाद अधिवक्ताओ का कहना था कि हम अपराधी नही है। विधि के जानकार है और अपनी बात को संवैधानिक तरीके से रख रहे है। काफी देर तक चले प्रदर्शन के बाद आनन-फानन मे जिलाधिकारी ने कोषाधिकारी कार्यालय पर अधिवक्ताओ से ज्ञापन लिया। जिसके बाद सभी अधिवक्ता सिविल कोर्ट की ओर शातिपूर्ण तरीके से वापस लौट गये।

## आईजीआरएस संदर्भों की समीक्षा पर डीएम ने की बैठक



बहराइच । आई.जी.आर.एस. जनसुनवाई प्रणाली के अन्तर्गत प्राप्त लम्बित/असंतुष्ट फीड की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जिले के अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रतिदिन सुबह व शाम 15-15 मिनट के लिए आईजीआरएस व सीएम डैशबोर्ड की अपने स्तर से स्वयं समीक्षा करें। डीएम ने कहा कि शासन स्तर पर मुख्यमंत्री जी द्वारा स्वयं आईजीआरएस व सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा की जाती है। डीएम ने कहा कि सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सभी सन्दर्भों का समयबद्धता के साथ गुणवत्तापूर्वक निस्तारण किया जाय। सर्वाधिक असंतुष्ट आख्या वाले विभागों की समीक्षा के दौरान डीएम ने समाज कल्याण, पंचायती राज, बेसिक शिक्षा, जल निगम, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, बीडीओ व एडीओ (पं.), जिला विद्यालय निरीक्षक व उपायुक्त मनरेगा द्वारा आईजीआरएस/गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न करने से जिले की रैंकिंग प्रभावित होने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि असंतुष्ट फीड बैक की स्थिति को 28 फरवरी तक समाप्त किया जाय। डीएम ने स्पष्ट शब्दों में अधिकारियों को सचेत किया कि असंतुष्ट आख्या के लिए जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध कार्रवाई करें अन्यथा उनके द्वारा जिला स्तरीय अधिकारियों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

# डीएम ने की निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक



बहराइच। जनपद में विभिन्न विभागों अन्तर्गत संचालित निर्माण कार्यो की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करती हुईं जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा प्रशासकीय विभागों एवं कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों के साथ प्रोजेक्टवार प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान बताया गया कि जनपद में कुल 2355.28 करोड़ लागत से विभिन्न योजनाओं अन्तर्गत रू. 50 लाख से अधिक लागत की कुल 110 परियोजनाओं में रू. 1777.59 करोड़ की धनराशि व्यय कर 94 प्रतिशत वित्तीय एवं 74 प्रतिशत भौतिक प्रगति प्राप्त की गयी हे। जिले में कुल 50 निर्माण कार्य पूर्ण हो गये हैं।

डीएम मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि विभागीय अधिकारी अपने विभाग की निमार्णाधीन परियोजनाओं का गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने के लिए स्वयं कार्यस्थल का निरीक्षण करे एवं निर्माण कार्य की प्रगति का नियमित रूप से अनुश्रवण करें। समस्त कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया गया कि सीएमआईएस पोर्टल अपने निर्माण कार्यों की फिडिंग अनिवार्य रूप से अद्यतन रखें। भूमि सम्बन्धी मामलों कार्यदायी संस्था व विभागीय अधिकारी मात्र पत्राचार तक सीमित न रहें बल्कि उप जिलाधिकारी से समन्वय कर समस्या का समाधान करायें। डीएम ने कहा कि जिन परियोजनाओं की भौतिक प्रगति 85 प्रतिशत या इससे अधिक है, ऐसे कार्यों को आगामी माह तक पूर्ण कर लिया जाय।

डीएम ने पी.एम. श्री विद्यालयों में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि जिन विद्यालयों का कार्य पूर्ण हो गया है उन्हें तत्काल हैण्डओवर करने की कार्यवाही पूर्ण की जाये। समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत निमार्णाधीन मल्टीपर्पज हाल का कार्य 31 मार्च तक पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये। डीएम ने कहा कि निमार्णाधीन भवनों में रंगाई-पुताई एवं विद्युत वायरिंग इत्यादि का कार्य मानक एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराया जाय।

## अनधिकृत ई-रिक्शा के अवैध संचालन के खिलाफ एआरटीओ ने चलाया अभियान



बाराबंकी। जनपद में ई-रिक्शा के अवैध संचालन पर रोक को लेकर परिवहन विभाग ने वृहद स्तर पर अभियान चलाया। इस दौरान ई-रिक्शा चालकों से गाड़ी के रजिस्ट्रेशन, ड्राइविंग लाइसेंस, नम्बर प्लेट आदि कागजातों की जांच करते हुये विधिक कार्यवाही की गई। आज लखनऊ-बाराबंकी हाइवे पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला, यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की संयुक्त टीम ने हाइवे पर संचालित अनाधिकृत 15 ई-रिक्शा को थाना मोहम्मदपुर मे बंद किया। अभियान की जानकारी लेने पर एआरटीओ श्रीमती शुक्ला ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर ई-रिक्शा चलाना नियम के विरुद्ध है। जिसमे आज अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले 15 ई-रिक्शा को पकड़ा गया। तथा उनको सीज किया गया।

## अवध विवि के स्वर्ण जयंती पर छात्रों ने श्रोताओं को झूमने पर किया मजबूर



अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में दूसरे दिन छात्र-छात्राओं द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के कुशल मार्ग-दर्शन में स्वामी विवेकानन्द प्रेक्षागृह में मंगलवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम शुभारम्भ छात्र-छात्राओं के एकल डांस से किया गया। एकल गायन में आशा भगवान बख्श पीजी कालेज की छात्रा ने घर मोरे परदेशिया ने श्रोताओं भावविभोर कर दिया। खाईके पान बनारस के बोल पर छात्रों ने पूरी सभा झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं घूमर घूमर घूमे रे के बोल व क्रेजी किया रे पर छात्र-छात्राओं ने मनोहारी डांस किया। बीटेक के छात्रों ने मौजे मौजे ही मौजा ग्रुप डाँस में शमा बांध दी। छात्रों ने झूठे खाई थी कसम के बोल पर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वही मनूचा की छात्राओं ने श्री गणेश देवा एवं नाट्य प्रतियोगिता में काली घोड़े नाल पर मनमोहक प्रस्तुति देकर जनश्रोताओं को भावविभोर कर दिया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम की निर्णायक डॉ. प्रतिभा देवी, डॉ. स्नेहा पटेल व डॉ. रितिका मिश्रा रही। सांस्कृतिक कार्यक्रम के समन्यवक प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने छात्र-छात्राओं की प्रतिभा पर प्रसन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि इनके अंदर बहुत सारी प्रतिभाएं है बस इन्हें दिशा देने की जरूरत है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक ने कहा कि छात्र-छात्राओं में अपार प्रतिभा देखकर मन प्रफुल्लित हो गया। मंच का संचालन सृजनिका मिश्रा एवं मीनाक्षी पाठक एवं अग्रिका ने किया। इस कार्यक्रम में प्रो0 शैलेन्द्र कुमार वर्मा, डॉ0 शाम्भवी शुक्ला, डॉ0 अंकित मिश्रा, डॉ0 शिवांश, डॉ0 अनुराग सिंह, डॉ0 प्रदीप सिंह, डॉ0 पंकज सिंह, डॉ0 राकेश कुमार, डॉ0 अनुराग तिवारी, डॉ0 मणिकांत त्रिपाठी, डॉ0 स्वाति सिंह, डॉ0 महेन्द्र पाल सिंह, आशीष मिश्रा, डॉ0 आलोक मिश्रा, डॉ0 राजेश सिंह, डॉ0 श्रीश अस्थाना, के0के0 मिश्रा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## अवध विवि के सिंधी केंद्र में हुआ मानस पर व्यापक विमर्श

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर साहित्य गतिविधि समिति के तत्वावधान में अमर शहीद संत कँवरराम साहिब सिंधी अध्ययन केंद्र में श्री रामचरितमानस पर व्यापक विमर्श प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थी वक्ताओं ने पुस्तक चर्चा के दौरान श्री रामचरितमानस की प्रासंगिकता को पुनः सिद्ध करते हुए कहा कि मानस कल भी प्रासंगिक था, आज भी प्रासंगिक है और भविष्य में भी प्रासंगिक रहेगा। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. अनूप कुमार ने कहा कि मानस लोक संस्कृति तथा जीवन मूल्यों का मनोवैज्ञानिक पक्ष अपने श्रेष्ठतम रूप में प्रस्तुत करता है। डॉ. नीलम सिंह ने मानस को नैतिकता और सदाचार का महाकाव्य बताया। अध्ययन केंद्र के सलाहकार ज्ञानप्रकाश टेकचंदानी ह्लसरलह्ल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मानस परिवार के प्रत्येक सदस्य के कर्तव्य का सांगोपांग वर्णन करने वाला ग्रंथ है। डॉ. अनुराग सोनी ने कहा कि मानस जीवन जीने की जबरदस्त अभिव्यक्ति है।

# अधिकारों को मिटाने की साजिश कर रही भाजपा सरकार : फिरोज

## पीडीए की जन पंचायत में अखिलेश यादव को पुनः मुख्यमंत्री बनाने का लिया गया संकल्प




सोहावल-अयोध्या ।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर 27 जनवरी 2025 से प्रदेश के सभी जनपदों में बूथ स्तर तक पीडीए पंचायत आयोजित किए जाने के कड़ी में मंगलवार को बीकापुर विधानसभा में बीकापुर विधानसभा से समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रत्याशी रहे हाजी फिरोज खान उर्फ गब्बर के नेतृत्व में आयोजित पीडीए जन पंचायत में एक स्वर के साथ 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने और अखिलेश यादव को पुनः मुख्यमंत्री बनाने के संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि पूरा प्रदेश अखिलेश यादव के तरफ आशा भरी निगाहों से देख रहा है 2027 में उत्तर प्रदेश में इस संविधान विरोधी सरकार का अंत होगा। कार्यक्रम के आयोजक बीकापुर विधानसभा से समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रत्याशी हाजी फिरोज खान गब्बर ने जन पंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि, मौजूदा सरकार बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर द्वारा लिखित संविधान में मिले अधिकारों को मिटाने की पूरी साजिश कर रही है, पीडीए जन पंचायत द्वारा एक-एक गांव एक-एक बूथ पर पहुंचकर लोगों को जागृत करने का कार्य किया जायेगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता बीकापुर विधानसभा अध्यक्ष अजय कुमार वर्मा उर्फ राजू वर्मा एवं संचालन यूवजन सभा के जिलाध्यक्ष जय सिंह यादव ने किया। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव कृष्ण कुमार पटेल, जिला महासचिव बख्तियार खान, जिला उपाध्यक्ष एवं बीकापुर विधानसभा प्रभारी एजाज अहमद, जिला पंचायत सदस्य अजय रावत, सोहावल ब्लाक अध्यक्ष राजेश यादव, मसौधा ब्लॉक अध्यक्ष सूरज निषाद, बीकापुर ब्लॉक अध्यक्ष गया प्रसाद यादव, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष राशिद जमील, अनुसूचित प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष विद्याभूषण पासी, सतीश यादव, पिछला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष गोविंद विश्वकर्मा, सलीम खान, राम अचल आलू, महिला सभा की जिला अध्यक्ष सरोज यादव, नरेन्द्र यादव, अजीत यादव, अवधेश गोस्वामी, शरद पासवान, जग जीवन पटेल, बसंत लाल चैरसिया बुद्धराम यादव, चंद्र प्रकाश यादव, अनंतराम यादव, फूलचंद यादव, दानबदुर यादव, डा. शिव कुमार यादव, दुर्गेश सोनी, राम नारायण चैहान, रीता निषाद, अंगद यादव, आलिम खान, शाहरुख पठान, प्रधान खुर्शीद खान, अश्वनी कुमार, राम किशुन रावत, वकार खान, सभासद अबरार खान, अजय रावत, दिनेश चैधरी, राम सहाय कोरी, दानिश खान, अहसात खान, आमिर खान, रामू चैहान, दया शंकर भारती, कल्लू खान, खालिद खान, रामू चैहान, नफीस खान, निजाम खान, दीपक, गोपीनाथ वर्मा, अयान खान, राम करण मुसई, मासिदुल खान, अशोक पासी साहित बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## श्याम सारथी महाराज की कथा सुनकर भाव विभोर हुए भक्तगण

अयोध्या। तहसील मिल्कीपुर क्षेत्र के मऊ घनश्यामपुर में चल रही नव दिवसीय श्री राम कथा में आठवें दिन की कथा सुनाते हुए कथा व्यास पूज्य श्याम सारथी जी महाराज ने कहा, ह्लजग जप राम राम जप जेहि, यानी भगवान स्वयं महराज भरत का स्मरण करते हैं। महराज तुलसी दास ने मानस में महराज भरत के महिमा मंडन करते हुए कहा कि तीर्थराज प्रयाग ने उन्हें साधु कहा, भगवान ने लक्ष्मण से कहा कि भरत जैसा पवित्र भाई संसार में दुर्लभ है, और जनक जी ने रानी सुनयना से कहा कि भरत की महिमा भगवान भी पूरी तरह से नहीं बता सकते। महाराज भारत भगवान श्रीराम की वन जाने से व्यथित भरत जी की साधना इतनी कठिन थी कि स्वयं गुरु वशिष्ठ भी उनके पास जाने से घबराते थे। जब उन्हें पिता दशरथ की मृत्यु और भगवान राम के वन जाने का समाचार मिला, तो वह व्यथित हो उठे। भरत जी ने माता कैकेई को कठोर शब्द कहे और सभा में सभी को फटकार लगाई। कौशल्या जी के समझाने पर उन्होंने भगवान से मिलने का संकल्प लिया और अयोध्या वासियों के साथ चित्रकूट पहुंचे।

संक्षेप

## स्कूल की बोलेरो ने मासूम को कुचला, मौत

**अमेठी।** जनपद में दर्दनाक हादसा सामने आया जहां घर के बाहर खेल रहे 2 वर्षीय बच्चे को स्कूल की बोलेरो ने टक्कर मार दी.हादसे में बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची पुलिस ने बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी है. पुलिस ने आरोपी चालक को गाड़ी समेत हिरासत में लेकर मुकदमा दर्ज कर लिया है । मामला मोहंगनज थाना क्षेत्र के पीढ़ी रोड स्थित लालगंज चौराहे का है. जहाँ चौराहे पर रहने वाले अहमद रजा का दो वर्षीय बेटा घर के बाहर खेल रहा था तभी बच्चों को लेकर स्कूल जा रही डीबीएस स्कूल की बोलेरे ने बच्चे को टक्कर मार दी. हादसे में बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही मोहंगनज पुलिस मौके पर पहुँची और बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज गाड़ी समेत चालक को हिरासत में ले लिया है. ।पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पूरे मामले पर मोहज एसएचओ राकेश सिंह ने कहा कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है.गाड़ी समेत चालक को हिरासत में लेकर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है ।

# स्कॉर्पियों को ट्रक ने मारी टक्कर 3 की मौत, 3 घायल



**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर सोमवार रात एक बड़ा सड़क हादसा हुआ।प्रयागराज से लौट रही स्कॉर्पियों को एक ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी।हादसे में तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई।तीन अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं। गाड़ी चालक को आई मामूली चोट।

जानकारी के अनुसार कूरेभार थाना क्षेत्र में एक्सप्रेस-वे के 116.7 किमी पर एक स्कॉर्पियो वाहन कूरेभार टोल से चढ़कर हलियापुर टोल की तरफ जा रही थी।जिसे बिहार प्रांत के मोतिहारी जिले के हरसिद्धि निवासी अशोक कुमार चैबे पुत्र रमाकांत चैबे चला रहे थे, जिसमें बिहार प्रांत के ही रवींद्र नाथ तिवारी पुत्र सूरज प्रसाद तिवारी उम्र 58 वर्ष और उनकी पत्नी रीता देवी उम्र 50 वर्ष निवासी मठलो हियार थाना हरसिद्धि जिला मोतिहारी और सत्येंद्रकांत पांडेय उम्र 57 वर्ष उनकी पत्नी शशिबाला पाण्डेय उम्र 55 वर्ष और बेटा रितेश पांडेय उम्र 26 वर्ष निवासी सोनवर्षा थाना हरसिद्धि जिला मोतिहारी और अशोक कुमार चौबे पुत्र रमाकांत चैबे उम्र 42 वर्ष और उनकी पत्नी किरण चैबे उम्र 39 वर्ष निवासी हरसिद्धि थाना हरसिद्धि जिला मोतिहारी बिहार बैठे थे। जैसे ही वह एक्सप्रेस वे के माइलस्टोन 116 किमी पर पहुंचे थे और तभी गाड़ी में ब्रेक लगाकर रुकना चाह रहे थे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने स्कार्पियो में पीछे से टक्कर मार दी और वाहन लेकर फरार हो गया।यूपीडा की टीम एम्बुलेंस के साथ मौके पर पहुंची और राहत बचाव करते हुए बिहार प्रांत के मोतीहारी जिले के स्कॉर्पियो सवार सभी घायलों को सीएचसी कूरेभार ले जाया गया।जहां चिकित्सक ने सत्येंद्र कांत पांडेय और उनकी पत्नी शशिबाला पाण्डेय और रीता देवी को मृत घोषित कर दिया। घायल तीनों यात्रियों मृतक सत्येंद्रकांत पाण्डेय के बेटे रितेश कुमार पांडेय, चालक अशोक चैबे की पत्नी किरन देवी और मृतक रीता देवी के पति रविन्द्र नाथ तिवारी को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। कूरेभार थाना अध्यक्ष शारदेंदु दुबे ने बताया कि मृतकों के शवों को मोर्चरी में रखा गया है। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों से तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**ट्रक में घुसी कार, चार लोग गंभीर रूप से घायल**

**हरचंदपुर, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के गंगागंज बाजार में एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर ट्रक में जा घुसी। इस दर्दनाक हादसे में कार में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि तेज गति और संभवतः चालक के वाहन पर नियंत्रण खो देने के कारण यह हादसा हुआ। पुलिस ने बताया कि सभी घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है। घायलों की पहचान और हादसे के सटीक कारणों की जांच की जा रही है।

## शादी का झांसा देकर तलाकशुदा महिला से दुष्कर्म, दी हत्या की धमकी

- तीन वर्ष पूर्व महिला का हो चुका है तलाक, महिला के हैं एक बेटा और बेटी

**रायबरेली।** कोतवाली नगर क्षेत्र ने अंतर्गत तलाकशुदा मुस्लिम महिला को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। पति से तलाक के बाद महिला की मुलाकात डलमऊ थाना क्षेत्र के रहने वाले एक युवक से हुई तो उसने शादी का झांसा देकर महिला के शारीरिक संबंध बनाए। पीड़ित महिला का आरोप है डलमऊ थाने में सुनवाई नहीं हुई तो मुझे मजबूर होकर मुख्यमंत्री पोर्टल में शिकायत करनी पड़ी है।न्याय के लिए महिला दर-दर की ठोकरें कहा रही है।

उल्लेखनीय है कि पीड़ित महिला की शादी कानपुर जनपद के रहने वाले दानिश पुत्र कबीर से हुई थी। इनका तलाक तीन वर्ष हो चुका है। दोनों से एक बेटा और बेटी है।बीते अगस्त माह में शहर के त्रिपुला चैराहे पर डलमऊ थाना क्षेत्र के बडेरवा गांव के रहने एक युवक से मुस्लिम महिला की मुलाकात हुई।यह मुलाकात दोस्ती में बदली।इसी दौरान महिला का आरोप है एक युवक ने मुझसे शादी करने की बात कही और मुझे विश्वास में लेकर मेरे साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाया और लगातार शादी का आश्वासन देकर शारीरिक सम्बन्ध बनाता रहा जिसका नतीजा यह हुआ कि मैं गर्भवती भी हो गई।जिसकी जानकारी भी उसने युवक को दी।जिस पर युवक ने कही से गर्भ निरोधन दवा लाकर खिला दी और गर्भ भी गिर गया और अब वह युवक मुझसे कोई संपर्क नही कर रहा है।वहीं उसके परिवार के लोग मुझे धमकी दे रहे है।परेशान होने के बाद इसकी शिकायत डलमऊ थाने पर की लेकिन सुनवाई नहीं हुई।सीएम पोर्टल में शिकायत कर महिला ने न्याय की गुहार लगाई है। क्षेत्राधिकारी डलमऊ अरुण नौहवार ने बताया मामला संज्ञान में नहीं है, जानकारी के बाद कार्रवाई की जायेगी।

## सात दिवसीय भागवत कथा की तैयारी

**बाजार शुक्ल, अमेठी।** क्षेत्र के पूरे नारायण में आयोजित होने वाली सात दिवसीय भागवत कथा की शुरुआत भव्य कलश यात्रा के साथ हुई।यह कलश यात्रा कथा स्थल से प्रारंभ होकर मां कामाख्या धाम तक पहुंची।यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर मंगल कलश लेकर चल रही थीं मार्ग में कई स्थानों पर स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।गाजे-बाजे की धुन पर लोगों ने नृत्य भी किया।कार्यक्रम के आयोजक राम पाल यादव ने बताया कि भागवत कथा 24 फरवरी से 2 मार्च तक चलेगी।इसके बाद 3 मार्च को पूर्ण आहुति हवन और 4 मार्च को भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## विनोद शर्मा बने जेंवार प्रमुख अठगवां



**अमेठी।** नाई सेन सविता समाज द्वारा डॉ आंबेडकर सामुदायिक केंद्र धरमैतेपुर में एक बैठक कर समाज को मजबूत व एकता की सूत्र में पिरोने के साथ-साथ सामाजिक ढांचे को सुदृद्ध बनाने के लिए बैठक की गई।इस बैठक में विशेष मुद्दा जेंवार के पूर्व चौधरी स्वर्गीय राम रूप शर्मा के निधन के बाद रिक्त हुए पद पर सर्वसम्मति से धरमैतेपुर निवासी विनोद शर्मा को जेंवार प्रमुख, गोपाल चंद्र शर्मा मडेरिका को उप जेंवार प्रमुख व पूर्व में चौधरी रहे स्वर्गीय राम रूप शर्मा के बड़े पुत्र महेश शर्मा को उप चौधरी बनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के प्रतिष्ठित समाजसेवी दादा स्वामी नाथ शर्मा ने किया व चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए सामाजिक संगठन महापद्मनंद वेलफेयर आगेर्नाईजेशन के प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य विनोद शर्मा व हथकिला जेंवार के सम्मानित चौधरी राजेंद्र शर्मा ने संयुक्त रूप से पर्यवेक्षक के रूप में रहे। कार्यक्रम का संचालन अठगवां जेंवार के सम्मानित सदस्य व संगठन के प्रांतीय कोषाध्यक्ष राजेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर जेंवार के उप चौधरी सूर्य नारायण शर्मा व लाल प्रताप शर्मा के साथ सुनील कुमार, विश्व मोहन शर्मा, कामता प्रसाद शर्मा, सुरेश शर्मा, ठेकेदार शर्मा, अजय शर्मा, सुदामा शर्मा, तारकनाथ शर्मा, राम प्रसाद शर्मा, लल्लन शर्मा, अयोध्या प्रसाद शर्मा, प्रेमचंद शर्मा, अरुण शर्मा, राहुल शर्मा आदि कई लोग मौजूद रहे।

## अवैध तरीके से चल रहा था हॉस्पिटल संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अमेठी।** जनपद में अवैध तरीके संचालित किये जा रहे क्लीनिक संचालक के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मुकदमा दर्ज कराया है। मामला जनपद के थाना क्षेत्र पीपरपुर के दुगार्पुर सुल्तानपुर रोड पर स्थित विनायक पाली क्लीनिक का अपर मुख्य चिकित्साधिकारी अपनी टीम के साथ उक्त क्लीनिक का निरीक्षण किया तो क्लीनिक बिना रजिस्ट्रेशन का चलाया जा रहा था।स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों ने थाना पीपरपुर में विनायक पाली क्लीनिक के संचालक अजय मिश्रा पुत्र केपी मिश्रा के खिलाफ अवैध रूप से क्लीनिक संचालित करने का मामला दर्ज कराया गया है।स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से भी जानकारी ली।

## समाधानेश्वर मंदिर पर आज 15 वें विशाल भंडारे का होगा आयोजन

**बछरावां, रायबरेली।** नगरक्षेत्र में महराजगंज रोड पर स्थित महाभारत कालीन पौराणिक भगवान भोलेनाथ के समाधानेश्वर मंदिर पर महाशिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर आज गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 15 वें विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।इस भंडारे के आयोजन ओम शिव शक्ति मानव सेवा मंडल के समस्त सेवादारों द्वारा किया जाएगा। वहीं इस कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ रामजी, बाबा मैरिज लॉन के संचालक व समाजसेवी राजेंद्र सिंह उर्फ राजू बाबा भी अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करते हैं।वही भंडारे के आयोजक ओम शिव शक्ति मानव सेवा मंडल के समस्त सेवादारों ने शिव भक्तों से अपील की कि अधिक से अधिक शिवभक्त भोलेनाथ के भंडारे में पहुंचकर प्रसाद अवश्य ग्रहण करें। वहीं यह भंडारा सुबह से प्रारंभ होकर भोलेनाथ की इच्छा तक चलता रहेगा। इस भंडारे में आसपास के युवक व जनप्रतिनिधि भी अपनी सहभागिता निभाते हैं।

## देवों के देव महादेव की विशाल प्रतिमा के साथ सजायी मनमोहक झांकी



**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर रायबरेली में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में आयोजित किए गए कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह एवं हेड -मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भगवान भोलेनाथ का श्रद्धा- भक्ति पूरित मन से विधि- विधान पूर्वक पूजन- अर्चन संपन्न कर भगवान शिव जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।विद्यालय प्रांगण में देवों के देव महादेव की विशाल प्रतिमा के साथ मनमोहक झाँकी सजाई गई।इस झाँकी में विशेष आकर्षक शिवजी की जटाओं से प्रवाहित गंगधार थी, जो चलते पथिकों के लिए आकर्षण का विशेष केंद्र रही।

इस अवसर पर पूरा विद्यालय प्रांगण हर-हर महादेव और भोलेनाथ के जयकारों से गूंज रहा था।इस संपूर्ण कार्यक्रम को आकर्षक रूप देने में एक्टिविटी इंचार्ज अवधेश शर्मा, सार्थक शुक्ला, भावना श्रीवास्तव, पूनम श्रीवास्तव, नीतू श्रीवास्तव और उनके सहयोगी साथियों का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# तांत्रिक के कहने पर नाबालिग भांजे की बलि देने वाले मामा सहित तांत्रिक गिरफ्तार

- 18 फरवरी को तांत्रिक ने दी बच्चे की बलि

**रायबरेली।** सलोन थाना क्षेत्र में तंत्र विद्या में सिद्धी पाने के लिये एक मामा ने तांत्रिक के कहने पर अपने भांजे की बलि दे दी।पुलिस ने नाबालिग की हत्या के मामले में मामा और तांत्रिक को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। घटना का खुलासा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि कि सलोन थानाक्षेत्र के राजा का पुरवा समसपुर खालसा में 19 फरवरी को एक 10 साल के बच्चे का शव संदिग्ध हालत में तालाब किनारे मिला था। मृतक बच्चे के पिता राकेश गौतम निवासी राजा का पुरवा ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि रिश्ते में मामा लगने वाले दिलबाग गौतम निवासी मोहम्मदाबाद थाना सलोन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं बलि देने वाले तांत्रिक गुड्डू बाबा निवासी उमरन थाना सलोन को आला कत्ल के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिक मामा दिलबाग ने हत्या की घटना को कबूल करते हुए पुलिस को बताया कि वह गुड्डू बाबा के साथ मिलकर तंत्र विद्या का काम करता है।एक बार गुड्डू बाबा ने फूंककर पानी दिया जिससे उसकी मां ठीक होने लगी।गुड्डू बाबा ने उससे कहा यदि वह मां को एकदम ठीक-ठाक देखना और गड़ा धन प्राप्त करना चाहता है तो किसी के इकलौते बेटे की बलि देनी होगी।योजना के मुताबिक उसने 18 फरवरी को राजा का पुरवा गांव से राकेश गौतम के इकलौते लड़के सुधीर





को अकेला देखकर उसे 10 रुपये दिए और अपने साथ लेकर गुड्डू बाबा के पास हनुमानगंज मंदिर पर ले गया।बाबा ने बताया कि बच्चे की बलि उसी के गांव के आसपास देनी होगी तभी फल मिलेगा।उसके बाद रात वापस रिश्तेदार राकेश के यहाँ पहुंचा और गुमराह करने और शक न हो इसके लिए वह बच्चे को ढूंढने लगा।चुपके से उठा और योजना के मुताबिक बाबा के पास गया।उसके बाद उसने व गुड्डू बाबा ने मोटरसाइकिल में बीच में सुधीर को बिठाकर गांव के बाहर रास्ते पर ले गए। झील के किनारे गांव के पश्चिम तरफ जहां खाली जमीन में पुवाल का ढेर था वहां पर उन्होंने सुधीर को लिटा दिया। गुड्डू बाबा ने तंत्र-मंत्र विद्या की उसके बाद सुधीर के हाथ पैर पकड़ लिए।गुड्डू ने तांत्रिक क्रिया कर लोहे की समसी से सुधीर के शरीर पर कई वार किये जिससे बच्चा कुछ देर में ही मर गया।उसके बाद दोनों ने बच्चे के शव को उठाया और झील के पास फेंक दिया।पुलिस ने हत्यारों की निशानदेही पर आला कत्ल बरामद कर लिया और दोनों को जेल भेज दिया है।

## संदिग्ध परिस्थिति में एसआइसी एजेंट का मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

**अमेठी।** जनपद के मुसाफिरखाना स्थित नगर पंचायत के वार्ड नंबर 4 में देर रात एक छक्क एजेंट का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे के अंदर फांसी के फंदे से लटका मिलने से हड़कंप मच गया. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी है. फिलहाल अभी तक मौत के कारणों का पता नही चल सका है।मामला मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के कस्बा स्थित वार्ड नं चार का है. जहाँ के रहने वाले अनुराग श्रीवास्तव (55 वर्ष) का देर रात कमरे ले अंदर फांसी के फंदे पर लटका शव मिलने से हड़कंप मच गया.घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई. सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर. पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी है.मृतक पिछले कई सालों से एलआईसी एजेंट के रूप में काम करते थे ।पुलिस प्रथम दृष्टया इसे आत्महत्या का मामला मान रही है, लेकिन परिजनों और करीबी लोगों से पूछताछ जारी है. थाना प्रभारी मुसाफिरखाना विवेक सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने कहा कि आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की तहकीकात की जाएगी ।

## महान वही होता है जो अपने कर्म का श्रेय भगवान को देता है : सर्वेश प्रपन्नचार्य



**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिले के दुबेपुर ब्लॉक स्थित उदयपुर गांव में कांग्रेस के मीडिया कोआर्डिनेटर राजेश तिवारी के यहां सात दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन बड़े धूमधाम से चल रहा है।यज्ञ के पांचवे दिन अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक सर्वेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने रुक्मणी विवाह का विस्तृत वर्णन किया।कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने बड़े ध्यान से आचार्य जी की वाणी को सुना और इसके बाद रुक्मणी विवाह की एक शानदार झांकी भी निकाली गई, जिसे श्रद्धालुओं ने बड़े श्रद्धा भाव से देखा।इस धार्मिक कार्यक्रम में समाज के विभिन्न प्रतिष्ठित सदस्य और श्रद्धालु शामिल हुए। आचार्य जी ने अपने प्रवचन में जीवन में सत्य, शुभ और सदाचरण के महत्व पर प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि प्रत्येक सनातनी को तीन बातों पर संकल्पपूर्वक आस्था रखनी चाहिए - नारायण नाम पर आस्था, एकादशी व्रत पर आस्था, और तुलसी पूजन पर आस्था।इन तीन बातों को मन, बचन और कर्म से पूरी निष्ठा के साथ करना चाहिए। आचार्य जी ने यह भी बताया कि सच्ची शुभता और सिद्धि सदाचरण से आती है, न कि सत्ता और ऐश्वर्य से।उन्होंने अहंकार को नष्ट करने की बात करते हुए कहा कि महान वही होता है जो अपने कर्म का श्रेय भगवान को देता है, जिससे जीवन में असमंजस समाप्त हो जाता है और सारी जिम्मेदारी भगवान पर चली जाती है।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री भारत सरकार दीपक सिंह, लंभुआ विधायक के प्रतिनिधि पंकज वर्मा, अमेठी कांग्रेस महासचिव सुनील सिंह और अन्य प्रमुख हस्तियाँ उपस्थित थीं।दीपक सिंह ने व्यास पीठ से आशीर्वाद लिया और समाज को सही मार्ग पर चलने का आह्वान किया। आचार्य जी के उपदेशों ने सभी को जीवन में सच्चे शुभागमन और भगवत कृपा की दिशा में प्रेरित किया।

# एडवोकेट्स एक्ट में प्रस्तावित संशोधन के खिलाफ वकीलों का मोर्चा



- वकीलों ने काली पट्टी बांधकर कार्य बहिष्कार का किया ऐलान

**महराजगंज, रायबरेली।** कानून मंत्रालय की ओर से एडवोकेट्स एक्ट में प्रस्तावित संशोधन के खिलाफ महराजगंज के वकीलों ने मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को एडवोकेट्स एक्ट में प्रस्तावित संशोधन के खिलाफ महराजगंज बार एसोसिएशन महराजगंज और तहसीलदार बार एसोसिएशन महराजगंज के वकीलों ने काली पट्टी बांधकर कार्य बहिष्कार का ऐलान कर दिया है। यह आह्वान यूपी की बार काउंसिल ने दिया है।

एडवोकेट्स एक्ट में प्रस्तावित संशोधन के खिलाफ कस्बे के मुख्य मार्गों पर घूम-घूम कर कानून मंत्री और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कानून मंत्री मुदार्बाद के गगन भेदी नारे लगाए।मुख्य तिराहे पर कानून मंत्री के खिलाफ प्रदर्शन से घंटों सड़के जाम रही और यातायात प्रभावित रहा। यहां तक की एंबुलेंस भी काफी देर तक जाम में फंसी रही। महराजगंज के अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहने का भी ऐलान कर दिया है।

अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र श्रीवास्तव के मुताबिक प्रस्तावित संशोधन से बार काउंसिल की स्वायत्तता कमजोर होगी। क्योंकि संशोधन के बाद केंद्र सरकार एडवोकेट्स एक्ट में धारा 49 (इ) डालकर बार काउंसिल को अनिवार्य रूप से निर्देश जारी कर सकेगी।इसके अलावा, भविष्य में काउंसिल के सदस्य किसी समिति के प्रमुख नहीं रहेंगे। प्रस्तावित संशोधन के बाद उनकी जगह एक जज समिति का नेतृत्व करेंगे। महराजगंज बार एसो. महराजगंज के पूर्व अध्यक्ष विद्यासागर अवस्थी ने कहा कि, काउंसिल द्वारा वकीलों और उनके परिवारों की सुरक्षा के लिए एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने का संकल्प लिया है।

उन्होंने कहा कि बार काउंसिल ने वकीलों के लिए 10 लाख रुपये का मेडिक्लेम देने की मांग के साथ ही राज्य में किसी वकील की मृत्यु पर 10 लाख रुपये का बीमा क्लेम देने की भी मांग की गई है। इस मौके पर देवी प्रसाद अध्यक्ष, महामंत्री अशोक यादव, अध्यक्ष छोटेलाल, नागेंद्र सिंह, पंकज श्रीवास्तव, शिवसागर अवस्थी, प्रदीप श्रीवास्तव, भूपेश मिश्रा, ज्योति प्रकाश अवस्थी, मोनू अवस्थी, सर्वेश अवस्थी, अंकुर अवस्थी, सत्य प्रकाश मिश्रा, इम्तियाज अली, अखिलेश श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, विजय कनौजिया, मनीष तिवारी, बलवंत शुक्ला, रणविजय सिंह, शैलेंद्र सिंह, सुमित चैरसिया, अतुल पांडेय, फिरोज अहमद समेत दोनों संगठनों के वकीलों ने एडवोकेट्स एक्ट में बदलाव के खिलाफ महराजगंज नगर की सड़कों पर घूम-घूम कर कानून मंत्री और सरकार के खिलाफ मुदार्बाद के नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

## अधिवक्ताओं की कलम बंद हड़ताल से न्यायिक कार्य और रजिस्ट्री कार्यालय रहा प्रभावित

**लालगंज, रायबरेली।** अधिवक्ता संशोधन अधिनियम को लेकर लालगंज में अधिवक्ताओं की हड़ताल खत्म होने का नाम नहीं ले रही है जिससे फरियादियों को बिना सुनवाई के अगली सुनवाई की तिथि लेकर बैरंग लौटना पड रहा है। तहसील लालगंज में अधिवक्ताओं ने एडवोकेट अमेंडमेंट बिल को लेकर उग्र प्रदर्शन किया है तथा सरकार से बिल वापस लेने की मांग करते हुए तहसील परिसर में घूम घूम कर नारेबाजी किया।

बैसवारा अधिवक्ता एसोसिएशन के सदस्यों ने नारेबाजी करते हुए अधिवक्ता संशोधन अधिनियम वापस लेने की मांग किया तथा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम लालगंज मिथिलेश त्रिपाठी को सौंपा।एसो. के अध्यक्ष वीरेंद्र चैहान ने बताया कि सरकार अधिवक्ता विरोधी काला कानून लाना चाहती है जिसका विरोध करते हुए आंदोलन किया जा रहा है।आंदोलन में दस्तावेज लेखकों ने भी वकीलों का साथ दिया जिसके कारण रजिस्ट्री दफ्तर को भारी नुकसान हुआ और एक भी बैनामा नहीं हुआ। अध्यक्ष ने कहा कि किसी भी दशा में अधिवक्ता विरोधी कानून स्वीकार नहीं है।महामंत्री राज बहादुर मौर्या ने कहा कि वकीलों द्वारा लगातार एडवोकेट सुरक्षा कानून बनाने की मांग की जाती रही है जो लाने के बजाय सरकार वकीलों के विरुद्ध अधिवक्ता संशोधन अधिनियम लागू करना चाहती है जो हरगिज स्वीकार नहीं है। वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेश त्रिवेदी, केपी सिंह, शेर बहादुर, सेंट्रल बार अध्यक्ष रामप्रताप सिंह, ज्योतिरेंद्र मिश्रा, सुंदर बाजपेई, अशोक शुक्ला, शैलेंद्र तिवारी, रामनारायण श्रीवास्तव, केडी त्रिवेदी, शिवशंकर पांडे, राजेंद्र चौधरी, गिरीश बाजपेई, विनोद मौर्या, आनंद सिंह, ओम प्रकाश दीक्षित, संजय सिंह, तरुण श्रीवास्तव, अजय भारती, सुरेश कुमार, शैलेश द्विवेदी, दल बहादुर सिंह, विकास बाजपेई आदि शामिल रहे।

## मानसिक रोगी ने डायल 112 पुलिस वैन में लगायी आग

**रायबरेली।** मिलएरिया थानाक्षेत्र के उमरा गांव में मारपीट के मामले की सूचना पर पहुंची डायल 112 की गाड़ी में मानसिक विक्षिप्त ने आग लगा दी। आग लगते ही गाड़ी धू-धू कर जलने लगी।घटना से हड़कंप मच गया और बाइक में लगी आग के बाद इतना बड़ा धमाका हुआ कि लोग सहम गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया।जानकारी के अनुसार मंगलवार को थाना क्षेत्र के अंतर्गत उमरा गांव में रहने वाले रामकिशोर पुत्र शंभू ने लोगों से मारपीट की और एक व्यक्ति पर फरसा लेकर हमला किया और उसका हाथ तोड़ दिया।इसी मारपीट की सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस के फूलचंद्र व रामकिशोर ने मामले की रोकथाम की कोशिश की लेकिन मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति ने बगल में खडी डायल 112 पुलिस की गाड़ी पर पन्नी रखकर उसमें आग लगा दी।देखते ही देखते दो पहिया वाहन आज का गोला बन गई और इतना तेज धमाका हुआ कि आसपास के लोग सहम गए और कई घर भी उसकी चपेट में आ गए।घटना की जानकारी पर पहुंची मिल एरिया थाने की पुलिस ने आरोपी रामकिशोर को फरसा के साथ गिरफ्तार कर लिया और थाने ले जाकर कार्रवाई में जुट गई।स्थानीय निवासी मुरली मनोहर गुप्ता का कहना है कि यह आए दिन लोगों के साथ मारपीट करता है जिसने आज इस बड़ी घटना को अंजाम दिया है फिलहाल थाना अध्यक्ष राजीव सिंह ने बताया कि मामले में जांच पड़ताल कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## कई साहित्यकारों को विद्या वाचस्पति और विद्या सागर सम्मान मिला

- कविराज शिवकुमार सिंह शिव अवधी के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं

**महराजगंज, रायबरेली।** क्षेत्र में स्थित दुसौती गाँव निवासी कविराज शिवकुमार सिंह शिव जहाँ अवधी के क्षेत्र में एक कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। वहीं हिंदी में भी गद्य एवं पद्य लेखन द्वारा साहित्य को समृद्ध करने में योगदान कर रहे हैं। उनके इस योगदान को देखते हुए, रायबरेली काव्य रस साहित्य मंच (संस्थापक शिवनाथ सिंह शिव) द्वारा आयोजित पुस्तक विमोचन एवं कवि सम्मेलन में काशी हिंदी विद्यापीठ, वाराणसी के कुलपति के निर्णयानुसार कुलसचिव इंद्रजीत तिवारी निर्भीक कुलसचिव काशी हिंदी विद्यापीठ ने रायबरेली काव्य रस साहित्य मंच के संस्थापक शिवनाथ सिंह शिव, अवधी सम्राट इंद्रेश भदौरिया इंद्रेश को विद्या सागर उपाधि तथा कविराज शिवकुमार सिंह शिव, ज्ञानेंद्र पांडे अवधी मधुरस अमेठी, सुधीर श्रीवास्तव बस्ती, नीतू आनन्द श्रीवास्तव लखनऊ एवं ओमप्रकाश श्रीवास्तव कानपुर, राममनोहर लाल रायबरेली को विद्या वाचस्पति की मानद उपाधि देकर सम्मानित किया।इस मौके पर विष्णु कान्त मिश्रा सीतापुर, वेद प्रकाश सिंह प्रकाश, संत प्रसाद जिज्ञासु, सुधा सिंह सुधा, एडवोकेट लता श्रीवास्तव बाराबंकी, डाक्टर संत लाल, सूर्य प्रसाद शर्मा निशिहर, जितेन्द्र सिंह मृदुल, अनुज प्रताप सिंह अनुज, जितेन्द्र सिंह हिंदुस्तानी, सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# सुलतानपुर व सोनबरसा का फाइनल में प्रवेश

- आज खेला जायेगा पुरुषों का फाइनल मुकाबला साथ ही राज्य स्तरीय महिला प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**सुलतानपुर।** ताजखानपुर बहादुरपुर में आयोजित दो दिनी हाजी नसीर खान नस्सर व रिजवान सईद सुलतानपुरी की याद में आयोजित दो दिवसीय महिला पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया स इस अवसर पर जिला वॉलीबॉल संघ के पूर्व सचिव वेद प्रकाश चैंपियन को भी याद किया गया। सरवर खान, वदूद खान एवं जीशान की अगुआई में आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्घाटन सर्वप्रथम उन विभूतियों का माल्यार्पण कर किया गया, मुख्य अतिथि शकील अहमद, पप्पू रिजवान व विशिष्ट अतिथि जिला वॉलीबॉल संघ के सचिव शिवनरायन सिंह, कोषाध्यक्ष मुनेंद्र मिश्र ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया, पहले दिन जिला स्तरीय पुरुष प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें 16 टीमों ने प्रतिभाग किया।पहला मैच ताज खानपुर और बहादुरपुर के बीच खेला गया जिसमें ताजखानपुर ने तीन सेटों के मैच में 2-1 से जीत दर्ज की। दिन भर चले मैच में सोनबरसा, इनायतपुर, मोहम्मद स्पोर्टिंग आलियाबाद, और स्टेडियम सुलतानपुर की टीमों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। पहला सेमीफाइनल सोनबरसा और इनायतपुर के बीच खेला गया जिसमें तीन सेटों के संघर्षपूर्ण मुकाबले में सोनबरसा ने 2-1 से जीत दर्ज की।सोनबरसा के कप्तान अफसर ने जीत पर खुशी जताई। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला ताजखानपुर और स्टेडियम सुलतानपुर के बीच हुआ जिसमें तीन सेटों के मुकाबले में 2-0 से सुलतानपुर विजेता बना। स्टेडियम सुल्तानपुर के कप्तान अनस ने टीम के प्रदर्शन पर खुशी जताई। निर्णायक आसिफ, सर्वेश सिंह, दिनेश मिश्रा रहे, संचालन इमरान और महफूज खान ने किया। ऑफिशियल अनस अब्बास, अनवर खान, सैयद नूर अली रहे।

### महिला प्रतियोगिता आज

आयोजक मंडल ने बताया कि प्रतियोगिता के दूसरे दिन बुधवार को महिला वर्ग की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी जिसमें सुल्तानपुर स्टेडियम, आगरा, हरियाणा, लखनऊ, वाराणसी और प्रयागराज की टीमें प्रतिभाग करेंगी जिसमें रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे स प्रतियोगिता में मुख्य सहयोगी इजहार खान, जीशान खान, महफूज खान, इशार उर्फ टीपू, नौशाद खान,मुन्ना कालिया,आकिब रहे, व्यवस्था में अनस खान, तौकीर खान, रशीद खान, तमजीद, तौहीद, मो आरिफ, सोहेल खान रहे।इस मौके पर मोहम्मद अली, तौसीफ खान बाली, मेराज अहमद, आसिफ, एसएन सिंह, चंदन मिश्रा, रमजान पहलवान, सिकंदर, कामिल आदि मौजूद रहे।

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने की छापामार कार्रवाई

**मथुरा।** आगामी त्योहार शिवरात्रि एवं होली पर्व के दृष्टिगत जनपद मथुरा में आम जनमानस को स्वच्छ व गुणवत्तायुक्त खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु सहायक आयुक्त (खाद्य) धीरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा बरसाना पुलिस बल के साथ बरसाना क्षेत्र में स्थित दूध की डेयरियों पर छापामार कार्रवाई की गई। हाथिया गॉव बरसाना में संचालित कैलाश डेयरी पर छापामार कार्यवाही कर पनीर व घी का एक-एक नमूना, रूपनगर स्थित भोला डेयरी से पनीर का एक नमूना, बरसाना स्थित उमेश डेयरी से स्किम्ड मिल्क का एक नमूना संग्रहित किया गया। सचल दल में मोहर सिंह कुशवाह, भरत सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

संक्षेप

## बारात में चलायी गोली, दो घायल

**आगरा।** थाना बाह क्षेत्र के नरहौली गांव में बारात में की गई हर्ष फायरिंग में एक युवक और एक किशोर को गोली लगने से घायल हो गए। गोली चलाने के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी ही है। यह बरात फतेहाबाद क्षेत्र के एक गांव से नरहौली में आई हुई थी। बरात चढ़ने के दौरान बैंड के साथ चल रही मैक्स गाड़ी में लाउडस्पीकर लगे हुए थे। मैक्स बरात के साथ आगे बढ़ी। इसी दौरान किसी ने गोली चलाई, जो साउंड बाक्स को पार करते हुए मैक्स गाड़ी में बैठे विपिन नामक युवक की पीठ में जा लगी। कुछ छर्रे पास में ही खड़े एक किशोर को भी लग गए। गोली चलने और दो लोगों के घायल होने से बरात में अफरा-तफरी फैल गई। तत्काल दोनों घायलों को इलाज के लिए सीएचसी बाह लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को आगरा रैफर कर दिया गया। सीएचसी बाह पहुंचकर पुलिस ने घायलों के बयान दर्ज किए। पुलिस गोली चलाने के बारे में जानकारी कर रही है, लेकिन अभी उसका पता नहीं चला है।

## कांवड़ियों की सुरक्षा की प्रशासन ने कमान संभाली



**टूंडला।** नगर के एटा रोड़ पर सोरों गंगा घाट से कांवड़ लेकर आ रहे शिव भक्तों की सुरक्षा व्यवस्था को एसडीएम गजेंद्र पाल सिंह सीओ टूंडला विनीत कुमार के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन ने कमान संभाली। बता दें सोरों गंगा घाट से लाखों श्रद्धालु आस पास के जिलों के साथ साथ राजस्थान मप्र से कांवड़ लेकर आते है जहां शिवरात्रि पर कांवड़ लेकर आ रहे शिव भक्तों की सुरक्षा व्यवस्था को पुलिस प्रशासन ने निहाल सिंह पुलिया चौराहा एटा रोड पर यातायात की व्यवस्था संभाली जहां पुलिस ने भारी वाहनों को रूट डायवर्ट कर निकाला जिससे कावड़ियों को कोई असुविधा न हो इसके लिए प्रशासन ने इंतजाम किए। पुलिस ने कावड़ियों को भीड़-भाड़ वाले इलाकों से खुद साथ चलकर निकलवाया महाशिवरात्रि पर कावड़ियों में भारी उत्साह देखा गया।

## दीवानी की पार्किंग में लगी आग, गाड़ियां बचीं

**आगरा।** सिविल कोर्ट परिसर की पार्किंग में आज तमाम गाड़ियां जलने से बच गईं। दरअसल पार्किंग में कूड़े के ढेर में लग गई। जिस समय यह हादसा हुआ, पार्किंग वाहनों से फुल थी। एसएसएफ के जवानों ने आग को फैलने नहीं दिया। बाद में फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया। दीवानी कचहरी की पार्किंग में आग लगने की यह घटना दोपहर में हुई। कार्य दिवस होने के कारण पार्किंग वाहनों से फुल थी। पार्किंग में पड़े कूड़े के ढेर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। माना जा रहा है कि किसी ने जलती बीड़ी या सिगरेट कूड़े पर फेंकी, जिससे आग लगी। पार्किंग की सुरक्षा में तैनात रहने वाले जवानों ने पार्किंग में आग लगी देखी तो वे दौड़कर मौके पर पहुंच गए। जवान अपने स्तर से आग बुझाने के प्रयास करने लगे। उधर सूचना मिलने पर फायर सर्विस की गाड़ी भी आ गई थी। आग बुझने पर सभी ने राहत की सांस ली क्योंकि घटना के समय बड़ी संख्या में गाड़ियां खड़ी हुई थीं। आग की चपेट में गाड़ियां भी आ सकती थीं।

# छह गांवों को नगर पंचायत बनाने के लिए सांसद ने सीएम को भेजा प्रस्ताव



**मथुरा।** सांसद हेमा मालिनी ने जनपद की छह ग्राम पंचायतों को नगर पंचायत का दर्जा प्रदान किए जाने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। उन्होंने इसमें गोवर्धन तहसील की अड़ींग व ओल, मांट से नौहझील, छाता से पैगांव, बलदेव की सोनई तथा मांट को नगर पंचायत बनाने का आग्रह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से किया है। मुख्यमंत्री को उन्होंने प्रस्ताव के जरिए अवगत कराया कि संसदीय क्षेत्र मथुरा भगवान कृष्ण की लीला व क्रीडा भूमि है। इसीलिए समूचे विश्व के आकर्षण का केन्द्र है। यहां करोड़ों श्रद्धालु आते हैं। इससे अनेक स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलता है। सरकार इस दिशा में स्वयं प्रतिशील है। बढ़ते तीर्थाटन के मद्देनजर बृहद जनसंख्या वाली एवं धार्मिक स्थलों के नजदीकी ग्राम पंचायतों को नगर पंचायत बनाने से सरकार की तीर्थ विकास की सोच को गति मिलेगी।

उन्होंने कहा कि कोई भी श्रद्धालु आता है तो वह तीर्थ स्थलों के निकट के स्थलों से भी रूबरू होता है। इसलिए विकास उन स्थानों पर भी होना चाहिए। उन्हें भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रतिनिधि दिलीप कुमार यादव ने अवगत कराया कि गोवर्धन क्षेत्र की अड़ींग और ओल को नगर पंचायत बनाने की मांग तीन दशक से की जा रही है। पूर्व में तत्कालीन विधायकों ने विधानसभा में भी सवाल उठाए। बड़ी ग्राम पंचायतों के बेहतर संचालन के लिए संसाधन भी चाहिए जोकि ग्राम पंचायतों के पास नहीं हैं। कई पंचायत एक से डेढ़ किलोमीटर में फैली हैं और साफ सफाई के लिए तीन चार लोग भी नहीं होते। आदमी ही तो संसाधन नहीं होते। उन्होंने इस प्रस्ताव के लिए सांसद का आभार जताया कि उन्होंने ग्रामीण विकास के मुद्दे को गंभीरता से लिया है व सतत रूप से प्रयास करने का आश्वासन दिया है।

## कांवड़ियों की सुविधा-सुरक्षा के लिए डीएम डीआईजी ने किया रात्रि में निरीक्षण

**मथुरा।** शिवरात्रि पर्व पर गंगा जी से कावड़ लाने वाले श्रद्धालुओं की व्यवस्था को देखने के लिए बीती रात्रि डीएम सीपी सिंह और डीआईजी शैलेश पांडेय ने अलीगढ़ मथुरा मार्ग स्थित थाना राया क्षेत्र का निरीक्षण किया। रात्रि दो बजे के करीब दोनों जिले के उच्च अधिकारी राया कस्बा पहुंचे। वहां उन्होंने मथुरा जनपद के बॉर्डर हाथरस अलीगढ़ की सीमा पर व्यवस्था देखी। डीएम सीपी सिंह ने थाना प्रभारी को निर्देश दिए कि कावड़ियों की सुरक्षा के लिए किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। डीआईजी शैलेश पांडे ने कहा कि सड़कों पर अतिक्रमण और जाम की स्थिति पैदा ना हो उसके लिए पुलिसकर्मी पूरे सड़क मार्ग पर चैकस रहे। डीएम/एसएसपी को अर्ध रात्रि में देख क्षेत्रीय थाना पुलिसकर्मी भौंचक्के रह गए। रात्रि 3 बजे तक दोनों अधिकारी सड़क मार्ग पर व्यवस्था देखते रहे।

## कॉलेज में शिक्षक की अभद्रता के विरोध में अभाविप ने सौंपा ज्ञापन

जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** बीएसए महाविद्यालय में विधि विभाग के शिक्षक द्वारा छात्रों से अभद्रता एवं गाली गलौज करने के विरोध में मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य को ज्ञापन देकर शिक्षक के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की। जांच के लिए प्राचार्य ने तीन सदस्यीय समिति गठित की है।

अभाविपबीएसए कॉलेज के उपाध्यक्ष देवेश मिश्रा ने बताया कि गत दिवस सोमवार को विधि विभाग के शिक्षक जे.के. सिंह द्वारा छात्रों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली गलौज की थी। जिसके विरोध में आज मंगलवार को अभाविप कार्यकर्ताओं के प्रतिनिधि मंडल ने प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा को ज्ञापन सौंपते हुए आरोपी शिक्षक के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा ने छात्रों की बात को सुना एवं मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन कर जल्द से जल्द कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। अभाविप प्रतिनिधि मंडल में विभाग संगठन मंत्री दिव्यांशु पचौरी, प्रांत सह मीडिया संयोजक नयन शर्मा, अमन पांडे, इंद्रा सैनी, कुशपाल सिंह, राज पांडे, तुषार कटारा, अखिल ठाकुर, प्रिय राजपूत एवं शिवानी बंसल आदि कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## दुल्हन से छेड़छाड़ व बारातियों से मारपीट करने वाले 4 और हमलावर गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना रिफाइनरी के गांव करनावल गौशाला में गत दिन दुल्हनों के साथ छेड़छाड़ व बारातियों के साथ मारपीट करने वाले चार हमलावरों को पुलिस ने घटनास्थल के काशीराम कट के पास से गिरफ्तार कर जेल भेजा है। सीओ रिफाइनरी श्वेता वर्मा ने बताया कि 21 फरवरी की रात्रि मे गांव करनावल गौशाला रिफाइनरी दबंगो द्वारा दुल्हनों के साथ छेड़छाड़ कर बारातियों के साथ मारपीट की घटना में संलिप्त चार और आरोपितों को रिफाइनरी थानाध्यक्ष सोनू कुमार सिंह ने आज काशीराम कट के पास से गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपित में सतीश पुत्र गुलाब सिंह नि.ग्राम करनावल, दीपू उर्फ दीपक पुत्र भूरा सिंह, अनिल पुत्र मुकेश निवासी गौशाला, शुभम उर्फ शुवम पुत्र छोटेलाल निवासी करनावल है।

## शोभायात्रा निकाल दो दर्जन मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की



**टूंडला।** नगर के मौहल्ला नई बस्ती स्थित श्री हनुमान मंदिर पर लगभग दो दर्जन मूर्तिओं की प्राण प्रतिष्ठा बड़े ही विधि विधान के साथ की गई जिसमें चक समाज के हजारों की संख्या में महिलाओं एवं पुरुषों एवं धर्म प्रेमियों ने हवन यज्ञ कर पूजा अर्चना की। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व एक शोभायात्रा का आयोजन किया गया जिसमें प्राण प्रतिष्ठा होने वाली समस्त मूर्तियों को एक दर्जन वाहनों में रखकर टूंडला नगर में भ्रमण कराया शोभायात्रा में बैंड के भजनों पर श्रद्धालु नृत्य करते हुए शोभा यात्रा में चल रहे थे प्राण प्रतिष्ठा शोभायात्रा श्री हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर तेलमिल से चलकर भारत माता चौक होते हुए दीपा के चौराहे तक पहुंची और वहां से वापस मंदिर पर आकर संपन्न हुई शोभायात्रा में बड़ी संख्या में नगर के धर्म प्रेमी महिलाएं एवं पुरुष शामिल थे श्रद्धालु प्रभु श्री राम एवं हर हर महादेव और जय श्री कृष्ण के जोशीले जयकारे लगाए चल रहे थे। ऐसे नगर में अच्छा वातावरण व्याप्त हो गया लोगों में धर्म की आस्था और बड़ी शोभायात्रा में मुख्य रूप से ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुशील चक में भाजपा एससी मोर्चा बृजक्षेत्र के सहप्रभारी रामतीर्थ सिंह चक, राहुल चक, लोकेंद्र सिंह पोनियां, नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, रमेश चक, आशू चक भरत सिंह चक, सुनील चक, नरेंद्र चक, हरिविलास चक, रामगोपाल, ओमप्रकाश चक, विशम्बर चक, गिरेन्द्र सिंह चक, अतर सिंह चक, मुन्नालाल चक, मुकेश चक, संजू चक, रामबाबू, देवांशू प्रताप चक, पप्पू चक, भवानी सिंह, राजीव मल्होत्रा, केशव चक, राजेश चक, सहित अनेकों एवं महिलाएं एवं पुरुष शामिल रहे।

## मुठभेड़ में शातिर लुटेरा गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना एका पुलिस टीम द्वारा थाना पर पंजीकृत लूट के अभियोग से सम्बन्धित शातिर लुटेरे वितेन्द्र को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया। जिस से एक तमंचा एक खोखा एक जिंदा कारतूस एवं एक बाइकबरामद हुई। 19-02-2025 को थाना एका क्षेत्र में हुई चेन स्नैचिंग की घटना के सम्बंध में एसएसपी सौरभ दीक्षित ने दो पुलिस टीमों का गठन किया था। इसी क्रम में दिनांक 25-02-2025 को अपराधों की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्त की तलाश हेतु चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन में थाना एका पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दिनांक थाना एका क्षेत्र में चेन स्नैचिंग करने वाला आरोपी पुनः किसी वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूम रहा है। सूचना के पर थाना एका पुलिस टीम द्वारा वाहन यार्ड के सामने सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी दौरान एक बाइक सवार संदिग्ध व्यक्ति सिंघपुर रोड़ से वाहन यार्ड की तरफ आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने उसको रुकने का इशारा किया तो पुलिस टीम को देखकर भागने लगा, भागते समय उसकी बाइक फिसलकर गिर गई। खुद को घिरता देख आरोपी ने पुलिस पर फायर किया। आत्मरक्षार्थ थाना एका पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में उस व्यक्ति के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। घायल की पहचान चेन स्नैचिंग की घटना में संलिप्त अपराधी वितेन्द्र पुत्र जयराम निवासी घडेरी थाना कोतवाली जनपद मैनपुरी के रूप में हुई है।

## प्लेटिनम एकेडमी के स्थापना दिवस पर बच्चों ने मचायी धूम

**फिरोजाबाद।** स्मार्ट सिटी के महावीर नगर स्थित प्लेटिनम इंग्लिश मीडियम स्कूल में चतुर्थ स्थापना दिवस के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें, बच्चों ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियां दीं और महापौर कामिनी राठौर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पाण्डेय एसआर ज्ञानेश्वरी इण्टर कॉलेज प्रबंधक तरुण उपाध्याय जन आधार कल्याण समिति सचिव प्रवीन कुमार शर्मा स्वच्छ भारत मिशन नगर निगम की ब्रांड एंबेसडर अनुपम शर्मा एवं एस डी मेमोरियल स्कूल प्रबंधक सौरभ लहरी सहित उपस्थित अतिथियों ने सभी का उत्साह वर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं की।

# चार धाम मंदिर में कर्मियों के शोषण पर हंगामा

- तयशुदा रकम से कम वेतन वेतन देने और प्रबंधन की धमकियों से नाराज हुए कर्मचारी



**मथुरा।** वृंदावन छटीकरा स्थित चार धाम मंदिर के गेस्ट हाउस में काम करने वाले कर्मचारियों को तय किए गए वेतन से कम मिलने पर मंगलवार को सैकड़ों कर्मचारियों ने काम से विरत होकर हंगामा किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया।

छटीकरा स्थित प्रसिद्ध चार धाम मंदिर के गेस्ट हाउस में हाउसकीपिंग का काम करने वाले कर्मचारियों ने मंगलवार को कम से विरत होकर हंगामा किया। सरन दास, भगवान सिंह, पवन कुमार आदि कर्मचारियों का आरोप है कि प्रबंधन द्वारा उन्हें तय वेतन से कम दिया जा रहा है। वहीं प्रबंधन की मंशा के अनुरूप काम न करने पर उनके साथ में सिर्फ अभद्रता की जा रही है बल्कि उन्हें काम से निकालने की धमकी भी दी जा रही है। कर्मचारियों द्वारा सहायक श्रम आयुक्त को दी गई शिकायत में कहा गया है कि कर्मचारियों को काम देते वक्त मौखिक रूप से 17,600 का वेतन देने का वादा किया गया था जो ईपीएफ और ईएसआईसी का अंशदान काटकर 14,600 दिया जाना था लेकिन कर्मचारियों द्वारा कई महीनो से वेतन न मिलने की स्थिति में जब वेतन की मांग की गई तो उन्हें 11,600 रुपए दिए गए, जिससे आहत कर्मचारियों ने मंगलवार को हंगामा काटा। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह मामले को शांत कराया। ऐसे में कुछ कर्मचारियों ने अपनी गरीबी और मजबूर हालातों को देखते हुए और प्रबंधन के दबाब और रसूख के मद्देनजर प्रबंधन द्वारा दी जाने वाली 11,600 की रकम से ही संतोष कर लिया। वहीं कुछ कर्मचारियों ने अभी तक वेतन नहीं लिया है। कर्मचारियों ने बताया कि स्टालवार्ट पीपल सर्विसेज इंडिया लिमिटेड और चार धाम मंदिर प्रबंधन के पदाधिकारियों द्वारा उनसे नियुक्ति पत्र के नियम शर्तों के अंग्रेजी प्रारूप पर हस्ताक्षर कराए गए। अधिकांश कर्मचारी बहुत कम पढ़े लिखे हैं। ऐसे में वे प्रबंधन की छिपी मंशा और नीतियों को भांप नहीं सके। जिसके कारण वे सभी शोषण झेलने को मजबूर हैं।

## एक्सप्रेसवे पर बोलेरो दूसरी लेन में कार पर चढ़ी, एक मृत, तीन घायल

**आगरा।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर थाना फतेहाबाद क्षेत्र में तेज रफ्तार बोलेरो बेकाबू होकर डिवाइडर पर जा चढ़ी और दूसरी लेन में पहुंचकर एक कार से टकरा गई। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हुई है जबकि तीन अन्य घायल हुए हैं। यह हादसा एक्सप्रेसवे के 34वें किलोमीटर पर हुआ। सोमवार रात्रि 12 बजकर 20 मिनट पर लखनऊ से आगरा की तरफ आती एक बोलेरो आरजे01वइ-4395 अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ती हुई दूसरी लेन में जा पहुंची और आगरा से लखनऊ की तरफ जा रही कार संख्या यूपी71इइ-0220 को टक्कर मार दी, जिससे किया कार में सवार चार लोग, जय सिंह पुत्र जगरूप निवासी ग्राम मधुरी जाफरगंज फतेहपुर, पीयूष पुत्र राधा कृष्ण गुप्ता निवासी खोया मंडी बिंदकी फतेहपुर, राजकुमार बजाज पुत्र अवध बिहारी निवासी घियामई विन्दकी फतेहपुर घायल हो गए। सभी घायलों को एम्बुलेंस से एसएन मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी ले जाया गया, जहां राज कुमार बजाज उम्र 65 वर्ष पुत्र अवध बिहारी बजाज निवासी बिन्दकी फतेहपुर को मृत घोषित कर दिया गया। तीन अन्य घायलों का इलाज चल रहा है।

## एत्मादपुर क्षेत्र में ट्रक और ट्रैक्टर-ट्रॉली में भीषण भिड़ंत, दो घायल

**आगरा।** थाना एत्मादपुर क्षेत्र में एत्मादपुर-बरहन रोड पर संवाई गांव के पास एक ट्रक और ट्रैक्टर-ट्राली के बीच भीषण भिड़ंत हो गई। इस हादसे में ट्रक का चालक गंभीर रूप से घायल हुआ है। एक्सीडेंट में दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं। ट्रक क्लीनर भी घायल हुआ है। ट्रक, जिसमें राशन लदा हुआ था, की रोड पर आलू से लादकर जा रही एक ट्रैक्टर ट्राली से टक्कर हुई। इसके बाद ट्रक विद्युत पोल भी टकराया। एक्सीडेंट इतना भीषण था कि ट्रक के साथ ही ट्रैक्टर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घायल ट्रक चालक रामनरेश पुत्र धर्मवीर निवासी सांथा, किरावली है। उसे ट्रांस यमुना के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ट्रक का क्लीनर भी घायल हुआ है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई, और हादसे की वजह से अवरुद्ध यातायात को सुचारू कराया। दुर्घटना की वजह से ट्राली में लदे आलू की बोरियां सड़क पर बिखर गई थीं। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया।

# ताज महोत्सव में रैंप पर दिखी पारंपरिक पहनावे की झलक

जिला संवाददाता (vol)

**आगरा।** ताजमहल के पास शिल्पग्राम में आयोजित ताज महोत्सव में सोमवार रात मुक्ताकाशी मंच पर पूरा हिंदुस्तान नजर आया। नजारा वर्ल्ड डिजायनिंग फोरम की ओर से किए गए फैशन शो का रहा। जिसमें भारत के अलग अलग प्रदेशों के पहनावे को पहन कर मॉडल इतराए जिसे देख दर्शकों ने तालियां बजाकर मॉडल्स और डिजाइनरों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ तमिलनाडु की गंगा थीम और सांस्कृतिक परिधान कविता सेंथुराज ने गंगा थीम के साथ किया। धवल श्वेत परिधान के साथ आईएएस अफसर नगर विकास विभाग में अपर निदेशक रितु सुहास जब रैम्प पर उतरी तो गंगा की पावनता नजर आयी। इसके अलावा, तमिलनाडु के पारंपरिक परिधानों को भी शो में प्रदर्शित किया गया, जो विशेष अवसरों पर पहने जाते हैं। वहीं कार्यक्रम के समापन पर कुंभ थीम और भगवान शिव की अद्भुत झलक गरिमा कुलश्रेष्ठ की ओर से प्रस्तुत कुंभ थीम ने साधु, रुद्र और भगवान शिव की दिव्यता को दर्शाया, जिसने दर्शकों को आध्यात्मिक अनुभूति कराई।



गौरतलब है कि ताज महोत्सव के मुक्ताकाशी मंच पर फैशन शो की शुरुआत केंद्रीय मंत्री प्रो. एपी सिंह ने की। फैशन शो में देश के विभिन्न राज्यों के मशहूर डिजाइनर्स ने अपनी संस्कृति और पारंपरिक परिधानों को बनाया, जिन्हें मॉडल्स ने खूबसूरत अंदाज में शोकेस किया। फैशन शो में भारत के विभिन्न राज्यों के 50 से अधिक प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर्स के डिजाइन को मॉडल्स ने पहनकर रैंप वॉक किया। वर्ल्ड डिजायनिंग फोरम के निदेशक अंकुश अनामी ने बताया कि फैशन शो में आंध्र की प्रचलित मंगलगिरी विंटेज कॉटन साड़ी, मंगलगिरी सिल्क साड़ी और निवी स्टाइल ड्रेपिंग के साथ हमारे पूर्वजों की पहनी जाने वाली पोंधुरी कॉटन धोती के साथ ही भारतीय सांस्कृतिक धरोहर और पारंपरिक कला को समकालीन डिजाइन के साथ जोड़कर एक नई पहचान देने का कार्य किया जा रहा है।

फैशन शो में महाराष्ट्र का मराठा वैभव गरिमा कुलश्रेष्ठ ने मराठा संस्कृति को जीवंत करते हुए पैठनी साड़ी के साथ भव्य प्रस्तुति दी, जिसने महाराष्ट्र की पारंपरिक खूबसूरती को बखूबी दशार्या। राजस्थान की हस्तकला की झलक ऋतु अरोड़ा ने सांगानेरी ब्लॉक प्रिंटिंग और अप्लीक वर्क को शोकेस किया, जिसे स्थानीय कलाकारों द्वारा हाथ से बनाया गया था। पश्चिम बंगाल का लाल-सफेद सौंदर्य अर्पिता घोष ने कोलकाता की सांस्कृतिक विरासत को लाल और सफेद रंग में दर्शाया और साथ ही हस्तकला कौड़ी वर्क को भी मंच पर उतारा। महोत्सव में श्रीमती सुहास ने कुंभ धरोहर थीम पर मां गंगा पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर तालियां बटोरीं। भाजपा सांसद एसपी सिंह बघेल ने कलाकारों को सम्मानित किया।

## कार में ट्रक ने मारी टक्कर, दो की मौत

**मथुरा।** थाना जैंत क्षेत्र में अपने दोस्त को लेने कार में सवार होकर रेलवे जंक्शन जा रहे चार दोस्तों को ट्रक ने टक्कर मार दी। हाईवे पर हुयी इस भीषण दुर्घटना में दो दोस्तों की मौत हो गयी जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गये। जैत थाना क्षेत्र के चैमुहां गांव निवासी रवि (27) पुत्र बच्चू सिंह, पवन (26) पुत्र राधेश्याम अपने दो अन्य दोस्तों के साथ बीतीरात देरशाम कार में सवार होकर मथुरा स्थित रेलवे जंक्शन जा रहे थे। जैसे ही कार सवार युवक बजाना पुल के नजदीक पहुंचे ही थे तभी तेज रफ्तार से आते अज्ञात ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार चारों दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर जब पुलिस पहुंची तब तक पवन की मौत मौत हो हो च चुकी थी। पुलिस रवि सहित अन्य घायलों को लेकर अस्पताल दौड़ी यहां अस्पताल में रवि ने भी दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पुलिस ने परिवार के लोगों को दी तो घरो में चीख पुकार मच गयी।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया महाशिवरात्रि मेला महोत्सव का उद्घाटन



**फिरोजाबाद।** शांतेश्वर शिव महादेव मंदिर सांथी महाशिवरात्रि मेला महोत्सव का उद्घाटन कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि किया। शांतेश्वर शिव महादेव मंदिर सांथी का जिला फिरोजाबाद में बहुत ही प्राचीन मंदिर है। यह मंदिर महाराजा शांतनु से संबंधित है व मंदिर प्रांगण में उनका खेड़ा भी स्थित है प्रत्येक वर्ष यहां पर महाशिवरात्रि के दिन विशाल मेले का आयोजन होता है जिसका पूर्व संध्या पर उद्घाटन कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी संपन्न हुआ। उद्घाटन कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष राजेश चौहान जिला पंचायत सदस्य राजीव राजपूत, मेला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह चौहान पचोखरा मंडल प्रभारी वीरेंद्र प्रताप सिंह, नगला बीच मंडल अध्यक्ष विनोद पाल सिंह बिन्नू, पूर्व विधानसभा संयोजक सुरेंद्र सावन, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अनंत प्रताप सिंह, शशांक प्रताप सिंह अतुल शुक्ला, विष्णु प्रताप सिंह, इंद्रदीप तोमर, सतेंद्र यादव, श्याम सिंह, गौरव सिसोदिया, सुरजीत सिंह, संदीप राजावत, अनुज चौहान, गौरव सिसोदिया, शिव प्रताप, संदीप जैन, रामू कुशवाहा, महेश माहौर, एडवोकेट अनुज चौहान, धीरज चौहान, पूरन कुशवाह, अमरेश उपाध्याय, गोलू चौहान, श्याम सिंह राजपूत, अंकुर चौहान आदि लोग उपस्थित रहे।

# फिरोजाबाद जिले को दिव्यांगों के लिए 390 आवासों का लक्ष्य मिला

**फिरोजाबाद।** शासन व प्रशासन का उद्देश्य है कि समाज के हर वर्ग के नागरिकों के पास अपना आवास हो इसी क्रम में डीएम रमेश रंजन के मार्गदर्शन और सीडीओ शत्रोहन वैश्य के नेतृत्व में परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी द्वारा यह प्रयास किया जा रहा है कि दिव्यांग जनों को सीएम आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास मुहैया कराया जाए, इसी क्रम में जनपद फिरोजाबाद के दिव्यांगजनों के लिए 390 आवासों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसमें सामान्य वर्ग के दिव्यांगों के लिए 313 आवास जबकि अनुसूचित जाति के दिव्यांग जनों के लिए 77 आवासों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, अगर ब्लॉक वार बात करें, तो अरांव ब्लॉक में सामान्य वर्ग के दिव्यांगों के लिए 40 और अनुसूचित जाति के दिव्यांगों के लिए 7, एका ब्लॉक में सामान्य वर्ग के लिए 60 और अनुसूचित जाति के लिए 13, जबकि फिरोजाबाद ब्लॉक में सामान्य वर्ग के दिव्यांगजनों के लिए 83 और अनुसूचित जाति के लिए 15, जसराना में सामान्य वर्ग के दिव्यांगजनों के लिए 17 और अनुसूचित जाति के दिव्यांगजनों के लिए 04, हाथवंत ब्लॉक में सामान्य वर्ग के दिव्यांगों के लिए 70 और अनुसूचित जाति के दिव्यांगजनों के लिए 13, मदनपुर ब्लॉक में सामान्य वर्ग के दिव्यांगजनों के लिए 28 और अनुसूचित जाति के दिव्यांगों के लिए 8, वहीं नारखी ब्लॉक में सामान्य वर्ग के दिव्यांगों के लिए शून्य व अनुसूचित जाति के लिए 9, जबकि शिकोहाबाद ब्लॉक में सामान्य वर्ग के लिए 15 व अनुसूचित जाति के दिव्यांगों के लिए 07, टूंडला ब्लॉक में सामान्य वर्ग के दिव्यांगजनों के लिए शून्य और अनुसूचित जाति के दिव्यांगजनों के लिए 01 आवास प्रस्तावित है। इस प्रकार जनपद में दिव्यांगों हेतु कुल 390 आवास स्वीकृत किए गए हैं, डीएम के नेतृत्व में यह प्रयास किये जा रहे हैं कि दिव्यांगों को आवास प्राप्त हो सके, जिससे उनका जीवन व्यवस्थित हो सके।

# मंडलायुक्त ने मथुरा के विकास के लिए किया मंथन

**मथुरा।** मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में राज्य स्मार्ट सिटी योजना के तहत चल रहे एवं प्रेषित किए गए कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में डीएम चंद्र प्रकाश सिंह, पुलिस उपमहानिरीक्षक/ एसएसपी शैलेश कुमार पाण्डेय, नगर आयुक्त मथुरा वृंदावन नगर निगम शशांक चौधरी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडेय सहित लोक निर्माण विभाग एवं सी एंड डीएस के अधिकारी मौजूद रहे। राज्य स्मार्ट सिटी अन्तर्गत पूर्ण एवं चल रहे कार्यों में सी एंड डीएस के 3 कार्य, मथुरा वृंदावन नगर निगम के 11 कार्य तथा लोक निर्माण विभाग का 1 कार्य है। उक्त 15 परियोजनाओं में 9 पूर्ण हो चुकी है तथा 6 परियोजनाओं में कार्य प्रगति पर है। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि सभी निमार्णाधीन कार्यों में तेजी से कार्य कराते हुए समयबद्धता से पूर्ण कराए। कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें।



मंडलायुक्त ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधाओं हेतु उक्त सभी निमार्णाधीन कार्य प्रगति में है। जनपद मथुरा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं, उनको सुविधा और विकास दिखेगा तो वह एक अच्छा अनुभव यहां से प्राप्त करके ले जाएंगे। उन्होंने बताया कि वृंदावन में पार्किंगों की संख्या बढ़ाई गई है, जो श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा देने की ओर एक और नया कदम है। नेशनल हाईवे 19 से वृंदावन तक आने वाले रूट को स्मार्ट रूट बनाया गया है, इसमें थोड़ा काम बाकी है, वह भी जल्द पूर्ण हो जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में मथुरा में कई और बड़े प्रोजेक्ट लाने की तैयारी है।

बैठक में राज्य स्मार्ट सिटी योजनान्तर्गत मल्टीलेवल पार्किंग, श्रीरंगनाथ जी मन्दिर से बड़ी बगीची तक वृन्दावन में मार्ग का हैरीटेज विकास कार्य, प्रेम मन्दिर रोड़ पर ओमेक्स सोसाइटी के पास फूड प्लाजा का निर्माण कार्य, आईटीएमएस परियोजना, हजारीमल सौमानी इण्टर कालेज के प्रथम तल के 07 क्लास रूम व टॉयलेट के पुननिर्माण व स्मार्ट क्लास की स्थापना, शिववाला नगर के सामने से पागल बाबा मन्दिर तिराहे तक सोलर लाईट, गांधी पार्क में सूर्य नमस्कार स्टैचू की स्थापना, औरंगाबाद जोनल कार्यालय का निर्माण, वृन्दावन जोनल कार्यालय का निर्माण, भूतेश्वर जलकल जोनल कार्यालय का निर्माण, आईटीएमएस कन्ट्रोल रूम से अन्य कैमरों को इन्टीग्रेशन का कार्य, जुबली पार्क के पास स्थित पुस्तकालय का विस्तार एवं जीर्णोद्धार, अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय औरंगाबाद की मरम्मत व इनमें आईसीटी कम्पोनेंट की स्थापना, वृन्दावन गेट से अटल्ला चुंगी तक सिविल, हॉर्टिकल्चर, स्कल्पचर्स व इलेक्ट्रिक कार्यों तथा मल्टीलेवल पार्किंग से स्वागत द्वार (रमणरेती) तक मार्ग का अपग्रेडेशन एवं सौन्दर्गीकरण के कार्यों में संबंध में समीक्षा हुई। राज्य स्मार्ट सिटी योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में कराये जाने वाले प्रस्तावित कार्यों पर चर्चा हुई।

## सिकंदरा क्षेत्र में दिनदहाड़े किशोरी से गैंगरेप, दो आरोपी मौके से पकड़े

**आगरा।** सिकंदरा क्षेत्र में एक नाबालिग के साथ दिनदहाड़े उसी के घर में गैंगरेप का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता की चीख-पुकार पर आसपास के लोगों ने दोनों आरोपियों को पकड़ लिया है। इनमें से एक सिक्योरिटी एजेंसी का गार्ड है। लोगों इनकी जमकर पिटाई भी लगाई। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता 14 साल की है। उसका पिता राजमिस्त्री है जबकि मां और भाई मजदूरी करते हैं। सुबह ये तीनों काम पर चले गए थे। पीड़िता पूर्वाह्न में अपनी छोटी बहन को लेकर लौट रही थी कि रास्ते में मिले दो लोग यह कहते हुए घर तक साथ आ गए कि वे उसके पिता को जानते हैं और उनसे मिलना है। नाबालिग को इन दोनों शातिरों की चालाकी समझ में नहीं आई। इन दोनों ने घर में प्रवेश करने के बाद पहले शराब का सेवन किया और फिर किशोरी को छत पर ले जाकर रेप किया। दरिंदों से किसी तरह छूटी किशोरी ने शोरगुल मचाया तो आसपास के लोग एकत्रित हो गए और दोनों आरोपियों को मौके पर ही पकड़ लिया। इसके बाद तो लोगों ने दोनों की जमकर धुनाई की। हर किसी ने इन दोनों पर गुस्सा निकाला। इस बीच पड़ोसियों ने बालिका के माता-पिता को भी सूचित कर दिया तो वे भी आ गए। सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस दोनों को अपने साथ ले गई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने के लिए पीड़ित परिवार की रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराने की बात भी कही है।




## संक्षेप

### भारतीय महिला टीम ने नीदरलैंड को हराया

भुवनेश्वर। भारतीय महिला हॉकी टीम ने मंगलवार को ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड को शूटआउट में 2-। से हराया और एफआईएच प्रो लीग के अपने घरेलू चरण का अंत जीत के साथ किया। निर्धारित समय के बाद दोनों टीम 2-2 से बराबरी पर थीं। पीन सैंडर्स ( 17वें मिनट) और फेय वैन डेर एल्स्ट ( 28वें मिनट) ने मध्यांतर तक नीदरलैंड को 2-0 की बढ़त दिला दी थी लेकिन भारत ने दीपिका ( 35वें मिनट) और बलजीत कौर ( 43वें मिनट) के शानदार गोल की मदद से वापसी करते हुए बराबरी हासिल कर ली। शूटआउट में दीपिका और मुमताज खान ने भारत के लिए गोल किया जबकि नीदरलैंड के लिए मारिन वीन गोल करने वाली एकमात्र खिलाड़ी रहीं। मेजबान टीम सोमवार को पहले चरण में नीदरलैंड से 2-4 से हार गई थी। पंद्रह फरवरी से घरेलू चरण में खेले गए आठ मैचों में भारत ने मंगलवार के मैच सहित तीन जीते और पांच गंवाए। भारत ने एक मैच शूटआउट में गंवाया।

### शौर्या बीनू ने छत्तीसगढ़ ओपन में बनायी बढ़त

नया रायपुर । बेंगलुरू के शौर्या बीनू ने मंगलवार को यहां पहले दौर में नौ अंडर 60 के शानदार स्कोर के साथ एक करोड़ रुपये इनामी छत्तीसगढ़ ओपन 2025 गोल्फ टूर्नामेंट में बढ़त बना ली। शौर्या से एक शॉट पीछे दिल्ली के हर्षजीत सिंह सेठी और हनी बैसोया तथा करनाल के मणि राम आठ अंडर 69 के स्कोर से संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। अन्य बड़े नामों में उदयन माने ( 63 ) संयुक्त सातवें, ओम प्रकाश चौहान ( 66 ) संयुक्त 34वें, मनु गंडास ( 67 ) संयुक्त 48वें, अमन राज ( 69 ) संयुक्त 79वें और राशिद खान ( 70 ) संयुक्त 95वें स्थान पर हैं।

### कोहली वनडे के सर्वकालिक महान खिलाड़ी : एथरटन

लंदन। विराट कोहली के एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार रिकॉर्ड से प्रभावित इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन और नासिर हुसैन ने इस भारतीय बल्लेबाज की जमकर तारीफ करते हुए उन्हें वनडे का सर्वकालिक महान खिलाड़ी करार दिया। कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के मैच में रविवार को नाबाद 100 रन बनाए जो वनडे में उनका 51वां शतक है। इस दौरान वह सचिन तेंदुलकर और कुमार संगकारा के बाद वनडे में 14000 रन पूरे करने वाले दुनिया के तीसरे बल्लेबाज भी बने। एथरटन ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, वनडे क्रिकेट में लक्ष्य का पीछा करने के मामले में विराट कोहली का कोई सानी नहीं है। इस मामले में क्रिकेट इतिहास में उनसे बेहतर कोई नहीं है। वनडे में 51 शतक अविश्वसनीय आंकड़ा है। इंग्लैंड के सबसे सफल कप्तानों में से एक हुसैन ने कहा, वह बेजोड़ खिलाड़ी है। आप कह सकते हैं कि वनडे में वह सर्वकालिक महान खिलाड़ी है। आंकड़े इसके गवाह हैं। तेंदुलकर, कुमार और एबी डी विलियर्स सभी महान खिलाड़ी हैं लेकिन वह इन सबसे ऊपर है।

### युकी-पोपिरिन ने दुनिया की नंबर एक जोड़ी को हराया

दुबई। भारत के युकी भांबरी और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार एलेक्सी पोपिरिन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मंगलवार को दुबई टेनिस चैंपियनशिप के पुरुष युगल के राउंड 16 मैच में मार्सेलो अरेवालो और मेट पाविक की दुनिया की नंबर एक जोड़ी को हरा दिया। पहला सेट हारने के बाद भांबरी और पोपिरिन ने शानदार वापसी करते हुए एल साल्वाडोर और क्रोएशिया की शीर्ष वरीय जोड़ी को 4-6, 7-6(1), 10-3 से हराया।

### पाक को लिए भारत की बी टीम को हराना मुश्किल : गावस्कर

नयी दिल्ली। चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने के एक दिन बाद भी पाकिस्तान की क्रिकेट टीम की तीखी आलोचना हो रही है और महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने कहा कि उनको दूसरी श्रेणी की भारतीय टीम को हराने में भी संघर्ष करना पड़ेगा। 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल तक पहुंचने वाले भारत ने रविवार को दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी में गत चैंपियन पाकिस्तान को छह विकेट से हराते हुए अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पर दबदबा कायम रखा।

# यूपी ने बेंगलुरु को सुपर ओवर में हराया

## डब्लूपीएल-सोफी एक्लेस्टन ने 8 रन डिफेंड किए, 33 रन भी बनाये; पेरी की फिफ्टी

एजेंसी



बेंगलुरु । विमेंस प्रीमियर लीग ( डब्लूपीएल ) के तीसरे सीजन में टूनार्मेंट इतिहास का पहला सुपर ओवर खेला गया। यूपी वॉरियर्ज ने इसमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को हरा दिया। यूपी से सोफी एक्लेस्टन ने सुपर ओवर में 8 रन डिफेंड किए, उन्होंने ही बैटिंग में 33 रन बनाकर मैच टाई कराया था। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में यूपी वॉरियर्ज ने बॉलिंग चुनी। आरसीबी ने एलिस पेरी और डैनी व्याट की फिफ्टी के दम पर 6 विकेट खोकर 180 रन बनाए। जवाब में यूपी वॉरियर्ज की टीम 180 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

यूपी को फिर सुपर ओवर में जीत मिली। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी आरसीबी की शुरूआत खराब रही। कप्तान स्मृति मंधाना 6 ही रन बनाकर आउट हो गईं, उन्हें दीप्ति शर्मा ने बोल्ड किया। डैनी व्याट ने एलिस पेरी के साथ पारी संभाली। दोनों के बीच 94 रन की पार्टनरशिप हुई। व्याट 57 रन बनाकर आउट हुईं। 117 रन पर 2 विकेट गंवाने के बाद आरसीबी से एलिस पेरी एक एंड पर टिक गईं, लेकिन उनके सामने कोई बैटर टिक नहीं सकीं। विकेटकीपर ऋचा घोष 8, कनिका अहूजा 5, जॉर्जिया वेयरहम 7 और किम गार्थ 2 रन बनाकर आउट हुईं। पेरी आखिर तक टिकी रहीं, वे 56 गेंद पर 90 रन बनाकर नॉटआउट रहीं। उनकी पारी के दम पर टीम ने 6 विकेट खोकर 180 रन बना लिए। यूपी से शिनेले हेनरी, दीप्ति शर्मा और ताहलिया मैक्ग्रा को 1-1 विकेट मिला। 3 बैटर रनआउट भी हुईं। 181 रन के टारगेट का पीछा करने उतरीं यूपी वॉरियर्ज ने तेजी से शुरूआत की। किरण नवगिरे 24 रन बनाकर तीसरे ओवर में आउट हो गईं। उनके बाद वृंदा दिनेश 14, कप्तान दीप्ति शर्मा 25 और ग्रेस हैरिस 8 रन बनाकर पवेलियन लौट गईं। ताहलिया मैक्ग्रा खाता भी नहीं खोल सकीं। श्वेता सहरावत एक एंड पर टिक गईं, लेकिन दूसरे एंड पर किसी का साथ नहीं मिला। विकेटकीपर उमा छेत्री 14 रन बनाकर आउट हुईं, उनके बाद श्वेता 31 रन बनाकर पवेलियन लौट गईं। पिछले मैच में फिफ्टी लगाने वालीं शिनेले हेनरी 8 ही रन बना सकीं। साईमा ठाकोर ने 14 रन बनाए। आखिरी ओवर में टीम को 18 रन चाहिए थे। रेणुका ठाकुर ओवर लेकर आईं। उन्होंने सोफी एक्लेस्टन के सामने पहली गेंद डॉट करा दी। एक्लेस्टन ने अगली 3 गेंद पर 2 छक्के और 1 चौका लगाकर 16 रन बना दिए। 2 गेंद पर 2 रन चाहिए थे, यहां एक्लेस्टन ने 1 रन लिया। आखिरी गेंद पर एक्लेस्टन रनआउट हो गई और मैच टाई हो गया। टीम 180 रन बनाकर ही ऑलआउट हुई। एक्लेस्टन 33 रन बनाकर आउट हुईं। उन्होंने अपनी पारी में 1 चौका और 4 छक्के लगाए। आरसीबी से स्नेह राणा ने 3 विकेट लिए। रेणुका ठाकुर और किम गार्थ को 2-2 विकेट मिले। एलिस पेरी ने 1 विकेट लिया, वहीं एक बैटर रनआउट भी हुईं। सुपर ओवर में यूपी ने पहले बैटिंग की। टीम से शिनेले हेनरी और ग्रेस हैरिस बैटिंग करने उतरी। आरसीबी से किम गार्थ ने ओवर में 8 ही रन दिए। आरसीबी से ऋचा घोष और स्मृति मंधाना बैटिंग करने उतरीं। वढ से सोफी एक्लेस्टन ने ओवर में 4 ही रन दिए। पाकिस्तान की टीम चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गई है। सोमवार को बांग्लादेश की न्यूजीलैंड से हार के बाद मेजबान टीम के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें टूनार्मेंट के छठे ही दिन खत्म हो गईं। पाकिस्तान को 29 साल बाद किसी आईसीसी टूनार्मेंट की मेजबानी मिली थी। टीम 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीती थी। लेकिन अपने घर में पाकिस्तान की खराब शुरूआत और चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से बाहर हो जाने पर पाकिस्तानी फैंस निराश और भड़के हुए हैं।

**दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच चैंपियन्स ट्रॉफी मैच की शुरुआत में बारिश के कारण विलंब**

रावलपिंडी। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच मंगलवार को यहां खेले जाने वाले चैंपियन्स ट्रॉफी मैच की शुरुआत में बारिश के कारण विलंब हुआ। टॉस दोपहर दो बजे होना था लेकिन हल्की बारिश के कारण इसमें विलंब हुआ। पिच को कवर से ढका गया है। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका दोनों ने ग्रुप बी में अपना शुरुआती मुकाबला जीता है और मंगलवार के मैच का विजेता सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए अपना दावा मजबूत कर लेगा।

## केकेआर की अगुआई कर सकते हैं वेंकटेश अय्यर



नयी दिल्ली। ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर का कहना है कि अगर उन्हें आईपीएल 2025 में मौका मिला तो वह कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की अगुआई करने के लिए तैयार हैं। वेंकटेश को हालांकि प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में किसी भी स्तर पर कप्तानी का कोई अनुभव नहीं है। गत चैंपियन केकेआर ने अभी तक अपने कप्तान की घोषणा नहीं की है। टीम इस सत्र के शुरुआती मैच में ईडन गार्डन्स में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू से भिड़ेगी।

केकेआर ने पिछले सत्र मे श्रेयस अय्यर की कप्तानी में खिताब जीता था लेकिन उन्हें बड़ी नीलामी में पंजाब किंग्स ने खरीद लिया और बाद में अपना कप्तान बना दिया। वेंकटेश ने ईएसपीएनक्रिकइंफो से कहा, निश्चित रूप से, मैं तैयार हूं। मैंने हमेशा यह कहा है कि कप्तानी सिर्फ एक ठप्पा है। मैं नेतृत्व में विश्वास करता हूं। एक नेतृत्वकर्ता होने के नाते यह एक बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा, इस बारे में कोई अस्पष्टता नहीं है। अगर मुझे मौका मिलता है तो मैं निश्चित रूप से इसे करूंगा। ऐसा नहीं करने का कोई कारण नहीं है। वेंकटेश ने कहा कि कप्तान को अच्छा आदर्श बनकर उदाहरण स्थापित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, आपको अपने ड्रेसिंग रूम में नेतृत्वकर्ता बनने के लिए कप्तान के ठप्पे की आवश्यकता नहीं है। आपको उदाहरण स्थापित करने की आवश्यकता है। आपको मैदान पर और मैदान के बाहर दोनों जगह एक अच्छा आदर्श बनने की जरूरत है जो मैं अभी मध्य प्रदेश में कर रहा हूं। वेंकटेश ने कहा, मैं मध्य प्रदेश टीम का कप्तान नहीं हूं लेकिन मेरी राय का सम्मान किया जाता है और मुझे ऐसे माहौल में रहना पसंद है जहां हर व्यक्ति - नया या अनुभवी, 20 लाख रुपये, 20 करोड़ रुपये, जो भी हो - आपको बस अपनी राय व्यक्त करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए। उन्होंने कहा, आपको बस राय देने और सुझाव देने की स्वतंत्रता होनी चाहिए और उन्हें सही भावना से लिया जाना चाहिए। वर्ष 2021 में केकेआर में शामिल हुए वेंकटेश को पिछले साल की नीलामी से पहले टीम ने छोड़ दिया था लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के साथ नीलामी में कड़ी टक्कर के बाद 23.75 करोड़ रुपये में वापस खरीद लिया गया। बाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने 51 आईपीएल मैच में ।,326 रन बनाए हैं।

## प्राग मास्टर्स जीतने के प्रबल दावेदार प्रज्ञानानंदा



एजेंसी

प्राग (चेक गणराज्य)। टाटा स्टील मास्टर्स में रोमांचक जीत के बाद ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा बुधवार से यहां शुरू होने वाले प्राग मास्टर्स में जीत के प्रबल दावेदार के तौर पर शुरूआत करेंगे। टाटा स्टील मास्टर्स में पहला स्थान प्राप्त करने के लिए प्रज्ञानानंदा ने विश्व चैंपियन डी गुकेश को कड़ी टक्कर दी थी और अब वह इस टूर्नामेंट में भी इसी लय को बरकरार रखना चाहेंगे। ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम ने पिछले साल लगातार अपने प्रदर्शन और रेटिंग में सुधार की बदौलत शीर्ष शतरंज में पदार्पण किया है। लाइव रेटिंग में 2730 अंक प्राप्त करने के बाद अरविंद विश्व रैंकिंग में शीर्ष 20 के करीब पहुंच रहे हैं और अभी गुकेश, अर्जुन एरिगेसी, प्रज्ञानानंदा और पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद के बाद देश में पांचवें स्थान पर हैं। चीन के ग्रैंडमास्टर वेई यी शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हैं जबकि एक फरवरी को जारी रेटिंग के आधार पर प्रज्ञानानंदा दूसरे स्थान पर हैं। वियतनाम के ले क्वांग लीम को जर्मनी के विंसेंट कीमर से आगे तीसरे स्थान पर रखा गया है जबकि अरविंद को 10 खिलाड़ियों में चौथे स्थान पर रखा गया है। वहीं चैलेंजर्स वर्ग में भी भारतीय चुनौती होगी जिसमें दिव्या देशमुख कुछ मजबूत ग्रैंडमास्टर्स के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगी। दोनों वर्गों का पहला दौर बुधवार को शुरू होगा।

## अंचल रस्तोगी ने जीता महाशिवरात्रि शतरंज टूर्नामेंट रचित यादव जूनियर चैंपियन

लखनऊ। गत विजेता सेंट्रल जीएसटी के अंचल रस्तोगी ने तृतीय महाशिवरात्रि रैपिड ओपन शतरंज टूनार्मेंट में टाईब्रेक स्कोर में श्रेष्ठता के आधार पर विजेता ट्रॉफी जीत ली। उन्होंने राज्य कर विभाग के पवन बाथम और लखनऊ चेस सेंटर के सईद अहमद के साथ सातवें व अंतिम राउंड के बाद समान 6 अंक जुटाए। इसमें टाईब्रेक स्कोर के चलते पवन बाथम को दूसरा व सईद अहमद को तीसरा स्थान मिला। शतरंज क्लब ब्लैक एंड व्हाइट (सीसीबीडब्ल्यू) द्वारा शहर के एक निजी होटल में आयोजित टूनार्मेंट में अंचल ने क्वींस गैंबिट डिक्लाइन गेम में सईद को केवल एक अंक लेने दिया था। हालांकि सईद पवन के खिलाफ अपना खेल हार गए थे जबकि पवन अंचल के खिलाफ बाजी गंवा बैठे थे। जूनियर वर्ग में रचित यादव 6 अंकों के साथ चैंपियन रहे जबकि आदि सक्सेना 5.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। वहीं कौस्तुभ मिश्रा और अद्विका तिवारी अंडर-10 वर्ग में सितारे रहे। शाह मुराद आलम ने अंडर-13 वर्ग में जीत दर्ज की।

## लखनऊ ताइक्वांडो एकेडमी के 44 खिलाड़ियों का किया गया सम्मान



लखनऊ। ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित ब्लैक बेल्ट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले लखनऊ ताइक्वांडो एकेडमी के 36 खिलाड़ियों को एलडीए स्टेडियम अलीगंज में आयोजित एक समारोह में ब्लैक बेल्ट प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि समाजसेवी रामू गुप्ता व विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव राजकुमार ने इन खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। इसी के साथ एलडीए स्टेडियम के सचिव गोपाल सिंह, लखनऊ ताइक्वांडो एकेडमी के अध्यक्ष राम किशोर चौबे एवं सचिव मोहित कुमार की गरिमामयी मौजूदगी के दौरान नेशनल रेफरी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले आठ खिलाड़ियों का भी सम्मान किया गया।

सम्मानित खिलाड़ी इस प्रकार हैंः-

प्रथम पूम : युवराज दुबे, चिन्मय सिंह, सृजन, इशिका सिंह, तनुष यादव, तेजस यादव, आदित्री झा, जीवितेश गुप्ता, संवी श्रीवास्तव, वर्णिका कपूर कर्ण, अक्षिता मिश्रा, आराध्य सिंह, दिव्यांशी सिंह, अभ्युदय विक्रम सिंह, गार्गी सिंह, जयश्री सिंह, मृणाली शैलेन्द्र मौर्य, विनायक गुप्ता, सूर्यांश सिंह, शौर्य शुक्ला।

प्रथम डैन : रुद्र सिंह चौहान, यशस्वी श्री मधुकर, अनुपम, अगम कुमार, सिद्धार्थ कुमार।

द्वितीय डैन : कीर्तिदा यादव, फातिमा जेहरा, शिवी सिंह, भव्या पांडे, हृदयंगम आनंद, राधे श्याम गौतम, चंदन राजपूत, हर्षिता सिंह राठौर, अश्वनी कुमार, कोमल वर्मा, अरविंद यादव।

द्वितीय पूम : यजत सिंह।

नेशनल रेफरी : अमित कुमार, अनेघा गुप्ता, श्वेता, शन्य अवस्थी, आयुषी अवस्थी, ओम उपाध्याय, सूर्यांश श्रीवास्तव ।

### मुनोज के दो गाल से श्रीनिधि डेक्कन ने डेम्पो को हराया

मडगांव। डेविड केस्टानेडा मुनोज के दो गोल की मदद से श्रीनिधि डेक्कन एफसी ने मंगलवार को यहां आईलीग फुटबॉल मैच में दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 3-2 से जीत दर्ज की। कोलंबिया के फारवर्ड मुनोज ने 53वें और 59वें मिनट में गोल दागकर श्रीनिधि डेक्कन को बराबरी दिलाई जिसके बाद ब्रेंडन वानलालरेमडिका ने 69वें मिनट में गोल करके टीम को 3-2 की बढ़त दिलाई जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। मुनोज इसके साथ ही लीग में 12 गोल के साथ शीर्ष स्कोरर बन गए हैं। इससे पहले डेम्पो को मार्कस जोसेफ ( आठवें मिनट) और जुआन मेरा ( 45 प्लस तीसरे मिनट) ने मध्यांतर से पहले गोल दागकर 2-0 की बढ़त दिलाई थी। इस जीत से श्रीनिधि डेक्कन की टीम डेम्पो को पछाड़कर अंक तालिका में आठवें स्थान पर पहुंच गई है। टीम ने 16 मैच में 22 अंक हैं। डेम्पो 16 मैच में 19 अंक के साथ नौवें स्थान पर है।

## रणजी : फॉर्म व घरेलू परिस्थिति से विदर्भ का केरल पर पलड़ा भारी

नागपुर। अपने प्रमुख खिलाड़ियों की शानदार फार्म और घरेलू परिस्थितियों के कारण पूर्व चैंपियन विदर्भ की टीम केरल के खिलाफ बुधवार से यहां शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। अक्षय वाडकर की अगुवाई वाली विदर्भ की टीम ने इस सत्र में अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। उसने अब तक अपने नौ मैचों में से आठ में जीत हासिल की है और एक ड्रा खेला है। विदर्भ ने ग्रुप चरण में सात मैचों में छह मैच में जीत हासिल की। इसके बाद उसने क्वार्टर फाइनल में तमिलनाडु को 198 रन से और सेमीफाइनल में गत चैंपियन मुंबई को 80 रन के बड़े अंतर से हराया। विदर्भ 2017-18 और 2018-19 में रणजी चैंपियन बना था जबकि केरल की टीम पहली बार फाइनल में पहुंची है। विदर्भ की टीम चौथी बार फाइनल में पहुंची है। वह पिछले साल फाइनल में मुंबई से हार गई थी जिसकी भरपाई वह इस साल करना चाहेगी। विदर्भ की टीम ने अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखी है। वह इस साल विजय हजारे ट्रॉफी के फाइनल में भी पहुंची थी। विदर्भ के बल्लेबाजों ने इस सत्र में अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। उसकी तरफ से यश राठौड़ ने 58.13 की औसत से 933 रन बनाए हैं जिसने पांच शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं।

## विराट कोहली से बेहतर खिलाड़ी नहीं देखा : पोंटिंग

एजेंसी



दुबई। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा कि उन्होंने एकदिवसीय क्रिकेट में विराट कोहली से बेहतर कोई खिलाड़ी नहीं देखा है और उम्मीद जताई कि यह स्टार बल्लेबाज वनडे में हमवतन सचिन तेंदुलकर के सर्वाधिक रन के रिकॉर्ड को तोड़ने में सफल रहेगा। कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के मैच में रविवार को यहां नाबाद 100 रन बनाए जो उनके वनडे करियर का 51वां शतक है। कोहली की इस शानदार पारी से भारत ने यह मैच छह विकेट से जीता। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू में कहा, मुझे नहीं लगता कि मैंने 50 ओवर के प्रारूप में विराट कोहली से बेहतर खिलाड़ी देखा है। अब जबकि वह ( सर्वाधिक रन बनाने के मामले में ) मुझसे आगे निकल गए हैं और अब केवल दो बल्लेबाज ही उनसे आगे हैं तो मुझे पूरा यकीन है कि वह इस प्रारूप में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज के रूप में याद किए जाने के लिए खुद को सर्वश्रेष्ठ मौका देंगे। कोहली ने अपने शतक के दौरान वनडे क्रिकेट में 14000 रन भी पूरे किए। वह तेंदुलकर और श्रीलंका के कुमार संगकारा के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले दुनिया के तीसरे बल्लेबाज हैं। कोहली ( 14085 रन ) अभी भी तेंदुलकर ( 18426 ) से 4341 रन पीछे हैं और 36 साल की उम्र में उनके पास इस मुकाम पर पहुंचने के लिए बहुत सीमित समय है लेकिन पोंटिंग को नहीं लगता कि कोहली के लिए यह असंभव काम है। पोंटिंग ने कहा, निश्चित तौर पर शारीरिक रूप से वह पहले की तरह फिट हैं और अपने खेल के इस पहलू पर असाधारण रूप से कड़ी मेहनत करते हैं। जब आप इसके बारे में सोचते हैं तो हैरानी होती है। विराट पिछले कई वर्षों से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन इसके बावजूद अब भी तेंदुलकर से 4000 रन पीछे हैं। उन्होंने कहा , इससे न सिर्फ यह पता चलता है कि सचिन कितने अच्छे बल्लेबाज थे बल्कि इससे यह भी पता चलता है कि वह कितने लंबे समय तक इस खेल को खेलते रहे। लेकिन विराट जैसे खिलाड़ी को आप कभी चुका हुआ नहीं मान सकते हैं। अगर उनमें अब भी रन बनाने की भूख है तो मैं कभी यह नहीं कहूंगा कि वह तेंदुलकर का रिकॉर्ड नहीं तोड़ सकते हैं।

**रावलपिंडी में बारिश के कारण ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच मैच रद्द**

रावलपिंडी। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच चैंपियंस ट्रॉफी का मैच मंगलवार को लगातार बारिश के कारण रद्द कर दिया गया जिससे ग्रुप बी की इन दो टीमों को एक-एक अंक बांटना पड़ा। खराब मौसम के कारण टॉस भी नहीं हो सका। हालात और खराब होते देख मैच अधिकारियों ने निर्धारित समय से तीन घंटे से कुछ अधिक समय बाद खेल रद्द कर दिया। दोनों टीमों ने ग्रुप बी में अपना पहला मैच जीता था। खेल का कट-ऑफ समय शाम सात बजकर 32 मिनट पर था लेकिन मौसम में कोई सुधार नहीं होने के कारण अधिकारियों ने बहुत पहले ही फैसला कर लिया। मैच रद्द होने के कारण दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया को एक-एक अंक मिले जिसका मतलब है कि बुधवार को इंग्लैंड और अफगानिस्तान के बीच होने वाला मुकाबला लगभग नाकआउट हो गया है जिसमें हारने वाली टीम आईसीसी टूर्नामेंट से बाहर होने वाली तीसरी टीम बन जाएगी। टूर्नामेंट के मेजबान पाकिस्तान और बांग्लादेश लगातार दो हार के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गए। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका दोनों ने क्रमशः इंग्लैंड और अफगानिस्तान के खिलाफ अपना पहला मैच जीता था।

## अपनी उम्मीदें जीवंत रखने उतरेंगे इंग्लैंड व अफगानिस्तान

एजेंसी




लाहौर। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बड़ा स्कोर खड़ा करने के बावजूद हार का सामना करने से आहत इंग्लैंड को चैंपियंस ट्रॉफी में अपनी उम्मीदें बरकरार रखने के लिए बुधवार को यहां अफगानिस्तान की स्पिन चुनौती की कड़ी परीक्षा से गुजरना होगा।

इंग्लैंड और अफगानिस्तान को अपने पहले मैच में पराजय का सामना करना पड़ा था और इसलिए दोनों टीमों के लिए यह मैच करो या मरो जैसा बन गया है। ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया ने अपने पहले मैच जीते थे। इंग्लैंड का सीमित ओवरों की क्रिकेट में दबदबा अब बीते दिनों की बात हो चुकी है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगर उसके बल्लेबाज चले तो गेंदबाजों ने निराश किया जो 350 से अधिक के स्कोर का बचाव नहीं कर पाए। जहां तक पहले मैच में इंग्लैंड की बल्लेबाजी का सवाल है तो यह नहीं भूलना चाहिए कि ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख गेंदबाज इस टूर्नामेंट में नहीं खेल रहे हैं। इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने पहले मैच में उसके अनुभवहीन गेंदबाजी आक्रमण का पूरा फायदा उठाकर बड़ा स्कोर बनाया। इसलिए देखा जाए तो इंग्लैंड को अफगानिस्तान के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। इंग्लैंड के बल्लेबाजों को चैंपियंस ट्रॉफी से पहले भारत के खिलाफ वनडे श्रृंखला में स्पिन गेंदबाजों को खेलने में काफी परेशानी हुई थी। अफगानिस्तान के पास राशिद खान, नूर अहमद और मोहम्मद नबी जैसे विश्वस्तरीय स्पिनर हैं जो किसी भी तरह की बल्लेबाजी लाइनअप को परेशानी में डालने में सक्षम हैं। यहां की पिच से धीमी गति के गेंदबाजों को मदद मिलने की संभावना है और ऐसे में इंग्लैंड के बल्लेबाजों को कड़ी परीक्षा से गुजरना होगा। इंग्लैंड को ऑलराउंडर ब्रायन कार्स के चोटिल होने के कारण बाहर होने से झटका लगा है। उसने अपने स्पिन गेंदबाजी विभाग को मजबूत करने के लिए उनकी जगह रेहान अहमद को टीम में शामिल किया है। रेहान अहमद को टीम में शामिल करने से आदिल रशीद को काफी मदद मिलेगी जिनके साथ अभी तक लियम लिविंगस्टोन दूसरे स्पिनर की भूमिका निभा रहे थे। बल्लेबाजी में इंग्लैंड की सबसे बड़ी चिंता सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट और हैरी ब्रूक की खराब फॉर्म है। साल्ट ने वनडे में अपना एकमात्र शतक 2022 में लगाया था। इसके बाद वह अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए। ब्रूक की कहानी भी लगभग ऐसे ही है। उन्होंने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन इसके बाद वह बड़ी पारियां खेलने में नाकाम रहे हैं।

जहां तक अफगानिस्तान का सवाल है तो उसकी अपनी परेशानियां हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में उसके गेंदबाजों ने निराश किया तो बल्लेबाज भी नहीं चल पाए जिससे उसकी टीम को 107 रन से करारी हार का सामना करना पड़ा था। अफगानिस्तान की टीम में लगभग वही खिलाड़ी हैं जिन्होंने पिछले साल उसे टी20 के सेमीफाइनल में पहुंचाया था। अफगानिस्तान को अगर सेमी फाइनल की अपनी उम्मीदों को बनाए रखना है तो उसके खिलाड़ियों को एकजुट होकर प्रदर्शन करना होगा।

**धोनी जैसा करिश्माई कप्तान भी पाकिस्तान की इस टीम की किस्मत नहीं बदल सकता: सना मीर**

कराची। पाकिस्तान की महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान सना मीर ने चैंपियंस ट्रॉफी से जल्दी बाहर होने वाली अपने देश की पुरुष टीम की कड़ी आलेचना करते हुए कहा कि यहां तक कि महेंद्र सिंह धोनी जैसा करिश्माई कप्तान भी इस पाकिस्तानी टीम की किस्मत नहीं बदल सकता है। पाकिस्तान की टीम को अपने पहले दो मैच में न्यूजीलैंड और भारत से हार का सामना करना पड़ा जिससे वह चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचने की दौड़ से बाहर हो गई। उसे अपने आखिरी मैच में अब बांग्लादेश का सामना करना है। सना ने गेम ऑन है कार्यक्रम में कहा, चैंपियंस ट्रॉफी के लिए जिन 15 खिलाड़ियों का चयन किया गया है, उसे देखते हुए अगर आप महेंद्र सिंह धोनी या ( पाकिस्तान के पूर्व कप्तान ) यूनिस खान को भी कमान सौंप दो तब भी कुछ नहीं होने वाला क्योंकि टीम का चयन खेल की परिस्थितियों को देखकर नहीं किया गया है। मोहम्मद रिजवान की अगुवाई वाली पाकिस्तानी टीम को भारत से छह विकेट से हार झेलने के बाद लगातार आलेचना का सामना करना पड़ रहा है। क्रिकेटर से कमेंटेटर बनी 39 वर्षीय सना ने कहा, मैं मैच देख रही थी।

# पदक वीरता और संकल्प का प्रतीक

## राजनाथ सिंह ने आईसीजी को दुनिया के सबसे सक्षम समुद्री बलों में से एक बताया

एजेंसी



नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) अजेय, विश्वसनीय और दुनिया के सबसे सक्षम समुद्री बलों में से एक है। सिंह ने आईसीजी के अलंकरण समारोह में नवीनतम तकनीकी प्रगति के कारण गैरपरंपरागत खतरों के उभरने पर प्रकाश डालते हुए समुद्री बलों, विशेष रूप से आईसीजी से पारंपरिक खतरों के अलावा साइबर हमलों, डेटा उल्लंघन, रडार व्यवधान और जीपीएस स्पूफिंग जैसी चुनौतियों के प्रति सतर्क रहने का आह्वान किया।

आईसीजी के परिचालन की प्रशंसा करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि उसने पिछले एक साल में 14 नावों और 115 समुद्री लुटेरों को पकड़ा, साथ ही लगभग 37,000 करोड़ रुपये कीमत के मादक पदार्थ जब्त किए। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, आईसीजी ने विभिन्न बचाव कार्यों के माध्यम से 169 लोगों की जान बचाई और गंभीर रूप से घायल 29 लोगों को चिकित्सा सहायता प्रदान की। उन्होंने कहा, भौगोलिक दृष्टि से भारत तीन तरफ से समुद्र से घिरा हुआ है और इसकी तटरेखा बहुत बड़ी है। देश की सामरिक सुरक्षा दो तरह के खतरों का सामना करती है। पहला युद्ध है, जिसका सामना सशस्त्र बलों को करना पड़ता है और दूसरा समुद्री डकैती, आतंकवाद, घुसपैठ, तस्करी और अवैध तरीके से मछली पकड़ने की चुनौतियां हैं, जिनके लिए समुद्री सेनाएं, खास तौर पर आईसीजी हमेशा सतर्क रहती हैं। सिंह ने कहा कि आईसीजे इन चुनौतियों से निपटने के लिए सक्रियता से काम कर रहा है और वह रणनीतिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में प्रमुख भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि आईसीजे एक अजेय, विश्वसनीय और दुनिया के सबसे सक्षम समुद्री बलों में एक के रूप में उभरा है। रक्षा मंत्री ने भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के कर्मियों को वीरता, विशिष्ट सेवा और सराहनीय सेवा पदक भी प्रदान किए। वर्ष 2022, 2023 और 2024 के लिए दिए गए कुल 32 पदकों में छह राष्ट्रपति तटरक्षक पदक (विशिष्ट सेवा), 11 तटरक्षक पदक (वीरता) और 15 तटरक्षक पदक (सराहनीय सेवा) शामिल हैं।

आईसीजी कर्मियों को चुनौतीपूर्ण और चरम स्थितियों में उनकी अनुकरणीय सेवा, वीरता के कार्यों और कर्तव्य के प्रति निस्वार्थ समर्पण के लिए ये पदक प्रदान किए गए। रक्षा मंत्री ने जवानों को बधाई देते हुए कहा कि ये पदक सिर्फ एक स्मृति चिन्ह नहीं हैं, बल्कि ये तिरंगे के सम्मान को बनाए रखने के लिए बहादुरी, दृढ़ता और अटूट संकल्प का प्रतीक हैं। उन्होंने तटीय सुरक्षा, संगठनात्मक दक्षता, मादक पदार्थों की जब्ती, बचाव अभियान और अंतरराष्ट्रीय अभ्यास सुनिश्चित करने में जवानों के प्रयासों की सराहना की। सिंह ने कहा कि सुरक्षित और समृद्ध भारत के दृष्टिकोण को तभी साकार किया जा सकता है जब उसकी सुरक्षा प्रणाली मजबूत हो। रक्षा मंत्री ने आईसीजी की क्षमता बढ़ाने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

# बिहार में और अधिक समावेशी स्वास्थ्य सुविधाएं विकसित किए जाने की जरूरत : राष्ट्रपति मुर्मू



पटना। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि बिहार सरकार ने चिकित्सा बुनियादी ढांचे के समग्र विकास के लिए बहुत कुछ किया है लेकिन राज्य में और अधिक समावेशी स्वास्थ्य सुविधाएं विकसित किए जाने की जरूरत है। यहां बापू सभागार में पटना मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (पीएमसीएच) के शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए, राष्ट्रपति ने कहा, बिहार सरकार ने चिकित्सा बुनियादी ढांचे के समग्र विकास के लिए बहुत कुछ किया है, लेकिन राज्य में और अधिक समावेशी स्वास्थ्य सुविधाएं विकसित किए जाने की आवश्यकता है।

पीएमसीएच को कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों के इलाज, अनुसंधान के लिए देश के अन्य अस्पतालों के साथ समन्वय करना चाहिए। राष्ट्रपति मंगलवार को बिहार की यात्रा पर पूर्वाह्न करीब पौने 12 बजे यहां पहुंचीं और समारोह में शामिल होने के लिए बापू सभागार के लिए रवाना हो गयीं। मुर्मू के यहां पहुंचने पर पटना हवाई अड्डे पर बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति की बिहार यात्रा के मद्देनजर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। कार्यक्रम में बिहार के राज्यपाल, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तथा राज्य सरकार के कई अन्य मंत्री उपस्थित थे। राष्ट्रपति बुधवार को मध्यप्रदेश के छतरपुर लिए रवाना होंगी। प्रिंस ऑफ वेल्स मेडिकल कॉलेज, जिसे अब पीएमसीएच के नाम से जाना जाता है, की स्थापना 25 फरवरी, 1925 को हुई थी।

## संक्षेप

### वैज्ञानिकों ने मंगल पर तीन अरब साल पुराने समुद्र तट की खोज

पर्थ। (द कन्वरसेशन) अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के मैरिनर-9 अंतरिक्ष यान से 1970 के दशक में हासिल तस्वीरों ने मंगल पर पानी से बनी सतहों की मौजूदगी का खुलासा किया था। इसी के साथ वैज्ञानिकों के लिए लंबे समय से अबूझ पहेली रही यह गुत्थी सुलझ गई थी कि लाल ग्रह पर कभी पानी मौजूद था या नहीं। तब से इस बात के कई प्रमाण मिले हैं कि मंगल पर एक दौर में पानी की अहम भूमिका हुआ करती थी। उदाहरण के लिए, मंगल ग्रह के उल्कापिंडों के अध्ययन में वहां 4.5 अरब साल पहले पानी की मौजूदगी के सबूत मिले हैं। पिछले कुछ वर्षों में लाल ग्रह पर बने इंपैक्ट क्रेटर (किसी क्षुद्रग्रह या उल्कापिंड के किसी ग्रह या चंद्रमा जैसी विशाल ठोस वस्तु की सतह से टकराने पर बनने वाला गड्ढा) भी वहां सतह के नीचे बर्फ की मौजूदगी के संकेत देते हैं। आज के समय में मंगल को लेकर सबसे ज्यादा कौतुहल का विषय यह है कि लाल ग्रह पर पानी कब आया, यह कितनी मात्रा में उपलब्ध था और वहां कितने समय तक रहा। वैज्ञानिक इस बात का पता लगाने की कोशिशों में भी जुटे हैं कि क्या लाल ग्रह पर कभी महासागर हुआ करते थे? पीएनएएस पत्रिका में मंगलवार को छपे एक नये अध्ययन में ऐसे कुछ सवालों के जवाब देने की कोशिश की गई है।

# सुरंग हादसा : कीचड़ व पानी बहने से बचाव कर्मियों की भी जान खतरे में

एजेंसी

नागरकुरनूल (तेलंगाना)। तेलंगाना के सिंचाई मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने मंगलवार को कहा कि श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) सुरंग के निर्माणाधीन खंड के आंशिक रूप से ढह जाने के बाद उसमें फंसे लोगों को बचाने में लगे दलों का जीवन भी कीचड़ और पानी के निरंतर प्रवाह के कारण खतरे में पड़ सकता है। रेड्डी ने मीडियाकर्मियों के सामने विशेषज्ञों का हवाला दिया जिन्होंने कहा है कि यह बचाव अभियान दुनिया में या कम से कम भारत में सबसे जटिल और कठिन है क्योंकि सुरंग में प्रवेशानिकास का केवल एक ही रास्ता है। मंत्री ने कहा कि मामूली बदलाव और कुछ भूगर्भीय भ्रंश रेखाओं के कारण निर्माणाधीन खंड आंशिक रूप से ढह गया होगा। उन्होंने कहा, एक समस्या है। सुरंग में बहुत तेज़ गति से पानी का रिसाव जारी है और कीचड़ बह रहा है। इसलिए कुछ विशेषज्ञों ने राय व्यक्त की है कि बचाव कार्य में लगे लोगों की जान भी ख़तरे में पड़ सकती है। चूंकि हम एक ज़िम्मेदार सरकार हैं।

# अपने राज्य पर हिंदी नहीं थोपने देंगे : स्टालिन

एजेंसी



चेन्नई। द्रमुक अध्यक्ष और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने मंगलवार को केंद्र पर राज्य में हिंदी थोपकर भाषा युद्ध के बीज बोने का आरोप लगाया और कहा कि हिंदी के वर्चस्व की अनुमति नहीं दी जाएगी। स्टालिन ने कहा कि उनका राज्य किसी विशेष भाषा के खिलाफ नहीं है और किसी भी भाषा को सीखने की इच्छा रखने वाले किसी भी व्यक्ति के रास्ते में नहीं आएगा, लेकिन वह किसी भी अन्य भाषा को मातृभाषा तमिल पर हावी होने और उसे नष्ट करने की अनुमति नहीं देने के लिए दृढ़ संकल्पित है। स्टालिन ने अपने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित एक पत्र में कहा, यही कारण है कि हम द्विभाषी नीति (तमिल और अंग्रेजी) का पालन कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि भारत के कई राज्यों ने भाषा नीति पर तमिलनाडु द्वारा निर्धारित मार्ग और उसके दृढ़ रुख को समझा है और उन्होंने अपनी चिंताएं व्यक्त करना शुरू कर दिया है। हिंदी का वर्चस्व समाप्त नहीं होने तक इसके खिलाफ संघर्ष जारी रखने का आश्वासन देते हुए स्टालिन ने कहा, हम एक आंदोलन के वंशज हैं, जिसमें एक सिद्धांतवादी सेना थी जिसने तमिल की रक्षा के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया। स्टालिन ने कहा कि 1965 से ही द्रमुक का अनेक बलिदान के माध्यम से हिंदी से मातृभाषा की रक्षा करने का इतिहास रहा है। 1971 में कोयंबटूर में द्रमुक की छात्र इकाई द्वारा आयोजित हिंदी विरोधी सम्मेलन में उन्होंने कहा था कि वह बलिदान देने के लिए तैयार हैं।

❍ केंद्र भाषा युद्ध के बीज बो रहा है

# आतिशी ने आबकारी नीति के बचाव में कैग रिपोर्ट का दिया हवाला

एजेंसी



नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता और दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने मंगलवार को पूर्ववर्ती आप सरकार की अब समाप्त कर दी गई आबकारी नीति का बचाव करते हुए कैग रिपोर्ट का हवाला दिया और दावा किया कि पुरानी नीति भ्रष्टाचार और तस्करी से ग्रस्त थी। राष्ट्रीय राजधानी में शराब के विनियमन और आपूर्ति पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की निष्पादन लेखापरीक्षा रिपोर्ट में आबकारी विभाग के कामकाज और उसकी नीति में खामियां सामने आई हैं, जिसके कारण 2,026.91 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व घाटा हुआ है। कैग की रिपोर्ट - दिल्ली में शराब के विनियमन और आपूर्ति पर निष्पादन लेखापरीक्षा रिपोर्ट - मंगलवार को नवनिर्वाचित दिल्ली विधानसभा के पहले सत्र के दौरान पेश की गई। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, आतिशी ने भाजपा द्वारा नियुक्त उपराज्यपाल (एलजी), केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पर नयी शराब नीति के कार्यान्वयन में बाधा डालने का आरोप लगाया, जिससे दिल्ली को सालाना 8,900 करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान हुआ। आतिशी ने कहा कि कैग रिपोर्ट के आठ अध्यायों में से सात में पुरानी आबकारी नीति की कमियों को उजागर किया गया है।

# कमजोर वर्ग के हितों का उड़ रहा मजाक : खरगे

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्गों और अल्पसंख्यक समुदायों के बच्चों की छात्रवृत्ति के लाभार्थियों की संख्या में कथित गिरावट को लेकर मंगलवार को आरोप लगाया कि सबका साथ, सबका विकास का नारा कमज़ोर वर्गों के अरमानों का मज़ाक उड़ाता है।

उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक चार्ट साझा किया जिसमें उल्लेख है कि एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक बच्चों के लिए छात्रवृत्ति के लाभार्थियों में भारी गिरावट आई है। खरगे ने एक्स पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को संबोधित एक पोस्ट में कहा, नरेन्द्र मोदी जी, देश के एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्ग के युवाओं की छात्रवृत्तियों को आपकी सरकार ने हथियाने का काम किया है। उन्होंने दावा किया कि ये शर्मनाक सरकारी आँकड़े बताते हैं कि सभी वज़ीफों में मोदी सरकार ने लाभार्थियों की संख्या में भारी कटौती तो की है, साथ ही औसतन साल-दर-साल 25 प्रतिशत फंड भी कम ख़र्च किया है। खरगे ने सवाल किया कि जब तक देश के कमज़ोर वर्ग के छात्रों को अवसर नहीं मिलेगा, उनके हुनर को प्रोत्साहन नहीं मिलेगा, तब तक हम अपने देश के युवाओं के लिए नौकरियां कैसे बढ़ा पाएंगे? उन्होंने आरोप लगाया, आपका सबका साथ, सबका विकास का नारा, रोज़ाना कमज़ोर वर्गों के अरमानों का मज़ाक उड़ाता है।

## कांगो में अज्ञात बीमारी से 50 से अधिक लोगों की मौत

किन्शासा (कांगो)। कांगो के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में एक अज्ञात बीमारी से अब तक 50 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। वहां मौजूद डॉक्टरों और विश्व स्वास्थ्य संगठन के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। बिकोरो अस्पताल के चिकित्सा निदेशक और क्षेत्रीय निगरानी केंद्र के प्रमुख सर्ज नगालेबेटो ने बताया कि अधिकांश मामलों में लक्षण प्रकट होने और मृत्यु के बीच का अंतर महज 48 घंटे का है।




## बरती गयी सावधानियों के बारे में न्यायालय को अवगत करायें अधिकारी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को प्राधिकारियों से कहा कि वे उसे मध्य प्रदेश के धार जिले के पीथमपुर क्षेत्र में 1984 की भोपाल गैस त्रासदी के खतरनाक अपशिष्ट के निपटान के संबंध में बरती गई सावधानियों के बारे में अवगत कराएं। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने यह टिप्पणी तब की जब अपशिष्ट के निपटान से संबंधित एक याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए उसके समक्ष लाया गया। शीर्ष अदालत ने 17 फरवरी को केंद्र, मध्य प्रदेश सरकार और उसके प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से उस याचिका पर जवाब मांगा था, जिसमें निपटान स्थल से एक किलोमीटर के दायरे में स्थित गांवों के निवासियों के जीवन और स्वास्थ्य को इससे होने वाले कथित खतरे का मुद्दा उठाया गया था।

## चीन ने टोंकिन की खाड़ी में युद्धाभ्यास किया

बैंकॉक। चीन ने दक्षिण चीन सागर के उत्तरी क्षेत्र में स्थित टोंकिन की खाड़ी में सोमवार को युद्धाभ्यास शुरू किया। चीनी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वियतनाम ने दक्षिण चीन सागर में उसके दावे वाले जल क्षेत्र में एक नये सीमा रेखा की घोषणा की थी जिसके कुछ दिनों के बाद चीन ने यह युद्धाभ्यास शुरु किया है। चीन के समुद्री सुरक्षा प्रशासन ने कहा कि युद्धअभ्यास टोंकिन की खाड़ी के चीनी हिस्से के करीब बेइबू खाड़ी क्षेत्र पर केंद्रित होगा और बृहस्पतिवार शाम तक चलेगा। सरकारी वियतनाम न्यूज ने बताया कि यह आधार रेखा समुद्री कानून पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के अनुरूप है।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com